दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :120
प्रतापगढ़ | सोमवार , 3 मार्च-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# सूटकेस में मिला कांग्रेस कार्यकर्ता का शव

## ● कांग्रेस नेत्री हिमानी का अंतिम संस्कार न करने पर अड़े परिजन, गिरफ्तारी की मांग

**▸▸ हिमानी की मां व भाई ने हुड्डा से की न्याय दिलवाने की मांग**

**▸▸ वर्ष 2011 में हुई थी कांग्रेसनेत्री हिमानी के भाई की हत्या**



**रोहतक,(हि.स.)।** हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की निर्मम हत्या से जिले में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने जांच तेज कर दी है। इसके लिए पुलिस ने पांच टीमें गठित की हैं। इस बीच कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। बता दें, हिमानी का शव शनिवार को सांपला बस स्टैंड के पास एक सूटकेस में मिला था। पुलिस ने बताया कि कुछ राहगीरों ने सूटकेस देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी थी। सड़क किनारे सूटकेस में मिला कांग्रेस नेत्री हिमानी नरवाल का शव उसके परिजनों ने लेने सेसांपला थाना निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। उन्होंने कहा, %हमें कल सुबह सूचना मिली थी कि बस स्टैंड के पास एक सूटकेस में एक लड़की की लाश मिली है। लड़की की पहचान हो गई है और मामला दर्ज कर लिया गया है। हमारी चार टीमें इस पर काम कर रही हैं। हम जल्द ही इस मामले का खुलासा करेंगे। आज पोस्टमार्टम किया जाएगा। हम मामले की जांच कर रहे हैं। हमें इसमें कोई राजनीतिक पहलू नहीं दिखता लेकिन हम अपना काम कर रहे हैं।पुलिस ने बताया कि पीड़िता के गले में दुपट्टा बंधा हुआ था और उसके हाथों में मेहंदी लगी हुई थी। पुलिस को संदेह है कि रोहतक के विजय नगर इलाके की रहने वाली नरवाल की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या की गई है। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआईएमएस रोहतक ले जाया गया।कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ता की मौत पर शोक व्यक्त किया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पार्टी ने लिखा, %हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की बर्बर हत्या का समाचार बहुत दुखद और पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वो दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दें। इस मुश्किल समय में हम पूरे परिवार के साथ खड़े हैं। हिमानी के साथ हुई इस क्रूर और शर्मनाक घटना की निष्पक्ष जांच हो और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। श्रद्धांजलि। परिजनों की मांग है कि जब तक हत्यारे गिरफ्तार नहीं होते, वह अपनी बेटी का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिमानी की मां व भाई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी न्याय दिलवाने की मांग की है।रविवार सुबह दिल्ली से मृतका हिमानी नरवाल की मां सविता और उसका भाई जतिन पोस्टमार्टम पहुंचे और पुलिस को अपने बयान दर्ज कराए। हिमानी की मां ने पत्रकारों को बताया कि उसकी बेटी ने अपना सारा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए लगा दिया, लेकिन इतना समय बीत नहीं बावजूद भी कांग्रेस का कोई भी नेता उनकी सुध लेने नहीं आया। अब उन्होंने निर्णय लिया कि जब तक उनकी बेटी की हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, तब तक वह शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।सविता ने बताया कि वर्ष 2011 में उसके बेटे की हत्या की गई थी, उसे वक्त भी उन्हें कोई न्याय नहीं मिला था। हिमानी के परिजनों ने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी गुहार लगाई है कि उनकी बेटी के हत्यारों को गिरफ्तार करवाया जाए और उन्हें इंसाफ दिलवाया जाए। सविता ने बताया कि उन्हें तो शनिवार दोपहर को पुलिस द्वारा हत्या की खबर मिली थी और दो दिन पहले उसकी अपनी बेटी हिमानी के साथ बातचीत भी हुई थी, हिमानी की हत्या में कांग्रेस पार्टी के कुछ लोग या फिर उसके दोस्त भी हो सकते हैं, पुलिस इस मामले में लापरवाही बरत रही है।उल्लेखनीय है कि शनिवार को सांपला बस स्टैंड के पास पुलिस को एक सूटकेस में हिमानी नरवाल का शव मिला था, जिसकी बेरहमी से हत्या की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच के लिए तीन टीम में बनाई गई है, लेकिन अभी तक पुलिस को इस संबंध में कोई भी सुराग नहीं मिला है।

# केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे की बेटी से छेड़छाड़

**▸▸ आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार,**

**▸▸ पॉक्सो और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज**



**जलगांव, एजेंसियां।** महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। खडसे ने आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि जलगांव जिले के मुक्ताईनगर इलाके में मेले के दौरान कुछ युवकों ने उनकी बेटी और उसकी सहेलियों से छेड़छाड़ की। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी की तलाश में टीम रवाना कर दी गई है।रक्षा खडसे ने रविवार को मुक्ताईनगर में पत्रकारों से कहा, %हर साल महाशिवरात्रि के अवसर पर हमारे इलाके में संत मुक्ताई यात्रा निकाली जाती है। दो दिन पहले मेरी बेटी यात्रा के लिए गई थी। लड़कियों के झूले पर बैठने के बाद लड़के उनका वीडियो बनाने लगे। जब गार्ड ने यह देखा तो उसने लड़कों को रोका। जब गार्ड ने मोबाइल जब्त कर जांच की तो लड़कों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। ऐसी घटना तब हो रही है, जब लड़कियों के साथ पुलिस अधिकारी यूनिफॉर्म में है। मैंने मुख्यमंत्री से बात की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश दिए हैं।स्ꣷक्ष कृष्णत पिंगले ने बताया कि 28 फरवरी 2025 को मुक्ताईनगर तालुका के कोथली गांव में एक यात्रा थी। मुक्ताईनगर शहर के अनिकेत घुई और उसके 6 दोस्त यात्रा में भाग ले रहे थे। उसी यात्रा में अनिकेत घुई और उसके दोस्तों ने 3-4 लड़कियों का पीछा किया और उनके साथ छेड़छाड़ की। इसलिए, हमने पीछा करने, छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है और POCSO एक्ट के साथ-साथ ꣷ एक्ट की धाराएँ भी लगाई हैं। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन टीमें भेजी गई हैं।छेड़छाड़ की घटना पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, %एक पार्टी के कुछ पदाधिकारी हैं जिन्होंने ऐसा काम किया है। यह घटिया हरकत है, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। इस तरह की प्रताड़ना गलत है, उन्हें माफ नहीं किया जा सकता और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।पत्रकारों से बात करते हुए रक्षा के ससुर पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे ने कहा, %पुलिस को पहले भी इन युवकों के खिलाफ कई शिकायतें मिल चुकी हैं। ये लड़के शातिर अपराधी हैं। महाराष्ट्र में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़े हैं। अपराधियों को पुलिस का डर नहीं है। लड़कियां शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आती हैं। माता-पिता का मानना है कि उनकी बेटियों के नाम का खुलासा नहीं किया जाना चाहिए। हमने शिकायत की क्योंकि हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा था।

# मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटाया

**▸▸ ससुर अशोक ने आकाश के राजनीतिक कैरियर को खराब किया: मायावती**

**▸▸ भाई आनंद और रामजी गौतम बने नेशनल कोओर्डिनेटर**




**लखनऊ,(हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी के राज्य कार्यालय में रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने बैठक में बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया । उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का राष्ट्रीय कोओर्डिनेटर बनाया गया है। इनके जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया।मायावती ने अपने बयान में कहा कि आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है। आकाश आनंद को हटाने के पीछे इसकी सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है। अशोक ने पार्टी के नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है। आकाश के स्थान पर उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे। आनंद पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है। उनका पूरा सहयोग करने के लिए रामजी गौतम को भी नेशनल कोओर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी है। इन दोनों में से आनंद कुमार का प्रमुख कार्य दिल्ली में अधिक रहकर पार्टी का पूरा पेपर वर्क अन्य जरूरी कार्य देखेना होगा। साथ ही पूरे देश में अपना सम्पर्क बनाकर रखेंगे। वहीं रामजी गौतम पूरे देश और हर राज्यों में जाकर पार्टी की प्रगति रिपोर्ट लेंगे। पार्टी के जनाधार को भी बढ़ाने के लिए उनके द्वारा दिए गये निर्देशों का पालन कराएंगे।पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी से जुड़े कई राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान मायावती ने पिछले दिनों हुई पार्टी की बैठक में लिए गये निर्णय और कार्या की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा की। बसपा प्रमुख ने कहा कि यूपी में खासकर बहुजन समाज के करोड़ो लोगों के समुचित एवं समग्र विकास के बिना यूपी ही नहीं बल्कि देश भी सही से तरक्की नहीं कर सकता है। इसलिए सरकार को राजनीतिक, साम्प्रदायिक द्वेष व पक्षपात आदि से ऊपर उठकर पूरे संवैधानिक दायित्व के साथ जनहित व जनकल्याण के लिए कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र और जिन राज्यों में चल रही भाजपा की सरकार की कथनी और करनी में अंतर हैं। महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि अगर अव्यवस्था, हादसा व हताहत मुक्त होकर यूपी सरकार के दावे के अनुसार होता तो यह बेहतर होता। हाल में केंद्र और राज्य सरकार के भी बजट के दौरान किए गये सरकारी दावें जमीनी हकीकत में ज्यादातर हवा-हवाई लगते हैं।

## नशा तस्करों को दंडित करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही: अमित शाह



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पैसे के लालच में हमारे युवाओं को नशे की अंधेरी खाई में धकेलने वाले नशा तस्करों को दंडित करने में मोदी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का संकल्प नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए नशीली दवाओं के खतरे से लड़ना है। गृह मंत्री ने कहा कि नीचे से ऊपर और ऊपर से नीचे की रणनीति के साथ अचूक जांच के परिणामस्वरूप देश भर में 12 अलग-अलग मामलों में 29 नशा तस्करों को अदालतों ने दोषी ठहराया है।

## ● ● माणा हिमस्खलन ● ●

# तीन शव और मिले, मृतकों की संख्या हुई सात, अब एक लापता

**▸▸ लापता एक श्रमिक की तलाश में जुटी सेना और अन्य दलों के कर्मी**



**देहरादून,(हि. स.)।** उत्तराखंड के सीमांत जनपद चमोली के माणा के पास हुए हिमस्खलन के तीसरे दिन रविवार को रेस्क्यू के दौरान तीन और श्रमिकों के शव बरामद हो गए। इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब सात हो गई, जबकि अब एक श्रमिक अभी भी लापता है। इसे खोजने के लिए सेना और अन्य बचाव दल जुटे हैं।पीआरओ रक्षा, लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को सेना के सर्च ऑपरेशन के दौरान बर्फ में दबे तीन और श्रमिकों के शव बरामद किए हैं। इन शवों को माना पोस्ट तक लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब केवल एक और श्रमिक लापता है। सेना की ओर से फंसे एक श्रमिक को खोजबीन के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इसी बीच माणा रेस्क्यू अभियान में गंभीर रूप से घायल पवन पुत्र महेंद्र सिंह (23) इशापुर, सम्भल, उत्तर प्रदेश को हेली एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया है। जबकि एक अन्य व्यक्ति को शनिवार को ही रेफर कर दिया गया था।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सभी के साथ समुचित समन्वय किया जा रहा है। लगातार राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के माध्यम से नियमित तौर पर पूरे घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है और सभी विभागों के आपसी समन्वय से युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। पोस्टमार्टम और अन्य प्रक्रिया पूरी होने केबाद श्रमिकों के शवों को उनके घर तक भेजा जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि फरवरी और मार्च में हिमस्खलन की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में आपदा प्रबन्धन विभाग के माध्यम से एडवाइजरी जारी कर दी गई है। जो भी श्रमिक उच्च हिमालयी क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। जिन क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के कारण विद्युत व्यवस्था और संचार व्यवस्था बाधित है, उन्हें दुरुस्त करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि इस हादसे में प्रभावित होने वाले श्रमिकों की संख्या पहले 55 बताई गई थी। हादसे के बाद प्रभावितों के घरों पर संपर्क करने पर पता चला कि एक श्रमिक पहले ही बिना बताए अपने घर चला गया था। इस प्रकार हिमस्खलन हादसे कीजद में आए श्रमिकों की कुल वास्तवित संख्या 54 है।अभियान के बीच मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता और उत्तर भारत क्षेत्र के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने घटनास्थल का दौरा किया। दोनों सैन्य अधिकारियों ने खोज और बचाव कार्यों की निगरानी, समीक्षा और समन्वय के लिए माना में हिमस्खलन स्थल का दौरा किया। यहां जीवित बचे लोगों का पता लगाने के लिए विशेष रेको रडार, यूएवी, क्वाडकॉप्टर, हिमस्खलन बचाव कुत्ते आदि को अभियान में लगाया गया है। आवश्यक उपकरण, संसाधन और घायलों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर भी लगातार काम कर रहे हैं। सेना कमांडर ने आश्वासन दिया कि विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से भारतीय सेना तेजी से बचाव प्रयासों को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संसाधनों से पूरी तरह सुसज्जित है।

## लॉजिस्टिक लागत में कटौती करना सरकार का लक्ष्य- प्रल्हाद जोशी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि ई-कॉमर्स के तेजी से विस्तार और बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार के ध्यान के कारण भंडारण और रसद क्षेत्र को आर्थिक विकास का प्रमुख चालक माना जा रहा है। उन्होंने डिजिटल पहलों के एकीकरण के माध्यम से परिचालन दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही में निगम के प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जोशी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) जैसी सरकारी पहलों में सीडब्ल्यूसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जिससे खाद्यान्न, दालें, कपास और मूंगफली सहित आवश्यक वस्तुओं के कुशल भंडारण, हैंडलिंग और परिवहन को सुनिश्चित किया जा सके। लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जताते हुए केन्द्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) और पीएम गति शक्ति कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ हमारा लक्ष्य लॉजिस्टिक्स लागत को मौजूदा 13-14 फीसद से घटाकर लगभग 8 फीसद के वैश्विक मानकों पर लाना है।

# मतदाता फोटो पहचान पत्र संख्या में दोहराव का मतलब डुप्लीकेट मतदाता नहीं-चुनाव आयोग

**● दो अलग-अलग राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा समान अल्फ़ान्यूमेरिक श्रृंखला के उपयोग के कारण डुप्लीकेट ईपीआईसी संख्या के कुछ मामल**

**● पंजीकृत मतदाताओं को अद्वितीय मतदाता फोटो पहचान पत्र संख्या का आवंटन सुनिश्चित करेगा चुनाव आयोग**




**नई दिल्ली,(हि.स.)।** चुनाव आयोग ने कुछ सोशल मीडिया पोस्ट और मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया है, जिसमें दो अलग-अलग राज्यों के मतदाताओं के समान मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) संख्या होने के मुद्दे को उठाया गया है।आयोग ने इस संबंध में यह स्पष्ट किया है कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर समान हो सकते हैं, लेकिन समान ईपीआईसी नंबर वाले मतदाताओं के लिए जनसांख्यिकीय विवरण, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र सहित अन्य विवरण अलग-अलग हैं। ईपीआईसी नंबर के बावजूद कोई भी मतदाता अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अपने निर्दिष्ट मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है, जहां वे मतदाता सूची में नामांकित हैं, कहीं और नहीं।आयोग का कहना है कि विभिन्न राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के कुछ मतदाताओं को समान ईपीआईसी संख्या/श्रृंखला का आवंटन सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के मतदाता सूची डेटाबेस को ईआरओएनईटी प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित करने से पहले एक विकेन्द्रीकृत और मैन्युअल तंत्र का पालन करने के कारण हुआ था। इसके परिणामस्वरूप कुछ राज्य/संघ शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालयों ने एक ही ईपीआईसी अल्फ़ान्यूमेरिक श्रृंखला का उपयोग किया और विभिन्न राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को डुप्लीकेट ईपीआईसी नंबर आवंटित किए जाने की संभावना को छोड़ दिया।हालांकि, किसी भी आशंका को दूर करने के लिए आयोग ने पंजीकृत मतदाताओं को अद्वितीय ईपीआईसी नंबर का आवंटन सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। डुप्लीकेट ईपीआईसी नंबर के किसी भी मामले को एक अद्वितीय ईपीआईसी नंबर आवंटित करके ठीक किया जाएगा। इस प्रक्रिया में सहायता और सहायता के लिए ईआरओएनईटी 2.0 प्लेटफ़ॉर्म को अपडेट किया जाएगा।

## मस्जिद में बिना अनुमति लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के आरोप में मौलवी पर मुकदमा



**पीलीभीत ।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र में एक मस्जिद में प्रशासन की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के आरोप में एक मौलवी पर मुकदमा दर्ज किया गया। जहानाबाद के थानाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि थाने में तैनात उपनिरीक्षक वरुण की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि शनिवार दोपहर काजीटोला स्थित एक मस्जिद में नमाज के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जा रहा था।मिश्रा ने कहा कि मौलवी अशफाक को 25 फरवरी को ही उ`चतम न्यायालय और शासन के आदेशों से अवगत करा दिया गया था, जिनके मुताबिक सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर या पब्लिक एड्रेस सिस्टम का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मिश्रा ने बताया कि अशफाक 28 फरवरी की शाम को भी नमाज एवं अजान के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल कर रहे थे और मांगने पर वह कोई अनुमति पत्र नहीं दिखा सके थे।

## दिल्ली की महिलाओं के खाते में कब आएंगे 2500 रुपये- कुलदीप कुमार




**नई दिल्ली, एजेंसियां।** आम आदमी पार्टी के विधायक कुलदीप कुमार ने रविवार को भाजपा पर दिल्ली की महिलाओं को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा इस चुनावी वादे को पूरा करने में विफल रही। कुलदीप ने इसे महिलाओं के साथ धोखा बताया है।कोंडली विधानसभा क्षेत्र से विधायक कुलदीप कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में अपनी चुनावी रैलियों के दौरान भरोसा दिलाया था कि नयी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में वित्तीय सहायता योजना पारित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आठ मार्च तक योजना शुरू करने का वादा किया था, लेकिन उसने अब तक इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया है।कुमार ने कहा, यह (प्रस्ताव) पहली कैबिनेट बैठक में पारित नहीं हुआ। हमने सोचा कि अगर कैबिनेट में नहीं, तो विधानसभा सत्र में पारित हो जाएगा। लेकिन इस मुद्दे पर ध्यान देने के बजाय भाजपा नेताओं ने पूरा सत्र अरविंद केजरीवाल को गाली देने में बिता दिया। उन्होंने दिल्ली की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।आप% विधायक ने कहा कि भाजपा को मोदी द्वारा स्वयं निर्धारित की गई समयसीमा याद होनी चाहिए

# पूर्व सेबी चीफ माधबी पुरी बुच और पांच अन्य के खिलाफ होगी एफआईआर

**▸▸ मुंबई की अदालत का आदेश**




**मुंबई ,एजेंसियां।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के आरोप में पूर्व सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने शनिवार को पारित आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया विनियामकीय चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगा और 30 दिनों के भीतर मामले की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने आदेश में यह भी कहा है कि आरोपों से संज्ञेय अपराध का पता चलता है, जिसके लिए जांच जरूरी है।शिकायतकर्ता, जो एक मीडिया रिपोर्टर है, ने कथित अपराधों की जांच की मांग की थी, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, विनियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सेबी के अधिकारी अपने वैधानिक कर्तव्य में विफल रहे, बाजार में हेरफेर को बढ़ावा दिया, तथा निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाली कंपनी को सूचीबद्ध करने की अनुमति देकर कॉरपोरेट धोखाधड़ी के लिए रास्ता खोला।शिकायतकर्ता ने कहा कि कई बार पुलिस स्टेशन और संबंधित नियामक निकायों से संपर्क करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई।अदालत ने रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री पर विचार करने के बाद एसीबी वर्ली मुंबई क्षेत्र को आईपीसी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सेबी अधिनियम और अन्य लागू कानूनों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

भारत की पहली महिला सेबी प्रमुख बुच पर अमेरिका स्थित शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने हितों के टकराव के आरोप लगाए थे। उसके बाद राजनीतिक तनाव के बीच बुच ने शुक्रवार को अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया।

# गौ वंश की मौत पर प्रयाग गौ सेवा संगठन खफा

## कहा, बिजली विभाग की लापरवाही से हो रही लगातार मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** प्रयाग गौ सेवा संगठन ट्रस्ट ने बिजली विभाग की लापरवाही कोहड़ार में हुए गौ वंश की दर्दनाक मौत को लेकर आक्रोश जताया है।संस्था के लोगों ने उपजिलाधिकारी मेजा व कोहड़ार चौकी पर शिकायत दर्ज कराई है। संगठन के अध्यक्ष राजनीश तिवारी व सचिव शिवम केसरवानी ने कहा, यदि दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाई नही की गई तो संगठन सड़क पर उतर कर विरोध करेगा। गौ सेवा संगठन अध्यक्ष रजनीश तिवारी ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही से एक बार फिर करंट की चपेट में आने से गौवंश की दर्दनाक मौत हो गयी।

शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे कोहराड चौकी के पीछे, एक बछड़ा चारा खाते समय 11,000 वोल्ट के ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

प्रयाग गौ सेवा संगठन ने यहाँ करंट से दर्जनों गौ वंश की मौत को गम्भीरता से लेते हुए जब इसकी शिकायत स्थानीय बिजली विभाग के कर्मचारी से की तो उन्होंने उदंडता से बात की है।संगठन ने कहा कि सभी मौतें बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से हुई हैं।कहा कि ट्रांसफार्मर ऊंचाई पर होना चाहिए था, उसे जमीन पर रखा गया है। जिस वजह से लगातार गौवंश करंट की चपेट में आ रहे हैं।

ग्रामीणों ने पूर्व में कई बार बिजली विभाग के जेई और अन्य अधिकारियों को इस खतरे की सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब प्रयाग गौ सेवा संगठन ट्रस्ट के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने इस मुद्दे पर विरोध जताया, तो कोहराड घाट बिजली विभाग के कर्मचारी पवन ने फोन पर बदतमीजी से बात की और सहयोग करने के बजाय दुर्व्यवहार किया है।

### संगठन की मांगें-

1- बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो।
2. ट्रांसफार्मर को ऊंचा किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।
3. फ्यूज को कॉपर से जोड़ा जाए, न कि एल्युमिनियम से, जिससे सुरक्षा बनी रहे।
4. बिजली विभाग के कर्मचारी पवन के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई हो, जिसने विरोध कर रहे लोगों से बदतमीजी की।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

**अध्यक्ष रजनीश तिवारी**
**सचिव शिवम् केशरवानी**

# नैनी में शवदाहगृह बनाने की मांग

**नैनी(प्रयागराज)।** अंतिम संस्कार के लिए नैनी एवं यमुनापार क्षेत्र में अंतिम संस्कार के घाट पर सुविधाओं के अभाव लोग परेशान हो रहे हैं। भाजपा किसान मोर्चा के नेता व पूर्व कनिष्क ब्लाक प्रमुख संजय श्रीवास्तव ने कहा कि महाकुंभ का मेला समाप्त हो चुका है उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ जी, महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी से मांग करते हुए करते हुए कहा कि अब समय आ गया है जमुना पार क्षेत्र के अरेल नैनी क्षेत्र में एक शवदाह की अत्यंत आवश्यकता है महाकुंभ मेले के दौरान अनेक ग्रामीणों ने घर में कोई घटना होने के बाद यहां से 20 किलोमीटर दूर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था उसी को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रस्ताव पास कर जमुना पार क्षेत्र के लिए दाह संस्कार के लिए सौदाह ग्रह बनाया जाए जिससे यहां के निवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# लेड़ियारी में आसान नहीं होगा जल संरक्षण तालाबों पर कब्जा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** जल ही जीवन है जल है तो पर्यावरण है । पर्यावरण है तो धरती है । और धरती है तो कल है । यह चारों स्लीगन अपने दामन में संसार समेटे है । जल संरक्षित करने के लिए कस्बा के अलग-अलग क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर तालाब मौजूद है । जिम्मेदारों की मेहरबानी पर कुछ ही तालाब जीवित है । बाकी तालाबों पर खेती किसानी और इमारत खड़ी हो गई है । ऐसी परिस्थिति में घटते भू - जल को आखिर कैसे बचाया जा सकेगा । उदाहरण यह आलम है कि पूर्वजों का धरोहर को भी संभालना मुश्किल हो गया है । सगरा तालाब में कूड़ां कचरा डालकर भवन निर्माण कार्य कराया है । लेड़ियारी बाजार 7 तालाब है । नीबी तीन, किहुंनी कला दो, किहुंनी खुर्द दो, डीही खुर्द दो, पथरपुर में एक, धोबहट मे दो, कैथवल एक, कोलसरा में दो उसरी, गोदहा, पवांरी, में एक - एक देईबांध दो बहरैचा दो तालाब अभिलेख में दर्ज है । अधिकांश तालाब की अस्तित्व विहिन है । 10 तालाब को जीवित बताया जा रहा है । वहां भी कुछ भाग पर कब्जा कर समेट दिया है । जल ही जीवन है । यदि आधार बनाकर कोई जल संरक्षण पर काम करने का मन बनाए तो आखिर कहा बनाएं । गर्मी में पशु - पक्षी, पेड़, पौधे और मनुष्यों का बगैर पानी जिंदा रहना नामुमकिन है । चंद ही ऐसे हैं । जिसमे पानी भरा होता है । कस्बा के काली जी मंदिर के ठीक सामने नीबी के लोग आकर मिट् टी से पाटकर भवन निर्माण कार्य कराया । वहीं पूर्वी हिस्से का अंश पर मकान बन गए । जबकि 44 बीघे का तालाब शेष एक बीघे बचा है । सगरा तालाब अपनी उदासीनता पर मातम कर रहा है । स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकारी तालाब कब्जा युक्त है । तो सगरा तालाब की साफ-सफाई कराने के बाद उसी जल संरक्षण के लिए सजाया संवारा जा सकता है । ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह ने बताया कि अभी तालाब के लिए कोई मद नहीं आया है । जैसे कि वजट पास होने पर इसकी कायाकल्प बदल जाएगा ।

इस संबंध में कोरांव विकास खंड अधिकारी मनोज कुमार सिंह को फोन किया लेकिन रिसीव नहीं हुआ

# धर्म स्थलों को त्रिवेणी जल से करूँगा अभिसिंचित -योगेश शुक्ल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** वरिष्ठ सामाजिक एवं भाजपा नेता योगेश शुक्ल जनपद प्रयागराज के यमुनापार एवं शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर त्रिवेणी के जल से जलाभिषेक करेंगे। यह अभियान आगामी 5 मार्च से शुरू होगा।



तीर्थराज प्रयाग के पावन संगम एवं आध्यात्म क्षेत्र से जुड़कर देश विदेश से आकर लोग कुंभ आयोजन में अमृत स्नान किए हैं एवं ब्रह्मा के प्रथम यज्ञ भूमि प्रयागराज को सराहा है।श्री योगेश शुक्ल भी पिछले 14 जनवरी से लगातार कुंभ मेले में श्री आदि शक्ति साधना पीठ संस्था के शिविर में रहकर स्नान किया एवं श्रद्धालुओं की सेवा की।

कुम्भ मेला में रहते हुए शिव रात्रि के दिन उनके मन में विचार आया कि विगत कुम्भ की तरह इस कुंभ के जल से यमुनापार एवं शहर के सार्वजनिक मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर अभिषेक करने का निर्णय लिया है।श्री शुक्ल दिनांक 5 मार्च 2025 से यमुनापार के लगभग 50 से ज्यादा धार्मिक स्थलों एवं शहर के लगभग 1 दर्जन मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे।

यह जानकारी देते हुए उनके प्रतिनिधि विनय कुमार ने बताया कि श्री शुक्ल कोरांव के बढ़वारी में स्थिति सोम नाथ मंदिर, बड़ोखर के कालिकन मंदिर, मेजा के सिद्धेश्वर महादेव, शीतला माता मंदिर, मांडवी देवी मंदिर, करछना के कोषगण शिव मंदिर, सोमेश्वर महादेव मंदिर, आदि वेणी माधव मंदिर, बारा के मनकामेश्वर मंदिर, प्रयाग नगर में स्थित अलोपी देवी, कल्याणी देवी, ललिता देवी, मसूरिया माई मंदिर सहित 50 से अधिक धार्मिक स्थलों पर लोक कल्याण हेतु जलाभिषेक करेंगे।

# सूख गया राम जानकी व शंकर जी का प्रचीन तालाब

## जलकुंभी की सफाई न होने से नहीं हो रहा पानी का इस्तेमाल, उपेक्षा के कारण लगातार सिकुड़ रहे तालाब

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** आस्था से जुड़ा ग्राम पंचायत कोलसरा स्थित राम , जानकी का तालाब आज सूखने के कगार पर पहुंच गया है । तालाब के अंदर जमी जलकुंभी के चलते तालाब का पानी से मंदिर में जाकर इसी तालाब में जल भर जलाभिषेक करते हैं । और न ही पीने योग्य रह गया है । और न ही किसी अन्य इस्तेमाल के योग्य है । लोगों ने तालाब की जमीन पर कब्जा भी जमा रखा है । जिससे तालाब का अस्तित्व संकट में आ गया है । तालाब के ग्राम पंचायत से चारों ओर सड़क निर्माण कार्य के लिए धन तों निकाल लिया गया है। लेकिन आज तक निर्माण कार्य नहीं कराया गया है। जबकि यहां पर प्रति दिन सैकड़ों की संख्या में लोग जलाभिषेक के साथ पूरा अर्चना करने आते हैं। इतना ही नहीं इस स्थान पर पुसी तेरस पर मेले का आयोजन होता है। जिससे दूर - दराज से महिलाएं और पुरुष, बच्चे



आकर इस तालाब में स्नान करके भगवान राम , जानकी और लक्ष्मण के साथ साथ शंकर जी का का बना प्राचीन मंदिर है पूजा अर्चना करते हैं। लेकिन तालाब के पानी के सूख जाने पर सबसे ज्यादा मवेशियों को पानी पानी के लिए संकट उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में मंदिर के पुजारी ने कई दफा तहसील प्रशासन को अवगत कराया।

लेकिन अनदेखी के चलते कोलसरा कस्बा के मध्य स्थित राम , जानकी तालाब लगातार सूख रहा है । 22 बीघे के इस तालाब का अस्तित्व शंकर जी मंदिर से जुड़ा हुआ है । राम , लक्ष्मण, सीता जी मंदिर क़ालीन सिद्ध पीठ है । यहां पर कोलसरा कस्बा समेत आसपास के सैकड़ो गांव के भक्त पूजा - अर्चना करने आते हैं । मंदिर का निर्माण गांव के सामाजिक कार्यकर्ताओं व पूर्वजों ने कराया था । उसे सटा तालाब राम , जानकी, शंकर जी तालाब के नाम पर प्रसिद्ध हुआ है । मान्यताओं के माने तो सैकड़ो साल पूर्व से इस मंदिर पर शादी व्याह और अन्य समारोह तथा शिवरात्रि , और सावन मास पर्व पर यहां दूर - दराज से पूजन करने आया करते हैं। यहां पर तालाब में स्नान कर माता जानकी की पूजा करते हुए । भक्त अपनी मान्यताओं की पूर्ण मनौती मांग किया करते हैं। मां के विजय का आशीर्वाद लिया करते हैं । जिससे तालाब के अस्तित्व पर संकट आ गया है । कस्बा वालों की मानें तो इस तालाब का पानी आज तक तक नहीं सुखा था । लेकिन वर्तमान में यह सूखने के कगार पर पहुंच गया है ।

इस तालाब पर भगवान राम व माता जानकी जी की आशीर्वाद है । जिससे चलते इस साल आपके पानी को जानवर और इंसान पीने के काम में लाते थे । लोगों ने बताया कि आज तक तालाब की साफ-सफाई भी नहीं कराया गया है । और माता पार्वती का पूजा किया जाता है। जिससे लोगों के आस्था को ठेस पहुंच रही है ।

# कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी (प्रयागराज)।** आज सेवा विभाग प्रयाग नैनी भाग मानस नगर द्वारा कंबल वितरण सेवा किया गया। जिसमें पहले सेवा बस्ती में जाकर सूची बनाई गई तत्पश्चात उन्हें कार्यक्रम में बुलाकर उन्हें ससम्मान माला पहनाया गया एवं उन्हें प्रसाद स्वरूप बिस्किट देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में राजेश जी भाग कार्यवाह द्वारा कुछ बताया गया । अंत में कंबल वितरण करके उन्हें विदा किया गया। इस कार्यक्रम में राजेश जी भाग कार्यवाह, सुकृत जी भाग सेवा प्रमुख, प्रेम शंकर जी नगर कार्यवाह, राधेश्याम गुप्ता जी,ओंकार नाथ जी, राहुल जी, रविन्द्र जी, राहुल जी, देवराज जी आदि उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यक्रम प्रयाग नैनी भाग में दो स्थानों पर किया गया माधव ज्ञान केंद्र और इंदलपुर में माधव ज्ञान केंद्र का कार्यक्रम मानस नगर के द्वारा किया गया जिसमें भाग कार्यवाह राजेश जी सह भाग सेवा प्रमुख श्री सुकृत जी और नगर कार्यवाह श्री प्रेम जी, रविंद्र जी, राहुल जी, शामिल हुए ,इंदलपुर का जो कार्यक्रम हुआ राजर्षी नगर के द्वारा किया गया जिसमें माननीय नगर संघ चालक श्रीमान आर पी सिंह और नगर सेवा प्रमुख पंकज सिंह द्वारा किया गया।

# त्रितापों का नाश करती है श्रीमद् भागवत कथा- आचार्य धर्म नारायण जी महाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** नई बाजार, सरगम, नैनी में स्व0 महेश कुमार केसरवानी की पुण्य स्मृति में आयोजित, दिनांक 02 मार्च से 08 मार्च तक चलने वाली, सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता आचार्य पं धर्म नारायण जी महाराज के नेतृत्व में नैनी के धर्म परायण नर-नारियों एवं बच्चों के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। नारियों ने प्रभु प्रेम में मंगल गीत गाए।



कथा के प्रारंभ में यजमान मंगरु लाल केशरवानी एवं माया देवी केसरवानी ने भागवत भगवान का विधि विधान से पूजन-अर्चन किया। श्रीमद् भागवत कथा का श्री गणेश करते हुए कथा प्रवक्ता आचार्य पं धर्म नारायण जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा त्रितापों का नाश करने वाली है। दैहिक, दैविक, भौतिक आदि तीनों तापों से संसार पीड़ित है। श्रीमद् भागवत कथा इन तीनों ही प्रकार के तापों का नाश करके मनुष्य को सुख प्रदान करती है। तीर्थराज प्रयाग में स्नान कर मनुष्य अपने पापों से मुक्त होते हैं। इन पापों का भार तीर्थराज प्रयाग को वहन करना होता है। तीर्थराज प्रयाग श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने वाले भक्तों की चरण रज अपने मस्तक पर धारण कर इन पापों के भार से मुक्त होते हैं। महाराज श्री ने आगे कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य के परिवार की सात पीढ़ियों, ननिहाल पक्ष की सात पीढ़ियों एवं ससुराल पक्ष की सात पीढ़ियों, कुल 21 पीढ़ियां का उद्धार कर देती है परंतु श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का अवसर बिना बांके बिहारी की कृपा के नहीं मिलता।

कथा में प्रमुख रूप से कथा के आयोजक हीरालाल, श्रीमती जानकी देवी, बसंत लाल, नंद किशोर, गौरव, उज्जवल, सागर, विनीत, सुमित, आयांश, गर्वित, देवांश, श्रविल आदि उपस्थित रहे।

# राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में लें एमए योग में प्रवेश

## प्रवेश परीक्षा 20 मार्च को, 17 तक कर सकेंगे आवेदन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में एम ए योग में प्रवेश का रास्ता साफ हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि जनवरी 2025 सत्र में विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप एमए योग कार्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ कर दिया है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप अब एम ए योग में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में प्रवेशार्थियों के द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने प्रवेश के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 31 मार्च तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।



प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि अभ्यर्थियों को केवल ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण सूचनाओं सहित भरना अनिवार्य है। ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान विश्वविद्यालय ने प्रारंभ कर दिया है। ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन एवं शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 17 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी वेबसाइट से 18 मार्च से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा 20 मार्च 2025 को प्रस्तावित की गई है। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए वेबसाइट पर एम ए योग से संबंधित लिंक स्थापित किया है। जहां इस कार्यक्रम से संबंधित सभी सूचनाएं उपलब्ध हैं। प्रवेश परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के 25 प्रश्न होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न चार अंकों का होगा। परीक्षा अवधि एक घंटा होगी।

# नर्स हत्याकांड का दस माह बाद हुआ खुलासा

## हत्यारों ने बाइक पर लिफ्ट देकर की थी दुराचार की कोशिश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मऊआइमा (प्रयागराज)।** दस माह पूर्व बनारस से मायके जा रही नर्स की मऊआइमा के ग्राम जोगीपुर कौवापुर ऊसर वन विभाग के पास सिर कूची हुई लाश पाई गई थी। पुलिस ने 24 अप्रैल 24 को शव बरामद किया था। उसकी शिनाख्त 35 वर्षीय नर्स के रूप में हुई थी। बताया गया कि युवती वाराणसी स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स थी। 23 अप्रैल 24 को दोपहर दो बजे दिन में अपने मायके मनीराम का पूरा बाघराय प्रतापगढ़ के लिए निकली थी। परन्तु 24 अप्रैल को मऊआइमा के जोगीपुर कौवापुर ऊसर वन विभाग के निकट सिर कूचा हुआ शव बरामद हुआ था। परिजनों की शिनाख्त के बाद पता चला कि मृतका तीन बहनों में सबसे बडी थी। पति प्रयागराज के खुल्दाबाद में सब्ज़ी मंडी में सब्जी का कारोबार करता है जबकि पत्नी बनारस में नर्स थी। पति ने अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार को सर्विलांस की टीम में इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार मिश्रा, सर्विलांस सेल की टीम सब इंस्पेक्टर सुखचैन, धीरेन्द्र नाथ यादव, महिला सब इंस्पेक्टर पूजा पांडेय, हेड कांस्टेबल एसओजी बृजेश कुमार, अनुग्रह वर्मा, रविश चन्द्र, राजेश यादव, आनन्द गिरी आदि ने हरिसेनगंज मन्दिर के पास से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। उसने अपना नाम शैलेन्द्र पटेल उर्फ दारा पुत्र राकेश बाबू पटेल ग्राम रामनगर उमरी ददौली बताया। उसने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथी के साथ नर्स को लिफ्ट देकर गाड़ी पर बैठा लिया और उससे दुराचार की कोशिश की। मगर तब तक नर्स ने 112 नम्बर डायल कर दिया। पकडे जाने के डर से उन लोगों ने मोबाइल छीन लिए तथा ईट पत्थरों से सिर कूच कर हत्या कर दी। फरार एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने नर्स का मोबाइल और हत्या में प्रयुक्त बाइक बरामद कर चालान भेज दिया।

# चंद्रकला यूनिवर्सल क्लब को मिली जीत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** चंद्रकला यूनिवर्सल प्रा. लि. ने विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को 54 रन से हराकर प्रथम डॉ. डीएन तिवारी स्मृति टी-20 वेटरन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल पर रविवार को खेले गए मैच में टॉस हारकर चंद्रकला यूनिवर्सल ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 182 रन (इमरोज अली 37, शैलेंद्र सिंह 33, आकाश श्रीनेत्र 25, आजाद खान 27, मोहम्मद नसर व सैफ अहमद 22-22, बृजेश यादव 2/29, संजय भारती 2/33, आशुतोष तिवारी 2/38) बनाए। जवाब में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल की टीम 18.2 ओवर में 128 रन (नौशाद अहमद 73, आशुतोष तिवारी 24, उदय प्रताप सिंह 3/23, अजय यादव 2/27, नितिन कुमार 2/28) पर सिमट गई। उदय प्रताप सिंह को आयोजन समिति के उपाध्यक्ष राहुल पांडेय ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में हितेश श्रीवास्तव और मोहम्मद नबी अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

डॉ. डीएन तिवारी स्मृति टी-20 वेटरन क्रिकेट लीग में उदय प्रताप सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते आयोजन समिति के उपाध्यक्ष राहुल पांडेय।

# विनय सोनकर द्वारा कोरांव विधानसभा मे जारी है पीडिए चौपाल

## पीडिए कि एक जूटता से बनेगी 2027 सपा सरकार–विनय सोनकर

**कोरांव (प्रयागराज)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वाहन और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के दिशा निर्देश पर विधानसभा कोरांव अंतर्गत ग्राम सभा पिपराव में सपा नेता विनय सोनकर के नेतृत्व में पीडीए जन चौपाल का सफल आयोजन किया गया जिसमें सपा नेता ने कहा जिस प्रकार से समाजवाद के ध्वजवाहक प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक मजदूर किसान बेरोजगार हैं वहीं सम्बीधान निर्माता बाबा साहब के नाम पर सामंत वादियों द्वारा ने सदन के अन्दर अम्रयादित टिप्पणी की गई इससे मौजूदा सरकार के लोगों की मंशा सम्बीधान खत्म करने की मंशा दिखाई दे रहा है लेकिन हम लोग पिडिए जन चौपाल के माध्यम से पिडिए परिवार को एक जूट कर2027 मे सपा सरकार बनायेंगे




वहीं जिला उपाध्यक्ष प्रभारी कोरांव राजेश पाण्डेय जी ने कहा कि अखिलेश यादव हि एक विकल्प है उन्होंने ने किसानों मजदूरों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं वहीं जिलासचिव दिनेश पटेल ने कहा कि शोषित वंचित छात्र नौजवान को समाजवाद के परचम तले एकजुट करने के उद्देश्य से अनवरत चौपाल किया जा रहा है और इससे निश्चित रूप से वह दिन दूर नहीं जब प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार को होने वाले आगमी विधानसभा के चुनाव में उखाड़ फेंकने का कार्य करेगी।प्रदेश के लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री ने सपा सरकार के कार्यकाल में जन कल्याणकारी नीतियों को अपनाते हुए किसानों की कर्ज माफी अपराध नियंत्रण के लिए 100 नंबर और बीमार घायलों के लिए 108 नंबर छात्रों को लैपटॉप वितरण कन्या विद्या धन बेरोजगारी भत्ता जैसे सफल योजना से प्रदेश की जनता को लाभ दिलाने का कार्य किया वह अपने आप में प्रदेश के लिए गौरव का विषय रहा है

जिला उपाध्यक्ष लल्लन सिंह पटेल जिलाउपाध्यक्ष महिला सभा अनीता शुक्ला अंसारी मंगला कोल गन्धर्व कूमार पटेल मथुरा सिंह मिश्री लाल पटेल जटासंकर रामचंद्र गूलाब पटेल चन्दे आदिवासी गोटयी कोल सूर्यलालआदि लोग उपस्थित रहे।

# शेरांवा में हुई पीडीए की बैठक




**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** रविवार को समाजवादी पार्टी के दिशा निर्देश पर ग्राम सभा सेरावा के तिवारीपुर में सेक्टर प्रभारी बृजेश यादव की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी पीडीए का जन चौपाल कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव दूधनाथ पटेल जी रहे। मुख्य रूप से जीत लाल पासी जिला उपाध्यक्ष, टी एन यादव जिला सचिव,डाक्टर संगम लाल मौर्या , जिला सचिव जय करण पटेल , जिला सचिव धर्मेंद्र यादव, अरुण टाइगर, रामचंद्र यादव बूथ अध्यक्ष, संदीप पटेल, मनोज यादव, मनीष सरोज कोटेदार, शैलेन्द्र पटेल, अनुज यादव, राम आसरे यादव, मुकेश मौर्य और बड़ी संख्या में सम्मानित ग्रामवासी एवं महिलाएं सम्मिलित रहीं।

# सराय अकिल में हिंदू वाहिनी संघ की मासिक बैठक सम्पन्न






**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे के शिव शक्ति धाम मंदिर प्रांगण में हिंदू वाहिनी संघ के जिला अध्यक्ष भास्करानंद त्रिपाठी के नेतृत्व में रविवार को मासिक बैठक संपन्न हुआ जिसमें सैकड़ो हिंदू वाहिनी संघ के पदाधिकारी व सदस्य लोग मौजूद रहें।

बता दें नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में आज रविवार को शिवशक्ति धाम मंदिर प्रांगण मे हिंदू वाहिनी संघ परिवार कौशाम्बी जिले के जिला अध्यक्ष भाष्करानंद त्रिपाठी के नेतृत्व में मासिक बैठक हुई सुचारू रूप से संपन्न हुई,मासिक बैठक में प्रदेश से आए हुए हमारे बड़े भैया प्रदेश उपाध्यक्ष राजनाथ सोनी भैया जी और महिला प्रकोष्ठ से प्रदेश महासचिव कविता त्रिपाठी बहन जी का आगमन हुआ जिला अध्यक्ष भास्करानंद त्रिपाठी ने माल्यार्पण किया, और हम सभी पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया , जिला अध्यक्ष भास्करनंद त्रिपाठी ने कौशांबी जिले से आए हुए सभी सम्मानित पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया , मौके पर ,भाष्करानंद त्रिपाठी जिला अध्यक्ष कौशांबी, श्रुति मिश्रा जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, रेखा दीदी जी ब्लाक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, धीरेन्द्र तिवारी जी जिला महामंत्री, छविनारायण त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष, राजेश जी जिला उपाध्यक्ष, सुरेश चंद्र शर्मा जिला संगठन मंत्री, संजय अग्रहरि जिला मीडिया प्रभारी, मोती लाल स्वर्णकार जिला मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा, अजय कुमार अग्रहरि पत्रकार नगर मीडिया प्रभारी, कृष्ण धनंजय जी तहसील अध्यक्ष चायल, संजय तिवारी तहसील अध्यक्ष मंझनपुर, विजय साहू तहसील उपाध्यक्ष चायल, आकाश पांडेय तहसील उपाध्यक्ष चायल, प्रदीप पांडेय तहसील उपाध्यक्ष चायल, विनोद जयसवाल तहसील संगठन मंत्री चायल, अजीत प्रताप सिंह तहसील संगठन मंत्री चायल, रोहित तिवारी ब्लाक अध्यक्ष कौशांबी, दीपू अग्रहरि ब्लाक अध्यक्ष नेवादा, रत्नेद्र सिंह ब्लाक महासचिव, सोनू केसरवानी ब्लाक संगठन मंत्री गौ रक्षा प्रकोष्ठ, विनोद वर्मा ब्लाक संगठन मंत्री गौ रक्षा प्रकोष्ठ, अखिलेश सोनी ब्लाक उपाध्यक्ष गौ रक्षा प्रकोष्ठ, सुमित केसरवानी ब्लाक उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, सचिन केसरवानी ब्लाक सचिव युवा मोर्चा, बचान सिंह चायल ब्लाक संगठन मंत्री, गोपाल रस्तोगी जिला कार्यकारणी सदस्य, अनिल सिंह ब्लाक कार्यकारणी सदस्य, टीकम सिंह ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य, दीपेंद्र शर्मा जी, एवं हिंदू वाहिनी संघ परिवार कौशांबी जिले से अन्य पदाधिकारी गण एवं सदस्य गण उपस्थित रहें।

# तहसील लेखपाल संघ चुनाव में रितेंद्र सिंह अध्यक्ष निर्वाचित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** तहसील लेखपाल संघ का चुनाव रविवार को सभागार में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव प्रक्रिया में लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष और चुनाव अधिकारी ज्ञान पाल सिंह की उपस्थिति में चायल तहसील का चुनाव कराया गया। चायल तहसील के छह प्रमुख पदों के लिए निर्विरोध चुनाव हुए, वहीं तहसील अध्यक्ष और मंत्री पद के लिए चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद के तीन उम्मीदवार मैदान में थे। जबकि मंत्री पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में थे। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए रितेंद्र सिंह ने 25, पवन राय को छह और योगेंद्र को पांच वोट से संतोष करना पड़ा। रितेंद्र सिंह 25 मत पाकर तहसील अध्यक्ष बन गए। वहीं मंत्री पद के लिए दीपक सिंह को 23 मत और गोविंद कुमार को 13 मत हासिल हुआ। इसके साथ ही तहसील के अन्य पदों पर भी निर्विरोध चयन हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर काशी प्रसाद सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रबी सिंह, उपमंत्री पद पर निर्दोष कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर राजेंद्र प्रसाद और आय-व्यय निरीक्षक पद पर राजेश्वर सिंह निर्विरोध चुने गए। चुनाव में जीतने वाले पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर सहायक चुनाव अधिकारी के रुप में ज्वाला सिंह यादव जिला महामंत्री, पदतेश कुमार शुक्ल जिला उपमंत्री और कोषाध्यक्ष विपिन आदि लेखपाल मौजूद रहे।

# विश्व कल्याण हेतु विष्णु महायज्ञ की 41वीं वर्षगांठ एवं विष्णु प्राण प्रतिष्ठा हवन-पूजन 3 से 6 मार्च तक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, (कौशाम्बी)।** श्री श्री 1008 श्री रामानन्द सरस्वती आश्रम, भकन्दा, जमालपुर में विष्णु महायज्ञ की इक्तालिसवीं (41वीं) वर्षगांठ एवं विष्णु जी प्राण प्रतिष्ठा हवन-पूजन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 1 मार्च 2025, शनिवार से शुभारंभ होकर 6 मार्च 2025, गुरुवार को पूर्णाहुति एवं समापन के साथ संपन्न होगा। इसके उपरांत 7 मार्च 2025, शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान का विस्तृत कार्यक्रम 1 मार्च 2025 शनिवार शुभारंभ महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और मंगल पाठ के साथ होगा। 3 मार्च 2025 सोमवार से 6 मार्च 2025 (गुरुवार) हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा इन दिनों में श्री विष्णु जी की प्राण प्रतिष्ठा हेतु विशेष हवन-पूजन किया जाएगा। विद्वान आचार्यों द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। 6 मार्च 2025 (गुरुवार) पूर्णाहुति एवं समापन महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। 7 मार्च 2025 (शुक्रवार) भंडारा भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। विश्व कल्याण के लिए होगा विशेष आयोजन यह श्री विष्णु महायज्ञ विश्व शांति, मानव कल्याण और धर्म जागरण के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यज्ञ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा और पुण्य की प्राप्ति होगी। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस पावन कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

# प्राथमिक शिक्षा में नवाचार- राजेश वर्मा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** आधुनिक युग में छात्र-छात्राओं के बहुमुखी एवं सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षण कार्य में नवाचार की अत्यंत आवश्यकता है। नवाचार एक नया विचार एक नया व्यवहार है जो शिक्षण कार्य को सरल, उपयोगी, व्यावहारिक रुचिकर, रचनात्मक, क्रियात्मक बनाता है। प्राथमिक स्तर पर शिक्षा में नवाचार का अर्थ है बच्चों को पढ़ाने के लिए नए-नए तरीको को अपनाना। इन शैक्षिक नवाचारों से बच्चों का सीखना और समझना बहुत ही आसान हो जाता है उनमें टीमवर्क की भावना भी बढ़ती है साथ ही उनके अंतर्निहित प्रतिभाओं, क्षमताओं को समझने एवं उनका पूर्ण विकास करने मैं भी आसानी होती है। प्राथमिक शिक्षा में विद्यालय मे आयोजित दैनिक प्रार्थना सभा से ही नवाचार की शुरुआत होनी चाहिए। प्रार्थना सभा नवीनता एवं ऊर्जा से युक्त होनी चाहिए। यदि दिन की शुरुआत अच्छी होती है तो पूरा दिन बहुत ही ऊर्जा युक्त व्यतीत होता है। छात्र-छात्राएं जोश, उमंग, तरंग, आनंद के साथ नवीन चीजों को सीखने और समझने में अग्रसर होते हैं जिससे उनके सर्वांगीण विकास मे मदद मिलती है। अतः प्रार्थना सभा का आयोजन नीरस ना होकर बहुत ही आकर्षक होना अति आवश्यक है। विद्यालय भी आकर्षण का केंद्र बिंदु होना चाहिए जिससे बच्चे विद्यालय जाने का सपना देखें। सुबह होते ही वे विद्यालय की तरफ दौड़ पड़े। दैनिक प्रार्थना सभा में बच्चों को अपना प्रेजेंटेशन करने का पूर्ण मौका देना चाहिए उन्हें उत्साहित करने के साथ ही साथ उनके अच्छे कार्यों के लिए पुरस्कृत करना एवं बच्चों को विद्यालय के प्रति आकर्षित करने के लिए प्रतिदिन नवीन कार्यों को करते रहना होगा जिससे कि विद्यालय के



प्रति बच्चों में उत्सुकता बनी रहें। शिक्षा में नवाचार के प्रयोग से बच्चों में आलोचनात्मक सोच, साहस की भावना और अनुकूलन के लिए खुलापन बढ़ता है। बच्चों में आत्मविश्वास और कौशल बढ़ता है साथ ही शिक्षक ज्यादा गतिशील और प्रभावी शिक्षण वातावरण बनाने में सक्षम होते हैं । नवाचार से शिक्षक स्वयं सर्जनशील और अध्यनशील बनते हैं । शिक्षण कार्य में गुणात्मक सुधार होता है एवं शिक्षा को नई दिशा मिलती है नवाचार से व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। प्राथमिक स्तर पर शिक्षा में नवाचार के कुछ उदाहरण पर यदि बात करूं तो शून्य नवाचार टीएम का इस्तेमाल करके बच्चों को प्रत्यक्ष रूप से देखने, छूने और खुद प्रयोग करने का मौका मिलता है ।

सीखने में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है ।

शिक्षण कार्य में स्मार्ट क्लास का प्रयोग बच्चों को आकर्षित करने के साथ ही साथ बहुत ही जल्दी सीखने समझने के योग बनता है । आधुनिक शिक्षा में लर्निंग बाय डूइंग प्रोग्राम के अंतर्गत करके सीखना बच्चों के लिए बहुत ही आकर्षण का केंद्र बिंदु है जिसमें बच्चे स्वयं करके आसानी से सीखते हैं। शिक्षा में नवाचार की शुरुआत विद्यालय की दैनिक प्रार्थना सभा से शुरू हो जानी चाहिए। दैनिक प्रार्थना सभा को बहुत ही आकर्षक बनाना चाहिए, खेल आधारित शिक्षण कार्य करना, टैबलेट स्मार्ट क्लास का प्रयोग करना, शून्य नवाचारों को अपनाना, कक्षा शिक्षण से बाहर निकलकर फील्ड टीचिंग करना जिससे कि बच्चे स्वयं प्रत्यक्ष रूप से देखकर सीखे और स्थायित्व ज्ञान को प्राप्त कर सकें। बच्चों को खुद से सीखने और करने का अवसर दिया जाना अत्यंत जरूरी है। अतः बेसिक शिक्षा में नवाचार का प्रयोग कर शिक्षक अधिक गतिशील और प्रभावी शिक्षण वातावरण बना सकते हैं जो छात्र-छात्राओं को आज की तेजी से बदलती दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान कौशल और योग्यता विकसित करने में मदद करते हैं साथ ही बच्चे बहुत आसानी से प्रकरण को सीखने समझने में सक्षम होते हैं।

# कौशाम्बी थाना क्षेत्र के गुरौली पुलिस चौकी प्रभारी ने संभाला कार्यभार

**● फरियादियों को प्राथमिकता देना मेरा कर्तव्य- भोला नाथ यादव**




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, (कौशाम्बी)।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के गुरौली पुलिस चौकी में नए प्रभारी के रूप में उपनिरीक्षक भोला नाथ यादव रविवार को कार्यभार संभला उन्होंने कहा कि चौकी में जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनना और त्वरित समाधान करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी दिशा में फरियादियों को प्राथमिकता देना उनका कर्तव्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस सिर्फ अपराधियों को पकड़ने के लिए नहीं, बल्कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर पुलिस चौकी आता है, उसकी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। भोला नाथ यादव ने चौकी के पुलिसकर्मियों से कहा कि वे फरियादियों और आम नागरिकों के बीच सामंजस्य बना कर रखें और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लें। उन्होंने जनता से अपील की कि अगर कोई भी व्यक्ति किसी अपराध का शिकार होता है या उसे किसी तरह की पुलिस सहायता की जरूरत है, तो वह बिना किसी झिझक के पुलिस से संपर्क करे। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर फरियादी को न्याय दिलाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। चौकी प्रभारी ने स्थानीय पुलिस टीम के साथ बैठक कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के आग्रह किया। उन्होंने अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने, गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा, विमल कुमार साइबर थाना पहुंच कर कार्यभार संभाला जहां उन्होंने साइबर अपराधों से जुड़े मामलों जैसे डिजिटल ठगी और ऑनलाइन अपराधों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, इसलिए लोगों को जागरूक रहना होगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपने बैंकिंग व निजी जानकारी किसी से साझा न करें। साइबर थाना में उन्होंने डिजिटल अपराधों से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही।

# घर से निकला अधेड लापता, पुत्र ने जताई अनहोनी की आशंका

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** सदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक अधेड शुक्रवार को घर से निकला था जिसके बाद घर वापस नहीं लौटा स्वजनों ने खोजबीन के बाद पुलिस को लिखित सूचना दी।

संदीपन घाट थाना क्षेत्र के चंदवारी निवासी सुदीप पटेल पुत्र फूलचंद्र पटेल को पुलिस को लिखित सूचना देकर बताया कि उसका पिता फूलचंद्र पुत्र अमरनाथ पटेल शुक्रवार की सुबह घर से बाइक लेकर निकले थे जिसके बाद घर नहीं लौटे, काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल सका, स्वजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी, मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

# राहुल राज ने कराया मेजबान कौशाम्बी का विजयी आगाज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, (कौशाम्बी)।** मेजबान डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन कौशाम्बी ने रिजवी कप के लिए आयोजित 15वीं आबिश एवं शाकिब रिजवी स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उसने प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन मुरादाबाद को तीन विकेट से हराया। विजेता टीम के राहुल राज पाल ने बहुमुखी प्रदर्शन ( 32 रन, 15 गेंद, आठ चौके व 5.3 -0-17-2) कर इस जीत में अहम भूमिका निभाई।

रविवार को करारी स्थित रिजवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन मुरादाबाद की पूरी टीम 32.3 ओवर में महज 129 रन (मुख्तार अशरफ 44, मिर्जा दानिश आलम 15, अमान सिद्दीकी 14 रन, रवि भारतीय 3६38, कृष्णा यादव 2६13, राहुल राज पाल 2६17, रोहित राज पाल 2६28) पर सिमट गई। जवाब में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन कौशाम्बी ने 23.1 ओवर में अपने सात विकेट खोकर 130 रन (राहुल राज पाल 32, लिंकन 22, शिवांश यादव 21, रोहित राज पाल 19 रन, हर्षित बिश्नोई 3६43, मिर्जा इंतजार बेग 2६51, कृष्णा यादव 1६15) बना लिए। मैच से पहले कौशाम्बी के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुपम कुमार और विशिष्ट अतिथि सीजेएम दीपक जायसवाल व एसीजेएम हिमेन्द्र कुमार तथा रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। रिजवी कॉलेज के मैनेजर राशिद रिजवी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को बुके व स्मृतिचिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया। अलोक श्रीवास्तव ने उद्घाटन समारोह का संचालन और आयोजन सचिव शैलेन्द्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मैच में आसिफ रजा व विभोर दुबे ने अंपायरिंग और अनूप कुमार शर्मा व प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता में सोमवार को डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन मेरठ व डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन गाजियाबाद के बीच दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच प्रातः साढ़े नौ बजे से खेला जाएगा।

# पुलिस फोर्स ने किया फ्लैग मार्च, त्योहारों पर बनाए रखें शांति



**बांदा।** आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने और जनपद में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखे जाने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी बबेरु ने फोर्स के साथ कस्बा बबेरू, हरदौली व गौरीखानपुर में रुट मार्च किया गया।

एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में आगामी होली व रमजान त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने, जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखे जाने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी बबेरु सौरभ सिंह ने रविवार को भारी पुलिस बल के साथ थाना बबेरु क्षेत्र के कस्बा बबेरु, हरदौली तथा गौरीखानपुर में रुट मार्च किया। इस दौरान लोगों से बातचीत कर उन्हे सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। लोगों से त्यौहारों को शांतिपूर्वक और सद्भावना पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई ।

रूट मार्च में थाना बबेरु, बिसंडा व कमासिन का पुलिस बल मौजूद रहा।

# रमजानउल मुबारक का चांद नजर आते ही खिल उठे चेहरे- मौलाना जुनैद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिस तरह जाहिरी मौसमों में एक बहार का मौसम है उस तरह रूहानी कायनात का मौसम बहार माहे रमजान है कितने ही खुश किस्मत हैं हम जिनकी जिंदगियों मे एक मर्तबा फिर ये रूहानी बहार औद कर आई है वरना कितने ही ऐसे थे जो इस बहार से पहले ही हमसे जुदा हो गये है। मदरसा दारूल उलूम इमाम अहमद रजा चक नगर मंझनपुर के मोहतमिम हजरत मौलाना मोहम्मद जुनैद साहब किब्ला ने बताया कि हमें खुश होना चाहिए कि हमारी जिंदगी मे दोबारा रमजानउल मुबारक का पाक महीना मिला।

हमारे प्यारे आका हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहू ताला अलैही वसल्लम ने एक मौका पर इस माहे रमजान की आमद की यूं दी कि सुनो सुनो तुम्हारे पास रमजान का महीना चला आता है, यह महीना मुबारक महीना है जिसके रोजा अल्लाह ताला ने तुम पर फर्ज कर दिए हैं इसमें जन्नत के दरवाजे खोल दिए




जाते हैं और जहन्नुम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं और शैतानों को जकड़ दिया जाता है और उसमें एक रात ऐसी मुबारक है जो हजार रातों से बेहतर है जो उसकी बरकत से महरूम रह जा रहा तो समझो कि वह ना मुराद रहा निसाई किताबुल सोम रमजान ऐसा प्यारा महीना है जिसके इस्तिकबाल के लिए आसमान पर भी तैयारी होती है और जन्नत सजाई जाती है चुनांचा रसूल करीब सल्लल्लाहू तआला त अलैहि वसल्लम फरमाते हैं कि माहे रमजान के इस्तिकबाल के लिए यकीनन सारा साल जन्नत सजाई जाती है और जब रमजान आता है तो जन्नत कहती है कि या अल्लाह इस महीने में अपने बंदों को मेरे लिए खास कर दे। इसी लिए आप ने एक और मौके पर इरशाद फरमाया कि रमजान का खास ख्याल रखो क्योंकि यह अल्लाह ताला का महीना है जो बड़ी बरकत वाला और बलंद शान वाला है इसने तुम्हारे लिए ग्यारह माह छोड़ दिये हैं जिन में तुम खाते हो और पीते हो और हर किस्म की लज्जत हासिल करते हो मगर उसने अपने लिऐ एक महीना खास कर लिया है। रमजानउल मुबारक को यानि तमाम महीनों का सरदार भी कहा गया है यह महीना बे शुमार बरकातों का महीना है चौदह सौ बरस से लाखों करोड़ो सलहा वा अबरार इन बरकात का मुशाहिदा करते आए हैं और आज भी उन बरकात से बेहद अंदोज होने वाले बुजुर्ग बहुत से मौजूद हैं इन दिनों में मे खास रोजा दारों को खास रुहानी कैफ से नवाजा जाता है उनकी दुवायें सुनी जाती हैं उन पर अनवार के दरवाजे खोल दिए जाते हैं उनके मार्फत से बहरा वर किया जाता है कश्फ रोया और इलहाम की नियमत से सरफराज होते हैं और सबसे बढ़ कर यह की उन्हें खुदा की रजा नसीब होती है, आखिर में मदरसा के मोहतमिम हजरत मौलाना जुनैद व मदरसा के प्रिंसिपल हजरत मौलाना आसिफ ने मुसलमानों से रोजा रखने की अपील की इसलिए कि अल्लाह तबारक व ताला को रोजेदार की मुंह की बू मुश्क से ज्यादा पसंद है अल्लाह ताला हम सबको रोजा रखने की तौफीक अता फरमाए।

# मौसम का मिजाज बदला बुखार से युवती की मौत

**बांदा।** बुखार से पीडित एक युवती की हालत बिगड़ गई। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बुखार डायरिया से पीड़ित करीब 13 लोगो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने युवती के शव का पोस्टमार्टम कराया है।कभी तेज धूप तो कभी बदली हो जाने से मौसम में परिवर्तन हो रहा है। लोगो ने गर्म कपड़े पहनना बंद कर दिया। जिससे लोग सदी जुकाम, बुखार, पेट दर्द, डायरिया के मरीज बढने लगे है। बिसंडा थाना क्षेत्र के अकोना गांव निवासी 25 वर्षीय मोनी देवी पत्नी लालमन, चार दिन से बुखार से पीड़ित थी। पति ने उसक बबेरू के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवाया लेकिन हालत में सुधार नही हुआ। शनिवार को हालत खराब होने पर घरवालो ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरो ने शव को मेडिकल कालेज की मर्चरी हाउस में रखवा दिया। मृतका के पिता छेदीलाल का कहना था कि वह बीमार थी। मृतका अपने पीछे दो बेटी छोड़ गई है। उधर बुखार से पीडित शहर के मवई गांव निवासी 45 वर्षीय शकुंतला, खम्हरिया गांव निवासी 8 वर्षीय हिमांशी, करबई निवासी 17 वर्षीय आशू, शहर के छाबी तालाब निवासी 50 वर्षीय ऊषा, जारी गांव निवासी 70 वर्षीय शांती, हमीरपुर के गुढा निवासी 26 वर्षीय ललिता, अतर्रा कस्बा निवासी 24 वर्षीय पूजा, मटेहना निवासी 23 वर्षीय शहरून निशा, शहर के क्योटरा निवासी 16 रीना, छाबी तालाब 19 वर्षीय संदीप, मवई गांव निवासी 30 वर्षीय माया, गिरवां निवासी 56 वर्षीय आशा, सतन्याव गांव निवासी 28 वर्षीय सुनीत को भर्ती कराया। डॉक्टर विनीत सचान ने बताया कि मौसमी परिवर्तन हो रहा है। लोग रात को पंखा चला कर सोते है। शरीर पर गर्म इनर अंदर से पहने रहना चाहिए। पूरी तरह से गर्म कपड़े उतारने पर सर्दी जुकाम बुखार से लोग पीड़ित हो रहे है।

संक्षिप्त खबरें

## सराहनीय कार्य पर स्वच्छता कर्मियों को मिला सम्मान



**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय काम के लिए यहाँ स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर स्वच्छता कर्मियों के चेहरे खिल उठे। शिव गंगा जीव जंतु कल्याण सेवाश्रम के बैनर तले हुए कार्यक्रम में स्वामी जितेंद्र तिवारी ने स्वच्छता कर्मियों को अंगवस्त्रम व सम्मान पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता जीवन को खुशहाल बनाए रखने के लिए जरूरी है। इस मिशन को मजबूत बनाने के लिए स्वच्छता कर्मियों का अहम योगदान अनवरत जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन अनिल सिंह ने किया। इस मौके पर ज्ञान प्रकाश शुक्ला, नवीन तिवारी, कालिका महराज, मोहम्मद शमीम, संदीप शुक्ला, रामलाल प्रजापति, विशाल महराज, नवनीत, रिंकू धुरिया आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ गिरफ्तार आरोपी पर केस, भेजा गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाने के दरोगा सौरभ यादव फोर्स के साथ रविवार की सुबह गश्त और वांछित अभियुक्तों की तलाश में निकले थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पूरे पूरे वैरीसाल गांव के समीप इसी गांव के लालजीत सिंह को संदिग्ध हालत में पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ करने पर लेने पर उसके पास पुलिस ने 30 गत्ता देसी शराब बरामद किया। दरोगा सौरभ यादव की तहरीर पर आरोपी लालजीत के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के आरोप में केस दर्ज करते हुए उसको जेल भेज दिया।

## महिला की पिटाई के आरोप में मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के परानीपुर गांव निवासिनी फूलाऊ देवी पत्नी जगन्नाथ यादव ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि बीती 26 फरवरी को शाम लगभग आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के रोशन, मोहन, सोहन यादव पुत्रगण श्यामलाल यादव भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा से मारने पीटने लगे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हल्ला गुहार मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**लालगंज,प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के जलेशरगंज में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर रविवार को भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में शामिल हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान वासुदेव का प्रसाद ग्रहण किया। संयोजक शंकर लाल अग्रहरि ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर ज्ञान प्रकाश शुक्ल, अनिल तिवारी महेश, विशाल अग्रहरि, संजय शुक्ल, आचार्य विद्याधर पटेल, विनीत मिश्र, सुरेंद्र पाल, आदित्य तिवारी आदि मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक के साथ 3 अभियुक्त गिरफतार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** थाना पट्टी पुलिस द्वारा चोरी की मोटर साइकिल के साथ 03 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, प्रतापगढ़ श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्वेक्षण में थाना पट्टी के प्रभारी निरीक्षक श्री आलोक कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 राजेश कुमार शुक्ला मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान स्थानीय लोगों की मदद, मोटर साइकिल चोरी कर रहे 03 अभियुक्तों, 1. आशीष पटेल पुत्र अमरनाथ निवासी बनीपुर थाना फ्तनपुर जनपद प्रतापगढ 2. गौरव यादव पुत्र इन्द्रजीत यादव निवासी कैलीडीह थाना फ्तनपुर प्रतापगढ 3. विशाल दुबे पुत्र रवीन्द दुबे निवासी हरपुरसौध थाना फ्तनपुर प्रतापगढ को चोरी की मोटर साइकिल के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत हनुमान मन्दिर उडैयाडीह मोड के पास से गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारीध् बरामदगी के आधार पर दिनांक 02.03.2025 को थाना पट्टी में मु0अ0स0 55ध्25 धारा 303(2), 317 (2) बीएनएस बनाम 03 नामजद पंजीकृत किया गया ।

## 2 अभियुक्तों के विरूद्व गुण्डा एक्ट

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** पुलिस द्वारा 02 शातिर अभियुक्तों के विरुद्ध की गई गुण्डा एक्ट की कार्यवाही। जनपद प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा गांव व राह चलते लोगोंध्महिलाओं के साथ दुर्व्यहार, दुष्कर्म,पास्को एक्ट, मारपीट,गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने वाले कुल 02 अभियुक्तों के विरुद्ध की गई गुण्डा एक्ट की कार्यवाही। अभियुक्तों पर मारपीट गाली-गलौज ,जान से मारने की धमकी, दुष्कर्म व पास्को एक्ट से संबंधित आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन प्रयागराज श्री भानू भास्कर व पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज श्री प्रेम गौतम के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अभ्यस्त अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है । अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती करिश्मा गुप्ता के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बाघराय श्री प्रदीप कुमार द्वारा चालानी रिपोर्ट व अनुमोदन के आधार पर दिनांक 01.03.2025 को 02 अभियुक्त 1- राम प्रताप यादव पुत्र बद्री प्रसाद यादव नि0ग्राम धुधुरकीपुर फूलपुर मौरी थाना बाघराय प्रतापगढ़, 2- श्रीनाथ सरोज पुत्र राम सुमेर निवासी ग्राम भीखापुर कानीडीह थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ के विरूद्ध मु0क्र0सं0-2ध्25 धारा 3(1) गुण्डा निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है ।

## पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।**पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना दिलीपपुर के उ0नि0 रमिल कुमार मय हमराह का0 जितेन्द्र कुशवाहा द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0अ0सं0 738ध्09 धारा 279ध्304। भादवि थाना कोतवाली नगर से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त गुलहसन पुत्र नजीर अहमद नि0 ग्राम पीपरी खालसा थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया । अभियान के क्रम में थाना अन्तू के उ0नि0 रविन्द्र कुमार यादव मय हमराह पीआरडी गिरजा शंकर, पीआरडी विजय प्रकाश द्वारा देखभाल 01 वारण्टी अभियुक्त राघवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ आजाद पुत्र राज नरायन सिंह निवासी गौराड़ा थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया । अभियान के क्रम में थाना कन्धई के उ0नि0यू0टी0 विनीत प्रजापति मय हमराह का0 बृजभान चौहान द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, अ0स0 208ध्17, एसटी सं0- 774ध्2017 धारा323ध्504ध्506 भादवि व 3 (1) ग् एससीध्एसटी एक्ट सम्बन्धित न्यायालय सीजेएम प्रतापगढ़ से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त रामचन्दर गुप्ता पुत्र मतोले गुप्ता नि0 ग्राम बरहा थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया । अभियान के क्रम में थाना दिलीपपुर के उ0नि0 रमिल कुमार मय हमराह का0 जितेन्द्र कुशवाहा द्वारा वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान थाना कन्धई से संबंधित अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र श्रीनाथ निवासी सिंगठी खालसा थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया ।

# जाति धर्म से सरकारे बनती है, लेकिन देश कमजोर होता है- प्रमोद तिवारी

- पनाऊ देवी महाविद्यालय में राज्यसभा सांसद ने किया मूर्ति का अनावरण
- राज्यसभा उप नेता का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो

**पटटी,प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता सांसद प्रमोद तिवारी के एक दिवसीय पट्टी, आगमन पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कोहड़ौर मदफ्फरपुर मार्ग पर भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत मदफ्फरपुर,पट्टी चांदा रोड,आमापुर मोड़,देवसरा ब्लॉक के सामने जगह जगह कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज सांसद प्रमोद तिवारी जी ने श्रीमती पनाऊ देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,केवटली, दियावा,पट्टी पहुंचकर हनुमान मंदिक में दर्शन पूजन के उपरांत पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पट्टी व प्रबन्धक राम लवट यादव की माता श्रीमती पनाऊ देवी की मूर्ति का भव्य अनावरण किया । इसके उपरांत कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी व संचालन कॉलेज के प्रवक्ता महेंद्र प्रताप यादव ने किया। कार्यक्रम के शुरुवात में प्रबंधक राम लवट यादव व कॉलेज संरक्षक डॉ.रामशिरोमणि यादव ने संयुक्त रूप से प्रमोद तिवारी जी को बड़ी माला, अभिनन्दन पत्र,अंगवस्त्रम व चांदी का मुकुट पहनाकर भव्य स्वागत किया ।

कॉलेज की बच्चियों ने स्वागत गीत गाकर शमा बांध दिया। बच्चियों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रमोद तिवारी ने कहा कि जीवन में सब का स्थान है, लेकिन सबसे पवित्रम और आत्मिक रिश्ता मां से होता है। बच्चों को इस रिश्ते को जरूर निभाना चाहिए क्योंकि जहां पिता आपको शिक्षा दिलाता है वहीं मां आपका पालन पोषण करती है। यह बातें राज्यसभा सांसद नेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने पनाऊ देवी महाविद्यालय परिसर में विद्यालय के संस्थापक पनाऊ देवी के मूर्ति अनावरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने आगे कहा कि आज का युवा कितना इतिहास जानता है यह मैं नहीं जानता लेकिन सर्वाधिक शासन देश पर कांग्रेस ने किया। पट्टी में आजादी की लड़ाई में जो बलिदान और त्याग का दीपक जला वह सदा कायम रहा। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने पट्टी से ही अपने राजनीति की शुरुआत की थी। हम मजबूत तभी होंगे जब भारत तिरंगे के नीचे चलेगा। धर्म और जाति से सरकारें बनती है लेकिन देश कमजोर होता है। भाजपा के राज में देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है। आज रुपया डॉलर के मुकाबले 87 पर पहुंचा है। हवाई अड्डे, सड़क, कारखाने जनता के पैसे से बने है।

भाजपा उद्योगपतियों के हाथों देश की विरासत बेच रही है। अंत में उन्होंने कहा कि अकेला चलना आसान होता है लेकिन विरासत को संभाल कर चलना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि वह अंतिम सांस तक तिरंगे के साथ ही रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक राम लवट यादव प्रबंधन में अतिथियों का स्वागत एवं विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। साहित्यकार जमुना प्रसाद पांडे द्वारा दो पुस्तकें भेंट की गई। अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय राजनीति के दिग्गज राजनेता प्रमोद तिवारी सिर्फ नाम नहीं ब्रांड है, उनका नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में अंकित है।

त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया व कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी,श्याम शंकर मिश्र एलाही, रामचंद्र मिश्र, पूर्व प्रत्याशी पट्टी सुनीता पटेल, प्रेम शंकर द्विवेदी,महेंद्र शुक्ला डॉ.अजय सिंह, इंदिरानंद तिवारी, देवी शंकर पाण्डेय,पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा,अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा, आसपुर देवसरा ब्लाक अध्यक्ष विवेक पांडे, बेलखरनाथ ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश पांडे, शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, नगर पंचायत रामगंज अध्यक्ष बृजेश यादव, रामरतन तिवारी, अब्दुल रहमान, अभय तिवारी, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश शुक्ला,वीरेंद्र यादव, डॉ.मुरली धर, श्याम शंकर तिवारी, हरिप्रसाद उपाध्याय, वीरेन्द्र यादव सहित तमाम स्थानीय लोग मौजूद रहे ।

## देश में महंगाई सबसे बड़ी चुनौती- प्रमोद तिवारी

**पट्टी प्रतापगढ़।** देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती महंगाई और बेरोजगारी है। भाजपा सरकार देश के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य न देकर धोखा कर रही है। यह बातें राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने आसपुर देवसरा इलाके में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार में लघु उद्योग एवं छोटे उद्योग बंद हुए हैं। लद्दाख के बड़े भूभाग पर चीन ने कब्जा कर लिया है, लेकिन देश के प्रधानमंत्री मोदी जी को इस मुद्दे पर बोलने की हिम्मत नहीं है। महाकुंभ जैसे धार्मिक पर्व का भाजपा ने राजनीतिकरण कर दिया। वीआईपी कल्चर के चलते श्रद्धालुओं को स्नान करने में कठिनाई उत्पन्न हुई। राहुल गांधी के संगम स्नान न करने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने भी स्नान नहीं किया। भाजपा ने नई परंपरा डाली। उन्होंने लोगों को आमंत्रण दिया है क्या। उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को निमंत्रण पत्र दिया। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी, लाल जी मिश्रा, महेंद्र शुक्ला समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री ने बाबा बेलखरनाथ धाम में किया दर्शन पूजन



लोकमित्र ब्यूरो

**रखहा प्रतापगढ़।** प्रदेश के पूर्वमंत्री एवं मध्य प्रदेश भाजपा के प्रभारी डॉक्टर महेंद्र सिंह रविवार को बाबा बेलखरनाथ धाम पहुंचे। वहां उन्होंने दर्शन पूजन करते हुए सबके मंगलमय की कामना की।रविवार को डॉक्टर महेंद्र सिंह अपने पैतृक आवास करमाही पहुंचे, जहां उन्होंने शुभेच्छुओं से भेंट करते हुये घर में पाली गई गायों का पूजन किया । इसके बाद वे बाबा बेलखरनाथ धाम गये, जहां विधि विधान से भगवान शंकर जी का दर्शन पूजन करते हुये सबके मंगलमय की कामना की । मुख्य पुजारी विश्वनाथ गिरि ने पूर्वमंत्री का स्वागत करते हुए सई नदी घाट पर नवनिर्मित सीढ़ी का अवलोकन कराया।इस दौरान पूर्वमंत्री के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, हरिओम पांडेय, शैलेश सिंह, संदीप सिंह आदि मौजूद रहे ।पूर्वमंत्री डॉक्टर महेंद्र सिंह ने विविया करनपुर गांव स्थित पूर्वमंत्री शिवाकांत ओझा के प्रतिनिधि अनिल तिवारी के पिता रोहित तिवारी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया । इस दौरान स्व. रोहित तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान भाजपा को जो ऊंचाईयां प्रदान की उसके लिये उन्हें सदैव याद किया जाता रहेगा।

## सीताराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में धूमधाम संग मना वार्षिकोत्सव




लोकमित्र ब्यूरो

**दुर्गागंज प्रतापगढ़।** रानीगंज के मुआर आधारगंज में स्थित सीताराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में रविवार को धूमधाम से वार्षिक उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ आशुतोष कुमार सिंह( असिस्टेंट प्रोफेसर विश्विद्यालय इलाहाबाद )एवं विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। नृत्य, भाषण, नाटक आदि में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अनिल कुमार शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह अंग्रेजी माध्यम से स्कूल संचालित करना सराहनीय कार्य है। अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा मिलने से पढ़ाई में बच्चों का आधार मजबूत होगा। बच्चे अभी से फर्राटेदार अंग्रेजी बोलना और लिखना सीख रहे हैं। निश्चित ही बच्चों का भविष्य अच्छा होगा। विद्यालय के अध्यक्ष श्रीराम पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने के साथ- साथ भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता आधारित ज्ञान देना सीताराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल का कर्तव्य है।हम सब मिलकर बच्चों का सर्वांगीण विकास करेंगे। इस अवसर पर शिक्षक डॉ सी0पी पटेल, दीनदयाल पटेल, अनुज कुमार यादव,छात्र मोहम्मद आयन,मो0इस्तियाक,मोहम्मद आसिर,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कथा सुनने से होती है इच्छाओं की पूर्ति - अतुल जी महाराज



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** नगर पंचायत हीरागंज बाजार में सेठ माताफेर केसरवानी के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य अतुल जी महाराज ने राजा परीक्षित की कथा सुनाई।श्रीमद्भागवत कथा को पूर्णता प्रदान करते हुए कथा में विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्री कृष्ण का स्वधाम गमन एवं अंत में राजा परीक्षित के मोक्ष प्राप्ति का वर्णन किया।

कथा व्यास अतुल जी महाराज ने कहा कि भगवान जब अपनी लीला समाप्त करके अपने गोलोक धाम गए, तभी से कलियुग का वास पृथ्वी पर हो गया। तक्षकनाग ने गंगा किनारे बैठे राजा परीक्षित को आकर डसा तो उनका शरीर जलकर भस्म हो गया। उन्होंने सात दिन श्रीमद् भागवत कथा सुनकर मोक्ष को प्राप्त किया। स्वामी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान है। इसके श्रवण करने से व्यक्ति का सोया हुआ भाग्य जाग जाता है। उसकी सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है। जन्म जन्मांतर के पाप, समस्त दुखों व कष्टों का विनाश हो जाता है।उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है। जब कथा को अपने दिनचर्या में शामिल करेंगे। कथा वाचक ने कहा कि व्यक्ति को अपना जीवन आनंदमय, मंगलमय बनाकर आत्मकल्याण करना चाहिए। कथा व्यास आचार्य अतुल जी महाराज ने कहा कि जिस दिन मनुष्य दैहिक मोह तथा अपने विकार से स्वयं को मुक्त कर लेता है, उसी दिन उसे परमात्मा की प्राप्ति की अनुभूति हो जाया करती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जीवन जीने का सबसे बड़ा संदेश मर्यादा का दिया।इस दौरान बाबागंज विधायक विनोद सरोज, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज विनोद यादव, स्वराज त्रिपाठी, यजमान माताफेर केसरवानी, प्रेमलता केसरवानी, श्यामबाबू केसरवानी, अखिलेश केसरवानी, सचिन केसरवानी, शंकरलाल केसरवानी, डॉ. अमित, जतिन, यश समेत सैकड़ों कथा श्रोतागण उपस्थित रहे।

## प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग



**प्रतापगढ़।** बाबा बेलखरनाथ ब्लाक क्षेत्र के फेनहा ग्रामसभा में एक प्राचीन मंदिर है। इसमें हनुमान जी,सीताराम,दुर्गा जी एवं भोलेनाथ की मूर्ति स्थापित है। यहां पूजा पाठ के लिए भक्त पहुंचते हैं, लेकिन मंदिर वर्षों पुराना होने के कारण अब जर्जर हो गया है। इसकी दीवारें खराब हो गई हैं। साथ ही बरसात में छत से पानी टपकता है। मंदिर के पुजारी शिव कुमार पांडेय ने बताया कि इस मंदिर का जीर्णोद्धार होना अत्यंत आवश्यक है। मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यह मंदिर वर्षों पुराना है। इसकी मरम्मत कराई जानी चाहिए। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। सिलवंत सिंह,राजेश सिंह,आत्मा सिंह, मिंटू सिंह, जयप्रकाश, विनय,शिव शंकर, संजय,श्रीनाथ, प्रिंशु श्रीवास्तव, रोहित पांडे, देवेश पांडे,राहुल,सनी, सोनू, मोहित,अखिलेश मौर्या व सोनू सिंह आदि ने जिम्मेदारों से मंदिर की मरम्मत की मांग की है।

## पूर्वमंत्री के प्रतिनिधि के पिता को दी श्रद्धांजलि



लोक मित्र ब्यूरो

**रखहा प्रतापगढ़।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के बिबिया करनपुर महदेपुर निवासी पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि अनिल तिवारी के पिता उदय प्रताप तिवारी का निधन पिछले सप्ताह हो गया था । रविवार को महदेपुर स्थित पैतृक आवास पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने संवेदना व्यक्त करते हुए उदय प्रताप तिवारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी । इस मौके पर सभी ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की । इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रोफेसर शिवाकांत ओझा, युवा जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंसाफ बहादुर सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख श्यामू ओझा, डाक्टर अनिल त्रिपाठी, बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, भाजपा नेता शशिभाल शुक्ल, प्रधान परवेज अहमद, प्रधान काजू शर्मा, संतोष ओझा, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रंजन तिवारी, पट्टी तहसील अध्यक्ष बालेंदु भूषण पांडे सहित तमाम लोग गांव पहुंचे और संवेदना व्यक्त की।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में स्वाती को 34वीं रैंक हासिल, खुशी



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में लालगंज तहसील क्षेत्र के कोटवा शुकुलपुर स्थित द्वारिका नाथ मिश्र इण्टर कालेज की स्वाती कोरी ने 34वीं रैंक हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। बता दें कि कोटवा शुकुलपुर निवासी उत्तम कुमार कोरी की पुत्री स्वाती गांव के ही द्वारिका नाथ मिश्र इण्टर कालेज में कक्षा-8 की छात्रा है। स्वाती विगत वर्ष आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में शामिल हुई थी। शुक्रवार को परिणाम आया तो स्वाती ने 84 अंक प्राप्त करके जनपद में 34वीं रैंक हासिल की थी।इस उपलब्धि पर प्रबन्धक रमेश चन्द्र मिश्र ने छात्रा को बधाई दी। कहा कि विद्यालय के शिक्षकों की बदौलत ही छात्रा ने यह कीर्तिमान स्थापित किया है। छात्रा ने इसका श्रेय शिक्षक विजय कुमार त्रिपाठी समेत अन्य शिक्षकों को दिया है। छात्रा की इस सफलता पर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार मिश्र, सतीश चन्द्र तिवारी, आशीष आदि ने खुशी जतायी है।

संक्षिप्त खबरें

## बहू ने ससुर पर लगाया अभद्रता व मारपीट के प्रयास का आरोप

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने ससुर पर अभद्रता, गाली गलौच व मारपीट के प्रयास का आरोप लगाते हुए मामले की लिखित शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली के त्रिलोकपुर की रहने वाली अशमा देवी पत्नी शिवम भट्ट से रविवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अपने सास ससुर से अलग रहती है उसके पति काम धंधा के सिलसिले में बाहर रहते है। अशमा का आरोप है कि उसका ससुर उसके साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौच करता है जिसका विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो जाता है , पीड़िता ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

## पट्टीदारों पर मकान का निर्माण रोकने का आरोप

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील के एक गांव की एक महिला ने पट्टीदारों पर मकान निर्माण रोकने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत एसडीएम सिराथू से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।सिराथू तहसील के सयारा मीठेपुर की रहने वाली नगमा बेगम पुत्री अशरफने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका रिहायशी मकान था जिसमे उसके चचेरे भाइयों से बंटवारा हो चुका था जिसमे उसके हिस्से का मकान पड़ा था जिसमे वह निर्माण कराने जा रही थी , जिसमे उसके पट्टीदार निर्माण नहीं होने दे रहे है , पीड़िता ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

## सराय अकिल में नगर पंचायत अध्यक्ष ने करवाया फॉगिंग



**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में मच्छरों का आतंक होता देख नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह ने पूरे नगर में फॉगिंग कराया लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह को धन्यवाद दिया। बता दे नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे में मच्छरों का आतंक देख नगर अध्यक्ष अनूप सिंह ने कस्बे में साफसफाई नालों की साफसफाई नालों में ब्लीचिंग व फॉगिंग के निर्देश दिए, कस्बे में रात के अंधेरे में महिलाओं बहनों को आने-जाने में सुरक्षा के लिए गली मोहल्ले में हर खंभे में सोलर लाइट व बल्ब ,शनिवार को अध्यक्ष अनूप सिंह के निर्देश पर गोलू ने सफाई कर्मचारी के साथ शाम 7रू00 बजे से लगातार पूरे कस्बे में फॉगिंग कराई ,मच्छरों का आतंक देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह व अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह ने कस्बा में फागिंग के दिए गए निर्देश लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह व अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह को धन्यवाद दिया।

## दबंग ने होटल में खाने का रुपया मांगने पर संचालक को दी धमकी, शिकायत

**चायल, (कौशाम्बी)।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के कादिलपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप होटल में महीनों खाने के बाद रुपया मांगने पर दबंग गाली गलौच कर मारने की धमकी दे रहा है। रविवार को होटल मालिक ने थाने जाकर आरोपी दबंग के खिलाफतहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कादिलपुर गांव निवासी रामलाल पटेल ने पेट्रोल पंप के समीप खाने का होटल खोल रखा है। रामलाल के अनुसार पिपरी थाने के मीरपुर गांव निवासी एक दबंग होटल में पहुंचा और मालिक से बोला कि एक युवक रोज खाना लेने के लिए आएगा उसे पैक करके दे देना। मैं आऊंगा तो हिसाब करके पूरा पैसा दे दूंगा। एक महीने तक यही क्रम चलता रहा। एक महीने के बाद होटल मालिक ने खाना पैक करने से इंकार कर दिया। आरोप है कि शनिवार शाम को दबंग होटल पहुंचा और गाली गलौच करने लगा। बकाया साढ़े तीन हजार रुपया मांगने पर वह आगबबूला हो गया। उसने मारने की धमकी दी। लोगों के बीच बचाव करने पर वह मौके से चला गया। पीड़ित होटल मालिक ने रविवार को एयरपोर्ट थाने जाकर आरोपी दबंग के खिलाफतहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## जल्द सुलझाएं होलिका के विवाद के मसले- शिव चरन राम



**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी क्षेत्र में होलिका रखने को लेकर चल रहे विवादों का अभी हाल नहीं हो सका है। जिसे लेकर पुलिस मसले को सुलझाने में लगी है। रविवार को इंस्पेक्टर शिव चरन राम ने चौकी प्रभारियों और हल्का उप निरीक्षकों को विवादित मसलों जल्द सुलझाने के निर्देश दिए।

पिपरी थाना क्षेत्र में 35 स्थानों पर होलिका दहन किया जाना है। जिसमें अभी से पूजा अर्चना और होलिका में उपलों, लकड़ी रखने का सिलसिला शुरू है। बालक, किशोर, युवा होलिका में उपलों लकड़ी आदि एकत्रित कर रहे हैं। लेकिन रेही, लोधौर, बलहेपुर आदि कई गांवों में होलिका रखने के स्थानों पर मकान आदि बना लिए गए हैं। जिससे स्थान में हुए बदलाव को लेकर लोगों में विवाद तो कहीं मनमुटाव था। इंस्पेक्टर ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम के सहयोग से ऐसे विवादों को सुलझा लिया गया है। लोग अब आसानी से होलिका रखने के साथ ही उसी स्थान पर सुरक्षित दहन कर सकते हैं। लिहाजा रही गांव में होलिका रखने का स्थान विवादित है उसे जल्द सुलझाने के लिए क्षेत्रीय उप निरीक्षक को निर्देश दिया गया है। जल्द ही मामले में सुलझा लिया जाएगा। उसके अलावा क्षेत्रीय ग्राम प्रधान और समाजसेवियों से बात चीत करके होली, रमजान एवं होलिका दहन में होने वाले विवाद और उसके कारण को पूछ ताछ करके पुलिस ने अपनी सक्रियता बढ़ा दिया है। पुलिस ने लोगों को चेतावनी भी दी है कि यदि त्योहारों में खलल डालने की कोशिश किसी ने किया तो उसके खिलाफ पुलिस शख्त कार्रवाई करेगी। इस बीच गोरे लाल, शिवा यादव, विकास यादव, चौकी प्रभारी लोधौर उप निरीक्षक अवधराज यादव, मखदूमपुर चौकी प्रभारी अभिषेक गुप्ता, चायल चौकी प्रभारी अजीत सिंह आदि रहे।

# चोरों ने पार किया घर के बाहर खड़े दो ई रिक्शा लोडर गाड़ी की बैटरी



लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव में घर के बाहर खड़े ई रिक्शा लोडर गाड़ी की बैटरी चोर खोल ले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव का प्रवेश सोनकर पुत्र रोशन लाल सोनकर ने दो ई रिक्शा लोडर गाड़ी खरीद रखी है जिससे वह परिवार का भरण पोषण करता है। शनिवार की रात को वह काम से वापस आकर ई रिक्शा गाड़ी घर के बाहर खड़ी कर सो गया। सुबह जब वह उठा तो देखा उसके दोनों ई रिक्शा गायब थे। खोजबीन करने पर घर से आधा किलोमीटर दूर रावण मैदान के पास दोनों ई रिक्शा खड़े मिले लेकिन उसमें लगी दोनों की बैटरी चोर खोल ले गए। घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में जब देखा गया तो रात एक बजकर पैंतालीस मिनट पर एक बोलोरो कार आकर रुकती है और उसमें चार लोग उतरकर खड़े ई रिक्शा को लेकर चले जाते है। बोलोरो कार सवार चोरों की पूरी हरकत सीसीटीवी में कैद हो जाती है। पीड़ित ने घटना की लिखित शिकायत कोखराज पुलिस को दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच कर सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## घर के बाहर खड़ा ई रिक्शा चोरों ने किया पार

सिराथू, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के चकसैनी गांव में बीती रात घर के बाहर खड़ा ई रिक्शा चोरों ने पार कर दिया , सुबह जब वाहन स्वामी ने देखा तो पुलिस को सूचना दी।

सैनी कोतवाली के चकसैनी गांव निवासी राजू पुत्र अशोक सोनकर ने रविवार को पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने दो माह पहले बैटरी ई रिक्शा खरीदा था , राजू के मुताबिक शनिवार की रात ई रिक्शा उसने घर के बाहर खड़ी कर सो गया । बीती रात आए चोरों ने ई रिक्शा को पार कर दिया। रविवार की सुबह उठा तो देखा अपनी जगह खड़ा ई रिक्शा गायब था , काफी खोजबीन के बाद भी ई रिक्शा का पता नहीं चला । पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जांच में जुट गई है।

# होली व रमजान को लेकर कड़ा धाम थाना में हुई पीस कमेटी की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** रमजान व होली के त्यौहार को सौहार्दपूर्ण से मनाने के लिए रविवार को कड़ा धाम थाना में नायब तहसीलदार विनय कुमार सिंह व थानाध्यक्ष कड़ा धाम धीरेंद्र सिंह ने क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ एक आवश्यक बैठक कर आपसी विचार विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र से आए हुए लोगों से त्यौहार मनाने के लिए आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि त्यौहार आपसी भाईचारा के माध्यम से सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाता हैं। सभी लोग रमजान और होली के त्यौहार को उल्लासपूर्वक मनाए और एक दूसरे का सहयोग प्रदान कर भाईचारा की मिसाल कायम करें। इस अवसर पर थानाध्यक्ष कड़ा धाम धीरेंद्र सिंह , उपनिरीक्षक कमलेश कुमार , विनोद कुमार , सहित एहसान , हाजी अच्छन , सईद घोसी सहित थाना स्टॉफ व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांगता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डायट प्रवक्ता हुए सम्मानित

● उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विपिन चंद्र दीक्षित ने किया सम्मानित



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** दिव्यांगजन के समावेशन की दृष्टि से 18वां स्वाभिमान सम्मान, पुनर्वास एवं सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन रविवार को राजर्षि टंडन सेवा केंद्र बैंक रोड प्रयागराज में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के डायट प्रवक्ता कौशलेंद्र मिश्र को दिव्यांगता के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए विशिष्ट व उत्कृष्ट कार्य के लिए मोमेंटो व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दिव्यागों के देखभाल व उनकी जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समाज के लोगों को आगे आना चाहिए।

डायट प्रवक्ता के द्वारा दिव्यागों के लिए जो कार्य किए जा रहे है वह प्रशंसनीय है। कार्यक्रम के संयोजक नारायण जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में ऐसे लोगों की आवश्यकता है जो इस विशिष्ट कार्य को बढ़ाव देने के लिए आयोजन कराते हुए अन्य लोगों को जोड़ने के कार्य कर रहे है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रयागराज महापौर गणेश केसरवानी ने दिव्यांगों के लिए किए जा रहे इस कार्य को अच्छा एवं पुनीत कार्य बताया और इससे जुड़े लोगों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम वृहद और निरंतर चलाना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चोपड़ा, सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

# मानसिक संतुलन पीड़ा बनी जानलेवा, गौशाला में फंदे से झूलता मिला शव



लोकमित्र ब्यूरो

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल कस्बे के कटरा वार्ड नंबर 11 संजीव मोदनवाल पुत्र स्व,शीतल प्रसाद मोदनवाल रविवार सुबह गौशाला में फांसी के फंदे से झूलता शव मिला। परिवार जनों में मचा कोहराम, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बता दे सराय अकिल कस्बा के वार्ड नंबर 11 संजीव मोदनवाल की मानसिक स्थिति पिछले दो वर्षों से ठीक नहीं थी,शनिवार सुबह बिना कुछ बताए घर से निकल गए ,शनिवार सुबह घर से निकले संजीव जब देर रात तक नहीं लौटे, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई।

खोजबीन तेज हुई, लेकिन उनका कोई अता-पता नहीं चला। रविवार सुबह जब परिजन गौशाला पहुंचे, तो वहां का दृश्य स्तब्ध कर देने वाला था संजीव नायलॉन की रस्सी के सहारे फंदे से झूल रहे थे। यह देख परिवारवालों के पैरों तले जमीन खिसक गई, चीख-पुकार मच गई और पूरा कस्बा गमगीन हो उठा। घटना की सूचना मिलते ही सराय अकिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की बारीकी से जांच की गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है।

# दारानगर में कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय रामकथा व सवा करोड़ सीताराम जाप का हुआ शुभारंभ



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम क्षेत्र के दारानगर कस्बे में रविवार को कलश यात्रा के साथ दिव्य राम कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा कस्बे के ठाकुर द्वारा बड़ी दरबार से विधिवत पूजा अर्चना करने के पश्चात प्रारंभ होकर कस्बा के विभिन्न बाजार से होते हुए वापस कथा स्थल छोटी दरबार पर जाकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में भक्तगण पीले वस्त्र धारण किए हुए सर पर 108 कलश रख नगर में भ्रमण किया, जिसमें कस्बा का वातावरण भक्तिमय हो गया।कस्बा के व्यापारियों ने कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल रहे ।

संगीतमय श्री राम कथा एवं सवा करोड़ जाप कार्यक्रम में धार्मिक श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला, कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय श्री राम और सीताराम के जयकारे लगाते हुए बढ़े, और डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हुए। यह आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहल था, जो स्थानीय समुदाय के बीच एकता और श्रद्धा की भावना को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। श्री राम कथा का प्रारंभ कल दोपहर 3रू00 से वृंदावन धाम से पधारे हुए स्वामी पुंडरीकाक्षाचार्य वेदांती जी महाराज के अमृतमय मुखारविंद से होगी एवं सवा करोड़ सीताराम जाप का कार्यक्रम चित्रकूट धाम से पधारे हुए सुदर्शन दास जी महाराज फलाहारी बाबा के द्वारा संपन्न होगी। जिसमें सवा करोड़ जप को पूर्ण करने के लिए नव दिनों तक सवा लाख जप एवं आहुति का भी कार्यक्रम सुनिश्चित है ।कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा देवी कुशवाहा , नगर पंचायत अध्यक्ष रागिनी केसरवानी , अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण केशरवानी , मॉडल जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, प्रभाकर शुक्ला , श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जय मणि तिवारी, सोनू मोदनवाल, रजनी त्रिपाठी, मनीष पाठक, शशि कमल मिश्रा, प्रशांत त्रिपाठी ,पूर्व प्रधान मूल प्रकाश त्रिपाठी ,पंकज केसरवानी, हिमांशु केसरवानी, डीजीसी आद्या प्रसाद पांडेय सहित बड़ी संख्या में कस्बे के लोग मौजूद रहे।

# मो कैफबने सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के राज्य कार्यकारिणी सदस्य



**कौशाम्बी, (कौशाम्बी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति व प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति से मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने विधानसभा सिराथू के सौरई बुजुर्ग के रहने वाले कैफ सिद्दकी को मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड का राज्य कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया है। मो कैफको राज्य कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किए जाने की खबर से मो कैफके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई और मो कैफको बधाई देने वालो का तांता लग गया । इस दौरान मो कैफने सपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद देते हुए सपा संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# सचल दल प्रभारी ने पकड़ा बिना कागजात के प्याज लदा ट्रक

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** सचल दल प्रभारी ने जब से कौशांबी का चार्ज संभाला है जनपद में कई गाड़ियों को पकड़कर कई लाख का जुर्माना कर चुके हैं परंतु इसका खुलासा आज तक नहीं हो पाया कि कौन पासर है जो लाखो रुपए महीने की टैक्स चोरी करवाता है व गाड़ी पास करवाता है, बीती रात मंझनपुर के ओसा चौराहे के सचल दल प्रभारी चेकिंग कर रहे थे कि नासिक से आ रही प्याज से लदे ट्रक को रोका और मंडी से संबंधित कागजात मांगे तो उन्होंने मंडी से संबंधित कोई कागज नहीं दिखा सके। जिसके बाद सचल दल प्रभारी टीम के साथ ट्रक ओसा मंडी ले आए।

सूत्रों की माने तो गाड़ी टैक्स की चोरी कर सरकार को नुकसान पहुंचाते है जिससे मंडी



समिति विभाग को लाखों रुपया महीने नुकसान हो रहा है पासर गाड़ी पास कराकर लाखो कमाते हैं जिससे मंडी का लक्ष्य पूरा न होकर प्रतिमाह घटता ही चला जा रहा है

आखिर किसके इशारे पर हो रहा है टैक्स की चोरी लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। ट्रक को छोड़ने की लिए सचिव पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा था बावजूद इसके ट्रक को नहीं छोड़ा गया।

# विधायक ने प्रदर्शनी प्रतियोगिता मे बच्चों का बढ़ाया हौसला

● कौशांबी के एआरके कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन, विधायक अविनाश चंद द्विवेदी रहे मुख्य अतिथि



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** सराय अकिल के रकसराई गांव स्थित एआरके कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने नवाचार और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद द्विवेदी शामिल हुए।विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, रोबोटिक्स और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए गए, जिन्हें अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा।

मुख्य अतिथि विधायक अविनाश चंद द्विवेदी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, ष्इस तरह के आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित होती है, जो भविष्य में उन्हें बड़े आविष्कार करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला, और प्रदर्शनी ने सभी को विज्ञान और नवाचार की नई दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया।

## सम्पादकीय

# विपक्षी दलों की छींटाकशी और दुष्प्रचार

स्कूलों में निशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था करवाई जा रही है। इसके लिए डबल इंजन सरकार पैसा उपलब्ध करवा रही है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के बजट सत्र के छठे दिन विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर यह कहा।विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है, हर बच्चा योग्यता के अनुसार आगे बढ़े और राष्ट्र के विकास में योगदान करे। हर बच्चे को हम उत्तम शिक्षा देने को कृतसंकल्प हैं जिससे वे मजहबी शिक्षा तक न सीमित रहें, बल्कि हम उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और साहित्यकार बनाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। योगी ने समाजवादी पार्टी के पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक मॉडल पर सवाल दागते हुए इसे महज ढोंग ठहराया।महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों की छींटाकशी और दुष्प्रचार पर उन्होंने कहा कि सपा सदस्यों का आचरण उपहास, विरोध और अंत में स्वीकृति के माध्यम से उजागर हो गया। गंगा जल की शुद्धता को लेकर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए योगी ने इसे अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया। अल्कलाइन पानी में महत्त्वपूर्ण खनिज संभावित लाभों के मद्देनजर मिले होते हैं।हालांकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिबूनल को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा था कि गंगा-यमुना के पानी में तय मानकों से कई गुना ज्यादा फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया है जो स्नान तो क्या आचमन के योग्य भी नहीं है। परंतु इसको गंभीरता से लेने की बजाय कुतकरे द्वारा खारिज करने में राज्य सरकार समेत पूरा महकमा जुट गया है।इसमें कोई संदेह नहीं कि मुख्य विपक्षी दल होने के नाते सपा योगी सरकार को लगातार निशाने पर रखती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव विभिन्न मौकों पर सोशल मीडिया के जरिए योगी पर आरोपों की बौछार करने से चूकते नहीं। नामालूम कारणों से धन्यवाद भाषण में योगी अधिकतर इन्हीं आरोपों पर व्यंग्य बाण छोड़ते नजर आए। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान हुए शोर-शराबे और टिप्पणियों को उन्होंने असंवैधानिक बताया। जो सही भी है।जनता द्वारा चुने गए नुमाइंदों को अपनी बात रखने के लिए भाषाई मर्यादा और व्यवहार में लचीलापन रखना चाहिए। देखने में आया है कि विभिन्न विधानसभाओं ही नहीं संसद में भी विपक्ष का रवैया असंसदीय होता जा रहा है।

# पंजाब सरकार के नशा मुक्त बनाने के खोखले दावे

अशोक भाटिया

पहले कांग्रेस 2017 में और फिर आम आदमी पार्टी 2022 में नशा मुक्ति के नाम पर राज्य में सत्तारूढ़ हुई परन्तु दोनों दलों की सरकारों के दावे धरातल पर धरे के धराए रह गए। आप पार्टी के संयोजक केजरीवाल ने कहा था कि पिछली बार 2017 के चुनाव में कांग्रेस के नेताओं ने गुटके की कसम खाई थी कि उनकी सरकार बनेगी तो एक महीने के अंदर नशा खत्म कर देंगे, नशा खत्म हुआ? बल्कि बढ़ गया। हमारा युवा या तो कनाडा चला गया या जो बच गया, वह नशे में डूब गया। आज युवा क्राइसिस में है। पांच साल के बाद अब जब दोबारा चुनाव आए हैं, तो इन्होंने मजीठिया के खिलाफ पर्चा कर दिया। एक पर्चा दाखिल करने में पांच साल लग गए। बब्बर शेर की तरह सिद्धू साहब और चन्नी साहब चिल्ला रहे हैं कि हमने पर्चा कर दिया। क्या एक पर्चा खत्म करने से गांवों में नशा खत्म हो गया, ड्रग्स खत्म हो गया। इनका मकसद नशा दूर करना नहीं है, बल्कि इनका मकसद चुनावों में बस वोट बटोरना है।केजरीवाल ने कहा था हर जिले, हल्के और गांव में नशा बेचने वाले बैठे हैं उनको कौन पकड़ेगा? पूरे पंजाब में इतना नशे का स्टॉक पड़ा है, क्या इन्होंने 1 ग्राम भी सीज किया? एक फर्जी पर्चा करके नौटंकी कर रहे हैं, बब्बर शेर बने फिर रहे हैं कि हमने पर्चा कर दिया पर्चा कर दिया। आम आदमी पार्टी की सरकार आएगी तो 6 महीने मांग रहा हूं आपसे, 6 महीने के अंदर पंजाब से नशा खत्म कर देंगे। हमारे साथ कुंवर विजय प्रताप जैसे ईमानदार और जांबाज पुलिस ऑफिसर है, जिनको करना आता है, हमको करना आता है , हमारी नीयत साफ है।जब कोई रणनीति अपने लक्ष्यों को हासिल करने में विफल हो जाती है तो एक दूरदर्शी एवं साहसी राजनीतिक नेतृत्व को निश्चित रुप से नई रणनीतिक दृष्टिकोण का अनुसरण करना चाहिए जिससे खतरों को कम से कम किया जाए और सफलता की संभावनाएं बढ़ाई जाएं। पंजाब में नशीली दवाओं के प्रकोप की खतरनाक स्थिति का मुकाबला करने के लिए वर्तमान रणनीतियों की उल्लेखनीय कमियों को देखते हुए, राज्य के नए राजनीतिक नेतृत्व से वैसी नई रणनीतियों की उम्मीद की जा रही थी जो केवल राजनीतिक तमाशेबाजी और हड़बड़ी में सुधार के उपायों पर निर्भर न हो। बहरहाल, ऐसा भले ही प्रतीत हो रहा हो कि कैप्टन अमरिन्दर सिंह की पंजाब की नई सरकार सारे सही फैसले कर रही हो, पर राज्य में ड्रग्स की समस्या का समाधान ढूंढने की राह में कई बड़ी बाधाएं खड़ी रही ।ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप् से नशे की लत पंजाब की सबसे उल्लेखनीय सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है जो कई प्रकार से पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए। नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बदतर होती गई है और 2017 के प्रारंभ में पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। चुनाव अभियान के दौरान, कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार अमरिन्दर सिंह ने सत्ता में आने के चार सप्ताह के भीतर नशे के प्रकोप को खत्म कर देने का वायदा किया था। यह पूरी तरह एक विचित्र वायदा था; इतनी व्यापक एवं गहरी समस्या का एक महीने के भीतर समाधान एक बेहद मुश्किल काम है। बहरहाल, जैसा कि चुनाव के परिणामों ने प्रदर्शित किया, पंजाब के लोगों ने कैप्टन को इस लड़ाई को लड़ने का दायित्व सौंप किया है।

गौरतलब है कि चुनावी वायदे के बाद आज भी पंजाब के गांवों-कस्बों से लेकर बड़े शहरों में नशे का जाल तेजी से फैलता जा रहा है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है।सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत ये है कि पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। प्रदेश की मौजूदा सरकार ने भी सत्ता संभालते ही दो साल के अंदर ड्रग्स का खात्मा करने का एलान किया था, लेकिन जो हालात आज से दो साल पहले थे, वह जस के तस बने हुए हैं। यह कहने में हर्ज नहीं कि समय के साथ प्रदेश में ड्रग्स का चलन बढ़ा है। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी, अब बड़े शहरों में भी पुलिस की नाक के नीचे इसका चलन बढ़ता जा रहा है। इस साल एक जनवरी से लेकर 30 जून तक पुलिस ने पूरे पंजाब में ड्रग्स के कुल 4,677 केस दर्ज किए। इन मामलों में पुलिस ने कुल 6,364 आरोपियों की गिरफ्तारी की। इस सबके अलावा पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 6 करोड़ 35 लाख 36 हजार 120 रुपये ड्रग मनी भी पकड़ी है।अब लगातार फजीयत होने के बाद पंजाब सरकार ने ने राज्य को नशा मुक्त घोषित करने के लिए तीन महीने की समय सीमा तय की है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इसे ÷ऐतिहासिक क्षण बताया है, क्योंकि राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई है और इस बुराई के खिलाफ अभियान शुरू कर रही है।÷श्री मान ने यह भी कहा कि राज्य सरकार मादक पदार्थों से संबंधित मामलों की शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित करने तथा दोषियों को सजा दिलाने के लिए विशेष अदालतें स्थापित करेगी। श्री मान साहब को यह भी पता होना चाहिए कि तीन माह गुजरने में कितना समय लगता है ?साल 2024 के आंकड़े ही बताते हैं कि राज्य सरकार इस मोर्चे पर कितनी विकराल स्थिति से जूझ रहा था । साल 2024 के अंत के दिनों में पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल ने यह आंकड़े जारी किए।डॉ। सुखचैन सिंह गिल ने बताया कि पुलिस ने साल 2024 में 12255 एफआईआर दर्ज की, जिनमें से 1213 वाणिज्यिक मामलों से संबंधित हैं, और 210 बड़े माफियाओं सहित 8935 नशा तस्करों/सप्लायरों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने पूरे राज्य से 1099 किलोग्राम हेरोइन, 991 किलोग्राम अफीम, 414 क्विंटल भुक्की और 2.94 लाख गोलियां/कैप्सूल/टीके/फार्मा ओपिओइड्स की शीशियां बरामद की हैं, साथ ही गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों से 14.73 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। आईजीपी के अनुसार पुलिस ने इस साल बड़े तस्करों की 335 करोड़ रुपये की 531 संपत्तियां भी जब्त की हैं।पुलिस टीमों ने ड्रोन के माध्यम से फेंकी गई 185 किलो हेरोइन, 24 पिस्तौल, एक एके-47 राइफल, एक आईईडी और 4.18 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। उन्होंने बताया कि इस साल के दौरान 513 ड्रोन देखे गए। पंजाब भी इस नियम का कोई अपवाद नहीं है कि नशीले पदार्थों की तस्करी ही तस्करी वाले क्षेत्रों में नशे की लत फैलाने में मददगार हो जाती है। हेरोईन उत्पादन करने वाले गोल्डेन क्रेसेंट-पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान-के साथ पंजाब की समीपता इसे बेहद संवेदनशील बना देती है। पंजाब लंबे समय से तस्करी किए जाने वाले ऐसे रास्ते पर स्थित है जहां अफगानिस्तान से पड़ोसी पाकिस्तान के बरास्ते हेरोईन लाया जाता है और उसके बाद क्षेत्र के बाजारों तक इसे पहुंचाया जाता है। पंजाब जो एक समय भारत के 'गेहूं की टोकरी' वाले राज्य के रूप में विख्यात था, आज विभिन्न प्रकार के गैरकानूनी पदार्थों के एक अंतिम गंतव्य के रूप में उभर कर सामने आया है।पाकिस्तान में स्थित ड्रग सिंडिकेट एवं तस्कर अफगानिस्तान से हेरोईन खरीदते हैं और फिर पंजाब के अमृतसर, तरन तारन, गुरदासपुर, फिरोजपुर एवं फाजिल्का जिलों तथा पड़ोसी राज्यों के कुछ जिलों के जरिये भारत में इसकी तस्करी करते हैं। खासकर, अमृतसर क्षेत्र अधिकांश तस्करों का पसंदीदा स्थान है। अभी हाल तक, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) या पंजाब पुलिस रोजाना पंजाब के कुछ सीमावर्ती जिलों में भारी मात्रा में अफीम की भूसी और अफीम बरामद किया करते थे।

तस्करों को भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ती चौकसी के कारण अपने तरीकों में बदलाव लाना पड़ा है। इसमें सीमा के पाकिस्तानी तरफ से भारत वाले हिस्से में प्रतीक्षा कर रहे तस्करों के लिए ड्रग के पैकेट फेंकने, बिजली के तारों वाली चारदीवारी के आर-पार प्लास्टिक की खोखली पाइप का इस्तेमाल करने और नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने के लिए छिछली नदी को पार करने जैसे तरीके शामिल है। पिछले कुछ महीनों के दौरान नशीले पदार्थों की जब्ती से भी संकेत प्राप्त होता है कि ड्रग माफिया ने जम्मू कश्मीर एवं राजस्थान जैसे अन्य सीमावर्ती राज्यों का भी इस्तेमाल करना शुरु कर दिया है। बहरहाल, हालात उतने आसान हैं नहीं, जितने वे नजर आते हैं। पंजाब एवं पाकिस्तान में भी ड्रग माफिया बड़े समन्वित, संगठित एवं पेशेवर तरीके से अपने काम को अंजाम देते हैं। मौसम, भौगोलिक स्थिति, खड़ी फसलों, 'चंद्रमा के दिनों', परिवहन के तरीकों, जमीन पर निशान, सुरक्षा बलों की तैनाती एवं उनकी आवाजाही, निगरानी प्रौद्योगिकी की उपलब्धता और तस्करी के लिए प्रयुक्त उनके स्थानीय संपर्क और उनसे सहानुभूति रखने वाले लोग, तस्करी के लिए उपयुक्त जगह तथा समय का चुनाव जैसे कई कारकों के सम्मिश्रण का एक सटीक विश्लेषण और व्यापक अध्ययन किया जाता है। किसी भी संभावित मुठभेड़ से बचने के लिए तारीख एवं समय पर अंतिम फैसला लेते समय, तस्कर इसकी रिहर्सल भी करते हैं, खासकर, पुलिस नाका (एक अस्थायी पुलिस बंदोबस्त) के स्थान एवं सीमा सुरक्षा बल की चौकसी पद्धतियों का गहराई से अध्ययन करते हैं। चूंकि अलग अलग क्षेत्रों के हालात भिन्न होते हैं, उसी के अनुसार उनके कार्य करने का तरीका भी अलग अलग होता है जिसके कारण सीमा सुरक्षा बल एवं पुलिस के लिए तस्करी के तरीकों का पता लगाना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है।ड्रग माफिया सभी बिन्दुओं का एक पूरा डाटाबेस तैयार रखते हैं। वे पूरे इलाके की छानबीन कर लेते हैं और अपने काम को सफलतापूर्वक अंजाम देते हैं। उन्हें इलाके की भी पूरी जानकारी होती है जिसकी बदौलत पाकिस्तान के मोबाइल नेटवर्कों तक उनकी पहुंच भी आसानी से हो जाती है। नेटवर्क से अच्छी तरह जुड़े ड्रग माफिया सीमा पार से नशीली दवाओं की तस्करी के लिए अत्याधुनिक तरीके इस्तेमाल करते हैं, पुलिस एवं खुफिया निगरानी से दूर रहते करते हैं।


## सरोकार

# विश्व वन्यजीव दिवस- केवल एक दिन नहीं, बल्कि एक संकल्प



प्रो. आरके जैन अरिजीत

वन्यजीव इस धरती के अनुपम रत्न हैं, प्रकृति की उस अनमोल थाती के प्रतीक जो इस विशाल सृष्टि के संतुलन को थामे हुए हैं। ये प्राणी केवल जैविक वैविध्य की शोभा नहीं, अपितु मानव जीवन के उद्गम, उसकी यात्रा और उसके संपूर्ण अस्तित्व के आधार हैं। ये धरती की धड़कन हैं, जो अपने मूक स्वर से प्रकृति के सौंदर्य को जीवंत करते हैं। किंतु, आधुनिकता की उन्मत्त दौड़, शहरीकरण का अनियंत्रित विस्तार, शिकार की क्रूर लिप्सा और प्रदूषण का विषैला जाल इन नन्हे जीवन-संगियों को लील रहा है। अनेक प्रजातियाँ समय के अंधेरे गर्भ में समा चुकी हैं, और असंख्य अन्य अपने अंतिम प्राण गिन रही हैं। यह दारुण दृश्य हमें झकझोरता है कि वन्यजीवों की रक्षा अब केवल कर्तव्य नहीं, अपितु हमारी आत्मा का आह्वान और मानवता का परम धर्म बन चुका है। इसी संकल्प को बल देने हेतु प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को %विश्व वन्यजीव दिवस% मनाया जाता है, जो हमें इन प्राणियों के प्रति संवेदना का दीप जलाने और संरक्षण का पथ प्रशस्त करने को प्रेरित करता है।20 दिसंबर, 2013 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 मार्च को %विश्व वन्यजीव दिवस% के रूप में अंकित किया। इसका मूल ध्येय है–वन्यजीवों और वनस्पतियों के प्रति वैश्विक चेतना का प्रज्ज्वलन और उनके प्राकृतिक अधिवासों को अक्षुण्ण रखने की पुकार। वर्ष 2025 की थीम %प्रकृति और संरक्षण का उत्सव% एक मंत्र-सा है, जो प्रकृति की अलौकिक छटा, उसकी अनंत गहराई और संरक्षण की अनिवार्यता को उजागर करता है। यह हमें आमंत्रित करता है कि हम प्रकृति के साथ एक लय में बंधें, उसके संगीत को सुनें और उसकी रक्षा के लिए संकल्प लें।वन्यजीवों को बचाने का




मार्ग बहुआयामी और दृढ़ संकल्प से परिपूर्ण होना चाहिए। प्रथम, वनों की अंधी लूट और शहरीकरण की अनियंत्रित आँधी पर लगाम कसनी होगी। वृक्षों का अनवरत संहार वन्यजीवों से उनका घर छीन रहा है, साथ ही जलवायु परिवर्तन के भयावह दानव को पोषित कर रहा है। वृक्षारोपण का महायज्ञ शुरू करना होगा–हर पौधा एक आशा है, हर वन एक जीवन। सतत विकास का स्वप्न साकार कर हम इस संकट को परास्त कर सकते हैं। वृक्ष धरती की श्वास हैं, और इनके बिना जीवन का संगीत मंद पड़ जाएगा।दूसरा, प्रदूषण का यह विषचक्र तोड़ना होगा। प्लास्टिक का अंबार और कचरे का जहर जल और थल के प्राणियों को निगल रहा है। समुद्र के गर्भ में मछलियाँ, कछुए और जलपक्षी इस कृत्रिम आपदा के शिकार बन रहे हैं।

प्लास्टिक को जीवन से निर्वासित करना होगा–पुनर्चक्रण का संकल्प और प्रकृति के प्रति संयम ही इस संकट का कवच बन सकता है। स्वच्छता का यह अभियान हर प्राणी के लिए जीवन का उपहार होगा।तीसरा, स्थानीय जनमानस को वन्यजीवों की महिमा का बोध कराना होगा। जब हर दिल यह समझेगा कि ये प्राणी केवल जंगल के आभूषण नहीं, बल्कि जीवन-चक्र के संनाद हैं, तब हर हाथ संरक्षण के लिए उठेगा। शिक्षण संस्थाएँ, संगठन और सरकारें मिलकर ज्ञान का ऐसा दीप जलाएँ जो अज्ञान के अंधेरे को चीर दे। विशेषकर वनवासी और ग्रामीण समुदाय इनके संरक्षक बन सकते हैं–उनके भीतर प्रकृति का प्रेम पहले से ही बस्ता है, बस उसे जागृत करना है।चौथा, अवैध शिकार और वन्यजीव व्यापार का यह काला कारोबार कुचलना होगा।

दुर्लभ प्राणियों की निर्मम हत्या केवल लालच की भेंट चढ़ रही है–बाघ का गर्वीला रुदन, गैंडे का शांत चिंतन और हाथी की विशालता व्यापार की भट्टी में जल रही है। कठोर कानून और उनका दृढ़ पालन ही इस संकट का अंत कर सकता है। हर नागरिक को संरक्षक बनना होगा–हर आँख सतर्कता का प्रहरी और हर कदम न्याय का संवाहक।पाँचवाँ, संरक्षण संगठनों को शक्ति देनी होगी। ये संगठन वन्यजीवों के लिए योद्धा हैं, जो दिन-रात उनके जीवन की रक्षा में संलग्न हैं। हमारा सहयोग–चाहे धन से, समय से या संदेश के प्रसार से–इनके संकल्प को पंख देगा। ये संगठन अकेले नहीं लड़ सकते; यह युद्ध हम सबका है। आज जब वन्यजीवों पर संकट की काली छाया गहरा रही है, तब यह हमारा परम कर्तव्य है कि हम संरक्षण का संकल्प करें।%प्रकृति और संरक्षण का उत्सव% एक थीम नहीं, बल्कि एक स्वर है–प्रकृति का स्वर, जो हमें जीवन का मोल समझाता है। यदि आज हम चुप रहे, तो कल की पीढ़ियाँ इस सौंदर्य को कोसेंगी। उनकी आँखों से यह विविधता छिन जाएगी, और हम इतिहास के गुनहगार कहलाएँगे। समय आ गया है उठ खड़े होने का–एक ऐसा संकल्प करें जो वन्यजीवों में जीवन, प्रकृति में सम्मान और धरती में समृद्धि का संदेश फैलाए।

विश्व वन्यजीव दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक पुकार है–एक जागृति जो हमें याद दिलाती है कि यह धरती तभी तक जीवंत है, जब तक हर प्राणी का स्वर इसमें गूँजता रहता है।

हर साँस, हर कदम, और हर प्रयास इस अद्भुत संगीत को अनंत बनाए। चलिए, हम एकजुट होकर इस धरती के हर प्राणी के लिए एक शाश्वत और सजीव संगीत की रचना करें, जो युगों-युगों तक गूँजता रहे।

## समसामायिक

# एक फिट और स्वस्थ भारत की समस्या ओबेसिटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन में भारतीय लोगों के स्वास्थ्य को लेकर निरंतर कदम उठाते हुए स्वस्थ भारत निर्मित करने के उपक्रम किए हैं।मोदी युग में स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में महत्त्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित करते हुए मोटापे से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी ने मोटापे के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है, जिसमें भारतीयों से खाना पकाने के तेल की अपनी खपत कम करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 23 फरवरी को %मन की बात' के 119वें एपिसोड में हेल्थ का जिक्र करते हुए कहा था, %एक फिट और स्वस्थ भारत बनने के लिए हमें ओबेसिटी (मोटापा) की समस्या से निपटना ही होगा। एक स्टडी के मुताबिक, आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते सालों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है।' प्रधानमंत्री ने सेहत के प्रति जागरूकता लाने और इस क्रम में मोटापे से लडने के लिए अपने-अपने क्षेत्र के दस जाने-माने लोगों को नामांकित कर यही रेखांकित किया कि इस समस्या की गंभीरता को समझने एवं समय रहते इसको नियंत्रित करने की अपेक्षा है। उन्होंने आनंद महिंद्रा, दिनेश लाल यादव निरहुआ, मनु भाकर, मीराबाई चानू, मोहन लाल, नंदन नीलेकणि, उमर अब्दुल्ला, आर. माधवन, श्रेया घोषाल, सुधा मूर्ति को नामांकित करते हुए अपेक्षा जताई कि ये सभी मोटापे के खिलाफ क्रांति की अलख जगाने के साथ खाद्य तेल की खपत कम करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री ने इन लब्ध प्रतिष्ठित हस्तियों से दस-दस और लोग अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री की यह पहल कुछ वैसी ही है, जैसी उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को प्रारंभ करते समय की थी। इस जनोपयोगी पहल से देश में मोटापे के प्रति चेतना जाग्रत होगी और लोग मोटापे को नियंत्रित करने में सफल होंगे। लोगों में मोटापा बढने के कई कारण हैं, जिनमें अति, अहितकर और प्रतिकूल भोजन के अलावा व्यायाम की कमी और तनाव शामिल हैं। पोषण में सुधार, गतिविधि बढ़ाने और जीवन शैली में अन्य बदलाव करने से लोगों को मोटापे को कम करने में मदद मिल सकती है। मोदी की पहल से मोटापा नियंत्रित करने के अनुकूल परिणाम तभी सामने आ सकते हैं, वांछित सफलता तभी संभव है, जब लोग समझेंगे कि स्वस्थ जीवन शैली उन्नत राष्ट्र ही नहीं, उन्नत स्वास्थ्य का भी आधार है। आज की सुविधा एवं भौतिकतापूर्ण जीवन शैली मोटापा बढ़ाने का काम कर रही है। अब लोग उतना शारीरिक श्रम नहीं करते, जितना पहले अपनी सामान्य दिनचर्या के तहत किया करते थे। मोटापे को नियंत्रित करने में योग, ध्यान, प्रातःभ्रमण एवं व्यायाम की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। किसी विचारक ने लिखा भी है, %मनुष्य के सबसे बड़े चिकित्सक हैं-शांति, प्रसन्नता और खुराक।' यह हकीकत है कि लोग खानपान में संयम एवं सतर्कता बरतें, शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं और योग-व्यायाम को जीवन का हिस्सा बना लें तो मोटापे को भगा सकते हैं। मोटापा अनेक बीमारियों का घर है, जो केवल कार्यक्षमता को कम करने का ही काम नहीं करता, बल्कि स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ाता है। जीवन को जटिल एवं अस्त-व्यस्त बना देता है। शरीर स्वस्थ रहता है, तो लोग मानसिक एवं भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं, और अपना काम कहीं अधिक तत्परता एवं निपुणता से करते हैं। इसका लाभ केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश को भी मिलता है। यही सशक्त एवं विकसित भारत का आधार भी है। अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ जीवन शैली की जरूरत को समझा, लेकिन इसके लिए जागरूकता अभियान छेडने के साथ ही मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए भी कुछ करना होगा। मोदी की पहल जहां स्वास्थ्य क्रांति का माध्यम बनेगी, वहीं मिलावट नियंत्रण के प्रति भी जागरूक करेगी। किसी से छिपा नहीं है कि देश में मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री बनती एवं बिकती है। खाद्य पदाथरे की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी के चलते दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री घरों में भी इस्तेमाल होती है। इनमें खाद्य तेल एवं घी प्रमुख हैं। आज जब बाजार का खाना खाने का चलन बढ़ रहा है, तब सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि उसकी शुद्धता एवं गुणवत्ता से कोई समझौता न होने पाए।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, जिसे आप निराश नहीं करेंगे। आज आपको पिछले कुछ समय से किए गए प्रयासों का फल मिलने वाला है। आज आपको बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको ऑफिस में किसी काम को लेकर डांट पड़ सकती है। |
| वृष | आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा मुनाफा होगा। |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। |
| कर्क | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपमें पाजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे, वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। साथ ही अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने में आपको सफलता मिलेगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। |
| सिंह | आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं आपकी माता को ख़ुशी होगी। आज आपको किसी भी व्यक्ति को उधार देने से बचना चाहिए, यह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको जरूरी बातें पता चल सकती हैं। |
| कन्या | आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको दूरसंचार से शुभ सूचना मिलेगी, इससे आपके परिवार में खुशियों का माहौल बन जायेगा। बच्चों से आपको गुड न्यूज़ मिल सकती है। आर्टस के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। उनके मन में आज नए विचार आयेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज अच्छी जॉब मिलेगी। |
| तुला | आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ख़ास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आज किसी भी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करते समय बजट का ध्यान रखें। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी काम में दूसरों की बातों को सर्वोपरि न रखकर अपने आप पर विश्वास करें तो लाभ अवश्य मिलेगा। किसी इम्पोर्टेन्ट काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपके घर रिश्तेदार आ सकते हैं, जिनसे मिलकर आपको काफी अच्छा लगेगा। उनके साथ आप अलग-अलग पकवान का आनंद लेंगे। |
| धनु | आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखनी है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। |
| मकर | आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपकी बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज कुछ बड़ा और अलग करने की सोच सकते है। इस राशि की महिलाओं का दिन व्यस्तता से भरा होगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बिताएंगी। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेगा। नए कार्यों को लेकर आपकी उत्सुकता बढ़ेगी। आपको आज धैर्य से काम लेने की जरूरत है और इसका लाभ आप आने वाले समय में देखेंगे। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके घर खास मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनायेंगे। माताएं अपने बच्चों को कुछ अच्छा सुनाएंगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेगी। थोड़ा टाइम ईश्वर की भक्ति में लगायें, जिससे आपका मन शांत रहेगा। |

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 418 जोड़ों का विधि विधान के साथ हुआ विवाह

- विवाह में 412 हिन्दु जोड़े व 06 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे
- नव दांपत्य जोड़ों को विधायक, जिलाधिकारी, सीडीओ व अन्य अतिथियों ने दिया आर्शीवाद









**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एटीएल ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 418 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में 412 हिन्दू जोड़े एवं 06 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। सभी शादियां अपने रीति रिवाज के अनुसार हुई हिंदू धर्म की शादी वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से व मुस्लिम शादियां निकाह के माध्यम से संपन्न की गई। इस दौरान प्रत्येक जोड़ों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का प्रमाण पत्र व एक-एक फलदार वृक्ष भी दिया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, सांसद के प्रतिनिधि बी एल पटेल, राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि राय साहब, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी सहित अन्य अतिथियों ने सम्मिलित होकर नव दांपत्य जोड़ों को आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हर वर्ग के जोड़े सम्मिलित है, विभिन्न धर्मो को मानने वाले लोग भी इस आयोजन का लाभ उठा रहे है। माननीय मुख्यमंत्री बिना किसी भेदभाव के सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के साथ कार्य कर रहे है। उन्होने सभी जोड़ो को बधाई देते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा किये गये भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की बेटियों को परिणय सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। यह योजना गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और मुख्यमंत्री उनकी सोच का आगे बढ़ाते हुये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के माध्यम से गरीब बेटियों को एक परिणय सूत्र में बांधने का कार्य किया जा रहा है। हमारे देश में पत्नियों को धर्मपत्नी कहा जाता है, पति और पत्नी ये दुनिया का बहुत ही बेहतरीन रिश्ता होता है और एक दूसरे के लिये महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत सभी जोड़ो को विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नव दांपत्य जोड़े एक नये चरण में प्रवेश कर रहे है, सभी जोड़े खुशहाली के साथ रहे। उन्होने सभी नव दांपत्य जोड़ो को बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत एक जोड़े पर सरकार द्वारा 51000 रूपये की धनराशि खर्च की जाती है जिसमें 35 हजार रूपये लड़की के खाते में, 10 हजार रूपये की उपहार सामग्री व 6 हजार रुपए की धनराशि से विवाह कार्यक्रम के आयोजन पर व्यय किए जाते हैं। एटीएल ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड सदर के 15, सण्ड़वा चन्द्रिका के 21, मानधाता के 33, लक्ष्मणपुर के 43, लालगंज के 18, रामपुर संग्रामगढ़ के 26, सांगीपुर के 27, गौरा के 09, शिवगढ़ के 13, बाबा बेलखरनाथधाम के 20, पट्टी के 22, मंगरौरा के 41, आसपुर देवसरा के 15, कुण्डा के 20, बिहार के 26, बाबागंज के 17, कालाकांकर के 37 जोड़ों व समस्त नगर पंचायत के 15 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ शादी सम्पन्न करायी गयी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के उपरान्त सभी जोड़ो व उनके परिवार लोगों ने भोजन ग्रहण किया और अपने-अपने घरों से लिये प्रस्थान किये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, डीसी मनरेगा अश्वनी सोनकर, ईओ नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीस द्वारा किया गया।

## लोकपाल समाज शेखर 8 को आयेंगे कालाकांकर ब्लाक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** लोकपाल मनरेगा समाज शेखर 8 मार्च को कालाकांकर ब्लाक जायेंगे। वह ब्लाक मुख्यालय स्थित मनरेगा सेल में शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया और उसकी स्थिति से अवगत होंगे। साथ ही ग्राम पंचायत बडेरा व माधवापुर ग्राम से आई शिकायतों के संदर्भ में लोकपाल भ्रमण करके निरीक्षण करेंगे।

लोकपाल समाज शेखर ने जन सुनवाई में लक्ष्मणपुर ब्लाक के अमरौना ग्राम के राकेश चंद्र त्रिपाठी की मांग पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी से वस्तु स्थिति से अवगत हुए। संबंधित बी डी ओ को नियमानुसार ग्राम पंचायत द्वारा तालाब खुदवाने का निर्देश दिया। वहीं सदर ब्लाक के ग्राम कुसफरा के प्रसिद्ध शनिदेव धाम में 2010 में मनरेगा द्वारा खुदे तालाब की बुरी दशा को स्वत संज्ञान में लेकर खंड विकास अधिकारी को धाम की महिमा के अनुरूप ग्राम पंचायत द्वारा तालाब को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का निर्देश दिया। लोकपाल समाज शेखर ने बी डी ओ कालाकांकर से बडेरा व माधवापुर ग्राम से आई शिकायतों की अपेक्षित आख्या के संदर्भ में वार्ता करके स्थिति से अवगत होने के बाद कालाकांकर ब्लाक क्षेत्र का भ्रमण कार्यक्रम तय किया।

खंड विकास अधिकारी को लोकपाल के आने से पूर्व शिकायती ग्रामो का निरीक्षण करके आख्या तैयार कर प्रस्तुत करने तथा समस्त मनरेगा व तकनीकी कर्मियों के साथ उपस्थित रहकर सहयोग करने की अपेक्षा की है। लोकपाल समाज शेखर ने जन सामान्य से अपील की है कि लोकपाल कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को जन सुनवाई व संवाद कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक जारी है। ग्राम्य विकास व मनरेगा से जुड़े समस्या व शिकायतों की सुनवाई व समाधान हेतु आवेदन किया जा सकता है। आवश्यकतानुसार लोकपाल के सीयूजी नंबर 8188067730 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## शिक्षक विधायक का आश्वासन विशिष्ट शिक्षकों को मिलेगा ओपीएस पेंशन



**प्रतापगढ़।** विज्ञापन के आधार पर विशिष्ट बीटीसी 2004 के शिक्षकों को ओपीएस पेंशन का लाभ शीघ्र मिलेगा । इसके संदर्भ में शिक्षक विधायको का प्रतिनिधिमंडल विगत दिन मुख्यमंत्री , उत्तर प्रदेश सरकार से मिला। इस पर उन्होंने मार्च माह में ही मामले का निस्तारण उ.प्र.शासन स्तर पर करने की बात कही है। यह विचार शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने वृन्दावन मैरेज हाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षकों के आग्रह पर व्यक्त किया। शिक्षक विधायक एवं सीएम से वार्ता में एनपीएस नोटिफिकेशन- 28 ध्3 ध्2005 के पूर्व विज्ञापनध्विज्ञप्ति- रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्ति पर ओपीएस लाभ देने सम्बन्धी शासनादेश वर्ष 2024 में उप्र शासन द्वारा जारी किया गया है। आदेश पत्र के अनुसार 31 मार्च माह में ही जीपीएफकटौती एवं पेंशन लाभ संबंधी करवाई संपन्न हो सकती है । यह जानकारी विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर संगठन जिला अध्यक्ष डॉ विनोद त्रिपाठी ने दी। इस मौके पर प्राशिसं लक्ष्मणपुर अध्यक्ष निर्भय सिंह, अभिमन्यु सिंह, दीपेश दूबे, राजेश मिश्रा, नरेंद्र त्रिपाठी, राजीव सिंह, अभिमन्यु पीआरओ, डॉक्टर संजीव शुक्ला, विनय सिंह, संजीव सिंह , सुधीर मिश्रा , डॉ0अनिल त्रिपाठी ,आशुतोष सिंह, सीपी राव अटेवा, विश्व दीप सिंह, आलोक गुप्ता, उदय सिंह , विष्णु तिवारी, नवीन सिंह, राकेश सिंह गुड्डू ,सचिव कौशलेंद्र सिंह , अशोक राय, जेपी पाण्डेय,शैलेष सिंह, राजेश सरोज, प्रशांत यादव, प्रदीप सिंह, आदि रहे।

## क्षत्रिय समाज की कुरीतियों व बुराइयों को दूर करने के लिए आगे आएं युवा-लव सिंह गहलौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** क्षत्रिय समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराईयों को समाप्त करने के लिए क्षत्रिय समाज के युवाओं को शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ व स्वरोजगार को आगे बढ़कर प्राप्त करना होगा, तभी समाज, राष्ट्र व पूर्वजों का गौरव बढ़ेगा। उक्त बातें समाजसेवी लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने के पी सिंह हाई स्कूल कसेरुआ चौवनगढ़ में आयोजित क्षत्रिय समाज की बैठक में कहा।पूर्व जिला पंचायत सदस्य लल्लन सिंह परिहार ने कहा कि हमारे पूर्वज परम स्वाभिमानी महाराणा प्रताप व क्षत्रिय शासक सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने कितनी विषम परिस्थितियों में भी अपने सनातन धर्म, राष्ट्र व मां बहनों की सुरक्षा के लिए आत-ताइयों से लड़े। हम सबको भी मां बहनों की सुरक्षा के लिए आगे आना होगा।इस अवसर पर उदयराज सिंह ,गणेश सिंह विद्यार्थी, देवराज सिंह, सुरेंद्र सिंह, दिलेर सिंह, रामू सिंह, आजाद सिंह, नवाब सिंह, जटायू सिंह, राणा रावल सिंह, सुभम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रद्युम्न सिंह, विशाल सिंह, बलवीर सिंह आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर रमेश सिंह गहलौत (मास्टर)ने किया।इस अवसर पर जगनारायण सिंह, ध्यान सिंह, केवल सिंह, जवाहर लाल सिंह, बंका सिंह,बाबूराम सिंह, भीम सिंह, सचिन सिंह, खेलयी सिंह, विकास सिंह, कल्लू सिंह, नन्हें सिंह हिमाचल सिंह आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसों में दस लोग घायल, तीन गंभीर

**कुंडा प्रतापगढ़।** रायबरेली जनपद के सलोन थाना क्षेत्र के पैगम्बर पुर गांव निवासी 40 वर्षीय सूरत जोशी अपने गांव के ही साथी 60 वर्षीय बाल गोविन्द के साथ रविवार को बाइक से जा रहा था। कुंडा इलाके में हाईवे पर वाहन की टक्कर से दोनों घायल हो गए। अन्य दुर्घटनाओं में मानिकपुर थाना क्षेत्र के साहूमई निवासी लाल बहादुर का 20 वर्षीय बेटा शिव कुमार, रायबरेली सलोन के परसदेपुर निवासी 34 वर्षीय पुरमे पटेल, उसका साथी 24 वर्षीय विमलेश और 20 वर्षीय भूपेन्द्र, संग्रामगढ बंधवा के राकेश पटेल का 18 वर्षीय बेटा अनुज पटेल, हथिगवां थाना क्षेत्र के बेंती गांव निवासी शम्भू का सात वर्षीय बेटा, कुंडा प्रेम नगर निवासी शिव शंकर की 63 वर्षीय पत्नी निर्मला देवी, मानिकपुर बुलाकीपुर निवासी विश्वनाथ पांडेय की 80 वर्षीय पत्नी को चोटें आई। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से सभी को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद बाल गोविंद, निर्मला देवी, उर्मिला देवी को रेफर कर दिया गया।

## अलग-अलग मारपीट में पांच लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के सूबेदार का पुरवा बिसहिया निवासी 54 वर्षीय बसंत लाल को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। कोतवाली के रैयापुर गांव निवासी जिया लाल की 17 वर्षीय बेटी नीलम और 15 वर्षीय प्रिया देवी को कुछ लोगों ने रंजिश में मारपीट करके घायल कर दिया। बरई गांव निवासी नौशाद अली के 22 वर्षीय बेटे मो. इंतमाम और 18 वर्षीय बेटे अब्दुल रहमान को कुछ युवकों ने मारपीट करके घायल कर दिया।

## प्रधान एवं पूर्व प्रधान पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाने के एसएचओ प्रदीप कुमार ने दो लोगों के खिलाफ कुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी बिहार के फूलपुर मौरी के ग्राम प्रधान राम प्रताप यादव एवं भीखापुर कानीडीह गांव निवासी पूर्व प्रधान श्रीनाथ हैं।

## एनएसएस से विद्यार्थियों का होता है बहुआयामी विकास-प्रो अरविंद





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विधिवत समापन हो गया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन के साथ समापन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अथिति के रूप में प्रो.शैलेन्द्र कुमार मिश्र प्राचार्य हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कॉलेज लालगंज प्रतापगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य केशवराम ओझा विद्या मन्दिर लालगंज प्रतापगढ़ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमडीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ के प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र ने की।

एनएसएस के चारों कार्यक्रमाधिकारियों डा. शैलेश कुमार पाण्डेय, डॉ. रेखा मिश्रा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र एवं डॉ. प्रथमेश पाण्डेय ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। योग प्रशिक्षक अजय मिश्र का भी स्वयं सेवियों ने स्वागत किया। श्रद्धा ,वंदना, एकता तिवारी आदि ने स्वागत गीत और लक्ष्यगीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने नुक्कड़ नाटक, सड़क सुरक्षा एवं भरत मिलाप विषय पर कार्यक्रम के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

प्रो (डॉ.) शैलेंद्र कुमार मिश्र ने कहा पूजा उनकी होती है जिन्होंने त्याग किया। भगवान राम, स्वामी विवेकानंद और गाँधी जी का उदाहरण दिया। प्राचार्य प्रो. अरविंद मिश्र ने स्वयंसेवियों को जीवन के मायने समझाया और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से विद्यार्थियों का बहुआयामी विकास होता है। इससे सामाजिक समरसता बढ़ती है और टीम भावना से काम करने की प्रेरणा भी मिलती है। डॉ शैलेश कुमार पांडेय ने शिविर के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की शपथ दिलाई, डॉ प्रमथेश पांडेय ने मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए शिविर में श्रम की महत्ता पर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रेखा मिश्रा ने किया।

## देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफतार

**लीलापुर, प्रतापगढ़।** थाना लीलापुर पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 30 गत्ते का पैकेट देशी शराब बरामद किया गया।पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे विभिन्न अभियान के क्रम में आज दिनांक-01.03.2025 को थाना लीलापुर के उ0नि0 सौरभ यादव मय हमराह का0 सुरजीत कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान 01अभियुक्त लाल जीत सिंह पुत्र पुत्र रंग बहादुर सिंह नि0 पुरे बैरिसाल थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पुरे बैरीसाल से 30 गत्ते का पैकेट देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त रामदगी, गिरफ्तारी के आधार पर थाना लीलापुर पर मु0अ0सं0 37ध्2025 धारा-60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के बलीपुर मोहददीनगर गांव निवासी राम सिंह के 22 वर्षीय बेटे संदीप पटेल ने रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां उसकी हालत स्थिर है।

## रास्ते के विवाद में पीटा, चार पर केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के रैय्यापुर निवासी जियालाल की पत्नी सावित्री देवी और उसके परिजनों को कुछ लोगों ने 28 फरवरी की शाम रंजिश के चलते मारपीट करके घायल कर दिया था। साथ ही जाति सूचक शब्दों से भी अपमानित किया था। सावित्री देवी की तहरीर पर पुलिस ने राजू सिंह, शिवा सिंह, राघवेन्द्र सिंह, राजा सिंह के विरुद्ध मारपीट, एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज किया है।

## सड़क निर्माण शुरू होने पर ग्रामीणों ने राजा भइया का जताया आभार

● शहीद वीर बहादुर सिंह के पिता अमर बहादुर सिंह ने किया भूमि पूजन



**लोकमित्र ब्यूरो/रुपेंद्र शुक्ला**

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के मार्गदर्शन में बाबागंज विधायक विनोद सरोज के मजबूत प्रयास से बाबागंज विधानसभा के गांवों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। ग्रामीणों का आवागमन बेहतर करने के लिए बाबागंज विधायक विनोद सरोज का प्रयास लगातार जारी है।बाबागंज विधानसभा के कुंडा-जेठवारा मार्ग स्थित लाला का पुरवा नहर से काशीपुर तक दूरी करीब 4 किलोमीटर मार्ग गड्ढों में तब्दील हो जाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गड्ढे में गिरकर ग्रामीणों का हाथ पांव टूट जाना आम बात हो गई थी। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए राजा भइया के मार्गदर्शन में बाबागंज विधायक विनोद सरोज के मजबूत प्रयास से सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है। रविवार को ठेकेदार ने गरीब पुर निवासी शहीद वीर बहादुर सिंह के पिता अमर बहादुर सिंह से विधि विधान से भूमि पूजन कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर ग्राम प्रधान गरीब पुर दिलीप कुमार मौर्या के नेतृत्व में धर्मेंद्र सिंह, किशोरी लाल कोरी, धर्मेंद्र मौर्य कोटेदार, सुभम सिंह, शक्ति सिंह, अशोक कुमार, राम सजिवन पाल, मनोज कुमार यादव, आदि ग्रामीणों ने राजा भइया का आभार व्यक्त करते हुए जनसत्ता दल लोकतांत्रिक को मजबूत करने का संकल्प लिया। प्रधान दिलीप कुमार मौर्या ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं, उन्हें बड़ी परेशानी रहती थी ,अब समस्याओं से निजात मिल जाएगा।

## युवती को भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की 23 वर्षीय युवती को 21 फरवरी की शाम डंडिया खनवारी गांव निवासी युवक बहका फुसला कर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा। पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## छत से गिरकर युवक घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के बिसहिया निवासी 40 वर्षीय मिथलेश कुमार घर की छत से गिरकर घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी ले गए। उसकी हालत गंभीर बताई गई।

## ई-रिक्शा पर पलटा ओवर लोड गन्ना भरा ट्रक, मौके पर दो की मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** हरगांव थाना इलाके में ओवरलोड वाहन के चलते एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां गन्ने से भरे एक ओवरलोड ट्रक के पलटने से उसके नीचे सवारियों से भरा एक ई रिक्शा दब गया। इस दर्दनाक हादसे में गन्ने के नीचे दबने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे के बाद यातायात को सुगम करने के लिए पुलिस ने तीन जेसीबी की मदद से सड़क पर फैले गन्ने को हटाने का कार्य शुरू करा दिया है। मामला हरगांव थाना इलाके का है। यहां कस्बे में हर गांव चीनी मिल जा रहे एक ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के दौरान गन्ने से भरा ट्रक पलटने से उसके नीचे सड़क पर निकल रहा एक ई रिक्शा गन्ने की चपेट में आ गया। घायलों को पहुंचाया सीएचसी ट्रक के पलटते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। दर्दनाक हादसे के की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी और ग्रामीणों की मदद से गन्ने को हटाकर उसके नीचे दबे चार लोगों को बाहर निकालकर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को करता घोषित कर दिया जबकि दो अन्य का उपचार चल रहा है।

गन्ना हटवाने का काम शुरू हादसे में मरने वालों की पहचान सरवन पुत्र मेडई निवासी बेनीवाइजपुर थाना हरगांव और बुजुर्ग घूरू पुत्र विनायक निवासी ग्राम बेनीवाइजपुर थाना हरगांव के रूप में हुई है। हादसे के बाद लखीमपुर हरगांव मार्ग को खुलवाने के लिए पुलिस ने कई जेसीबी की मदद से सड़क पर फैले गन्ने को हटवाने का कार्य शुरू कर दिया है।

# हत्याकांड पर फूटा लोगों का गुस्सा: सड़कों पर उतरकर किया प्रदर्शन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** जिले के रामपुर मथुरा थाना व कस्बे के निवासी मोहित मिश्र की 5 वर्षीय बच्ची तानी के साथ गत मंगलवार को हुई हैवानियत भरी घटना के बाद अभी तक दोषियों के न पकड़े जाने के कारण पूरे जनपद में आक्रोश फूट पड़ा है। पूर्व चेयरमैन सीतापुर आशीष मिश्रा की पहल पर आज इस जघन्य कांड करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कारवाई किये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। मृतका के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दिये जाने की मांग को लेकर जनपद के तमाम जन संगठन व ब्राह्मण संगठनों के एकजुट होकर लालबाग चौराहे पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि इस जघन्य कांड ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। मासूम बच्ची के साथ जो हैवानियत हुई है उससे हर किसी की आंख में आंसू है। मृतक बेटी का परिवार बुरी तरह टूट चुका है। चार दिन बीत जाने के बाद भी घिनौना कृत्य करने वाले दरिंदे पुलिस की पकड़ से दूर है। जिससे जनपद की प्रत्येक बेटी का पिता बेहद आक्रोशित है। इस प्रकरण की गंभीरता को समझकर प्रदेश स्तरीय स्पेशल टीम का गठन कर असली मुजरिमो को तलाश कर गिरफ्तार किया जाए व प्रभावी व समय बद्ध कारवाई कर दोषियों को फांसी की सजा दिलाई जाए व मुख्यमंत्री स्वयं पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें न्याय मिलने का भरोसा दिलाये व एक करोड़ की आर्थिक मदद पीड़ित परिवार को दी जाए। ज्ञापन देने वालो में बड़ी संख्या में महिला अधिवक्ताओ की उपस्थिति रही। ज्ञापन व प्रदर्शन में पूर्व चेयरमैन व जागरूक नागरिक मंच अध्यक्ष आशीष मिश्रा, बार अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी, राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संजय शुक्ला, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम बाबू मिश्र, अखिल भारतीय गायत्री परिवार के सचेन्द्र दीक्षित, ललित दीक्षित, भगवान परशुराम सेवा संस्थान के निर्भय द्विवेदी, व्यापारी नेता प्रदीप मौजूद रहे।

# बोल कड़ाकड़ सीताराम से गूंजा परिक्रमा पथ, शुरू हुई चौरासी कोसी परिक्रमा





**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** नैमिषारण्य में शनिवार तड़के सुबह 84 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ हो गया है। श्रद्धालु डूबे शंख, ढोल, मंजीरे, नगाड़े खंजड़ी की पारंपरिक धुन के बीच अखंड राम नाम संकीर्तन के साथ महर्षि दधीचि द्वारा अखण्ड विश्व कल्याण ले लिए प्रारम्भ की गई। देश के विभिन्न प्रान्तों के लाखो श्रद्धालुओं के साथ ही पड़ोसी देश नेपाल के श्रद्धालुओं के मंगल गान के साथ नैमिष तीर्थ की 84 कोसीय परिक्रमा यात्रा का महंत नन्हकू दास द्वारा डंका बजाने के साथ ही भक्ति में आस्था, धर्म और अध्यात्म की सनातन धर्मयात्रा का 88 हजार ऋषियों की पावन तपोभूमि नैमिषारण्य तीर्थ से भक्तिमय शुभारम्भ हो ही गया। इस यात्रा में भक्ति और मोक्ष की कामना से भाग ले रहे। लाखों श्रद्धालुओं का इस परिक्रमा के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था। हालात कुछ यूं थे कि आज इस यात्रा में धर्मपथ की कठिन डगर पर एक ओर जहां देश विदेश के लाखों श्रद्धालुगण जयकारों, लोकगीतों और संकीर्तन की मस्त फुहारों में भीगते नजर आ रहे थे, जिसमें कोई सन्त जहां फक्कड़ भाव से चिमटा बजाते हुए अपनी ही धुन में गुनगुनाता जा रहा था तो कोई सन्त घोड़े हाथी पर बैठ कर परम्परा का निर्वहन करते दिख रहा था।

कहीं कोई सन्त डमरू की धुन पर सबको मंत्रमुग्ध कर रहा था तो कोई सन्त पूरे लाव लश्कर के साथ लक्जरी गाड़ियों से धर्मपथ पर बढ़ चुका था। यहां विभिन्न प्रदेशों के यात्रियों द्वारा परम्परागत लोकगीतों का मधुर स्वर बरबस सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है तो 'नैमिष धाम की जय', 'बोल कड़ाकड सीताराम', 'जय श्रीराम', 'राधे राधे', 'नैमिष धाम की जय' के तेज जयकारे एक अलग ही धार्मिक माहौल का अहसास दे रहे थे।

जब ये धर्मयात्रा गांवों से गुजर रही थी तो परिक्रमा मार्ग के किनारे खड़े ग्रामीण बच्चे भी जोर-जोर से जयकारे लगाकर अपने स्तर से परिक्रमार्थियों का उत्साह बढ़ा रहे थे। महर्षि दधीचि के त्याग व प्राणियों के मोक्ष के लिए की गई सिद्धि बुद्धि मुक्ति की परिचायक इस परिक्रमा में भारत देश के मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तरांचल, राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़, बिहार, महाराष्ट्र आदि प्रदेशो समेत पड़ोसी देश नेपाल, भूटान के भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण सनातन धर्म परम्परा का पालन करते हुए इस परिक्रमा का भाग बन खुद को भाग्यशाली महसूस कर रहे थे। परिक्रमार्थियों पर पुष्प वर्षा की गई। इस बार परिक्रमा में संतों के वाहन आकर्षण का केंद्र रही।

### सुबह 3 बजे से शुरू हुआ परिक्रमार्थियों की तैयारी का क्रम

शनिवार सुबह से ही परिक्रमार्थियों ने आदि गोमती गंगा व चक्रतीर्थ में स्नान दर्शन का क्रम शुरू कर दिया था। स्नान दर्शन के बाद जब घड़ी की सुई 4 बजे पहुंची तब पहला आश्रम महंत नारायण दास जी द्वारा डंके की पारंपरिक ध्वनि की धार्मिक गूंज नैमिष तीर्थ की हवाओं में गूँजने लगी और लाखों परिक्रमार्थियों का कारवां इस पवित्र धर्म यात्रा में राम नाम जयकारे के साथ निकल पड़ा।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा में 103 बच्चे सफल

**कौशाम्बी।** 10 नवंबर को आयोजित हुई राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा का परिणाम परीक्षा नियामक प्राधिकारी ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। जिसमें जनपद के 103 छात्र एवं छात्राओं ने सफलता हासिल की है। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा आठ के छात्र व छात्राओं के लिए सरकार द्वारा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा का आयोजन किया जाता है जिसमें सफल छात्रों को कक्षा नौ से कक्षा बारह तक एक हजार रुपए प्रति माह पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति शासन द्वारा दी जानी है। जनपद में परीक्षा के लिए 5620 छात्र व छात्राओं ने आवेदन किया था। जिसमें 10 नवंबर को हुई परीक्षा में कुल 4012 छात्र व छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसका परिणाम आज जारी हुआ। जिसमें जनपद में 105 रिक्तियों के सापेक्ष 103 छात्र व छात्राओं ने सफलता हासिल की है। इस परीक्षा में कौशांबी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय ढोकसहा में अध्ययनरत छात्र नमन शुक्ला पुत्र अनुराग शुक्ला ने 123 अंकों के साथ जनपद में पहली रैंक हासिल की है।

बच्चों की सफलता पर शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया है।

# दुर्लभ रोग दिवस पर लायन्स क्लब जौनपुर मेन ने किया जागरूक

## अपनी प्रतिरोधक क्षमता को रखे मज़बूत, तो रहेगे स्वस्थ्य–डा वी एस उपाध्याय

**लोकमित्र ब्यूरो**
**जौनपुर।** लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा दुर्लभ रोग दिवस के अवसर पर रात्रि में स्थान ऊर्दू बाजार स्थित वृन्दावन हाल में दुर्लभ बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थाध्यक्ष संजय केडिया ने लोगों का स्वागत किया। शकील अहमद ने ध्वज वंदना पढ़ी।

इस अवसर पर वरिष्ठ हृदय व डायबिटीज रोग विशेषज्ञ डा वीएस उपाध्याय ने कहा कि इम्यून सिस्टम कमजोर होने और शरीर पर पैथोजेन के अटैक से किसी व्यक्ति को कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। इन डिजीज का अलग-अलग तरह की मेडिसिन और उपचार विकल्पों से ठीक किया जाता है। जबकि कुछ रोग इतने असामान्य होते हैं कि उनका उपचार कर पाना तो दूर लोग उनके होने का कारण और लक्षण भी नहीं समझ पाते। ऐसी बीमारियों को रेयर डिजीज- दुर्लभ रोग की सूची में रखा जाता है।

**➪दुर्लभ बीमारियों के प्रति रहे जागरूक-डा क्षितिज शर्मा**

**➪दुर्लभ बीमारियों से होता है सबसे ज्यादा जोखिम-डा अजीत कपूर**

इसलिए अपने शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मज़बूत रखे जिससे आप स्वस्थ्य रह सके।

जीएटी एरिया लीडर डा क्षितिज शर्मा ने कहा कि दुनिया भर में कुछ लोग ऐसे हैं जो दुर्लभ किस्म की बीमारियों से ग्रसित हैं। इनमें से ज्यादातर लाइलाज होने के कारण प्राणघातक साबित होती है। इन दुर्लभ बीमारियों के प्रति सभी को जागरूक करने के उद्देश्य से फरवरी के अंतिम दिन 28 फरवरी (या लीप वर्ष में 29 फरवरी - वर्ष का सबसे दुर्लभ दिन) को दुर्लभ रोग दिवस या रेयर डिजीज डे के रूप मे मनाया जाता है। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा अजीत ने कहाँ कि दुर्लभ बीमारियों मे दुर्लभ कैंसर, ऑटोइम्यून रोग, जन्मजात डिसऑर्डर और संक्रामक रोग भी शामिल हैं। लगभग आधी दुर्लभ बीमारियां बच्चों को प्रभावित करती है, जबकि बाकी एडल्ट एज मे प्रकट होती है। आगे कहा कि दुर्लभ रोग वो होते हैं, जो आबादी के एक छोटे प्रतिशत को प्रभावित करते हैं। दुर्लभ रोग शरीर के कई अंगों को प्रभावित करते हैं और अक्सर विकलांगता या समय से पहले मौत का कारण बनते हैं।



डा मदन मोहन वर्मा ने कहा कि दुर्लभ रोग दिवस एक विश्व स्तर पर समन्वित आंदोलन है जो दुर्लभ बीमारियों वाले व्यक्तियों के लिये सामाजिक अवसर, स्वास्थ्य देखभाल, निदान एवं उपचार तक पहुँच में समता सुनिश्चित करने की दिशा में समर्पित है।

डा सुशील अग्रहरी ने बताया कि विश्व में लगभग तीस करोड़ लोग दुर्लभ रोग से पीड़ित है। इस वर्ष, दुर्लभ रोग दिवस की थीम है ÷आप जितना सोच सकते हैं, उससे कहीं अधिक; दुर्लभ अनुभवों का संकलन÷ है। यह दुर्लभ रोगों से पीड़ित लोगों की अनूठी चुनौतियों, रोगियों में लचीलापन और अनकहे अनुभवों को उजागर करने के लिए एक वैश्विक आह्वान है।

संचालन सै मो मुस्तफा ने किया। आभार संयोजक अश्वनी बैंकर ने किया। अन्त मे लोगों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर चार्टर सचिव अरूण त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, सुरेश चन्द्र गुप्ता, सोमेश्वर केसरवानी, गोपीचंद साहू, मनोज चतुर्वेदी, शत्रुघ्न मौर्य, डा अमित पाण्डेय, संजय श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, लखन श्रीवास्तव, डॉ शिवानन्द अग्रहरी, आर पी सिंह, परमजीत सिंह, संजय सिंघानिया, अनिल वर्मा, नीरज शाह, योगेश साहू, रितेश साहू व अभिषेक बैंकर आदि उपस्थित रहे।

# राशन दुकान हड़पने की साजिश की शिकायत

## समाधान में छाया रहा डेलौहा गांव का मामला



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में डेलौंहा गांव के राशन दुकानदार का मामला समाधान दिवस में गरमाया रहा। शिकायत की गई कि राशन दुकान के लिए समूहों के जातीय व्यवस्था में उलटफेर किया गया है। यह गम्भीर विषय है इसकी जांच कर इसे दुरुस्त किया जाय। डेलौहा गॉव की कंचन विश्वकर्मा, सिमला पटेल, कान्ति देवी, चंदलली, अकुन देवी सहित कई ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि पिछड़ी जाति के गठित 15 समूहों में अधिकांश सदस्यों को एससी बना दिया गया।

आरोप है कि ऐसा राशन की दुकान को अपने लोगों को देने के लिए साजिश के तहत किया गया हैं । बताया गया कि राशन की दुकान पिछड़ी जाति के लिए आरक्षित थी, 22 जनवरी को राशन की दुकान का चयन किया जाना था। कुल नौ समूहों ने राशन की दुकान के लिए आवेदन कर रखा था। बिना चुनाव के ही शंकर भगवान समूह का चयन कर लिया गया था।

जानकारी होने पर अन्य समूहों की महिलाओं ने इस पर आपत्ति जताई। मामला एसडीएम से लेकर अन्य उच्च अधिकारियों तक पहुंचा।

शिमला ने बताया कि चयन की गई, राशन की दुकान के लिए आपत्ति लगा दी गई है, अभी तक शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। डेलौहा गॉव की कंचन विश्वकर्मा, शिमला पटेल ने बताया कि समूह का गठन सही ढंग से नहीं किया गया है, जॉच के बाद सत्यता सामने आ जायेगी। उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन के ब्लाक प्रबन्धक इरफान सिद्दीकी ने बताया कि उन्हें अभी तक इस तरह की कोई शिकायत नही प्राप्त है। जानकारी होने पर इसकी जांच की जाएगी।

# शटर का ताला तोड़ टायर की दुकान से लाखों की चोरी

## पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर घटना के खुलासे की उठाई मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** चौकी क्षेत्र मेजारोड में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने एक टायर की दुकान के शटर का ताला तोड़कर लाखों के टायर और नगदी पर बड़ा हाँथ मारा है। पीड़ित दुकानदार जब शनिवार सुबह अपनी दुकान पहुंचा तो शटर का ताला टूटा मिला और दुकान के अंदर समान बिखरा पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरी की इस घटना से व्यापारियों में भारी आक्रोश है।

क्षेत्र के जरार गांव के दुकानदार माजिद अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी टायर की दुकान ÷माजिद इंटरप्राइजेज÷ मेजारोड बाजार में हाईवे पर स्थित है। शुक्रवार की रात करीब 8 बजे वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चला गया। शनिवार सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ था और दुकान के अंदर रखा सामान चोरी हो चुका था।



बताया कि दुकान से मैजिक टायर (ञ्ङ्कस्) ङ्क 10 नग (कीमत लगभग 30,000/-),कार का टायर (ष्टश्वञ्ज) ङ्क 10 नग (कीमत लगभग 40,000/-),बुलेट व अन्य दोपहिया वाहन के टायर ङ्क 125 नग (कीमत लगभग 1,25,000/-),नगद 10,000/,इस तरह अज्ञात चोरों ने कुल मिलाकर करीब 2,05,000/- का सामान चोरी कर लिया है।घटना की जानकारी मिलते ही मेजारोड व्यापार मंडल के महामंत्री ओ.पी. पांडेय सहित अन्य व्यापारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर नाराजगी जताई। ओ.पी. पांडेय ने कहा कि लगातार हो रही चोरियों से व्यापारी दहशत में हैं, लेकिन पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो व्यापारी। सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। भुक्तभोगी दुकानदार माजिद अली ने पुलिस से मांग की है कि चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर तत्काल उचित कार्रवाई की जाए।

# घर से निकला अधेड लापता, पुत्र ने जताई अनहोनी की आशंका

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी।** सदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक अधेड शुक्रवार को घर से निकला था जिसके बाद घर वापस नहीं लौटा स्वजनों ने खोजबीन के बाद पुलिस को लिखित सूचना दी ।

संदीपन घाट थाना क्षेत्र के चंदवारी निवासी सुदीप पटेल पुत्र फूलचंद्र पटेल को पुलिस को लिखित सूचना देकर बताया कि उसका पिता फूलचंद्र पुत्र अमरनाथ पटेल शुक्रवार की सुबह घर से बाइक लेकर निकले थे जिसके बाद घर नहीं लौटे, काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल सका , स्वजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी , मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है ।

# जलापूर्ति बाधित होने से गुस्साए लोगों का हंगामा

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर मांग पत्र सौंपकर उठायी निदान की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा पहाड़ी पर बसे तहसील मुख्यालय के गांव मेजा खास में अर्से से पेयजल की किल्लत बनी हुई है।बार बार शिकायत के वावजूद इसका कोई ठोस समाधान नही निकल सका है।आक्रोशित लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस को इस मुद्दे पर जमकर हंगामा किया है।कहा गर्मी के मौसम से पहले इसका समाधान किया जाना चाहिए।

क्षेत्र के मेजा खास गॉव के लोगों को कई माह से पेयजल से जूझ रहे हैं। पानी की समस्या के बारे में ग्रामीणों ने कई बार एसडीएम मेजा दशरथ कुमार व जल निगम के अभियंताओं से समस्या का निदान करने को कहा लेकिन अधिकारियों ने इसे गम्भीरता से नही लिया।कई महीनों से जूझ रहे लोगों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में पहुंचकर अधिकारियों के सामने अपनी फरियाद सुनाई।कोरे आस्वाशन पर भड़के गांव के लोग तहसील मुख्यालय पर जमकर हंगामा किया।



तहसील मुख्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने जल निगम के इंजीनियरों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम को मांग पत्र सौपकर पानी की समस्या को तत्काल हल करने की मांग दोहराई। पूर्व प्रधान लालजी मास्टर बनवारीलाल, विनय कुमार विश्वकर्मा, अधिवक्ता बबलू, सुशील कुमार,शहीद अंसारी, राजेश कुमार सहित कई ने बताया कि जल निगम की पाइप जगह-जगह जाम हो गई है। जिससे मेजाखास गॉव में कई माह से पानी की आपूर्ति बाधित है। गॉव के लोग दूर दराज से जल निगम के ओवरहेड टैंक से गिरने वाले पानी को डिब्बे में भर कर घर तक ले जाकर प्यास बुझा रहे हैं।

यह किसी एक गांव की समस्या नही है।क्षेत्र की कई पेयजल योजनाएं जलापूर्ति नही कर पा रही हैं।कहीं योजना की मोटर जली पड़ी है तो कही पाइप टूटी पड़ी है।शिकायत के बावजूद जल निगम विभाग इसे गम्भीरता से नही लेता है।कमोवेश यही हालत डेलौहा गॉव की है। बताया गया कि उनके गॉव में करोड़ों रुपये से पेयजल योजना स्थापित हुई, लेकिन स्थापना के बाद से ग्रामीणों को पानी नहीं मिला। कुछ इसी प्रकार की दिक्कत पेयजल समूह लखनपुर में है, जहाँ कई महीनों से गॉव के लोगों को पानी ढंग से नहीं मिल पा रहा है।अक्सर जलापूर्ति बाधित होने से मेजारोड के दुकानदार प्रभावित हैं।

# विशाल स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन,15,600 लोगों ने लिया लाभ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या।** रामनगरी के अवध इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में आज एक विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अवध प्रांत श्रीमान कौशल जी, डॉ. अनिल मिश्रा, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य, महापौर अयोध्या महंत गिरीश पति त्रिपाठी, महंत वैदेही वल्लभ शरण , महंत जय राम दास , कृपालु राम भूषण दास , विधायक रामचंद्र यादव, विधायक चंद्रभान पासवान, और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेले का आयोजन प्रातःकाल से ही शुरू हुआ, और मरीजों की लंबी कतारें रजिस्ट्रेशन के लिए लगी रही। भारी संख्या को देखते हुए शिविर में 10 रजिस्ट्रेशन काउंटर, 12 जांच काउंटर, 40 ओपीडी काउंटर और 15 औषधि वितरण काउंटर लगाए गए थे। लगभग 15,600 लोगों ने इस स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाया। समापन समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह डॉ. वीरेंद्र जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ÷परम पूज्य डॉ. हेडगेवार के सपने को साकार करते हुए इस स्वास्थ्य मेले में प्रत्येक आमजन की भागीदारी अपने आप में एक बड़ा कार्य है। गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेले का यह आयोजन अपनी सार्थकता को पूर्ण करता है।÷इसके साथ ही, परिवहन मंत्री दया शंकर द्वारा गुरु गोरखनाथ न्याय को एक बस सेवा के लिए दी गई, जिसका औपचारिक उद्घाटन फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कौशल प्रांत प्रचारक, अवध प्रांत, दया शंकर परिवहन मंत्री, उत्तर प्रदेश चंपतराय सचिव राम जन्मभूमि ट्रस्ट गिरीश पति त्रिपाठी महापौर अयोध्या असीम अरुण राज्य मंत्री, सतीश शर्मा राज्य मंत्री, संजय राय प्रदेश महामंत्री भाजपा वेद गुप्ता (विधायक), डॉ. एम. एल. बी. भट्ट (निदेशक, कल्याण सिंह कैंसर हॉस्पिटल), डॉ. अजय सिंह (एम्स भोपाल), मधुलिका सिंह (अध्यक्ष, मेयो), विराज सागर (चेयरमैन, बाबू बनारसी दास), डॉ. सी. एम. सिंह (निदेशक, राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान बीएचयू), और डॉ. सत्यजीत वर्मा (प्रधानाचार्य, राजर्षी मेडिकल कॉलेज अयोध्या) सहित पांच सौ से अधिक मेडिकल और पैरा मेडिकल से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम पालिसी नं.312463504 में मेरा नाम कविता सिंह दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में सिंह रानी त्रिभुवन अंकित है । कविता सिंह और सिंह रानी त्रिभुवन दोनो ही नाम मेरा है। मुझे सिंह रानी त्रिभुवन के नाम से जाना पहचाना जावे ।

सिंह रानी त्रिभुवन
पुत्री त्रिभुवन सिंह
ग्राम गंभीरा, कटरा गुलाब सिंह,
तहसील- सदर, जिला प्रतापगढ़
हा0 मु0- हाउस नं01450 रूम नं0304, कोपारी गांव सेक्टर नं026 / ए नवी मुंबई थाणे महाराष्ट्, पिन कोड 400703

9452526750, 9839665450,8565970115

**दैनिक लोकमित्र**

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

संक्षिप्त खबरें

## दो दिवसीय रामलीला में श्रीराम जन्म का हुआ मंचन

भुजरख गांव में आयोजित हो रही श्रीराम लीला



**तिंदवारी।** अरसे से गांव में आयोजित होने वाली श्रीराम लीला का लोगों को इंतजार रहता है। दो दिवसीय श्रीराम लीला में शनिवार की रात को कलाकारों ने सुंदर अभिनय करते हुए दर्शकों को भावविभोर कर दिया। श्रीराम जन्म की लीला का मंचन किया गया।

मालूम हो कि विकासखंड की ग्राम पंचायत भुजरख में जय मां काली बगहा समिति के द्वारा दो दिवसीय रामलीला ग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे कलाकारों द्वारा प्रथम दिन राम जन्म का मंचन कीया गया। जिसे देखकर दर्शक पूरी तरह भाव-विभोर हो गए। राजा दशरथ के पुत्र नहीं होते थे तब श्रृंगी ऋषि ने उन्हें एक फल दिया और सभी रानियों को खिलाने का आग्रह किया। फल के सेवन के बाद रानी कौशिल्या ने श्रीराम, रानी सुमित्रा ने लक्ष्मण व शत्रुघ्न, रानी कैकेई ने भरत को जन्म दिया। जिसे जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। जन्म के बाद अयोध्या में बधाई का दौर शुरु रहा और सभी ने एक-दूसरे को बधाईयां दी। भगवान राम का जन्म होते ही बधाइयां गाई गई और फूलों की वर्षा हुई। रामलीला आयोजन में देवराज सिंह पटेल,दिनेश पटेल ,राजा भैया श्रवण द्विवेदी, महेश सिंह ,दयाराम यादव ,ज्ञान सिंह पटेल, उमेश यादव ,कमेटी के सदस्य व्यवस्था में मौजूद रहे।

## जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने एडीएम के खिलाफ खोला मोर्चा, अनशन शुरू



**बांदा।** जनता दल युनाइटेड महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल ने अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अनशन शुरू कर दिया है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने एडीएम पर भ्रष्टाचार के साथ ही अभद्रता करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच कराने और कार्रवाई की मांग की है। अनशनकारी जदयू नेत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि एडीएम लंबे समय से जिले में पदस्थ हैं और वह अवैध खनन को बढ़ावा दे रहे हैं। उनकी कॉल डिटेल और व्हाट्सएप चैट की जांच कराई जाए, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि उनका खनन माफियाओं से क्या संबंध है और किस स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इसके अलावा यह भी आरोप है कि वे अपने पद का दुरुपयोग कर सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी की जाती है। जदयू नेता ने केंद्र सरकार से मांग की है कि एडीएम राजेश कुमार वर्मा और उनके रिश्तेदारों की संपत्तियों की गहन जांच सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराई जाए। आरोप लगाया कि एडीएम ने 28 फरवरी को एक महिला कार्यकर्ता से अभद्रता की। इसके अलावा अन्य आरोप भी जदयू नेता ने एडीएम पर लगाए हैं। इस पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि उन पर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।

## सड़क हादसों में 10 लोग हुए जखमी, चार घायल किए गए रेफर

**बांदा।** अलग-अलग हुए सड़क हादसों में 10 लोग जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व एम्बुलेंस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरो ने चार घायलों की नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम बल्लान निवासी 18 वर्ष शिवम बोलेरो गाड़ी से गांव के ही 28 वर्षीय अभिराम, 21वर्षीय अनुज शुक्ला,25वर्षीय विकास दीक्षित, 24वर्षीय अनूप के साथ चित्रकूट से निमंत्रण कर घर वापस लौट रहे थे।तभी झांसी-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर ग्राम रसिन के पास अनियंत्रित हो बोलेरो पलट गई।जिससे बोलेरो सवार पांच लोग घायल हो गये।एंबुलेंस ने घायलो को सीएचसी में भर्ती कराया।दूसरी घटना मे ग्राम पियार निवासी 28 वर्षीय बालेश्वर मोटरसाइकिल से बाजार आ रहा था।तभी रास्ते मे बाइक अन्ना जानवर से टकरा गयी।एक अन्य घटना मे ग्राम तुर्रा निवासी 28 वर्षीय निर्मल गांव के ही 22 वर्षीय साहिल व 29 वर्षीय अभिलाष के साथ बाइक द्वारा बदौसा से आ रहे थे।तभी तुर्रा पुल के पास ई रिक्शा से उतर रही 29वर्षीया सियापति को टक्कर मार दी।जिससे तीनो बाइक सवार व महिला घायल हो गई।पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत होने पर डाक्टर ने अनुज,विकास,सियापति व अभिलाष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसों की खबर पाकर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## शिकायत करने पर मारपीट, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**बांदा।** चकरोड से अतिक्रमण की शिकायत करने पर दबंगों ने गाली गलौज, मारपीट करते हुये निर्मित पिलर तोड़ दिए। बिसंडा के ग्राम डभनी निवासी बेटा प्रसाद बीते मंगलवार को भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 402 में गढ्ढा खोद पिलर कर रहा था। तभी गांव के ही रामेश्वर अपने भाइयो जागेश्वर, कल्लू, लल्ला, राममनोहर अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर हाथों में लाठियों व डण्डे लेकर आये और बेटा प्रसाद के साथ गाली गलौज करते हुये हमला कर मारपीट करने लगे। उक्त दबंग गांव की चकरोड गाटा संख्या 405 में कब्जा कर रहे थे, जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से बीते 22 जनवरी को पीड़ित ने किया था, जिसके बाद राजस्व टीम ने अवैध कब्जा हटवाया था, फिर उसके बाद उक्त दबंगों ने चकरोड पर कब्जा कर लिया, जिसके बाद मंडलायुक्त से शिकायत की गई थी। मंडलायुक्त के निर्देश पर दोबारा 22 फरवरी को अतिक्रमण हटवाते हुए सीमांकन किया गया था। उसके बाद से उपरोक्त सभी दबंग आक्रोशित रहने लगे और मारपीट की। बिसंडा थानाध्यक्ष सुरेश सैनी ने कहा क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।मामले की जांच की जा रही है।

## पांच जुआरी गिरफ्तार, नगदी बरामद

**अतर्रा।** कोतवाली पुलिस ने जुए के अड्डे पर छापा मारकर पांच लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उनके पास से नकद 4450 रुपये और 52 ताश के पत्ते बरामद हुए। कोतवाली के एसआई प्रेमपाल सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 28 फरवरी की देर रात को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लुधौरा माइनर पुलिया के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। जिस पर प्रभारी कुलदीप तिवारी के निर्देश तथा उनकी अगुवाई में एसआई दीपक सैनी, एसआई प्रदीप सोनी, एसआई सोनू त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर पांच आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में राजेन्द्र कुशवाहा, हरीबाबू कुशवाहा, हरिओम कुशवाहा, प्रमोद विश्वकर्मा और बृजेन्द्र चौरिहा शामिल हैं। कोतवाली पुलिस ने मौके से बरामद रुपये को सील कर गिरफ्तार पांच लोगों के खिलाफ जुआं अधिनिय के तहत कार्यवाही करके रिपोर्ट दर्ज की है।

# विशाल स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन,15,600 लोगों ने लिया लाभ

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** रामनगरी के अवध इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में आज एक विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अवध प्रांत श्रीमान कौशल जी, डॉ. अनिल मिश्रा, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य, महापौर अयोध्या महंत गिरीश पति त्रिपाठी, महंत वैदेही वल्लभ शरण , महंत जय राम दास , कृपालु राम भूषण दास , विधायक रामचंद्र यादव, विधायक चंद्रभान पासवान, और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेले का आयोजन प्रातःकाल से ही शुरू हुआ, और मरीजों की लंबी कतारें रजिस्ट्रेशन के लिए लगी रही। भारी संख्या को देखते हुए शिविर में 10 रजिस्ट्रेशन काउंटर, 12 जांच




काउंटर, 40 ओपीडी काउंटर और 15 औषधि वितरण काउंटर लगाए गए थे। लगभग 15,600 लोगों ने इस स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाया। समापन समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह डॉ. वीरेंद्र जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ÷परम पूज्य डॉ. हेडगेवार के सपने को साकार करते हुए इस स्वास्थ्य मेले में प्रत्येक आमजन की भागीदारी अपने आप में एक बड़ा कार्य है। गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेले का यह आयोजन अपनी सार्थकता को पूर्ण करता है।÷इसके साथ ही, परिवहन मंत्री दया शंकर द्वारा गुरु गोरखनाथ न्याय को एक बस सेवा के लिए दी गई, जिसका औपचारिक उद्घाटन फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कौशल प्रांत प्रचारक, अवध प्रांत, दया शंकर परिवहन मंत्री, उत्तर प्रदेश चंपतराय सचिव राम जन्मभूमि ट्रस्ट गिरीश पति त्रिपाठी महापौर अयोध्या असीम अरुण राज्य मंत्री, सतीश शर्मा राज्य मंत्री, संजय राय प्रदेश महामंत्री भाजपा वेद गुप्ता (विधायक), डॉ. एम. एल. बी. भट्ट (निदेशक, कल्याण सिंह कैंसर हॉस्पिटल), डॉ. अजय सिंह (एम्स भोपाल), मधुलिका सिंह (अध्यक्ष, मेयो), विराज सागर (चेयरमैन, बाबू बनारसी दास), डॉ. सी. एम. सिंह (निदेशक, राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान बीएचयू), और डॉ. सत्यजीत वर्मा (प्रधानाचार्य, राजर्षी मेडिकल कॉलेज अयोध्या) सहित पांच सौ से अधिक मेडिकल और पैरा मेडिकल से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## चाणक्य परिषद की बैठक मे ब्राह्मण बटुकों का निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार कराने का निर्णय

**अयोध्या।**अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी के नेतृत्व में संपन्न दर्शन नगर सूर्यकुंड पर बैठक में आगामी 23 एवं 24 मार्च को ब्राह्मण बैठकों का निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार करने का निर्णय लिया गया जिसमें अधिक से अधिक समाज के नवयुवकों एवं ब्राह्मण बटुको को संस्कारवान बनाने का निर्णय परिषद द्वारा लिया गया। यह कार्यक्रम परिषद द्वारा लगातार 3 दशकों से चलाया जा रहा है।अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लषणधर त्रिपाठी व संचालन जिला प्रवक्ता दुर्गा प्रसाद मिश्र एडवोकेट ने किया।बैठक के मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी तथा विशिष्ट आतिथ्य राष्ट्रपति पुरस्कृत डॉक्टर शिवकुमार मिश्र चाणक्य धारा के संपादक डॉ राम तेज पांडेय रहे।स्थापना दिवस 14 जनवरी 2025 की उपस्थित सभी ने भूर भूर प्रशंसा की जिला कोषाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने विस्तार से लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 23 व 24 मार्च रविवार सोमवार को धूमधाम से संपन्न करने का संकल्प लिया । बैठक मे प्रयाग दत्त तिवारी रामचरित्र पांडे देवेंद्र पांडे ज्वाला प्रसाद दुबे अशोक कुमार तिवारी देवेंद्र कुमार मिश्र देवी प्रसाद दुबे रामजन्म पांडे श्रीकांत द्विवेदी जगदीश चंद्र मिश्र राम तिलक पांडे डॉ रामकृष्ण तिवारी उमाशंकर तिवारी विनोद तिवारी करुणा निधान तिवारी चंद्रशेखर पांडे परमानंद पाठक पंडित राम सुरेंद्र मिश्र दिनेश कुमार मिश्र प्रभाशंकर पांडे दीपांशु दुबे वृषकेतु पांडे राजेंद्र प्रसाद तिवारी दुख हरण शुक्ल गोकुल शुक्ल कंचन तिवारी कृष्ण प्रसाद तिवारी अजीत कुमार तिवारी अजय तिवारी विक्रमजीत तिवारी सूरज तिवारी सत्यम तिवारी द्वारिका प्रसाद पांडे राम भरत पांडे अंबिका प्रसाद तिवारी गोविंद राम तिवारी जयशंकर तिवारी डॉक्टर ऋषि कुमार अमित कुमार पांडे आदि अपने विचार रखें। बैठक में सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## आंखें प्रकृति की अनमोल धरोहर हैं- राम खेलावन

**अयोध्या।** विकास खण्ड तारुन के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवारीचतुरपुर में रविवार को एक बार फिर विशाल निःशुल्क ने चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ । जिसमें लगभग 545 से मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराकर नेत्र परीक्षण कराया । इस दौरान निःशुल्क दवा और चश्मा भी प्रदान किया गया । कार्यक्रम के आयोजक हरिशचन्द्र निषाद ने बताया कि यह इस सीजन का उनका सातवां कैंप है । शिविर में मरीजों को उनकी तरफ से निःशुल्क जांच, दवा, चश्मा वितरित किया गया । लगभग 6 दर्जन मोतियाबिंद के मरीजों को अयोध्या आई हॉस्पिटल मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु एम्बुलेंस की सहायता से ले जाया गया । जिसमें लगभग 26 महिलाएं शामिल हैं । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकापुर नायब तहसीलदार श्री रामखेलावन ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया । उन्होंने कहा कि आंखें प्रकृति की अनमोल धरोहर हैं । हम सभी को इसको बचाए रखना चाहिए । कैंप अयोध्या आई हॉस्पिटल के सौजन्य से लगाया गया ।

## अवध विवि: कुलपति ने 04 मार्च स्वर्ण जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर संयोजकों व अधिकारियों के साथ समीक्षा की

- स्वर्ण जयंती समारोह में मिलेट्स, पेंटिंग व विभिन्न विभागों के शैक्षिक यात्रा की लगेगी प्रदर्शनी
- राज्यपाल व कुलाधिपति आनन्दीबेन व राज्यमंत्री रजनी तिवारी के हाथों सम्मानित होंगे विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय स्थापना के 04 मार्च को 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती दिवस समारोह को लेकर परिसर को सजाया गया। कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में रविवार को पूर्वाह्न एवं अपराह्न कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में समिति के संयोजकों के साथ स्वर्ण जयंती की भव्यता के लिए समिति के संयोजकों एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। इसके अलावा कुलपति ने अधिकारियों के साथ मुख्य परिसर एवं स्वामी विवेकानन्द सभागार की समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न स्थलों का



निरीक्षण किया। बैठक में कुलपति ने 23 समिति के संयोजकों से समारोह की तैयारियों को लेकर क्रमवार समीक्षा करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती भव्य होगी। सभी समितियां देररात तक कार्य को पूर्णतः निष्पादित करें। जिससे दिवस के दिन समारोह को भव्यता मिल सके। कुलपति ने बताया कि स्वर्ण जयंती को यादगार बनाने के लिए आवासीय परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें परिसर व सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। इन प्रतिभागी विजेताओं को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल व मुख्य अतिथि राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी द्वारा प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि स्वर्ण जयंती को आकर्षक बनाने के लिए परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई जा रही है जिसके लिए तीन दर्जन स्टॉल लगाये जा रहे है। इन स्टॉलों में 26 से अधिक मिलेट्स के व्यजन होंगे। वहीं विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के पेंटिंग की प्रदर्शनी होगी। बैठक में कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय की शैक्षिक यात्रा को प्रदर्शित करने के लिए कॉफी टेबल बुक निकाली जा रही है। इस संबंध में प्रगति की जानकारी समिति से प्राप्त की। बैठक में प्रो0 गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गॉव के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई थी। इन बच्चों को भी राज्यपाल के हाथों पुरस्कृत किया जायेगा। इसके अलावा आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इनकी सूची को अंतिम रूप देने के लिए समिति के संयोजक को निर्देशित किया। बैठक में कुलपति ने स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक, पेंटिंग, योग, स्पोर्ट्स व अन्य प्रतियोगिता के विजेता के नामों की समीक्षा की और इन विजेताओं व प्रतिभागियों को सोमवार को 12 बजे स्वर्ण जयंती समारोह के पूर्वाभ्यास में शामिल होने के लिए समिति के संयोजक को निर्देशित किया।

बैठक के उपरांत कुलपति ने अधिकारियों एवं संयोजकों के साथ मुख्य परिसर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। स्टॉल लगाये जाने व आंगन्तकों के परिसर में आने जाने वालों स्थलों को मुआयना किया। कार्य को अंतिम रूप देने का निर्देश प्रदान किया। इसके बाद स्वामी विवेकानन्द सभागार का जायजा लिया। वहां उन्होंने सीटिंग प्लान व मंचव्यवस्था को दुरूस्त कराने का निर्देश प्रदान किया। निरीक्षण के समय कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर को प्रकाशमय करने व सजाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। बैठक में वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 अनूप कुमार, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, निजी सचिव राजीव त्रिपाठी, गिरीशचंद पंत सहित अन्य मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन, युवाओं में बढ़ी जागरूकता



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर एवं रक्तदान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में रक्तदान करने आए रक्तवीरों को ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेंद्रा द्वारा अंगवस्त्र भेंट किया गया, और प्रथम रक्तदानी को चांदी का सिक्का प्रदान किया गया।पूर्व विधायक जय शंकर पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कलयुग में सबसे बड़ा दान रक्तदान है। उन्होंने युवाओं से रक्तदान को बढ़ावा देने की अपील की। संकल्प संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आशीष पाण्डेय दीपू ने कहा कि अयोध्या के युवाओं और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रयासों से रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है, जिसके कारण अब ब्लड बैंक में साल भर में 500 यूनिट से ज्यादा रक्तदान हो रहा है।इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष एकता टंडन, समाजसेवी भारती सिंह, डॉ. प्रतीक भज्जा, मनीष मौर्य, राज कुमार जायसवाल सहित 25 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. जावेद अख्तर और डॉ. सीता राम अग्रवाल ने रक्तदाताओं को सम्मान पत्र देकर उनका सम्मान किया।कार्यक्रम में अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेंद्रा, राम बहल जी, भारती सिंह, डॉ. जावेद अख्तर, डॉ. सीता राम अग्रवाल, एकता टंडन, डॉ. प्रतीक भज्जा, मनीष मौर्य और अन्य कई सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## अवध विवि: कुलपति ने स्वर्ण जयंती चेतना पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

स्वर्ण जयंती चेतना पदयात्रा में छात्र-छात्राओं ने आम जनमानस को किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को प्रातः 9 बजे स्वर्ण जयंती चेतना पदयात्रा निकाली गई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने हरी झंडी दिखा यात्रा को रवाना किया जिसमें विभिन्न विभागों के पांच सौ से अधिक छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल रहे। इस चेतना पदयात्रा में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने सबका अधिकार, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ, वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ के साथ वंदे मातरम् और जय हिंद का उद्घोष किया। इस पदयात्रा में स्थानीय लोग भी नारे लगाते दिखाई पड़े। यह यात्रा अवध विश्वविद्यालय परिसर, नाका चुंगी होते हुए मकबरा से वापस विश्वविद्यालय पहुंची जिसमें स्थानीय पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग



रहा।

मौके पर विश्वविद्यालय प्रशासन और मेडिकल स्टाफ भी मौजूद रहा। इस पदयात्रा में कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो.एस.एस. मिश्रा, प्रो.नीलम पाठक, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. चयन मिश्रा, प्रो. शैलेंद्र वर्मा, प्रो. गंगा राम मिश्रा, प्रो. मृदुला मिश्रा, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. विनोद श्रीवास्तव, प्रो. फारुख जमाल, प्रो. मृदुला मिश्रा, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 अवध नरायन, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ. प्रिया कुमारी, डॉ. विजयेन्दु, डॉ. निमिष मिश्रा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. रविन्द्र भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, एनसीसी कैडेटस एवं छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# छात्र-छात्राओं ने नाट्य प्रस्तुत कर मोह लिया मन



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** अतर्रा डिग्री कॉलेज में शैक्षणिक प्रतियोगिताओं के साथ ही विभिन्न नाटकों का मंचन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने तमाम पात्रों का अभिनय करते हुए समा बांध दी। महाभारत के प्रसंगों के साथ ही अन्रू नाटकों का मंचन किया गया। लोगों ने छात्र-छात्राओं के अभिनय को खूब सराहा। महाभारत प्रसंग का मंचन करने के दौरान दुर्योधन की भूमिका में एमएड के छात्र अभिषेक गुप्ता ने अभिनय किया। युधिष्ठिर की भूमिका दीपनारायण ने निभाई। कर्ण की भूमिका में सुदीप्ति प्रकाश ने संवादों से ध्यान आकर्षित किया। दुःशासन बने कौशकी शिवहरे ने मंच पर प्रभाव छोड़ा। शकुनि की भूमिका में पुष्पेंद्र कुमार ने अपने संवादों से माहौल जीवंत किया। भीष्म पितामह की भूमिका राम निहोर ने अदा किया जिन्होंने प्रभावी संवाद अदायगी से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। श्रीकृष्ण का अभिनय छात्रा कोमल सिंह ने किया। द्रौपदी की भूमिका में एमएड की छात्रा नम्रता ने सशक्त अभिनय कर नाटक को यादगार बना दिया।

नाट्य मंचन के अलावा वाद-विवाद, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गई, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उनका हौसला बढ़ाया गया।

## पुलिस ने सात वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे सात वारंटी अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया। अतर्रा थाना पुलिस ने महेश कुमार गुप्ता पुत्र कामता प्रसाद निवासी कस्बा थाना अतर्रा, नरेश पुत्र रामहित नि0 नगनेधी, शिशिर गुप्ता उर्फ छंगू पुत्र स्व. घनश्याम गुप्ता नि0 सुभाष नगर अतर्रा, बिल्लू उर्फ राजकुमार पुत्र अंशू यादव निवासी ग्राम आऊ थाना अतर्रा, जगप्रसाद पुत्र शिवबली निवासी ग्राम आऊ थाना अतर्रा, नरैनी कोतवाली पुलिस ने रामपाल पुत्र राजाराम निवासी भावंरपुर थाना नरैनी और बिसंडा थाना पुलिस ने लल्ला पुत्र भोला निवासी चौसड़ थाना बिसंडा को गिरफ्तार किया है।

## आरोग्य मेले में नहीं पहुंचे डाक्टर, परेशान रहे मरीज



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालिंजर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। क्षेत्र के दो सैकड़ा से ज्यादा मरीज जुटे। लेकिन वहां पर चिकित्सक मौजूद न होने की वजह से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। डॉक्टर अजय विश्वकर्मा स्वास्थ्य अधीक्षक नरैनी ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. बीके राजपूत की तैनाती है। लेकिन उनकी नरैनी स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी पर ड्यूटी लगा दी गई है। ऐसे में आरोग्य मेले में आए मरीजों को काफी इंतजार के बाद बैरंग वापस लौटना पड़ा। ऐसा पहली बार हुआ है। आरोग्य मेले को स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी तवज्जो नहीं दे रहे हैं। जमकर लापरवाही की जा रही है। मरीज प्रमोद कुमार पुत्र सरयू प्रसाद निवासी कालिंजर, जितेंद्र कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद साहू कालिंजर छोटू पुत्र सीताराम निवासी कटरा कालिंजर, खुन्नू पुत्र रामशरण प्रजापति सकतपुर मातादीन कुशवाहा मध्य प्रदेश सतना जिला के गोपाल सागर स्थित आधा सैकड़ा से ज्यादा मरीज पर्चा बनवाकर बैठे रहे। मरीजों ने बताया कि वह बीमार हैं, लेकिन डॉक्टर साहब मौजूद नहीं है।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# पर्यावरण जीवन का आधार है

लोकमित्र ब्यूरो
**रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर रायबरेली की धनवंतरि शाखा बस्ती क्षेत्र अहियारायपुर द्वारा प्रातःकालीन सैकड़ों स्वयंसेवकों द्वारा घर घर जाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। हर व्यक्ति को अपने जीवनकाल में ज्यादा से ज्यादा फलदार छायादार, आयुर्वेदिक पेड़ लगाना चाहिए। वैश्विक तापमान के कारण आज हमारी धरती का हर साल तापमान बढ़ता जा रहा है। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। समुद्री क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का जीवन आज संकट में है, शहर और द्वीप डूब रहे है। पानी के अभाव में सूखा ग्रस्त और जमीन बंजर हो रही है। उपरोक्त बाते अतुल सिंह शाखा कार्यवाह ने कहीं।केसी सोनकर ने कहा कि रासायनिक खाद के कारण किसानों की जमीन कम उपजाऊ हो गई है। पेस्टीसाइड के



अत्यधिक उपयोग से आज सारे खाद पदार्थ जहरीले हो रहे है। जिसका प्रभाव आम जनमानस पशुओं पर गहरा संकट मडरा रहा है। रासायनिक खाद के स्थान पर जैविक खाद को डालने के लिए जागरूक किया गया। प्रदीप कुमार ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना है। प्लास्टिक का दुष्प्रभाव मनुष्यों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। इसके उपयोग से कैंसर तक की बीमारियां उत्पन्न हो रही है। जानवरों को भी पालीथीन खाने से सैकड़ो जाने जा रही हैं उनका दूध विषैला हो रहा है।जल बचाओ जीवन बचाओ के प्रति भी अहियारायपुर की महिलाओं बच्चो युवाओं बुजुर्गों को जल के दुरुपयोग को लेकर जैसे खुली हुई नल की टोटी, घर की छतों पर रखी हुई पानी की टंकी का ओवरफ्लो करना, पॉलीथीन में चाय देर तक रखने से प्लास्टिक के सूक्ष्म कण चाय में घुल जाते है, प्लास्टिक की बोतल में गर्म पानी पीना आदि को लेकर जागरूक किया गया। उपरोक्त बाते पर्यावरण प्रमुख प्रमोद ने कहीं। उपस्थित स्वयंसेवक संजय अवस्थी(सह नगर कार्यवाह), मुख्य शिक्षक कंस लाल प्रांतीय समरसता विनोद द्विवेदी,, बृजमोहन(सह पर्यावरण प्रमुख), प्रदीप(नगर सह विद्यार्थी प्रमुख), रणविजय सिंह (जिला सोशल मीडिया प्रमुख), हिमेंद्र सिंह(जिला प्रचार प्रमुख) रमेश मौर्या(व्यवस्था प्रमुख), सजल(सह व्यवस्था प्रमुख) राजू मौर्या, विमल श्रीवास्तव(सेवा प्रमुख), सर्वेश सिंह, राजेश मौर्या, मोहन लाल, ओम प्रकाश, अमित तिवारी, शिव कुमार, मुरली श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, डॉ राजकिशोर, विष्णु गुप्ता,डॉ राजेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र मौर्या, विनोद मौर्या, धर्मेंद्र सोनी, सक्षम, राजकमल रस्तोगी, गंगाराम, गोवर्धन सिंह, आस्था सिंह, परी, अवंतिका, समर, जितेंद्र अभिषेक मौर्या आदि लोग जनजागरण रैली में मौजूद रहे।

## पुस्तक मेला का एसपी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो
**रायबरेली।** फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज सभागार परिसर में आयोजित 9 दिवसीय पुस्तक मेला का पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन किया। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास के संयोजक गौरव अवस्थी ने अपनी लिखी पुस्तक श्रुति-स्मृति-स्मरण उत्तरोत्तर एसपी को भेंट की। रविवार को दोपहर लगभग 1 बजे पहुंचे एसपी ने पुस्तक मेले का औपचारिक उदघाटन करने के बाद पुस्तक मेला का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जिले में आयोजित 9 दिवसीय पुस्तक मेला एक अच्छा प्रयास है। मेले में विभिन्न प्रकार की धार्मिक और, बच्चों से संबंधित पुस्तकें भी उपलब्ध हैं। अपराध को रोकने से संबंधित जागरूकता तमाम विषयों पर पुस्तकें स्टाल पर उपलब्ध हैं। छात्र-छात्राओं को किताबों को



पढ़ने पर जोर देते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मोबाइल से आंखों को नुकसान पहुंचता है और मानसिक तनाव भी बढ़ता है। इससे बचने के लिए पुस्तकों को पढ़ने पर ज्यादा ध्यान दें। उन्होंने उद्घाटन के बाद गौरव अवस्थी के द्वारा उत्तरोत्तर(2022 के द्विवेदी मेले पर संस्मरणात्मक किताब) के विमोचन की सराहना की। एसपी ने पुस्तक मेला के आयोजन की प्रशंसा की। इस अवसर पर स्मृति न्यास के संरक्षक विनोद शुक्ला, अनिल मिश्र, विनय द्विवेदी, राजीव भार्गव, सहसंयोजक करुणा शंकर मिश्र, अमर द्विवेदी, सुधीर द्विवेदी, घनश्याम मिश्र, क्षमता मिश्रा, मनोज मिश्र, राम बाबू मिश्र, राजेंद्र सिंह राजन, ब्रजेश नाथ त्रिपाठी, सर्वेश त्रिपाठी, केशवानंद शुक्ला, दुर्गेश सिंह, दुर्गेश पांडेय, अमित सिंह, विक्रांत गुप्ता, वरुण देव उपस्थित रहे।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के रथ यात्रा को सफल बनाने को लेकर चर्चा 15 मार्च को लखनऊ से प्रारंभ हो रही है रथ यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो
**रायबरेली।** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा आगामी 15 मार्च को प्रारंभ होने वाली रथ यात्रा की तैयारियों एवं पार्टी के विस्तार को लेकर शहर के एक होटल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम चंद्र मौर्य ने की तथा संचालन प्रदेश सचिव घुन्नी मौर्य ने किया। बैठक में विधानसभा से पार्टी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और रथ यात्रा के कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में चर्चा करते हुए स्वामी



प्रसाद मौर्य के भ्रमण के दौरान स्वागत किए जाने वाले क्षेत्रों और रथ यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा, रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के बारे में भी चर्चा की गई। यह रथ यात्रा अपनी जनता पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य पार्टी के विचारों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शत्रुघ्न मौर्य, राजेश यदुवंशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अजय लक्ष्मी गौतम, सलोन विधान सभा अध्यक्ष रमेश मौर्य, सरेनी विधान सभा अध्यक्ष सुमित कुमार, ऊंचाहार विधान सभा मथुरा पासवान, शुशील मौर्य, राजेंद्र मौर्य, दिलीप मौर्य,आर बी मौर्य टिंकू आदि महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

## शिक्षक विनीत श्रीवास्तव और प्रीति सक्सेना के शोध पत्र राष्ट्रीय स्तर पर चयनित, शिक्षकों ने जताई प्रसन्नता

लोकमित्र ब्यूरो
**रायबरेली।** लालगंज एक कहावत है कि यदि कुछ करने का जुनून हो तो मंजिल अवश्य मिलती है। जनपद रायबरेली के दो शिक्षकों विनीत श्रीवास्तव और प्रीति सक्सेना के शोध पत्र राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए हैं। भारतीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी संस्थान प्रयागराज द्वारा ष्उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन का विश्लेषण विषय पर आधारित राष्ट्रीय सेमिनार के लिए शोध पत्र आमंत्रित किए गए थे जिसमें दोनों शिक्षकों का शोध पत्र अंतिम रूप से चयनित कर दिया गया है। वास्तव में उच्च प्राथमिक



विद्यालय के शिक्षकों के शोध पत्र राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होना बहुत बड़ी बात है लेकिन लगन और लगातार अध्ययन से कुछ भी संभव है। बताते चले कि इसके पूर्व भी



विनीत श्रीवास्तव का शोध पत्र के के पी जी कॉलेज इटावा में ष्पर्यावरणीय तनाव और इसके दुष्परिणाम विषय पर आधारित राष्ट्रीय सेमिनार के लिए चयनित हो चुका है। राष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र चयनित होने पर प्रीति सक्सेना ने बताया कि ऐसे विषय पर अपने विचारों को संकलित करने से सोचने की क्षमता में वृद्धि होती है तथा आत्म विश्वास बढ़ता है। विनीत श्रीवास्तव उच्च प्राथमिक विद्यालय खैरहना में सहायक अध्यापकऔर प्रीति सक्सेना उच्च प्राथमिक विद्यालय पहरेमऊ में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात है।शिक्षकों के चयन पर विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ शिक्षक रश्मि श्रीवास्तव, गौरव शर्मा, रक्षित यादव, आरती, कंचन, दीप्ति आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## पति की दूसरी शादी करने की गुहार लेकर पहुंची महिला थाने

लोकमित्र ब्यूरो
**रायबरेली।** सलोन साहब मेरा पति दूसरी शादी करने जा रहा है, प्लीज मेरे सुहाग को उजड़ने से बचा लीजिए नही तो मेरा संसार तबाह हो जाएगा। पुलिस के पास जब फरियाद लेकर पीड़ित महिला ने न्याय की गुहार लगाई तो खाकी ने महिला की शिकायत को अनसुना कर उसे बीच मझधार में छोड़ दिया है। रविवार को सलोन कोतवाली पहुँची पीड़ित महिला निवासी बाबूगंज, उंचाहार ने बताया कि उसने इटौरा बुजुर्ग ऊंचाहार निवासी युवक से 26 अप्रैल 2024 को नलिनेश्वर महादेव मंदिर कैसरबाद लखनऊ में रजिस्टर्ड अग्नि को साक्षी मानकर विवाह किया है।लेकिन उसके पति ने कुछ दिन पूर्व उसे घर से निकाल दिया था।महिला ने बताया कि उसे बता चला है कि उसका पति सलोन की एक लड़की से एक होटल में रविवार को विवाह करने जा रहा है। महिला ने बताया कि जब वह अपना परिवार बचाने की गुहार लगाने के लिए पुलिस के पास गई तो उसकी बातों को पुलिस ने बकवास करार देते हुए ऊंचाहार पुलिस से शिकायत दर्ज कराने की सलाह दे दी। महिला ने बताया कि उसका पति सलोन की लड़की से सलोन में शादी रचाने की तैयारी कर रहा है। और पुलिस उसे ऊँचाहार थाने भेजकर कही न कही आरोपी पक्ष की मदद कर रही है। महिला ने कहा कि जबतक न्याय नही मिलेगा थाने की चौखट नही छोड़ कर जाऊंगी।

इस सम्बंध में सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए सलोन पुलिस को निर्देशित किया गया है।घटना की जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

## योग के बिना मानव जीवन अधूरा है-प्रदीप पांडेय

लोकमित्र ब्यूरो
**रायबरेली।** योग वर्तमान युग में किसी चमत्कार से कम नहीं है। आज संयुक्त राष्ट्र संघ के सभी 195 देशों में योग लागू हो चुका हैं। योग की उत्पत्ति मूलतः भारत में ही हुई। देवों के देव महादेव ने समस्त ऋषियों को योग का ज्ञान दिया उसके बाद समस्त सृष्टि में योग का विस्तार हुआ। जनपद के समस्त नागरिकों को योग करने के लिए प्रेरित किया जाता है। विगत 2 वर्षो से संस्था लोगो के स्वास्थ्य क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। अभी तक संस्था द्वारा योग शिविर नगर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में,कौशल विकास संस्थान, जिला कारागार, इण्टर कॉलेज, पार्क, स्टेडियम, गांव कस्बों में किया जा चुका हैं। 21 जून विश्व योग दिवस पर कार्यक्रम वृहद स्तर पर किया जाता है। जिसमें जनपद के वरिष्ठ संभ्रांत लोगों को



आमंत्रित किया जाता है।उपरोक्त बाते संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने कही। योगाचार्य बृजमोहन ने कहा कि जो लोग समाज के लिए, देश के लिए, राष्ट्र के लिए जीते हैं, उनके नाम के आगे महा या महान शब्द जुड़ जाया करता है। वैसे देवताओं के नाम में सिर्फ देव लगा है लेकिन महादेव के नाम में महा शब्द जुड़ा है। इसीलिए 24 घंटे में थोड़ा समय दूसरों की सेवा के लिए अवश्य निकाले। योग शिविर में आने वाले साधकों को योग व्यायाम,सूर्य नमस्कार का अभ्यास, विभिन्न आसनों का अभ्यास, मुद्राएं, गुरु वंदना, ओम का उच्चारण,सांसों को साधने के लिए प्राणायाम जैसे भस्त्रिका, अनुलोम विलोम, भ्रामरी उद्गीत, त्रिबंध, शांभवी मुद्रा, उज्जयी, योगनिद्रा एवं मानसिक शान्ति के लिए पूर्णतया होकर मौन का सामूहिक संगीतबद्ध ध्यान और विश्व के मंगल के लिए शांति पाठ कराया जाता है। जो लोग समाज के लिए देश के लिए राष्ट्र के लिए जीते हैं उनके नाम के आगे महा या महान शब्द जुड़ जाया करता है। वैसे देवताओं के नाम में सिर्फ देव लगा है लेकिन महादेव के नाम में महा शब्द जुड़ा है। इसीलिए 24 घंटे में थोड़ा समय दूसरों की सेवा के लिए अवश्य निकाले। उपस्थित साधक आरती (महिला योग प्रशिक्षिका), आदित्य सिंह, पूजा मौर्या, देवता दीन यादव,आंशिका, जतन प्रसाद,कामिनी, आदि लोग मौजूद रहे।

## बाइक सवार युवक की मोटर साइकिल सड़क किनारे लगे 33 केवी लाइन से टकरा

लोकमित्र ब्यूरो
**रायबरेली।** महराजगंज बारात जा रहे चार बाइक सवार युवक की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर टूक गांव के पास सड़क किनारे लगे 33 केवी लाइन से टकरा गई। जिससे एक युवक की मौके पर मौत हो गई वही तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सीएचसी लगाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना शनिवार देर रात की है जहां पूरे हिन्दू मजरे अलाईपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी निवासी कुलदीप(21) पुत्र लक्ष्मीनारायन कृपाशंकर 20, नीरज(16) पुत्रगण हरिशचंद्र और विजय(21) पुत्र राम फेर उपरोक्त चारों एक ही मोटर साइकिल से शिवगढ़ थाना क्षेत्र के मानपुर बारात जा रहे थे तभी शिवगढ़ मार्ग पर इनकी मोटर साइकिल टूक गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क की बाई ओर लगे 33केवी के खंभे से टकरा गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा चारों घायल युवकों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया अन्य तीनों का प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## युवाओं के सुनहरे भविष्य से खिलवाड़ कर रही सरकार-इं.वीरेन्द्र यादव

लोकमित्र ब्यूरो
**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर सदर रायबरेली विधानसभा क्षेत्र के रायपुर करकटी में पीडीए चर्चा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि पीडीए कार्यक्रमों के माध्यम से पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं को उनके हक अधिकार एवं सम्मान के प्रति जागरूक करना है। सरकार का दायित्व एवं कर्तव्य है कि बेसहारा बेरोजगार को रोजगार देकर उनको खुशहाल बनाये, छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षा से दक्ष बनाने हेतु कंप्यूटर, लैपटॉप एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क कोचिंग, लाइब्रेरी आदि की व्यवस्था करें,सेवायोजन के माध्यम से सरकारी



एवं गैर सरकारी संस्थानों में आरक्षण के माध्यम से पारदर्शिता के साथ अधिक से अधिक रोजगार सृजित कराये परन्तु भाजपा सरकार की गलत नीतियों से देश में रोजगार का संकट है बेरोजगारी से लोगों का जीवनयापन कठिन हो गया है उच्च शिक्षा प्राप्त युवा निराश एवं अवसाद में है।डबल इंजन की बीजेपी सरकार सिर्फ लुभावने नारे देकर युवाओं के सुनहरे भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। बीजेपी देश एवं प्रदेश के लोगों का ध्यान धार्मिक आयोजन कर मूलभूत सुविधाओं से भटकाने में माहिर है। बछरावा विधायक श्याम सुन्दर भारती ने बँकागढ़ में आयोजित पीडीए पंचायत में कहा कि भाजपा सरकार लगातार किसानों मजदूरों महिलाओं की उपेक्षा कर रही है खेती की लागत बढ़ गयी परन्तु उपज का मूल्य नहीं बढ़ा किसान दुःखी एवं असहाय है। कार्यक्रम को डा. शशिकांत शर्मा, विनायक सोनकर, मुनेश्वर पासी, ओपी यादव, दिनेश यादव, धर्मेंद्र धाकड़, जेपी यादव, हसीन अहमद, अरुण प्रताप पप्पू यादव, आफ्ताब अहमद, विजय बहादुर सिंह, ब्रजेंद्र चौधरी, सत्तेश गौतम, राकेश यादव, कल्लू चौधरी, जगदेव यादव, राजेश मौर्या, मो.मुशीर, पुत्तन सिंह यादव, लवकुश मौर्य, चन्द्रप्रकाश आजाद, राधेश्याम लोधी, मोहित यादव आदि ने जनपद के अनेकों सेक्टरों में पीडीए की जनपंचायतों को सम्बोधित कर पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं आधी आवादी की एकजुटता पर बल दिया।

उपस्थित लोगों ने समाजवादी पार्टी सरकार में हुए कार्यो को याद किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही सभी ने आगामी चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

## गोकशी के आधा दर्जन अभियुक्तो के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत की कार्रवाई

लोकमित्र ब्यूरो
**रायबरेली।** सलोन पुलिस ने गोकशी के एक बड़े गिरोह पर बड़ी कार्यवाही करते हुए आधा दर्जन अभियुक्तो के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सलोन कोतवाली पुलिस ने गैंगलीडर शाह मोहम्मद समेत 6 लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि यह गिरोह रात के अंधेरे में प्रतिबंधित पशुओं को चुराकर उनकी ट्रकों से तस्करी करते थे। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही गौतस्करी को लेकर हिन्दू संगठन पूरी तरह से लामबंद हो गए थे। धरई,बाराडीह,बिसाइया गांव में बड़े स्तर पर चल रही गौतस्करी का हिन्दू संगठन ने भंडाभोड़ किया था। गौतस्करो के सँगठित गिरोह जौनपुर का सलोन से सीधा कनेक्शन होने से पुलिस की रातों की नींद उड़ी हुई थी।हाल ही में कोडरी गांव में गौतस्करों के विरोध में ग्रामीण लामबंद हुए थे। जिसके बाद तस्कर की ट्रक में ग्रामीणों ने तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने घटना के सम्बंध में मुकदमा दर्ज कर जौनपुर तस्कर की धरपकड़ के लिए टीम गठित कर दी है। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद मु0अ0सं0-394ध्24 धारा 3ध्5खध्8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशुक्रूरता के तहत कार्रवाही की गई है।

कोतवाली प्रभारी जितेंद सिंह ने बताया कि नौ फरवरी को पुलिस ने गैंगलीडर शाह मोहम्मद उर्फ सल्लन पुत्र मोहम्मद करीम निवासी पटैला खुटहन जनपद जौनपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया था। जबकि दो महीने पूर्व चन्दन सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी ग्राम पूरे भुवामजरे सनही थाना भदोखर, रामचन्दर रैदास पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम पूरे मचल मजरे बराडीह,सोनू यादव पुत्र सुन्दरलाल निवासी ग्राम पूरे मचल मजरे बराडीह, राकेश पासी पुत्र शिवदयाल निवासी ग्राम सनही थाना भदोखर, रामगोपाल उर्फ गोपाल रैदास पुत्र शीतला प्रसाद निवासी पूरे मचल मजरे बाराडीह के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गोवध जैसे संगीन अपराध में संलिप्त होने के कारण इन सभी के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट लगाया गया है।

## होली व रमजान के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो
**रायबरेली ।** सलोन कोतवाली परिसर में होली व रमजान के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें दोनों समुदाय के लोग उपस्थित रहे। प्रशासन ने बैठक में मौजूद दोनों समुदाय के लोगों से आपसी भाईचारे के साथ होली व रमजान के पवित्र त्योहार को मनाने की पुरजोर अपील की गयी। ताकि किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था न उतपन्न हो सके। सलोन कोतवाली में होली और रमजान के त्यौहार को लेकर उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आहूत की गयी। क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने लोगो से शांति प्रिय ढंग से होली व रमजान के त्योहार को मनाने की अपील की।वही नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्र शेखर रस्तोगी ने कहा कि होली और रमजान के इस पवित्र त्योहार पर नगर को साफसफाई व्यवस्था से दुरुस्त रखा जाएगा। नगर वासियों को जंहा कही नगर पंचायत की व्यवस्थाओं की जरूरत हो वह निःसंकोच वह अपनी शिकायत नगर पंचायत कार्यालय में दर्ज कर सकता है।कोतवाली प्रभारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी पुलिस मित्रों एवं संभ्रांत लोगों का दायित्व बनता है। कि शांतिपूर्वक होली ,रमजान के पर्व को संपन्न कराएं तथा संप्रदायिक सौहार्य को कायम रखने में प्रशासन का सहयोग करेद्य उन्होंने कहा कि यदि कोई भी आराजकता सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित पुलिस थाना को दे। पुलिस अराजक तत्व के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करेगा। इस मौके पर गौरव रस्तोगी, रस्तोगी, पिंटू अग्रहरि, प्रधान धर्म पाल मौजूद रहे।

## भक्ति से ओत-प्रोत भजनों पर झूम उठी दर्शक दीर्घा

### खाटू श्याम सेवा समिति ने आयोति किया भजन कीर्तन, फाग महोत्सव मनाया



लोकमित्र ब्यूरो
**तिंदवारी।** श्री खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा तृतीय बाबा खाटू श्याम का भव्य कीर्तन व फाग महोत्सव शनिवार को सब्जी मंडी परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा साहू रमेश चंद साहू ने श्री खाटू श्याम की आरती उतार कर की। इसमें छप्पन भोग लगाकर बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। पूरे पंडाल में आकर्षक रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा की गई थी। गायक कलाकारों व संगीत देने वाले कलाकारों का श्री खाटू श्याम सेवा समिति के सदस्यों ने स्वागत व सम्मान किया। कीर्तन की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। भजनों भजनों की प्रस्तुत में भजन गायको शिवम रावत इंदौर ,आलिया शर्मा निर्मल, शर्मा बरेली ,बेटू चंचल कानपुर राजू मालवीय विनय सिंह कानपुर द्वारा बाबा को रिझाया गया । क्यों घबराऊ मैं मेरा तो श्याम से नाता है, मेरी यह जीवन गाड़ी श्याम चलाता है ।साथी हमारा कौन बनेगा तुम न सुनोगे, तो कौन सुनेगा ।खाटू को श्याम रंगीला रे ,खाटू को। चढ़ावा दे हो बाबा श्याम निशान मारो ,होलिया में उड़े गुलाल की आयो महीनो फलगुनियो का। दौर रात सात बजे से प्रारंभ होकर सुबह चार बजे मंगला आरती तक चला। खाटू श्याम भजन संध्या में चले मनोहरी भजनों के जादू से हर कोई मंत्र मुंह धोकर नाच और झूम उठा ।भजनों के अमृत वर्षा का जमकर आनंद लेते हुए भक्तजन खूब झूमे। साज सज्जा श्याम दीवाना रामबाबू कानपुर द्वारा की गई। इस मौके पर समिति के नरेंद्र कुमार ,शिवम गुप्ता, उत्तरी सहकारी समिति के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विकास साहू, रामबाबू सोनी, रवि प्रकाश संजय ,दीपू सोनी आदि मौजूद रहे।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख जयशंकर सिंह करा रहे हैं भागवत कथा का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो
**रायबरेली।** लालगंज पूर्व ब्लाक प्रमुख जयशंकर सिंह के स्कूल एफ्बी इंटरनेशनल लालगंज गांधी चौराहे पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है, यह जानकारी देते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख ने बताया कि आज सोमवार को कलश यात्रा के साथ सत्संग रूपी भागवत कथा प्रारंभ हो जाएगी। अवधूत छतरपुर मध्य प्रदेश से पधारे परम पूज्य श्रद्धेय संत श्री राजन जी महाराज के मुखारविंद से लालगंज के श्रद्धालुओं को भागवत कथा सुनने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि 4 मार्च को परीक्षित जन्म सती शिव चरित्र, 5 मार्च को ध्रुव चरित्र ,अजामिल प्रसंग भरत एवं प्रहलाद जन्म, 6 मार्च को बावन महाराज चरित्र राम जन्म ,कृष्ण जन्म एवं गजेंद्र मोक्ष, 7 मार्च को भगवान श्री कृष्ण लीला में गोवर्धन पूजन, माखन चोरी, 8 मार्च को जरासंध वध उद्धव गोपी संवाद रुक्मणी विवाह और 9 मार्च को सुदामा चरित्र कथा परीक्षित एवं कलयुग प्रसंग का वर्णन होगा। 10 मार्च को पूर्ण आहुति एवं 12 बजे से ब्रह्म भोज का आयोजन होगा। पूर्व ब्लाक प्रमुख जयशंकर सिंह ने लालगंज व आसपास के श्रद्धालुओं से भागवत कथा कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# नकाब लगाकर आभूषण, नगदी समेत लाखों की चोरी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम पथरपुर बीते शनिवार की रात मकान के पीछे से नकब लगाकर कमरों व आलमारी , रखें बक्सा का ताला तोड़कर उसमें रखा नगदी, आभूषण सहित लाखों रुपये की चोरी हो गई।

भुक्तभोगी गोपी प्रसाद मुर्तियां निवासी पथरपुर ने बताया कि मेरे तीन बहुओं का जेवरात तीन हार, तीन लाकेट , तीन चैन, छागल, पेंटी , मोहर, कीमती कपड़े, पचास हजार रूपये नगद उठा ले गए।

उन्होंने बताया कि मैं खेत में बेसहारा गोवंशो की रखवाली करने के लिए खेत पर रहे। एक बहु अपने मायके गई हुई थी। दूसरी अपने पति फौज में है । उनके साथ चली गई है। तीसरी बहु अपने बच्चों के साथ बरामदे में शो रही थी। घर में मौजूद बहु सुबह उठने पर देखा कमरों की ताला टूटा हुआ था। सामान बिखरा पड़ा था। जिसकी सूचना अपने ससुराल गोपी प्रसाद मुर्तियां को दिया। घर पहुंचते ही देखा तो कमरे में बक्सा गायब रहा। आलमारी का लाकर टूटा हुआ था। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। खोजबीन करने पर दो बक्से घर से दो सौ मीटर दूर खेत में मिला। उसमें रखा कीमती कपड़े, जेवरात, और पचास हजार गायब रहा। इसकी सूचना खीरी पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया है। जबकि दर्जनों चोरी हुई है। लेकिन आज तक कोई खुलासा नहीं किया गया है समाचार लिखे जाने तक मौके पर पुलिस नहीं पहुंची। खीरी थाना प्रभारी आशीष सिंह को फोन किया लेकिन रिसीव नहीं किया।



## स्वच्छ भारत मिशन कार्यशाला के लिए प्रधान कल्याणपुर को बुलावा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** जनपद प्रयागराज से विकास खंड होलागढ़ की ग्राम पंचायत कल्याणपुर की प्रधान श्रीमती अर्चना देवी पत्नी रबीन्द्र राजा को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के अन्तर्गत संचालन एवं रख रखाव नीति के तहत 3 मार्च यानी कल सोमवार को निदेशालय लखनऊ में एक दिवसीय कार्यशाला के लिए बुलाया गया है। जिससे क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं समर्थको में खुशी की लहर है। बताया गया कि प्रयागराज से उक्त कार्यशाला मे डीपीआरओ रवि शंकर द्विवेदी, जिला सलाहकार निर्भय गुप्ता और ग्राम प्रधान कल्याणपुर शामिल होंगी।

# चारों ओर गंदगी का अंबार कैसे हो मरीजों का इलाज



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** एक तरफ केंद्र व प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत बनाए रखने के लिए गांव में लाखों रुपये पानी की तरह बहाया जा रहा है। वहीं आज भी गांव व नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक नाली का पानी बहने से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे मरीजों को इलाज कराने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जाता है कि नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वर्ष 2003 में स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की है। लेकिन आज तक चहारदीवारी न बनाएं जाने से लोगों का घरों का गंदा पानी अस्पताल तक भरा रहता है। इतना ही नहीं बाउंड्रीवाल नहीं बनने से चारों ओर बेसहारा गोवंशों का झुंड रहता है। जिससे उनके रहने से ज्यादा गंदगी बना हुआ हैं। इसका वजन यह है कि स्वास्थ्य केंद्र के पास कूड़ादान बना हुआ है। इसमें मोहल्ले के लोग घरों से निकलने वाली जूठ और सड़े गले समाग्री फेंक देने से मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है।

फर्मासिस्ट शिव सिंह का कहना है कि अस्पताल के सामने नाली का निर्माण कार्य कराया गया है। लेकिन उसमें ढक्कन नहीं लगाने जाने के का उक्त नाली में मल-मूत्र बहने से काफी बदबू आती है। जिससे बाहर बैठना मुश्किल है। जबकि अस्पताल के चारों ओर खिड़कियां बंद कर किसी तरह से मरीजों को दवा दिया जा रहा है। जबकि इस गंदगी से मच्छरों के प्रकोप से अस्पताल में बैठना मुश्किल हो गया है।

# हास्य कवियों ने प्रस्तुति से किया लोटपोट

## हरदिहा में सम्पन्न हुआ विराट कवि सम्मेलन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के ग्राम सभा हरदिहा में चल रहे सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा के पंचम दिवस की संध्यो को विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों की वाहवाही बटोरी।

श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक ग्राम प्रधान हरदिहा त्रिभुवन सिंह पटेल जी के यहा सम्पन्न हुए कवि सम्मेलन में सम सामयिक कविताएं पेश की गई। प्रयागराज के चर्चित हास्य कवि अशोक बेसरम ने अपनी प्रस्तुति से खूब हंसाया और माहौल को खुशनुमा बना दिया। सम्मेलन में कवी मुन्ना मसूम, वीर रस के कवि बब्बू सिंह बहियारी, श्रृंगार रस के कवी राधा शुक्ला,हास्य कबि कवि धन्नजय शाश्वत, हास्य कवि लालजी देहाती, अमित आभास,कृष्णा कामिल, आदि कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं की तालियाँ बटोरी। कुछ कवियो ने गम्भीर रचनाओं की छाप छोड़ी।

सम्मेलन में संजय केशरवानी उर्फ पप्पू, डा राजेन्द्र कुशवाहा, हरि शंकर सिंह, विजय बहादुर सिंह, हौसला प्रसाद सिंह, आयुश सिंह, बाबूजी, बुल्ले पटेल, राम भवन सहित दर्जनों लोगों ने कविता का खूब आनंद लिया।

# संगम का सनातन समागम दुनिया के लिए शोध का विषय

## प्रयागराज ने मेजबान बनकर विश्व को सेवा, समर्पण की दी सीख

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** सदी के पूर्ण महाकुम्भ के जरिए देश की डबल इंजन की भाजपा सरकार ने व्यवस्था और संयोजन का नया इतिहास रच दिया है।आयोजन में कई नए रिकार्ड बने हैं और इस अविश्वसनीय, अकल्पनीय और अभूतपूर्व महाकुम्भ आयोजन से योगी सरकार ने धार्मिक कॉरिडोर के जरिए पर्यटन की नई जमीन तैयार कर ली है।भाजपा सहित सहयोगी दलों के नेताओं ने आयोजन को सराहा है।

संगम की रेती पर बसे प्रदेश के नए जनपद महाकुम्भ नगर ने अस्तित्व में आने के साथ दुनिया के सामने सनातन की गहराई,आस्था का हुजूम, हाईटेक व्यवस्था, स्वच्छता के मानक, प्रशासनिक संयोजन के साथ देश के डिजिटल ग्रोथ की मिसाल पेश की है। पूर्व जिलापंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता प्रभुनाथ मिश्र ने कहा कि आयोजन से प्रदेश के आर्थिक ग्रोथ के साथ प्रयागराज के भव्य व दिव्य स्वरूप को देश और दुनिया ने देखा है। श्री मिश्र ने कहा कि यह आयोजन



शोध का विषय है जिसके कई पहलू पूरी दुनिया के लिए फिलहाल पहेली जैसे हैं।अपना दल एस के राष्टीय सचिव राजेश पटेल बुलबुल ने कहा कि महाकुम्भ आयोजन के लिए सरकार और व्यवस्था संयोजन को बधाई है।तीर्थराज प्रयाग का पवित्र त्रिवेणी तट सनातन के आस्था और समर्पण का एक यैसा रिकार्ड बना गया जिसे देखकर पूरी दुनिया हतप्रभ है। संगम तट पर स्वच्छता का जो मानक गढ़ा गया उससे पूरी दुनिया अभिभूत रही। संगम के जल की पवित्रता,भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, संतों व अखाड़ों की साधना,संयम के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कड़ी मेहनत और संयोजन को दुनिया ने सराहा है। महाकुम्भ की टीम को बधाई।

अरैल घाट पर शिवालय पार्क को भव्य आकर देने वाले चर्चित भाजपा युवा नेता एवं कन्ट्रैक्टर रामकृष्ण त्रिपाठी ने महाकुम्भ को दुनिया का अभूतपूर्व आयोजन बताया है।सनातन संस्कृति,संस्कार और विरासत का जो समागम संगम की रेती जो उमड़ा वह एक इतिहास बन गया।करीब 67 करोड़ लोग माँ गंगा और त्रिवेणी की पवित्र डुबकी से धन्य हुए और अमृत स्नान के लिए जो ललक और आकर्षण देखा गया वह अभूतपूर्व रहा। आस्था के इस आयोजन की यदि अवधि और होती तो शायद करोड़ों लोग यहाँ डुबकी लगाने जरूर पहुंचते।

भाजयुमो जिला मंत्री राहुल मिश्र ने कहा कि महाकुम्भ आयोजन का मेजबान बनकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। मैंने भाजपा युवा टीम के साथ हाईवे के मानस पेट्रोल पंप पर श्रद्धालुओं को चाय,पानी के साथ उन्हें विश्राम की व्यवस्था देकर शकून महसूस कर रहा हूँ।गंगा मैया की कृपा बनी रहे कि आगे भी हम सेवा और सहयोग करता रहूं।

# युवती को ब्लैकमेल कर परेशान करने वाला युवक गिरफ्तार

## युवक से परेशान युवती ने गुरुवार को लगाई थी फांसी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अतनपुर गांव निवासिनी एक युवती ने युवक के ब्लैकमेल करने से परेशान होकर गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी । परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पजीकृत करते हुये युवक की तलाश शुरु कर दी थी । बहरिया पुलिस ने रविवार को एक आरोपी अजीत कुमार उर्फ सोनू पुत्र राजेन्द्र भारतीया निवासी अतनपुर को बजाज एजेंसी कस्बा बहरिया से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी युवक को न्यायालय भेजा दिया जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया । गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ट उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह, का0 प्रदीप यादव, का0 अनिल चौधरी आदि स्टाफ रहें।

# विद्या धन धन से बड़ा कोई दुसरा धर्म नहीं- प्रवीण पटेल

## सरस्वती ज्ञान मन्दिर का वार्षिकोत्सव हुआ सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** विकास खण्ड बहरिया क्षेत्र के दोनइया चौराहे पर स्थिति सरस्वती ज्ञान मन्दिर का भव्य वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं ने देश भक्ति गीत, राष्ट्रीय गीत, लोकगीत, नाटक, कौव्वाली आदि की भव्य प्रस्तुति की जिसे देख लोगों ने आनन्द लेते हुये सराहना की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्याधन से बड़ा कोई दूसरा धन नहीं होता है आगे उन्होंने कहा कि सरस्वती ज्ञान मन्दिर के बच्चे बहुत ही प्रशंसनीय कार्यक्रम को प्रस्तुत



किया जिसकी जितनी प्रशंसा की जाय उतनी कम है । विशिष्ट अतिथि शशिकान्त यादव ( सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि), पूर्व मंडलाध्यक्ष बहरिया राकेश कुमार शुक्ला,कार्यक्रम अध्यक्ष जे0के0 पटेल, मुख्य वक्ता जयप्रकाश शुक्ल, मानसिंह यादव प्रधान, प्रतापबहादुर पटेल प्रधान, प्रबंधक शिवप्रसाद यादव, संभाग प्रमुख अरविन्द प्रताप सिंह, विभाग प्रमुख दयाराम, प्रधानाचार्य संजय कुमार एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ अभिभावकगण एवं बच्चे मौजूद रहे

# शादी समारोह में गए व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत चकिया घरहरा गांव निवासी कृष्ण बल्लभ द्विवेदी पुत्र स्वर्गीय शंभू नाथ द्विवेदी ने शनिवार की रात्रि पौने नौ बजे अपने एक मित्र की लड़की की शादी समारोह में शामिल होने के लिए सहसों के लाल बाजार के समीप इलाहाबाद गोरखपुर राजमार्ग पर स्थित भोला गार्डेन में गए हुए थे जहां से उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। हुआ यह कि कृष्ण बल्लभ द्विवेदी ने भोला गार्डेन के बाहर अपनी मोटरसाइकिल हैंडिल को लाककर खड़ी करके शादी समारोह में शामिल होने के लिए अंदर चले गए वहां पर जलपान एवं भोजन के पश्चात कुछ देर बाद जब गार्डेन के बाहर आए देखा कि मोटरसाइकिल गायब है। मोटरसाइकिल अपने स्थान पर नहीं देख वह अचंभित रह गए।



वहां पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड के साथ काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसाइकिल का कोई अता पता नहीं चला। मोटरसाइकिल चोरी/गायब होने के संबंध में भुक्तभोगी कृष्ण बल्लभ द्विवेदी ने रविवार को ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज करा कर पुलिस चौकी सहसों में लिखित तहरीर देते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है ।

# होली रमजान ईद आपसी भाईचारे में मनाए-अमरनाथ यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर ।** माह रमजान शुरू हो चुका है, इसी माह में अति महत्वपूर्ण त्यौहार होली भी पड़ेगी। इसी के मद्देनजर 2 मार्च रविवार को ही फूलपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक बुला ली गई। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार गौतम की अनुपस्थिति में अतिरिक्त निरीक्षक पारसनाथ यादव ने बैठक की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने मीटिंग में आए हुए दोनों वर्गों के संभ्रांत लोगों से प्रेम व भाईचारे के साथ रमजान ईद, होली त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोनों वर्ग एक दूसरे से मिलकर त्यौहार मनाए और गले मिलकर अपने अपने पर्व को प्रेम पूर्वक मनाये। इस मौके पर थाने के समस्त हल्का इंचार्ज ने क्षेत्र की समस्या से अवगत कराते रहने की अपील की। इस मौके पर उपनिरीक्षक बिंदेश यादव, नवनीत प्रताप सिंह, सौरभ शुक्ला, रामनिवास के अलावा क्षेत्रीय नागरिकों में भाजपा नेता चंचल पांडेय, किसन कुमार चौरसिया प्रधान, इस्लाह अहमद, बबलू, सद्दाम भाई, सादिक अख्तर, मंडल अध्यक्ष भाजपा अरविंद प्रधान, मासूक हुसैन, मोहम्मद सलीम खान बबलू प्रधान, राकेश यादव, दिनेश्वर सिंह, पुष्पा पाल प्रधान, धर्मपाल बिंद प्रधान, मन्नू हाशमी, पत्रकार महमूद अहमद, श्याम बाबू चौरसिया, वीरेंद्र तिवारी मौके पर मौजूद रहे।

## विकास कार्य ठप, गांव की समस्या बरकरार

लेड़ियारी (प्रयागराज )। एक तरफ केंद्र व प्रदेश सरकार गांवों में सड़क, नाली, चकमार्ग व पीने के लिए पानी के लिए गांव के विकास पर पर्याप्त धन दे रही है । वही बंदर बांट के चलते विकास कार्यों में समस्या बनी हुई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कोरांव विधायक आठ वर्ष से है। चुनाव के दौरान गांवों में तो आया करते हैं। वही चुनाव खत्म होने के बाद उनके दर्शन तक होना मुश्किल है। जिससे आज भी गांवों की सड़क, नाली, आजादी के बाद भी चकमार्ग पर गिट्टी मोरम तक नहीं डाली गई। जिससे ग्रामीणों को आज भी पंखड़ियों के सहारे आवागमन होता है। जबकि लोगों ने कई बार तहसील दिवस व विधायक को प्रार्थना पत्र दिया गया है। लेकिन आज तक आश्वासन देकर लौटा दिया जाता है। विकास खंड कोरांव क्षेत्र के दर्जनों गांवों की सड़कें जर्जर व गड्ढे है। लेकिन आज तक क्षेत्रीय विधायक और संबंधित विभाग द्वारा देखा तक नहीं गया। जबकि बरसात में लोगों को घर से बाहर निकलना टेढ़ी खीर

# सच्चा आश्रम के अध्यक्ष चेतन महाराज का निधन



**नैनी(प्रयागराज)।** सच्चा बाबा आध्यात्मिक आश्रम के अध्यक्ष श्री चेतन महाराज जी का आकस्मिक निधन होने पर शोक सभा का आयोजन करके 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर पूर्व बीडीसी सदस्य रवि सिंह पप्पू, सभासद मयंक यादव वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप तिवारी, सुनील कुशवाहा.पंडित ध्रुव तिवारी महेश वर्मा अखिलेश अग्निहोत्री, पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी, राकेश अग्निहोत्री, विष्णु कुमार, राजन पांडा, मनोज तिवारी, धीरज यादव, संजय श्रीवास्तव, बाबूजी यादव, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्री चेतन महाराज जी के आकस्मिक निधन में निधन पर ईश्वर से प्रार्थना किया कि ईश्वर अपने चरणों में स्थान प्रदान करें।

## दिखा चांद सेहरी खाई पढ़ी तरावीह, रखा रोजा

**फूलपुर ।** रमजानुल मुबारक का चांद बीती शाम नजर आया तो समुदाय विशेष के बच्चे महिलाओं पुरुषों के चेहरे खिल उठे। चांद के साथ ही मस्जिदों में तराबीह नमाज पढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया। ग्रामीण क्षेत्र के मुस्लिम परिवारों में इबादत का दौर शुरू हो गया है। रविवार को पहला रोजा जहां घर के बुजुर्गों नौजवानों तथा महिलाओं ने रखा। वहीं अधिकांश बच्चों ने भी रखा मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ बढ़ गई बच्चे भी बड़ों के साथ नमाज में मशगूल दिखे। मैलहन मस्जिद में पत्रकार के दो कमसिन नाती प्रपौत्र अदीब बेलाल मस्जिद में बराबर जाने लगे हैं। बाजारों में खरीदारों की रौनक बढ़ गई। ब्रेड पांव सिवई खजूर पापड़ आदि की बिक्री बढ़ गई है।

# होली व रमजान के पर्व पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

## हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्यवाही- इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार गौतम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** आगामी होली व रमजान के त्योहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु थरवई थाने पर रविवार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों संभ्रांत लोगों के साथ प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप क्षेत्र में अमन चैन शांति व्यवस्था मैं किसी भी प्रकार का अवरोध करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार को मनाने की अपील की गई उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की कोई नई परम्परा की अनुमति नही है और साथ ही सभी क्षेत्रीय नागरिक एक दूसरों का सहयोग करते हुए भाईचारा अपना कर सकुशल त्यौहार मनाने की




अपील की गई बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उप निरीक्षक रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, संजीव कुमार सिंह, अरविंद कुमार, जंग बहादुर, रामायण सिंह सहित पूर्व ग्राम प्रधान, राजन तिवारी, राम अचल यादव, जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार ग्राम प्रधान कपिल देव, यादव ग्राम प्रधान पप्पू गौतम के अलावा तमाम क्षेत्रीय संभ्रान्त लोग मौजूद रहे ।

# जिले में बड़े पैमाने पर चल रहा ओवरलोडिंग का खेल

**सीतापुर।** जिले में अफसरों के निर्देश के बावजूद ओवरलोड़ वाहन क्षमता से अधिक बालू व मौरंग लादकर ट्रक शहर की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। जिले में बड़े पैमाने पर ओवरलोडिंग का खेल जारी है। कार्रवाई से बचने के लिए वाहन चालक नंबर प्लेट पर कालिख व नंबर मिटाकर चल रहे हैं। इसके जरिए रजिस्ट्रेशन नंबर छिपा लिया जाता है। अफसर भी वाहन चालकों की करतूत को नजरअंदाज किए हुए हैं। इससे प्रशासन को हर माह लाखों रुपये राजस्व का चूना लग रहा है।अवैध खनन और ओवर लोड वाहनों की निगरानी के लिए डीएम आदेश जारी कर चुके हैं। वहीं अधिकारियों को जरा सा इधर-उधर होने पर ओवर लोड वाहन निकल लेते हैं। हालांकि दिन में निगरानी अधिक हो रही है। वहीं सूत्र बताते हैं कि शाम होते ही ट्रक हाईवे के आसपास ज्यादा ठहरे हुए देखे गए है। वहीं मातहतों की हरी झंडी मिलने के बाद विशेष नाम और नंबर की गाड़ियों को पास कर दिया जाता है। शहर के अंदर कई भारी वाहन दिन में भी नजर आते है। खासकर लोहारबाग मार्ग पर ज्यादातर वाहन मौरंग व बालू लदे हुए देखे जाते है। इस मार्ग पर स्कूल होने के बावजूद भारी वाहन गुजरते रहते है। जिम्मेदार भी जानकर अंजाम बने हुए है। ओवर लोडिग को लेकर निगरानी बढ़ने से गाड़ी मालिकों ने भी नया पैतरा चलना शुरू कर दिया है। वह अधिकारियों को फालो करने लगे हैं। किस समय अधिकारी अपने आफिस से निकल रहा है, कब चेकिंग पर पहुंचेगा। शहर के अंदर चल रहे अधिकतर भारी वाहन चालान से बचने के लिए अपने वाहनों की नंबर प्लेटों से नंबर तक मिटा रखे है।

# निशानोत्सव में झूमे श्रद्धालु, शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से रविवार को निशानोत्सव आयोजन किया गया। इसके तहत शहर में जयघोष के बीच निशान यात्रा निकाली गई। शहर के विभिन्न मार्गो से निकली निशान यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इससे पहले लोहारबाग स्थित उत्सव गेस्ट हाउस में भजन और फूलों की होली खेली गई। इस मौके पर कार्यक्रम में श्याम प्रभु का पुष्पों से भव्य शृंगार किया गया।श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्याम बाबा फाल्गुनउत्सव भव्य रूप के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सुबह उत्सव



गेस्ट हाउस में श्याम बाबा के मधुर भजन वर्षा गायक राम पांडेय व गायक अनुराग रोशन द्वारा की गयी सभी श्याम प्रेमियों ने बाबा के मधुर भजनों के साथ रसधार बहाई गई। गायक अनुराग रोशन हाथों में लेके निशान चलो.., बाबा के निशान चढ़ाओ.., होलिया में उड़े रे गुलाल.., झूम के गाओ भक्तों ने ये फाल्गुन रोज-रोज नहीं आता.., श्याम थारी चौखट पर आया हूं.., इस कलियुग में श्याम प्रभु का जोर हैं.., सहित अन्य गीतों से सभी को जयकारे लगाने पर मजबूर किया। श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। समापन आरती के पशचात श्याम बाबा के प्रेमियों द्वारा एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। उत्सव गेस्ट हाउस से शुरू होकर लोहारबाग, आर्य नगर, मालगोदाम, ट्रांसपोर्ट चौराहा होते हुए लालबाग चौराहा पहुंची। इसके बाद निशान यात्रा लालबाग बाजार होते हुए ग्रीकगंज पहुंची। जहां लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। निशान यात्रा का समापन जेल रोड़ स्थित श्याम मंदिर में किया गया। जहां श्याम बाबा की रसोई का प्रसाद का आनंद श्रद्धालुओं ने लिया। कार्यक्रम के दौरान श्री श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारी व सदस्य के साथ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे लाइन के किनारे बमों का जखीरा मिलने से सनसनी, धमाके से सुअर की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी ( प्रयागराज )।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के भरौहां गाव में रेलवे लाइन के किनारे शनिवार की सुबह बमों का जखीरा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बम को खाने की चीज समझ कर वहां पहुंची एक सुअर की विस्फोट होने से मौत हो गई। बम के धमाके की आवाज सुनकर आसपास के तमाम लोग इकट्ठे हो गए।

काफी संख्या में सुतली बम को देख इसकी जानकारी इलाकाई पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस पहुंची, बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। मौके पर पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने वहां पर पड़े तकरीबन 60 बमों को निष्क्रिय किया।

मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के भरौहां गांव में रेलवे लाइन के समीप शनिवार की सुबह एक सूअर वहां पर पड़े जार में रखें बम को खाने का सामान समझ कर उसका ढक्कन खोल दिया। उसी दौरान एक बम फट गया। जिससे सूअर का जबड़ा उड़ गया। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बम का धमाका इतना तेज था, कि किसी अनहोनी घटना की आशंका से आसपास के तमाम लोग दौड़ पड़े, वहां पहुंच कर देखा, तो एक जार में दर्जनों बम रखे हुए थे।

उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी इलाकाई पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां पर लगी भीड़ को हटाया। बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया। बम निरोधक दस्ते ने वहां पर पड़े तकरीबन 60 सुतली बमों को निष्क्रिय किया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। इतनी बड़ी संख्या में बम मिलने से लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं सुनने को मिली।

इस बाबत थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र कुशल तिवारी का कहना है, कि तकरीबन 60 सुतली के बमों को बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय किया है। इतनी बड़ी संख्या में बम वहां पर कैसे और क्यों रखा गया। इसकी जांच-पड़ताल की जा रही है।

# माह-ए-रमजान' का आगाज, पीएम मोदी, राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल ने दी बधाई



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र महीना 'रमजान' शुरू हो गया है। शनिवार शाम चांद दिखने के बाद 'रमजान' के पवित्र महीने का आज (रविवार) से आगाज हुआ। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को 'रमजान' की बधाई दी है।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है। उम्मीद है कि यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लेकर आएगा। यह पवित्र महीना चिंतन, कृतज्ञता और भक्ति का प्रतीक है, साथ ही हमें करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है। रमजान मुबारक !लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी 'रमजान' की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, रमजान मुबारक! यह पवित्र महीना आपके जीवन को खुशियों से भर दे और आपके दिल में शांति लाए।कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, रहमतों और बरकतों के पवित्र माह रमजान की आप सभी को दिली मुबारकबाद। मैं ऊपर वाले से दुआ करती हूं कि यह मुकद्दस महीना आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और अमन-चैन लेकर आए।केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने 'रमजान' की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि मैं सभी लोगों को रमजान की शुभकामनाएं देता हूं।इसके अलावा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने देशवासियों को 'रमजान' की बधाई दी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, सभी को रमजान की दिली मुबारकबाद।आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, आप सभी को रमजान की ढेर सारी मुबारकबाद। यह पवित्र महीना आपके जीवन में खूब सारी खुशियां, सुख-समृद्धि और तरक्की लेकर आए।रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है, जिसे मुसलमान पूरे विश्व में रोजा रखकर (उपवास) मनाते हैं। रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास रखते हैं, जिसे रोजा कहा जाता है।रमजान के बाद ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन मुसलमान एक-दूसरे को मुबारकबाद देते हैं और अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर खुशियां मनाते हैं।

## बिना हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट वालों की अब खैर नहीं, 10 लाख नए वाहनों पर कसेगा शिकंजा

**मुंबई (आरएनएस)।** अनिवार्य उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) के बिना पिछले पांच वर्षों में महाराष्ट्र में लगभग 10 लाख नए वाहन सड़कों पर चल रहे हैं। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। सरकार ने वाहन चोरी पर अंकुश लगाने और पहचान में एकरूपता लाने के लिए 1 अप्रैल, 2019 से पहले पंजीकृत वाहनों के लिए एचएसआरपी अनिवार्य कर दी है, जिससे ग्राहकों को वाहन सौंपने से पहले इसे स्थापित करने की जिम्मेदारी निर्माताओं पर डाल दी गई है।अधिकारियों ने कहा कि एचएसआरपी की फिटिंग पर हाल ही में की गई एक आंतरिक समीक्षा से पता चला है कि 1.15 करोड़ पंजीकृत वाहनों में से 1.05 करोड़ में एचएसआरपी लगाई गई है, जबकि 9.98 लाख वाहन इसके बिना चल रहे हैं।

# नाबालिग से जबरदस्ती की कोशिश, अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी स्थित मलिहाबाद में एक मामला सामने आया है। यहां एक युवक नाबालिग लड़की के घर में गया और उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। लड़की ने विरोध किया। तभी युवती के माता-पिता वहां आ पहुंचे। डर से युवती ने खुद को आग के हवाले कर दिया, जिसका इलाज चल रहा है।



पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी के विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि थाना मलिहाबाद के ग्राम कासौनी कला में एक लिखित सूचना दी गई, जिसमें उसके परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी घर पर अकेली थी। तभी पड़ोस के रहने वाले युवक ने उसका मुंह दबाया और उसे जमीन पर गिरा दिया। परिजनों के देखने पर वह युवक वहां से कूदकर भाग गया।माता-पिता के भय से पीड़िता ने खुद को आग लगा ली, जिसका इलाज लखनऊ जिला अस्पताल में चल रहा है। स्थिति अभी स्थिर बनी हुई है। संबंधित धाराओं में अभियुक्त के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।पूरा मामला उत्तर प्रदेश के मलिहाबाद थाना क्षेत्र का है। यहां 23 वर्षीय युवक राहुल अचानक नाबालिग युवती के घर आ गया। घर में युवती के अलावा कोई नहीं था। आरोपी राहुल नाबालिग के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश करने लगा। तभी लड़की के परिजनों ने उसे देख लिया, जिसके बाद राहुल भाग गया। पीड़िता अपने माता-पिता से इतना डर गई कि उसने आग लगा ली और गंभीर रूप से झुलस गई, जिसका इलाज सिविल अस्पताल हजरतगंज में हो रहा है।तहरीर के आधार पर थाना मलिहाबाद में 56/2025 धारा 333/74/107/62 बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर, आरोपी राहुल को पुलिस हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में चार गिरफ्तार

**जयपुर ,(आरएनएस)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी देने के मामले में जयपुर पुलिस ने चार आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है।आरोपी पहले दौसा जेल में बंद थे, जिन्हें विधायकपुरी थाना पुलिस ने हिरासत में लेकर शनिवार को अदालत में पेश किया, जिसके बाद उन्हें दो दिन के रिमांड पर लिया गया।थाना प्रभारी बनवारी लाल मीना के अनुसार गिरफ्तार रिंकू उर्फ रंडवा (28) निवासी हरसौरा अलवर, शहजाद खान उर्फ साजिद (28) निवासी उन्नाव, उत्तर प्रदेश, वर्तमान में संजय नगर-ई, झोटवाड़ा में रहते हैं। इसी प्रकार जयनारायण (32) और राकेश जोशी (45) सदर दौसा के निवासी हैं। रिंकू और शहजाद खान उर्फ साजिद पहले से ही पॉक्सो एक्ट के तहत दौसा जेल में बंद थे।जांच में पता चला कि सात दिन पहले दौसा के श्यालवासा सेंट्रल



जेल में बंद रिंकू उर्फ रंडवा ने जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम में दो बार फोन करके भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी दी थी। उसने कहा था, मैं तुम्हें आधी रात से पहले जान से मार दूंगा।जांच में पता चला कि आरोपी जयनारायण ने अपने नाम से 1,500 रुपये में एक सिम कार्ड खरीदा था, जिसे बाद में कंपाउंडर राकेश जोशी ने उसे जेल के अंदर रिंकू को सौंप दिया था।अधिकारियों ने बताया कि जयपुर पुलिस द्वारा मामले की जांच चल रही है और जांच का ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि सिम कार्ड की तस्करी जेल में कैसे हुई और क्या आरोपियों के कोई बाहरी साथी भी थे।पुलिस ने बताया कि 21 फरवरी को दौसा की जेल से एक कैदी ने मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दी थी। बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 28 वर्षीय रिंकू ने जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दी।धमकी भरा कॉल करने के लिए जिस मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया गया था, उसका स्थान श्यालवासा जेल में पाया गया।पुलिस ने बताया कि जेल परिसर में तड़के तीन बजे से सुबह सात बजे तक चार घंटे तक चले गहन तलाशी अभियान के बाद फोन बरामद किया गया।राज्य के गृह मंत्री जवाहर सिंह बेधम ने कहा कि जेल महानिरीक्षक विक्रम सिंह को मामले की जांच की जिम्मेदारी दी गई है।

## कुख्यात गैंगस्टर दीपा गिरफ्तार; 3 अत्याधुनिक हथियार, 141 जिंदा रौंद और नशा बरामद

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब में बढ़ते अपराध और आतंकवाद की चुनौती को देखते हुए पंजाब पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। काउंटर इंटेलिजेंस फिरोजपुर ने एक खुफिया सूचना के आधार पर घल्ल खुर्द गांव में तस्कर और गैंगस्टर हरदीप सिंह उर्फ दीपा को गिरफ्तार किया। यह जानकारी पंजाब पुलिस के डीजीपी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर दी गई। पकड़े गए गैंगस्टर हरदीप सिंह उर्फ दीपा के पास से तीन अत्याधुनिक हथियार और नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। इस गिरफ्तारी ने राज्य में आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस की दृढ़ प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।पुलिस ने दीपा के पास से तीन पिस्तौल, एक ग्लॉक पिस्तौल, एक बेरेटा .30 एमएम पिस्तौल, और एक पंप एक्शन गन बरामद की हैं।

# डॉ. किरोड़ीलाल मीणा का सरकारी बंगला निरस्त

**● मंत्री पद के बावजूद निजी आवास में रहने का फैसला**



**जयपुर ,(आरएनएस)।** राजस्थान सरकार ने कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा को आवंटित सरकारी बंगले का आवंटन निरस्त कर दिया है। उन्हें फरवरी 2024 में जयपुर की हॉस्पिटल रोड स्थित बंगला नंबर-3 आवंटित किया गया था, लेकिन उन्होंने खुद ही सामान्य प्रशासन विभाग से इसे निरस्त करने का आग्रह किया था।गौरतलब है कि किरोड़ीलाल मीणा ने मंत्री बनने के बाद से ही सरकारी बंगले में रहने के बजाय अपने निजी आवास को प्राथमिकता दी। यही नहीं, उन्होंने सरकारी गाड़ी भी लौटा दी थी। लोकसभा चुनाव के बाद जब उन्होंने इस्तीफे की पेशकश की थी, तब से ही वह अपनी ही सरकार के खिलाफ लगातार मुखर रहे हैं।पिछले साल सरकार ने सबसे पहले सिविल लाइंस में बंगला नंबर-14 उन्हें आवंटित किया था, लेकिन उसमें पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत का परिवार रह रहा था। इसके बाद हॉस्पिटल रोड पर बंगला नंबर-3 आवंटित किया गया, जो पहले पूर्व मंत्री ममता भूपेश को दिया गया था।सामान्यतः मंत्रियों को सिविल लाइंस, हॉस्पिटल रोड और गांधी नगर में सरकारी बंगले दिए जाते हैं। इनमें सिविल लाइंस के बड़े बंगले सबसे अधिक मांग में रहते हैं। किरोड़ीलाल मीणा की सरकार से दूरीलोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद किरोड़ीलाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी थी। हालांकि, उनका इस्तीफा मुख्यमंत्री ने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने 4 जुलाई 2024 को जयपुर में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मीडिया को बताया कि उन्होंने 8 और 25 जून को इस्तीफा भेजा था।इस्तीफे के बाद उन्होंने सरकारी गाड़ी छोड़ दी और इसके बाद से वे लगातार सरकार की आलोचना कर रहे हैं। वे विधानसभा की कार्यवाही में भी भाग नहीं ले रहे हैं और एसआई पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरते रहे हैं।पिछले महीने ही उन्होंने सरकार पर फोन टैपिंग के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी जासूसी करा रही है और फोन टैप करवा रही है। इसके बाद पार्टी ने उन्हें नोटिस जारी किया था, जिसका जवाब देते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि मुझसे गलती हुई थी। लेकिन इसके बावजूद, उन्होंने 7 दिन पहले फिर से फोन टैपिंग के आरोप दोहराए हैं।

सरकारी सुविधाओं को ठुकराने और अपनी ही सरकार के खिलाफ मुखर रहने की उनकी रणनीति उनकी स्वतंत्र राजनीतिक स्थिति को दर्शाती है। एक ओर वे अपने निर्णयों से खुद को एक सरकारी संसाधनों से दूर रहने वाले ईमानदार नेता के रूप में पेश कर रहे हैं, तो दूसरी ओर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलकर अपनी राजनीतिक ताकत दिखा रहे हैं।

## यूपी के हापुड़ में एक युवक की हत्या, हत्यारों की तलाश में पुलिस जुटी




**हापुड़ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में एक शव मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस ने बताया कि धारदार हथियार से हत्या हुई है। फॉरेंसिक टीम भी मामले की जांच में जुटी है। हत्यारों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं।हापुड़ के पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि शिवगढ़ी के रहने वाले व्यक्ति का नाम अंकित कुमार था। यह रात में मोबाइल से बात करते हुए निकले थे। इनका आज यहां पर शव मिला है। धारदार हथियार से हत्या हुई है। इस प्रकरण में हमारी फॉरेंसिक टीम, मौके पर स्वाट टीम भी आने वाली है। एफआईआर दर्ज की गई है। जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।पुलिस ने बताया कि पूरा मामला यह है कि हापुड़ के शिवगढ़ी निवासी अंकित देर रात अपने घर से मोबाइल में किसी से बात करता हुआ घर से निकल गया था। देर रात तक परिजनों ने उसके ना आने पर उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन वह मिला नहीं, जिससे परिजन काफी परेशान रहे।रविवार को अंकित का शव पड़ा मिला, जिसकी धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी।एसपी ज्ञानंजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

हालांकि अभी हत्या में कौन-कौन शामिल है, क्या पूरा मामला है, इस बात का सुराग लगाने के लिए पुलिस ने विभिन्न टीमों को लगाया गया है। मामले की तह तक जाकर इसका खुलासा करने की बात भी पुलिस अधीक्षक कह चुके हैं। हत्यारों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं। शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। शव देख उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

**चमोली हादसा**

# सुरक्षित घर पहुंचा एक मजदूर, अब तक चार की मौत, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



**चमोली (आरएनएस)।** उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा गांव में बीते 28 फरवरी को हुए हिमस्खलन में फंसे 55 श्रमिकों में से 51 श्रमिकों को रेस्क्यू कर लिया गया है, जिनमें से चार की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि चार मजदूर अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।सभी मजदूर भारत-चीन सीमा के पास स्थित चमोली के माणा गांव के पास बीआरओ के निर्माण कार्य में लगे हुए थे। 28 फरवरी को अचानक ग्लेशियर टूट गया और वहां मौजूद 55 मजदूर इसकी चपेट में आ गए।हादसे के बाद भारतीय सेना और अन्य बचाव दलों ने बर्फ में फंसे मजदूरों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान 51 मजदूरों को रेस्क्यू किया गया, जिनमें से बाद में चार मजदूरों की जान चली गई। इसके अलावा एक मजदूर अपने घर पहुंच गया है और बाकी चार की तलाश की जा रही है।चमोली के जिलाधिकारी ने बीआरओ के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि जो मजदूर लापता हैं, उनके घर फोन कर जानकारी प्राप्त की जाए। बीआरओ को पता चला कि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा निवासी सुनील कुमार अपने घर पहुंच गया है।इस बीच, वायु सेना का एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर, तीन चीता हेलीकॉप्टर, उत्तराखंड सरकार के 2 हेलीकॉप्टर, एम्स ऋषिकेश से एक एयर एंबुलेंस राहत एवं बचाव कार्य में लगाए गए हैं।अधिकारी के अनुसार, माणा गांव में रविवार सुबह ऑपरेशन फिर से शुरू कर दिया गया है। सेना और आईटीबीपी द्वारा माणा एवलांच प्वाइंट पर आज सुबह एक बार फिर से बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। अभी भी 4 श्रमिक लापता हैं। एक मजदूर अपने घर सुरक्षित पहुंच गया है।बता दें कि जो चार श्रमिक लापता हैं, उनमें हिमाचल प्रदेश का हर्मेश चंद, उत्तर प्रदेश का अशोक, उत्तराखंड का अनिल और अरविंद कुमार शामिल हैं। इसके अलावा जिन मजदूरों की मौत हुई है, उनमें हिमाचल प्रदेश का जितेंद्र सिंह और मोहिंद्र पाल, उत्तर प्रदेश का मंजीत यादव और उत्तराखंड का अलोक यादव शामिल हैं।

## नीट अभ्यर्थी की संदिग्ध मौत, पिता का दावा 'परीक्षा को लेकर तनाव में थी बेटी इसलिए दी जान'

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के तिंडीवनम की 19 वर्षीय युवती ने आगामी नीट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के डर से कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।टिंडीवनम के पास थडापपुरम गांव की रहने वाली युवती ने उसी गांव के सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल से अच्छे अंकों के साथ 12वीं की पढ़ाई पूरी की थी। उसने पुडुचेरी के एक निजी संस्थान से नीट की कोचिंग भी ली थी और पिछले साल 350 अंक हासिल करके परीक्षा दी थी, लेकिन दुर्भाग्य से वह सफल नहीं हो पाई।इस साल वह फिर से परीक्षा की तैयारी कर रही थी और हाल ही में उसने अपना ओबीसी प्रमाण पत्र बनवाया था, जिसे उसने परीक्षा के लिए आवेदन के साथ जमा किया था। जिस दिन उसने यह जानलेवा कदम उठाया, उस दिन उसके माता-पिता और भाई खेती के काम के लिए खेतों में गए थे और वह अकेली रह गई थी।

# हरियाणा हाउसिंग बोर्ड होगा खत्म नायब सरकार ने गठित की कमेटी



**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा सरकार ने हाउसिंग बोर्ड को खत्म करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाउसिंग बोर्ड को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) में विलय को मंजूरी दी है।राज्य सरकार हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में हाउसिंग बोर्ड को मर्ज करने का आधिकारिक फैसला जल्द लेगी। सरकार ने फिलहाल हाउसिंग बोर्ड को एचएसवीपी में विलय किए जाने को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। 31 मार्च से पहले हाउसिंग बोर्ड को एचएसवीपी में शामिल कर दिया जाएगा।1 अप्रैल 2025 से आवास बोर्ड का अस्तित्व प्रदेश में खत्म होगा।

हालांकि, इससे पहले सरकार ने हाउसिंग बोर्ड के कर्मचारियों के लिए एक कमेटी का गठन किया है। हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाईन ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) एके सिंह को इस मामले में पत्र भी लिखा है। इस पत्र में आवास बोर्ड को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में शामिल करने की जानकारी दी गई है।बता दें कि हरियाणा में हाउसिंग बोर्ड को साल 1971 में तत्कालीन सीएम स्वर्गीय चौधरी बंसी लाल ने बनाया था। प्रदेश में लंबे समय से हाउसिंग बोर्ड विभाग चल रहा है।

हाउसिंग बोर्ड का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग और गरीबी रेखा से नीचे आने वाले लोगों को किफायती आवास उपलब्ध कराना है। यह योजना समाज के हर वर्ग के लिए घर का सपना साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# मैंने दूसरे से रिलेशन बनाए और मानव से झूठ बोला, मामा ने भी जबरदस्ती की

**● टीसीएस मैनेजर की पत्नी का वीडियो आया सामने**



**आगरा(आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के आगरा से 6 दिन पहले एक TCS मैनेजर की आत्महत्या की खबर सामने आई थी। मरने से पहले मानव ने एक वीडियो बनाया था, जिसमें उन्होंने पत्नी और ससुरालियों पर उनको टॉर्चर करने की बात कही थी। तब से ये केस सुर्खियों में बना हुआ है। मानव ने वीडियो जारी कर कहा था कि वह पत्नी से तंग आ गए हैं।इसके बाद मानव की पत्नी का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह मानव पर आरोप लगा रही थी, जिसका मानव की बहन ने जवाब देते हुए एक वीडियो जारी किया था। अब मानव की पत्नी का एक और वीडियो सामने आया है, जो पुराना बताया जा रहा है। इस वीडियो में निकिता अपनी गलती स्वीकार करती हुई नजर आ रही है और मानव शर्मा से माफी भी मांग रही है।निकिता ने वीडियो में अपने पुराने संबंधों को लेकर भी बात की है। निकिता ने कहा मैंने संबंध बनाए। मैंने मानव को शादी से पहले अपने पास्ट के बारे में बताया था, लेकिन संबंध बने ये कभी नहीं बताया था। वो शादी के बाद बताया था। जब उसने कई बार पूछा था। क्योंकि मैं डर गई थी कि कहीं मैं मानव को खो ना दूं। मेरे साथ मेरे मामा ने भी जबरदस्ती की।निकिता वीडियो में आगे अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहती है कि मुझे पता है कि मैंने बहुत सारी गलती की है। मानव से झूठ बोला। मैंने ऐसा सिर्फ इसलिए किया कि हमारी शादी में कोई फर्क न आए। मैं मावन को बहुत प्यार करती हूं। गलती के बदले वो मुझे जो भी सजा देगा वो मुझे मंजूर होगी। मानव के साथ रहकर मैंने किसी लड़के को देखा तक नहीं है। न ही किसी को अपनी लाइफ में लाना चाहती हूं। मेरी लाइफ का मैंने सबकुछ मानव को बता दिया है। मुझे अपनी गलती का अहसास हो रहा है। मैं सबकुछ करने के लिए रेडी हूं।

हालांकि निकिता का ये वीडियो 9 जनवरी का बताया जा रहा है।मानव शर्मा ने 24 फरवरी को आत्महत्या की थी, जिसके दो दिन बाद मानव के माता-पिता को उनके मोबाइल से एक वीडियो मिला था, जिसमें उन्होंने निकिता से अपने खराब रिश्तों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था।

## बिहार के जर्रे-जर्रे को लूटने वाले आज विकास की बात कर रहे-जदयू



**पटना (आरएनएस)।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा शनिवार को राज्य की एनडीए सरकार को खटारा सरकार बताने पर जदयू ने रविवार को जोरदार पलटवार किया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि जिन्होंने 15 साल तक बिहार को लूटा, वे आज विकास पर सवाल उठा रहे हैं।तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा था कि बिहार में 15 साल पुरानी गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं है, तो फिर एनडीए की 20 साल पुरानी 'जोड़-तोड़, पलटा-पलटी वाली खटारा सरकार' क्यों चलेगी?जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने रविवार को एक वीडियो बाइट जारी किया है, जिसमें उन्होंने राजद पर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव अपनी संपत्ति बढ़ाने में मशगूल हैं, दूसरी तरफ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को आगे बढ़ाने में जुड़े हुए हैं। 15 साल तक लालू यादव और राबड़ी देवी के परिवार ने बिहार के जर्रे-जर्रे को लूट लिया है, वे आज विकास की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सेवा की राजनीति करते हैं और तेजस्वी अपने परिवार की राजनीति करते हैं।जदयू नेता ने आगे कहा कि घोटाला की राजनीति नहीं, बिहार की जनता विकास की राजनीति चाहती है। जर्रे-जर्रे को लूटने वालों को लोकसभा चुनाव में जनता ने राजनीति के औकात पर लाकर खड़ा किया था और 2025 के विधानसभा चुनाव में भी लूटने वालों को जनता दरकिनार करेगी।

# वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने वाले मुसलमानों के दुश्मन - ओपी राजभर



**वाराणसी (आरएनएस)।** यूपी की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने वक्फ बिल में किए गए संशोधन को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने कहा कि जो मुसलमान समाज के मजबूत सदस्य हैं, वह कमजोर मुसलमानों को वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जा नहीं करने देते। यह स्थिति समाज में असंतोष और छटपटाहट का कारण बन रही है।राजभर ने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा यह है कि गरीब मुसलमानों, विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को वक्फ बोर्ड की जमीनों का लाभ मिल सके, जो पहले कुछ ताकतवर लोग ही अपने हाथ में रखते थे।वक्फ संशोधन बिल को लेकर जारी विरोध के बारे में पूछे जाने पर राजभर ने कहा कि विरोध करने वाले लोग खुद मुसलमानों के दुश्मन हैं। जो लोग वक्फ बोर्ड की जमीनों पर कब्जा करते हैं और उसे बेचकर धन उगाहते हैं, वही लोग इस संशोधन का विरोध कर रहे हैं। अगर गरीब मुसलमानों को वक्फ बोर्ड की जमीन का लाभ मिलता है, तो इसमें बुरा क्या है? सरकार का प्रयास है कि इन जमीनों का सही तरीके से वितरण किया जाए और इससे समाज के वंचित वर्ग को लाभ हो।बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सवाल किए जाने पर राजभर ने कहा कि उनकी पार्टी 29 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है और इसके लिए पार्टी ने जमीनी स्तर पर संगठन खड़ा किया है। उनकी पार्टी ने इन सीटों पर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया है।हिमाचल सरकार की ओर से मठ-मंदिरों से मदद मांगने को लेकर सवाल किए जाने पर राजभर ने कहा कि आपदा के समय सभी क्षेत्रों से मदद होनी चाहिए। हर किसी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए और मदद करने के लिए किसी विशेष क्षेत्र या धर्म का पक्ष नहीं लेना चाहिए।विपक्ष के महाकुंभ के आंकड़ों पर सवालों को लेकर ओपी राजभर ने कहा कि विपक्ष का काम सवाल करना है, जबकि सरकार का काम अपनी योजनाओं और कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करना है। उन्होंने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार को काम करने का मौका दिया जाना चाहिए।दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा सीएजी रिपोर्ट पर सवाल उठाए जाने पर राजभर ने कहा कि जब जांच की रिपोर्ट आएगी, तो जो दोषी होंगे, उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उस पर कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को सजा दी जाएगी।

# सहरी और इफ्तार के वक्त किया जाता है ऐलान, लाउडस्पीकर की मिले इजाजत

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी बरेलवी ने उत्तर प्रदेश सरकार से रोजेदारों की सहूलियत को ध्यान में रख लाउडस्पीकर की अनुमति देने की अपील की है।

उन्होंने वीडियो जारी करते हुए कहा, ÷उत्तर प्रदेश सरकार ने लाउडस्पीकर हटाने का अभियान चलाया है। यह अभियान दरअसल हाईकोर्ट के आदेश को लागू करने के लिए चलाया जा रहा है। यह आदेश नया नहीं है, यह कई साल पुराना है। सरकार लाउडस्पीकर हटाने के लिए समय-समय पर ऐसे अभियान चलाती रहती है। मगर रमजान शरीफ का महीना शुरू हो चुका है और इसमें इफ्तार और सहरी के वक्त में ऐलान की जरूरत होती है।

सहरी का वक्त सुबह 4:30 से 5 बजे के बीच होता है, तो इस वक्त लोगों को नींद बहुत अच्छी आती है। ऐसे समय में जब तक लाउडस्पीकर से ऐलान न हो, लोगों की आंख नहीं खुलती है और उन्हें सहरी का समय पता नहीं चल पाता है, इसलिए मैं उत्तर प्रदेश हुकूमत से मांग करता हूं कि रमजान शरीफ के महीने में सहरी और इफ्तार के वक्त मुसलमान को सहूलियत और रियायत दें। ताकि अच्छे से रमजान शरीफ हो सके।÷

उन्होंने आगे कहा, लाउडस्पीकर का उतारा जाने का पक्षपातपूर्ण रवैया न अपनाया जाए। सबके साथ एक ही व्यवहार होना चाहिए। इसी को इंसाफ कहते हैं। हाईकोर्ट का आदेश सबके लिए है। सिर्फ यह आदेश मुसलमान के लिए नहीं है, इसलिए इंसाफ के आधार पर काम होना चाहिए ताकि आवाम का भरोसा हुकूमत पर कायम रहे।

इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र महीना 'रमजान' आज से शुरू हो गया है। शनिवार शाम चांद दिखने के बाद 'रमजान' के पवित्र महीने का आज (रविवार) से आगाज हुआ। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी समेत तमाम नेताओं ने देशवासियों को 'रमजान' की बधाई दी है। रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है, इस दौरान मुसलमान रोजा (उपवास) रखते हैं। रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास रखते हैं, जिसे रोजा कहा जाता है।

# ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की होगी स्थापना

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को आधुनिक शिक्षा के संसाधन उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश की 22,700 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

इसके बाद प्रदेश की हर ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को आधुनिक शिक्षा संसाधन और डिजिटल युग के अनुरूप शैक्षिक प्रगति को सुनिश्चित करना है।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समय के साथ शिक्षा क्षेत्र में लगातार बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। इसके लिए ग्रामीण छात्रों तक ई-बुक्स, डिजिटल कंटेंट और अन्य शैक्षिक संसाधनों की पहुंच आसान बनानी होगी। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी अपनी अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाए, जहां बच्चों को किताबें, प्रश्नोत्तरी, वीडियो, ऑडियो लेक्चर तथा अन्य डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। इससे बच्चों में सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनेगी। सीएम ने लाइब्रेरी के संचालन और प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपने के निर्देश दिए। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप हर ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी की देखरेख ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा की जाएगी। वहीं पंचायत स्तर पर सहायक अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी, जो लाइब्रेरी के रखरखाव, उपयोग और सुचारू संचालन की निगरानी करेंगे। योगी सरकार 4 लाख रुपये प्रति डिजिटल लाइब्रेरी पर खर्च करेगी। इसके तहत 2 लाख रुपये डिजिटल उपकरणों (कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा आदि) की खरीद और 2 लाख रुपये डिजिटल तथा हार्डकॉपी किताबों की खरीद पर खर्च किए जा सकेंगे। लाइब्रेरी में बच्चों को पाठ्य पुस्तकों के साथ विविध विषयों पर ई-बुक्स और अन्य डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।



बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान के लिए अत्याधुनिक ऑडियो-विजुअल टूल्स भी मुहैया कराए जाएंगे। उन्हें ऑनलाइन पढ़ाई और रिसर्च कार्यों के लिए इंटरनेट की सुविधा भी दी जाएगी। डिजिटल लाइब्रेरी में एक सुव्यवस्थित मैनेजमेंट सिस्टम होगा, जिससे छात्र अपनी पसंदीदा किताबों और अध्ययन सामग्री को आसानी से एक्सेस कर सकें। योगी सरकार का मानना है कि डिजिटल लाइब्रेरी से ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और छात्रों की डिजिटल साक्षरता बढ़ेगी। यह योजना विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिसमें शिक्षा के डिजिटलीकरण को प्राथमिकता दी गई है

# समाज और राष्ट्र को एकजुट रखने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्णः धर्मपाल

▸▸ बीजेपी शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक में महामंत्री संगठन ने दिए संगठनात्मक टिप्स

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ की आज रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर बैठक हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एमएलसी श्रीचन्द्र शर्मा ने की। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि शिक्षक प्रकोष्ठ शिक्षकों की समस्याओं को हल कराने और सरकार द्वारा शिक्षको, शिक्षाक्षेत्र व शिक्षाथिर्यो के हित में किये गए कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। संगठन की संरचना को कॉलेज प्रमुख तक चुस्त-दुरूस्त बनाकर बैठको व सम्मेलनों की तैयारी करे। ग्रीष्मावकाश में जिला स्तर पर योजनापूर्वक शिक्षक सम्मेलन आयोजित करने के लिए भी कहा। महामंत्री संगठन ने कहा कि पार्टी संगठन की संरचना में शिक्षक प्रकोष्ठ की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे लिए गौरव का विषय है कि समाज को दिशा देने वाला शिक्षक वर्ग बड़ी संख्या में भाजपा के साथ जुड़ रहा है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में विपक्ष जाति और धर्म की राजनीति कर समाज में भेद पैदा करने की कोशिशें कर रहा है। ऐसे में शिक्षक प्रकोष्ठ की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है क्योकि समाज और राष्ट्र को एकजुट रखने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण है। बैठक में शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्रीचन्द्र शर्मा सदस्य विधान परिषद ने आगामी कार्यक्रमों व शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा की। शिक्षक प्रकोष्ठ शिक्षामित्रों,अनुदेशकों तदर्थ शिक्षकों विषय-विशेषज्ञों व वित्तविहीन शिक्षको के विषय पर मुख्यमंत्री से मिलकर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे आग्रह पर केन्द्र की मोदी सरकार ने सीबीएससी स्कूल की मान्यता हेतु एनओसी के नियमों को सरल किया है और उन्हें अपनी शाखा खोलने के लिए अनुमति भी दी है।

# श्रद्धालुओं की सारथी बनी यूपी रोडवेज सेवा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर आयोजित हुए आस्था के जन समागम महाकुम्भ में यूपीएसआरटीसी श्रद्धालुओं के लिए सारथी साबित हुई। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ- 2025 के प्रथम स्नान पर्व मकर संक्रांति से अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि तक निगम बसों और शटल बस सेवा ने आगंतुकों को महाकुम्भ लाने और वापस उनके गंतव्य तक पहुंचाने में बढ़ चढ़कर योगदान दिया।

परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रयागराज महाकुम्भ में 66.33 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी मे पुण्य की डुबकी लगा कर इतिहास बना दिया। यूपीएस आरटीसी ने इन श्रद्धालुओं को सकुशल सुव्यवस्थित उनके गंतव्य तक पहुंचाने में पूरी तन्मयता से लगा रहा। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में यूपीएसआरटीसी ने 3.25 करोड़ लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। इसके



लिए प्रदेश के सभी रूटों के लिए बसों का पूरा इंतजाम किया गया था। महाकुम्भ के दौरान 8750 बसों का संचालन यूपीएसआरटीसी ने कर एक रिकॉर्ड बनाया। वैसे महा कुम्भ के विभिन्न स्नान पर्वों में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के अनुमान के मुताबिक इनकी संख्या तय की गई थी जिसमे मौनी अमावस्या में सबसे अधिक 8750 बसों का संचालन किया गया।

परिवहन मंत्री ने बताया कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के महा कुम्भ क्षेत्र तक पहुंचाने के लिए निगम बस सेवा के अलावा शटल बस सेवा की अहम भूमिका रही। उन्होंने बताया कि शहर के चारो तरफबनाए गए अस्थाई बस स्टेशन में जहां निगम बसों का बेड़ा तत्पर रहा है तो वहीं इन अस्थाई बस स्टेशन से महाकुम्भ के नजदीक के स्थानों तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने के लिए 750 शटल बसें निरंतर सेवा में लगी रहीं हैं।

शटल सेवा ने 45 दिनों तक चले इस महाकुंभ में 1.25 करोड़ लोगों को पार्किंग स्थल से महा कुम्भ के नजदीकी स्थान तक पहुंचाया। परिवहन मंत्री ने बताया कि महाकुम्भ में उमड़े जन सैलाब को देखते हुए बसों और चार पहिया वाहनों को शहर के बाहर पार्किंग में खड़ा करना यातायात योजना का हिस्सा था। पार्किंग स्थल से कुम्भ क्षेत्र तक लाने में जुटी रही शटल बस सेवा निरंतर इस कार्य में लगी रही। प्रमुख स्नान पर्वों के समय इस सेवा को निःशुल्क कर दिया गया। महा कुम्भ के दौरान कुल 17 दिनों तक शटल ने निःशुल्क अपनी सेवा श्रद्धालुओं को प्रदान की।

## गांव-गांव चलेंगी रोडवेज बस

लखनऊ। यूपी गवर्नमेंट ने 28 हजार गांवों को रोडवेज बस सेवाओं से जोड़ने केलिए परिवहन निगम को निर्देश दिए हैं। 1540 नए रूट निर्धारित हुए है। इन रूटों पर महाकुंभ से खाली हुई बसें चलाई जायेंगी।कार्ययोजना तैयार की जाएगी। राज्य परिवहन निगम के अधिकारियों के मुताबिक प्रयागराज महाकुंभ के लिए आई तीन हजार नई बसों को इन नए मार्गों पर संचालित किया जाएगा। फिर भी जो गांव बच जाएंगे, उन्हें मुख्यमंत्री ग्राम जोड़ो योजना के तहत बस सेवा से जोड़ा जाएगा। प्रदेश सरकार ने 6,638 नई बसें खरीदी हैं। इसमें तीन हजार बसें महाकुंभ के लिए खरीदी गई थीं, जो अब खाली हो गई हैं। उन्हें नए रूटों पर चलाया जाएगा। गांवों को रोडवेज सेवा से जोड़ने का प्लान तैयार है।

# अपना दल के बौद्धिक मंच के जिलाध्यक्ष बने रमाकांत त्रिपाठी



**लखनऊ।** अपना दल (एस) पार्टी ने लखनऊ जिला इकाई के बौद्धिक मंच का नया नेतृत्व चुना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की मंजूरी और प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल की संस्तुति पर रमाकांत त्रिपाठी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामाकांत त्रिपाठी ने अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के सिद्धांतों और नीतियों को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। मेन इकाई के जिला अध्यक्ष हरिओम पटेल ने त्रिपाठी की नियुक्ति का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि त्रिपाठी एक कर्मठ और जुझारू व्यक्ति हैं।

# मेरे जीते जी और मेरी आखिरी सांस तक, पार्टी में मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगाः मायावती

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया और कहा कि अब उनकी आखिरी सांस तक पार्टी में उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पिछले महीने पार्टी से निष्कासित किये जाने के बाद यह कदम उठाया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ में हुई बसपा की राष्ट्रीय स्तर की बैठक के बाद यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी हित में आकाश आनंद को इसकी सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि इस कार्रवाई के लिए पार्टी नहीं, बल्कि पूर्ण रूप से उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ जिम्मेदार हैं। मायावती ने सिद्धार्थ को पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर पिछले महीने बसपा से निष्कासित कर दिया था। बयान के मुताबिक, मायावती ने कहा, अब मैंने यह निर्णय लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक, पार्टी में मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने पूर्व में आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। लेकिन पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव के दौरान एक विवादित बयान देने को लेकर उन्होंने अपने भतीजे से यह ओहदा वापस ले लिया था। हालांकि बाद में, मायावती ने उन्हें फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया था। बयान के मुताबिक, मायावती ने पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अपने सबसे छोटे भाई आनन्द कुमार को पार्टी समन्वयक की भी जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा, रामजी गौतम को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाने की भी घोषणा की।

# जीरो टॉलरेंस नीति पर काम का रही हैं योगी सरकारः निषाद

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा आज दूसरे चरण के दूसरे दिन झाँसी पहुँची। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा की आज सुबह झाँसी के कलेक्ट्रेट एनआईसी से कानपुर देहात में हुए विगत दिन 01 मार्च को मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में लापरवाही की खबरें सामने आई थी, उस पर संज्ञान लेते हुए आज कानपुर देहात के आला अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की गई। बैठक में मंत्री राकेश सचान व मंत्री समाज कल्याण विभाग असीम अरुण भी वर्चुअल बैठक के माध्यम से जुड़े। श्री निषाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।कानपुर देहात उनका प्रभार जनपद होने के नाते उन्होंने मीडिया के माध्यम से प्राप्त जानकारी का संज्ञान लेते हुए आज शाम तक उक्त प्रकरण की रिपोर्ट संबंधित विभाग से तलब की गई है। मंत्री असीम अरुण ने जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद को आश्वस्त करते हुए कहा कि कानपुर देहात लापरवाही के प्रकरण पर सखत्ती बरती जाएगी और जाँच में दोषी अधिकारियों को सस्पेंड भी किया जाएगा। मंत्री राकेश सचान ने बैठक के दौरान कहा कि सरकार की छवि जीरो टॉलरेंस की है और इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो दोषी होंगे, कार्रवाई जरूर की जाएगी।



# यूपी में हादसों पर सख्त दिखे सीएम योगी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में हो रहे हादसों पर सीएम योगी सख्त नजर आए। सीएम योगी ने छुट्टी के बावजूद रविवार को अफसरों की मीटिंग बुलाई। मीटिंग में सीएम योगी ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा, प्रदेश के सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की भी व्यवस्था करें। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की मीटिंग में मुख्यमंत्री ने राज्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में संबंधित विभागों के मंत्री, शासन स्तर के अधिकारी, सभी मंडलों के मंडलायुक्त, सभी जनपदों के जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षक (एसपी) मौजूद रहे। सड़क दुर्घटनाओं के वार्षिक आंकड़ों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश में 46,052 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की



गईं, जिनमें कुल 34,600 लोग घायल हुए और 24 हजार से अधिक मौतें हुईं। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े बेहद दुखद हैं और इनमें हर हाल में कमी लानी होगी। योगी ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय एवं सामूहिक प्रयासों के जरिये सड़क दुर्घटनाओं की घटनाओं पर अंकुश लगाएं और प्रदेश के सभी मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उन्हें ठीक कराएं। मुख्यमंत्री ने सड़क हादसों में घायल लोगों के इलाज के विषय में चिंता जाहिर करते हुए कहा, सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ फूड प्लाजा की तरह अस्पताल की व्यवस्था करें। साथ ही सभी मंडल मुख्यालयों के अस्पतालों में ट्रामा सेंटर, एंबुलेंस और प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए।

योगी ने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों में हुई दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा 20 जनपदों-हरदोई, मथुरा, आगरा, लखनऊ, बुलंदशहर, कानपुर नगर, प्रयागराज, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखीमपुर-खीरी, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, बदायूं, मेरठ और बिजनौर में जनहानि हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क हादसों में हुए कुल मौतों में 42 प्रतिशत इन जनपदों में दर्ज की गईं। उन्होंने मौतों को नियंत्रित करने के लिए दुर्घटना के कारकों को खोजने एवं लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि जनपद स्तर पर प्रत्येक माह एवं मंडल स्तर पर त्रैमासिक मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से हो। योगी ने कहा कि तेज रफ्तार से वाहन चलाना, नशे में वाहन चलाना, गलत दिशा में वाहन चलाना, सिग्नल तोड़ना और मोबाइल फोन का इस्तेमाल सड़क दुर्घटना घटित होने के मुख्य कारक हैं, जिन्हें लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग अपने स्कूल-कॉलेज में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित कर जागरूकता फैलाएं।

# वोरजा इंटिरियो ने राजधानी में नया कॉर्पोरेट ऑफिस खोला

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** कॉर्पोरेट फर्नीचर के क्षेत्र में अग्रणी वोरजा इंटिरियो प्रा. लि. ने आज लखनऊ के आशियाना औरंगाबाद जागीर (निकट शहीद पथ) में अपने नवीन कॉर्पोरेट ऑफिस का शुभारम्भ किया। वोरजा इंटिरियो प्रा.लि. के नए कॉर्पोरेट ऑफिस के शुभारंभ पर कम्पनी के निदेशक विकास शर्मा ने बताया कि वोरजा ने कॉर्पोरेट क्षेत्र की जरूरतों और उत्तम स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए फर्नीचरों की विस्तृत श्रृंखला को पेश किया है। उन्होंने बताया कि यहां पर रेस्ट्रो एंड रेट्रो, आइफा, मुनंस, डिजाइन ड्रंक, इकोम फर्नीचर कम्पनी के ऑफिस, स्कूल, अस्पताल और घर के लिए आधुनिक एवं विभिन्न जरूरतों के हिसाब से फर्नीचर उपलब्ध हैं। विकास शर्मा ने बताया कि वोरजा इंटिरियो में बैठने वाले सभी फर्नीचरो को कुछ इस तरह डिजाइन किया गया है, जो रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखते हैं, जिससे कमर दर्द जैसी कोई समस्या नहीं होती है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यहां पर होमीग्लो की फैंसी डेकोरेटिव लाइटे भी हैं। उन्होंने बताया कि वोरजा इंटिरियो प्रा.लि. विगत 17 वर्षो से कानपुर में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है और विस्तार के क्रम में लखनऊ में अपना नया कॉर्पोरेट ऑफिस खोला है, वर्तमान में देशभर में 2000 से अधिक संतुष्ट ग्राहक हैं। इस मौके पर वोरजा इंटिरियो की प्रबंध निदेशक रचना शर्मा ने बताया कि कम्पनी ने कॉर्पोरेट क्षेत्र में आधुनिकता और बेहतर स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए फर्नीचर की जो नवीन श्रृंखला पेश की है वह नई पीढ़ी के साथ बुजुर्गो को चुस्त तंदुरुस्त रखेगी।

# होली के बाद होगा योगी कैबिनेट का विस्तार!

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बीजेपी के लिए मार्च बेहद महत्वपूर्ण है। पार्टी संगठन से लेकर सरकार स्तर पर बड़े बदलाव की तैयारी है। संगठन और सरकार दोनों में चेहरे बदलेंगे। यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार की तैयारी है। यह बदलाव होली के बाद होगा। टीम योगी में करीब आधा दर्जन नये सदस्य शामिल हो सकते हैं। जल्द नया प्रदेश अध्यक्ष भी पार्टी को मिल जाएगा। संगठन और सरकार में बदलाव मिशन-2027 को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। पार्टी का फोकस जातीय और क्षेत्रीय गणित साधने पर है।

भ्रष्टाचार की शिकायतें एक दो मंत्रियों को महंगी पड़ सकती हैं। होली के बाद मंत्रिमंडल विस्तार होना है। भाजपा के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को फिर मंत्रिमंडल में लाया जा सकता है।

मंत्रिमंडल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की भागीदारी बढ़नी है। पार्टी का फोकस




क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधने पर है। संगठन से दो चेहरों को सरकार में भेजा जा सकता है। किसी ऐसे चेहरे को भी मंत्री बनाया जा सकता है, जो अभी किसी सदन का सदस्य न हो। ऐसे व्यक्ति को जितिन प्रसाद के सांसद बनने के बाद से रिक्त विधान परिषद सीट पर सदन में भेजा जा सकता है।संभावना है कि मंत्रिमंडल में रालोद की हिस्सेदारी बढ़ेगी। एक मंत्री पद और मिल सकता है। जयंत चौधरी किसी जाट चेहरे को जिम्मेदारी दे सकते हैं। दो नाम चर्चा में हैं, शामली के विधायक प्रसन्न चौधरी और सादाबाद के विधायक गुड्डू चौधरी। गुर्जर कोटे में भाजपा के नकुड़ से विधायक मुकेश चौधरी की लॉटरी लग जाये तो चौकने वाली बात नहीं।

# आदित्य विजन ने लखनऊ में एक साथ छह नए स्टोरों का उद्घाटन किया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन आदित्य विजन ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक साथ 6 नए स्टोरों का भव्य उद्घाटन किया। यह एक ही दिन में किसी एक शहर में छह इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम खोलने का रिकॉर्ड है।

यह स्टोर पत्रकारपुरम, नियर ओपन एयर रेस्टोरेंट, हुसड़िया चौराहा, गोमती नगर, आशियाना एलडीए कॉलोनी, आशियाना चौराहा, जानकीपुरम, निगर भिठौली रेलवे क्रॉसिंग, जानकीपुरम एक्सटेंशन योजना, श्विकास नगर, घुलाची मंदिर के पास, रायबरेली रोड, नियर सरदार पटेल डेंटल कॉलेज, उतरेटिया एवं फैजाबाद रोड, 64 सीसी मंगलपुरी, विजयपुर, नियर सुषमा हॉस्पिटल खोले गये हैं। आदित्य विजन, पूर्वी भारत के सबसे विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिका रिटेल ब्रांडों में से एक है. जो अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और शानदार ऑकर्स के लिए जाना जाता है। 1999 में पटना में अपने पहले शोरूम की शुरूआत करने के बाद. आज 2025 में यह प्रतिष्ठान 167 शोरूमों तक विस्तारित हो चुका है।निदेशक निशांत प्रभाकर ने व्यक्त किए विचार आदित्य विजन के निदेशक श्श्री निशांत प्रभाकर ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कहा हम लखनऊ के ग्राहकों के समर्थन से एक साथ छह स्टोर खोलने के लक्ष्य को पूरा कर पाए हैं। यह सफलता हमारे ग्राहको कर्मचारियों और सहयोगियों की निरंतर मेहनत और भरोसे का परिणाम है। आदित्य विजन नेशनल स्टॉक एक्सचेज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने वाला बिहार का पहला इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन है। ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर्स और सुविधाएः आदित्य विजन अपने ग्राहकों को विशेष ऑफर्स और आकर्षक वित्तीय योजनाएँ प्रदान करता है-व्याज मुक्त फाइनेंस रु 36 आसान मासिक किश्तों में केवल मूल राशि का भुगतान डेबिट कार्ड द्वारा पेपरलेस फाइनेंस सुविधा ऽ जीरो डाउन पेमेंट पर मनचाहे उत्पाद की खरीदारी और त्वरित डिलीवरी, पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बदले सुपर एक्सचेज ऑफर हाथों-हाथ आसान लोन सुविधा, जिसमें प्रमुख वित्तीय संस्थान जैसे एचडीएफसी, आईडीएफसी फर्स्ट आईसीआईसीआई और बजाज फाइनेंस भागीदार है।

# 10 गाय पालने पर मिलेंगे 10 लाख रुपए

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने गाय पालन को बढ़ावा देने के लिए नई पहल शुरू की है, जिसे श्अमृत धारा योजना के नाम से जाना जा रहा है। इसके तहत सरकार गाय पालन करने वालों को कई तरह की सुविधाएं और वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। छुट्टा गोवंश के संरक्षण और गाय पालन को बढ़ावा देने के लिए इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में छुट्टा गोवंश के संरक्षण के लिए 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। यह राशि न केवल गोवंश के संरक्षण के लिए बल्कि गाय पालन को भी एक प्रोत्साहन देने का काम करेगी। सरकार की यह पहल गाय पालन को एक लाभकारी व्यवसाय बनाने का लक्ष्य रखती है और किसानों को वित्तीय मदद प्रदान करती है। अमृत धारा योजना में सरकार ने विशेष रूप से



गाय पालन को बढ़ावा देने के लिए एक आकर्षक वित्तीय मदद का प्रस्ताव रखा है।अगर कोई व्यक्ति 10 गाय पालन करता है तो उसे 10 लाख रुपए तक का ऋण प्राप्त हो सकता है। इस ऋण के लिए सरकार ने 10 प्रमुख बैंकों से सहयोग प्राप्त किया है, जो इस योजना के तहत ऋण प्रदान करेंगे। अमृत धारा योजना में 3 लाख रुपए तक का अनुदान प्राप्त करने के लिए किसी गारंटर की आवश्यकता नहीं। यह कदम खासतौर पर छोटे और सीमांत किसानों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, जो आर्थिक रूप से मजबूती की कमी महसूस करते हैं। इससे उन किसानों को भी मदद मिलेगी जो आर्थिक रूप से मजबूत नहीं हैं, लेकिन गाय पालन के जरिए अपनी आय बढ़ाने की सोच रहे हैं।गाय पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, और अमृत धारा योजना इसके सबसे बड़े उदाहरणों में से एक है। गाय पालन से दूध, गोबर, और अन्य सहायक उत्पादों का उत्पादन होता है, जो आर्थिक लाभ प्रदान करने के साथ पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद हैं। गाय पालन से किसानों की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### व्हाट्सएप ग्रुप का नाम बदल कर हड़पे 15 हजार

**लखनऊ।** इन्दिरानगर कोतवाली में जीएनएम छात्रा और उसके भाई के खिलाफ 15 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ। आरोपित ने नर्सिंग कॉलेज में छात्रों के लिए बने ग्रुप का नाम बदल कर धोखाधड़ी की है। फरीदी नगर निवासी शरद कुमार सिंह के मुताबिक शेखर स्कूल ऑफ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में छात्रों और अभिभावकों का ग्रुप बना है। जिसमें शरद भी जुड़े हैं। कुछ दिन पूर्व जीएनएम छात्रा खुशबू जायसवाल के भाई संदीप ने व्हाट्सएप ग्रुप का नाम बदल कर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया कर दिया। जिसके बाद ग्रुप में क लिंक भेजा गया। शरद ने भी लिंक को क्लिक कर मांगी गई डिटेल भरी। इसके बाद ही शरद के खाते से करीब 15 हजार रुपये कटने का मैसेज आ गया। इंस्पेक्टर इन्दिरानगर सुनील तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### शादी समारोह में युवक पर कुल्हाड़ी हमला

**लखनऊ।** मलिहाबाद के महमूदनगर में शनिवार देर रात गाली-गलौज के विरोध पर नशे में धुत लोगों ने 25 वर्षीय गुड्डू गुप्ता पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अस्पताल में होश में आने पर गुड्डू ने बताया कि वह सहिलामऊ का रहने वाला है। शनिवार रात वह महमदूनगर में परिचित के यहां शादी समारोह में गया था। वहां बनवारी रावत और उसके साथी नशे में धुत खड़े थे। गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर लात घूसों से जमकर पीटा। इस बीच बनवारी ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले से शरीर पर घाव हो गया। शोर सुनकर जबतक ग्रामीण दौड़ते हमलावर भाग निकले। ग्रामीण अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज हुआ। गुड्डू ने रविवार को थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि बनवारी और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश में दबिश दी जा रही है।

### विवेचक को गिरफ्तार करने का आदेश

**लखनऊ।** गवाही के लिए उपस्थित न होने पर अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने पुलिस कमिश्नर लखनऊ को पत्र लिखकर कहा है कि वह पुलिस मुख्यालय लखनऊ में तैनात विवेचक अरुण कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर 7 मार्च तक न्यायालय में पेश करें। अदालत ने विवेचक का वेतन भी रोके जाने का आदेश पुलिस कमिश्नर को दिया है। पत्रावली के अनुसार बरेली के थाना इज्जत नगर से संबंधित आरोपी सरताज के विरुद्ध अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी की अदालत में यह मामला विचाराधीन है। जहां मुकदमे के अन्य समस्त गवाह पेश किए जा चुके हैं। केवल विवेचक की गवाही के लिए मुकदमा लंबित है तथा यह साक्षी पुलिस मुख्यालय लखनऊ में तैनात है। जिसे गवाही के लिए काफी समय से आदेशित किया जा रहा है। यह भी कहा गया है कि विवेचक अरुण कुमार श्रीवास्तव को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए कोर्ट के पैरोकार एवं सरकारी वकील द्वारा फोन कर अनुरोध किया जा रहा है। किंतु वह टालमटोल कर रहे हैं। जिसके कारण यह मामला न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है।

### पशु चिकित्सालय में चोरी कर तोड़फोड़ करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोसाईंगंज स्थित पशु चिकित्सालय का ताला तोड़कर घुसे चोर ने तोड़फोड़ कर एक हजार रुपए पार कर दिए। गोसाईंगंज पुलिस ने चिकित्सा अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। चिकित्सा अधिकारी बृजेश कुमार विश्वकर्मा के मुताबिक शनिवार रात में पशु चिकित्सालय के पास मे रहने वाला बबलू सिंह शटर तोड़कर चिकित्सालय में घुस आया। इसके बाद प्रिंटर व अन्य सामान तोड़ कर एक हजार रुपए चोरी कर लिए। परिसर में रह रहे कर्मचारियों ने चीख पुकार मचाई तो वह भाग निकला।

### रिटायर्ड जज के बेटे ने डॉग को कार से रौंदा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रिटायर्ड जज के बेटे ने कार से दो डॉग को रौंद दिया। एक डॉग की मौत हो गई। एक संस्था की ओर से तहरीर देने के 12 घंटे बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। मामला गोमती नगर का है। दो डॉग को रौंदने का सीसीटीवी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि सड़क किनारे दो डॉग सो रहे हैं। ड्राइवर उनके ऊपर जानबूझकर स्विफ्ट कार चढ़ा देता है। आसरा दी हेल्पिंग हैंड ट्रस्ट की ओर से विभूति खंड थाने में तहरीर दी गई है। संस्था कि अध्यक्ष चारु खरे का कहना है कि घटना में एक डॉग की मौत हो गई है। दूसरा बुरी तरह घायल है। इलाज चल रहा है। वाहन चालक रिटायर्ड जज का बेटा है। तहरीर देने के 12 घंटे बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। चारु खरे ने कहा अगर पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो सीएम योगी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग करेंगे। वाहन चालक ने दूसरी बार इस तरह की घटना को अंजाम दिया है।

### विवि छात्र पर युवती ने दोस्तों से कराया हमला

**लखनऊ।** चिनहट कोतवाली में निजी विवि के छात्र ने एक युवती पर दोस्तों को बुला कर चाकू से हमला कराने का मुकदमा दर्ज कराया। छात्र और युवती के बीच विवि में विवाद हुआ था। शुक्लागंज निवासी मो. कैफ एमिटि विवि का छात्र है। 25 फरवरी को कैफ का विवि में पढ़ने वाली कशिश चौधरी से कहासुनी हो गई थी। विवाद होते देख शिक्षकों ने बीच बचाव किया था। इसके बाद दोनों लोग अलग हो गए। वहीं, कशिश ने बदला लेने के इरादे से दोस्तों को बुला कर कैफ पर हमला कराया। सिर में चोट लगने से कैफ गिर पड़ा। तभी एक युवक ने पीठ पर चाकू से हमला किया। वहीं, दूसरे ने सिर पर असलहे की बट मार दी। एसओ चिनहट भरत पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मच्छरों का प्रकोप, आयुक्त को पत्र

**लखनऊ।** इंदिरा नगर क्षेत्र में गर्मी की आहट के साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। इंदिरा नगर आवासीय ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर निरन्तर फागिंग कराने की मांग की है। इंदिरा नगर आवासीय महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर बताया कि शहर में मच्छरों का प्रकोप बहुत तेजी से बढ़ रहा है जिससे तरह तरह-तरह की बीमारीयो के बढ़ाने का खतरा भी मढ़रा रहा है। इस पर लगाम कसने के लिए योजनाबद्ध तरीके से जोन वाइज टीम बनानी होगी और जनता को मच्छरों के प्रकोप से बचाने के लिए फागिंग कराने एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराना होगा। नगर आयुक्त से यह भी मांग उठाई गई की सभी महासमितियों की प्रत्येक माह में बैठक अवश्य बुलाए।

### पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** अटेवा उ. प्र. के आवाहन पर लखनऊ में मोहनलालगंज से सांसद आर.के. चौधरी से मुलाकात कर पुरानी पेंशन बहाली व निजीकरण की समाप्ति के लिए ज्ञापन सौंप कर प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को पत्र लिखने का अनुरोध किया, साथ ही लोकसभा में पुरानी पेंशन व निजीकरण के मुद्दे को मुखरता से उठाने का आग्रह किया। मंच के प्रतिनिधियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को प्रमुखता से उठाया और कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की। ज्ञापन प्राप्त करने के उपरांत सांसद ने प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को पत्र लिखकर शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियो के लिए पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। इस अवसर एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने बताया कि नई पेंशन योजना के कारण कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करना लाखों कर्मचारियों और शिक्षकों के हित में होगा। साथ ही उन्होंने कहा की निजीकरण वर्तमान में निम्न व मध्य वर्ग का भविष्य खतरे में है इसे तत्काल रोका जाना अति आवश्यक है। चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के महासचिव अशोक कुमार ने कहा की पुरानी पेंशन शिक्षक कर्मचारियों के लिए जीवन मरण का प्रश्न है इसके लिए हम अटेवा के साथ मजबूती से खड़े हैं। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम मूरत यादव, लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध कॉलेज शिक्षक एसोसिएशन की महामंत्री श्रीमती अंशू केडिया, उत्तर प्रदेश आउटसोर्स संविदा कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री सच्चिदानंद मिश्रा,पीजीआई नर्सेस संघ की अध्यक्ष श्रीमती लता सचान,प्रदेश महामंत्री पशुपालन विभाग नीलमणि नरसिंह राव, अटेवा के प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ राजेश कुमार कहा कि सरकार पूंजीपतियों को बढ़ावा दे रही है और शिक्षकों कर्मचारियों के हक अधिकार को मार रही है।

# टैक्स चोरी पकड़ी 5.64 लाख करोड़ की और सरकार को मिले केवल 1.40 लाख करोड़

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी की सेंट्रल जीएसटी टीमों की छापेमारी की संख्या और टैक्स चोरी के खुलासों ने विभाग का कामकाज कटघरे में खड़ा हो गया है। विभाग के मुताबिक जीएसटी लागू होने के बाद 5.64 लाख करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई लेकिन सरकार को सिर्फ 1.40 लाख करोड़ मिले। सुप्रीम कोर्ट में पेश रिपोर्ट में छापों के आंकड़ों से विभाग के साथ कारोबारियों के बीच हलचल है। स्टेट जीएसटी की तुलना में सेंट्रल जीएसटी के छापों से कारोबारी ज्यादा भयभीत रहते हैं। वजह गिरफ्तारी का अधिकार है। जीएसटी छापों में गिरफ्तारी को लेकर पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने कारोबारियों को बड़ी राहत दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने फर्जी फर्मों और जीएसटी छापों का ब्योरा पेश करने का आदेश दिया था। एक जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने के बाद मार्च 2024 तक के आंकड़े हैरान करने वाले हैं। जुलाई 2017-18 में सीजीएसटी ने 1,216 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी थी। 191 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 394 करोड़ रुपये की रिकवरी हुई और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 2018-19 में छापों की संख्या 424 से बढ़कर 7,365 पहुंच गई। टैक्स चोरी की रकम भी तीस गुना बढ़कर 37,916 करोड़ हो गई लेकिन विभाग ने 19,216 करोड़ रुपये जमा कराने में सफलता पाई। 191 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस वर्ष सबसे ज्यादा 460 गिरफ्तारियां की गईं। 2021-22 में भी छापे 12,500 मारे गए लेकिन टैक्स चोरी का खुलासा 73 हजार करोड़ रुपये पार कर गया। इसका एक तिहाई करीब 25 हजार करोड़ रुपये जमा कराए गए और 342 लोगों को जेल भेजा गया। 223 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 2022-23 में छापे बढ़कर 15,500 हो गए और पहली बार टैक्स चोरी का आंकड़ा 1.31 लाख करोड़ को भी पार कर गया लेकिन सरकार को सिर्फ 33 हजार करोड़ रुपये ही मिले। 190 लोगों को जेल भेजा गया। 2023-24 में 20 हजार छापे मारे गये। इस वर्ष टैक्स चोरी बढ़कर 2.30 लाख करोड़ रुपये हो गई, बावजूद इसके सरकारी खजाने में 31 हजार करोड़ रुपये ही आए। 223 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## किसान से 54 लाख ठगे

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बिजनेस पार्टनर बनाने का झांसा देकर किसान से 54 लाख रुपए ठगी कर ली। किसान ने खेत बेचकर पैसों को बैंक अकाउंट में डाला था। प्रापर्टी डीलर ने तीन साल में पैसा दोगुना करने का दावा किया था। समय पूरा होने के बाद जब पैसे मांगे तो घाटा होने की बात कहकर मुकर गया। पीड़ित ने शनिवार शाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। पारा के मुन्नू खेड़ा निवासी रामनाथ पाल पेशे से किसान हैं। उन्होंने बताया कि साल 2014 में 60 लाख रुपए में अपने खेत बेचे थे। रामनाथ ने उन पैसों को अपने तीनों बेटों ओमकार, कालीचरण और रामचरण के नाम बैंक अकाउंट में जमा किए थे। रामनाथ का बड़ा बेटा रामचरण आलमबाग कसाईबाड़ा निवासी प्रापर्टी डीलर मोहम्मद अकरम अंसारी की फैक्ट्री में काम करता था। फैक्ट्री में काम करने की वजह से बेटे से अच्छे संबंध थे। घर आने जाने के दौरान अकरम का ओमकार से भी अच्छा संपर्क हो गया। इस दौरान अकरम अंसारी को खेत बेचकर पैसा मिलने की जानकारी हो गई। अकरम ने ओमकार को विश्वास में लेकर फैक्ट्री में बिजनेस पार्टनर बनकर काम करने की बात कही। फैक्ट्री में लगाए हुए पैसों को तीन साल में दोगुना करके वापस करने का झांसा दिया। आरोपी अकरम ने नाका इलाके में स्थित आईसीआईसीआई बैंक में अकाउंट खुलवाया। रामनाथ का कहना है कि आरोपी ने तीनों बेटों से 54 लाख रुपए अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिए। तीन साल गुजरने के बाद मुनाफे के पैसे मांगे गए तो बिजनेस में नुकसान होने की बात कहकर टरकाने लगा। दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी देने लगा।

## भूतनाथ मार्केट की सड़कों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर विधायक से मिले व्यापारी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** भूतनाथ मार्केट से कई बार अतिक्रमण हटाए जाने के बावजूद पुनः पुलिस एवं स्थानीय नगर निगम के कर्मचारियों के सहयोग से सड़कों पर दबंगों द्वारा अस्थाई अतिक्रमण करके सड़कों पर कब्जा करने की समस्या से त्रस्त व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष कमल अग्रवाल के नेतृत्व में पूर्वी क्षेत्र के विधायक ओपी श्रीवास्तव से मिला प्रतिधिमंडल में शामिल उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के लखनऊ इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल ने क्षेत्रीय विधायक से दबंगों द्वारा भूतनाथ मार्केट की सड़कों पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय विधायक ओ पी श्रीवास्तव को जानकारी देते हुए बताया कि अनेकों बार नगर निगम द्वारा अभियान चला कर अतिक्रमण हटाया जा चुका है किंतु स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से एवं नगर निगम के कर्मचारियों के सहयोग से अभियान समाप्त होने के तुरंत बाद ही पुनः दबंगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया जाता है जबकि यह नियम है कि एक बार अतिक्रमण हटाने के बाद स्थानीय पुलिस की जिम्मेदारी है कि पुनः अतिक्रमण न होने पाए इसके अतिरिक्त भूतनाथ के व्यापारियों ने विधायक को भूतनाथ मार्केट में जल भराव की समस्या से भी अवगत कराया पूर्वी क्षेत्र के विधायक ओ पी श्रीवास्तव ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए पुलिस एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओ का समाधान करने के निर्देश दिए, प्रतिनिधिमंडल में व्यापारी नेता अमिताभ श्रीवास्तव ,कमल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सुमित सिंह, प्रमोद बंसल, दिनेश शर्मा मोहम्मद उबेद आदि शामिल थे।

## भगवा त्रिशूल यात्रा आज लखनऊ पहुंचेगी, सनातन संस्कृति को नई दिशा देने निकली

**लखनऊ।** सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार को आगे बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद (आईएमपीसी) ने भगवा त्रिशूल यात्रा की शुरुआत की है। यह यात्रा 1 मार्च को प्रयागराज से शुरू हुई और 3 मार्च को लखनऊ पहुंचेगी, जहां इंदिरा प्रतिष्ठान में भव्य स्वागत और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मशहूर भजन गायक कन्हैया मित्तल अपनी प्रस्तुति देंगे और योगी सरकार को धन्यवाद देंगे। भगवा त्रिशूल यात्रा देशभर के मंदिरों को जोड़ने और सनातन संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए निकाली गई है। इस यात्रा के जरिए 120 पवित्र त्रिशूल प्राचीन शिवालयों में स्थापित किए जाएंगे। इसमें 12 मंदिर विदेशों में भी शामिल हैं। यात्रा के जरिए मंदिरों के आधुनिकीकरण और डिजिटल बदलाव पर भी जोर दिया जा रहा है। लखनऊ में यात्रा का स्वागत और भजन संध्या 3 मार्च को लखनऊ पहुंचने पर यात्रा का शहर के अलग-अलग हिस्सों में स्वागत किया जाएगा।

## कैशलेस चिकित्सा का लाभ न मिलने पर आक्रोश बढ़ा

▸▸ राज्य कर्मचारी सुयुक्त परिषद का गंगा स्नान एवं महाअधिवेशन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुम्भ में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का पूर्व निर्धारित गंगा स्नान एवं महाधिवेशन परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अपर महामंत्री डा. नरेश कुमार द्वारा किया गया। महाधिवेशन में राज्य कर्मचारियों की प्रदेश स्तर की समस्याओं पर जनपदीय, मण्डलीय, आंचालिक एवं सम्बद्ध संघटनों के प्रदेश पदाधिकारियों की ओर से एक विस्तृत मॉगपत्र सरकार को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। महाधिवेशन में प्रान्तीय कार्यकारिणी का निर्विरोध निवार्चन किया गया। पदाधिकारियों द्वारा सबसे ज्यादा आक्रोश कैशलेस इलाज जो वर्ष 2013 में 11 दिनों चली हड़ताल के बाद माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चन्द्रचूड जी द्वारा सरकार को निर्देश देकर सहमति बनाते हुए दिया गया था। उसका आदेश भी तमाम आन्दोलनों और मुख्यमंत्री कार्यालय के घेराव के बाद 2016 में जारी हुआ। उत्तर प्रदेश के अधिकारियों द्वारा तोड़मरोड़ कर अधकचरी स्थिति में लागू किया है। इससे न तो सरकार की मंशा पूरी हो रही है न ही उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन हो रहा है। ना ही कर्मचारियों का योजना का लाभ मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति में इस मुद्दे का समुचित समाधान ना होने की स्थिति में हड़ताल जैसा विकल्प अपनाने का निर्णय लिया गया।

संविदा व आउट सोर्सिग के कर्मचारियों की मांग पर परिषद के मॉग पत्र में निरंतर उठाई जाती रही है। वर्तमान बजट में इन कर्मचारियों के लिए सकारात्मक पहल दिखी है।

## सड़क पर बने कट हटाएं: मंडलायुक्त

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने रविवार को अयोध्या रोड, कमता, मटियारी, बीबीडी, तिवारीगंज और कानपुर रोड (नादरगंज) का निरीक्षण किया। बढ़ते ट्रैफिक जाम को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को ब्लैक टॉप (मुख्य सड़क) पर पार्किंग पूरी तरह से प्रतिबंधित करने के आदेश दिए। मंडलायुक्त ने साफ कहा अगर सड़क पर गाड़ियां खड़ी मिलती हैं, तो तुरंत चालान किया जाए। कमता बस स्टैंड पर बस ड्राइवर या कंडक्टर अगर सड़क पर बस खड़ी कर सवारी बैठाते मिले, तो उनके वेतन से कटौती और जुर्माना लगाया जाए।



निरीक्षण के दौरान बीबीडी चौराहे पर स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए फुट ओवर ब्रिज बनाने की घोषणा की गई। मंडलायुक्त ने कहा- लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) इस प्रोजेक्ट को जल्द मंजूरी देकर निर्माण शुरू करेगा। उन्होंने बताया कि कुछ बिजली के पोल ट्रैफिक में बाधा बन रहे हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाएगा।

पीडब्ल्यूडी को जरूरत के हिसाब से ब्लैक टॉप सड़क की चौड़ाई बढ़ाने और अनावश्यक कट बंद करने के आदेश दिए हैं। मंडलायुक्त ने एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के अधिकारियों को नादरगंज में चल रहे सड़क निर्माण कार्य को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा काम में और मजदूर और मशीनें लगाकर इसे पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कहा सड़कों से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाए, ताकि लोगों को जाम से राहत मिल सके। उन्होंने पुलिस और ट्रैफिक विभाग को भी इस पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए। ट्रैफिक को सुचारू बनाने के लिए जुनाबगंज से भारी वाहनों का डायवर्जन करने का फैसला भी लिया गया।

## घर में घुसकर युवक ने किशोरी से किया घिनौना कांड

▸▸ फिर पीड़िता ने खुद को किया आग के हवाले

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ से एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने नाबालिग लड़की के घर में घुसकर रेपकांड को अंजाम देने का प्रयास किया। इस दौरान लड़की के माता-पिता ने देख लिया तो आरोपी मकान की पिछली दीवार से फांदकर मौके से भाग गया। वहीं माता-पिता के डर से पीड़ित किशोरी ने घर में खुद को आग लगा ली। पीड़िता का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

पूरा मामला मलिहाबाद थाना क्षेत्र का है। यहां ये दिल दहलाने वाली घटना उस समय हुई जब एक 23 साल के युवक राहुल ने नाबालिग लड़की के घर में घुसकर उसके साथ जबरस्ती करने का प्रयास किया। उसी बीच लड़की के परिजनों ने उसे देख लिया तो तुरंत आरोपी राहुल मौके से भाग निकला। इस घटना के बाद किशोरी काफी डर गई। परिजनों के डर से उसने खुद को आग के हवाले कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। किशोरी के माता-पिता आनन-फानन में उसे सिविल अस्पताल हजरतगंज लेकर पहुंचे। जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की धारा 333, 74, 107, 62 और पॉक्सो एक्ट की धारा 7‌8 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस अधिकारी इस पूरे मामले की गहनता से जांच-पड़ताल में जुट गए हैं।

## बाइक डिवाइडर से टकराकर पलटी, मां की मौत-बेटा घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के कमलापुर में शनिवार को तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार मां की मौत हो गई,जबकि बाइक चला रहा बेटा घायल हो गया। अचानक सामने आई कार देख बाइक सवार ने ब्रेक मारी थी। जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई थी।

काकोरी के दौली खेड़ा निवासी राम प्यारी यादव (42) शनिवार को बेटे सौरभ के साथ पीजीआई के बाबूखेड़ा स्थित बहन के घर जा रही थी। वह बाइक से सरोजनीनगर के कमलापुर पहुंची तभी मोड़ पर सामने से आई कार को देख सौरभ ने अचानक ब्रेक मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। राम प्यारी सिर के बल डिवाइडर से टकराकर गई। वहीं, सौरभ भी बाइक समेत दूर जा गिरा। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मां-बेटे को लोकबंधु अस्पताल भेजवाया।

जहां डॉक्टरों ने राम प्यारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं सौरभ को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। राम प्यारी के पति राम मिलन खेती करते हैं। परिवार में तीन बच्चे हैं। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बेकाबू वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**लखनऊ।** बंथरा के लतीफ नगर में शनिवार को तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार विपिन पाल (18) की मौत हो गई। हादसे के समय वह तिलक समारोह में शामिल होने की बात कहकर घर से निकला था। बंथरा के भटगावं निवासी पप्पू पाल के मुताबिक बेटा विपिन पाल मुंबई में रहकर काम करता था। विपिन कुछ दिन पहले छुट्टी लेकर घर आया था। शनिवार रात वह बनी- मोहान रोड पर लतीफ नगर में आयोजित तिलक समारोह में जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। कुछ देर बाद पता चला विपिन की बाइक में कटी बगिया जाने वाली सड़क पर तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी है। मौके पर ही विपिन की मौत हो गई। इंस्पेक्टर बंथरा के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लखनऊ-छपरा के बीच होली स्पेशल वंदे भारत चलेगी

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन बिहार की नियमित ट्रेनों में वेटिंग को देखते हुए लखनऊ-छपरा के बीच होली विशेष वंदे भारत चलाएगा। 02270/02269 को दोनों ओर से पांच से 17 मार्च तक मंगलवार को छोड़कर चलाया जाएगा। 02270 लखनऊ से दोपहर सवा दो बजे चलकर सुलतानपुर, बनारस, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर होते हुए छपरा रात साढ़े नौ बजे पहुंचेगी। वापसी में 02269 छपरा से रात 11 बजे चलकर लखनऊ सुबह साढ़े छह बजे पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन में सीटों की बुकिंग 3 मार्च से खुलेगी। नई दिल्ली से गोरखपुर वाया लखनऊ साप्ताहिक होली विशेष रेलगाड़ी भी सात मार्च से चलेगी। 04022 नई दिल्ली से 7, 14 व 21 मार्च को चलेगी। वापसी में गोरखपुर से 8, 15 व 22 मार्च को चलेगी। यह ट्रेन गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, लखनऊ जंक्शन, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती होकर आवागमन करेगी।

## महापौर ने तीन प्रमुख मंदिरों की सड़कों के निर्माण का किया शिलान्यास

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** चौक क्षेत्र में रविवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने तीन प्रमुख मंदिरों तक जाने वाली आंतरिक सड़कों के निर्माण के लिए शिलान्यास किया। ये मंदिर हैं दृ बड़ी काली जी मंदिर, लाल मंदिर, और द्वारकाधीश मंदिर। इस शिलान्यास के दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद थे, जिनमें स्थानीय पार्षद अनुराग मिश्रा और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित टंडन प्रमुख थे। इस कार्यक्रम के दौरान इन सड़कों के बनने से इलाके के लोगों को तो लाभ होगा ही, साथ ही लखनऊ के बाहर से आने वाले भक्तों को भी इन प्राचीन मंदिरों तक पहुंचने में आसानी होगी।चौक वार्ड के पार्षद अनुराग मिश्रा ने बताया कि पहली सड़क श्री बड़ी काली जी मंदिर से चौक खुनखुन जी इंटर कालेज के गेट तक बनाई जाएगी, जहां सीसी रोड और नाली की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। दूसरी सड़क उत्तम कपूर जी के घर से लाल मंदिर तक जाएगी, जहां भी सीसी रोड और नाली मरम्मत का काम होगा। तीसरी सड़क द्वारकाधीश मंदिर से अग्रवाल निवास तक बनाई जाएगी, और यहां भी सीसी रोड व नाली की मरम्मत की जा रही है। इन तीनों सड़कों के निर्माण का खर्च महापौर ने अपने कोष से उठाया है, जिससे ये परियोजना जल्द ही पूरी हो सके। कार्यक्रम में उत्तम कपूर, डॉ. उमंग खन्ना, सुबोध टंडन, और अग्रवाल समाज के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल मौजूद थे। इसके अलावा बड़ी कालिजी मंदिर के महंत के सी मल्होत्रा, ज्ञान रस्तोगी , और क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। नगर निगम से जोन छह के जोनल अधिकारी मनोज यादव आलोक श्रीवास्तव और अभिषेक गुप्ता भी इस अवसर पर मौजूद थे।इन सड़कों के बन जाने से न केवल आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को सुविधा होगी, बल्कि इन प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को भी काफी राहत मिलेगी। इससे न सिर्फ श्रद्धालुओं को मंदिरों तक पहुंचने में आसानी होगी, बल्कि स्थानीय व्यापार और यातायात की स्थिति भी बेहतर होगी।इसके अलावा रविवार को महापौर ने इस्माइलगंज वार्ड में आस्था नगर मुरली मंदिर पर व हरिहर नगर में ज्ञान विहार में सड़क व नाली के निर्माण के कार्य का शिलान्यास फोन के माध्यम से किया। उन्होंने लोगों से फोन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि किसी जरूरी कार्य से उन्हें शहर से बाहर जाना पड़ा है। मगर वो सड़क निर्माण पूरी हो जाने पर वार्ड में उसका उद्घाटन करने जरूरी आएंगी। इस कार्यक्रम में इस्माइलगंज प्रथम वार्ड पूर्व भाजपा प्रत्याशी कृष्ण वीर सिंह(बंटू), हरिहर नगर जन कल्याण विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश धर दुबे, चंद्रभान सिंह, आशुतोष मिश्रा, उत्तम सिंह यादव एवं संरक्षक एडवोकेट योगेंद्र मिश्रा, संतोष सिंह मनीष पांडे, डॉक्टर मन्नू चौहान उपस्थित रहे।

## घरेलू कामगार महिलाओं का विशेष सम्मान

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित रेल विहार कॉलोनी में द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव के चौथे संस्करण के तहत घरेलू कामगार महिलाओं का सम्मान किया गया। नव अंशिका श्रमदेवी शक्ति सम्मान समारोह में श्रमजीवी महिलाओं को साड़ी भेंट की गई। साथ ही उनका सामूहिक जन्मदिन भी मनाया गया।कार्यक्रम में संस्था की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी, अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी मंजू बिष्ट समेत कई गणमान्य अतिथि शामिल हुई। इस सम्मान समारोह में संगीत, भजन और डीजे पर डांस का आयोजन भी किया गया। संस्था की अध्यक्ष नीशू त्यागी ने महिला माह की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को महिला दिवस पर नारी एक रूप अनेक थीम पर प्रतियोगिताएं होंगी। 15 मार्च को होली पर रंगोली और वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## स्थानीय रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन नहीं लगने दे रही कैंप

▸▸ नगर निगम अपार्टमेंट में दे रहा सभी सेवाएं पदाधिकारी उत्पन्न कर रहे अवरोध

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नगर निगम जोन 4 के अहिमामऊ शहीद पथ स्थित पार्थ आदयंत अपार्टमेंट में नगर निगम के कैंप नहीं लगने दिया जा रहा है। स्थानीय रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ये कैंप नहीं लगने दे रहे हैं।

यह कैंप नगर निगम द्वारा टैक्स वसूली और हाउस असेसमेंट के लिए लगाया जाता है, ताकि अपार्टमेंट के निवासियों से टैक्स लिया जा सके और उनके घरों का सही आकलन किया जा सके। जोन 4 के जोनल अधिकारी संजय यादव ने बताया कि नगर निगम की टीम ने कई बार पार्थ आदयंत अपार्टमेंट में कैंप लगाने के लिए संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन ट्। पदाधिकारियों इसको लेकर अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। नगर निगम द्वारा इस अपार्टमेंट के लोगों को सभी सुविधाएं दी जा रही हैं।

स्थानीय निवासियों के बीच इस मुद्दे को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को टैक्स भी जमा नहीं करने दे रहे हैं। अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को बिल भेजा जा चुका है।यह मुद्दा पार्थ आदयंत अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है, क्योंकि उन्हें टैक्स जमा करने के लिए नगर निगम के कैम्प का इंतजार था। स्थानीय रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनके पदाधिकारियों का यह रवैया नगर निगम के लिए चुनौती बन गया है, क्योंकि इसके कारण अन्य अपार्टमेंट्स के मुकाबले यह क्षेत्र टैक्स वसूली में पीछे हो सकता है।

# पंजीयन में फर्जीवाड़े पर रोक के लिए सुविधा केंद्र की हुई स्थापना

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राज्य कर विभाग में शनिवार को जीएसटी सुविधा केंद्र की स्थापना की गई। सुविधा केंद्र पर रजिस्ट्रेशन से पूर्व बायोमेट्रिक का कार्य करना अनिवार्य हो जाएगा। जिससे फर्जी पंजीयन पर रोक लगेगी। अपर आयुक्त ग्रेड 1 राज्य कर जोन एक मानवेन्द्र प्रताप सिंह और अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर जोन दो भूपेन्द्र शुक्ला ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। जीएसटी सुविधा केंद्र में कुल छह काउंटर बनाए गए हैं। मुख्यालय से निर्देश प्राप्त होने के बाद बायोमेट्रिक का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। संयुक्त आयुक्त विवेकानंद शुक्ला को जीएसटी सुविधा केंद्र का नोडल अधिकारी बनाया गया है। मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि रजिस्ट्रेशन से पहले बायोमेट्रिक कराना अनिवार्य हो गया है। जीएसटी सुविधा केंद्र में बनाए गए काउंटर पर आवेदनकर्ता उपस्थित होंगे और बायोमेट्रिक की प्रक्रिया पूर्ण कराएंगे।

प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ही पंजीयन दिया जाएगा। भूपेन्द्र शुक्ला ने कहा कि जीएसटी सुविधा केंद्र खुलने से फर्जी पंजीयन पर अंकुश लगेगा। राजस्व क्षति रोकने में बायोमेट्रिक प्रक्रिया महत्वपूर्ण होगी। प्रपत्रों के दुरुपयोग पर रोक लगेगी तथा राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त जिलाजीत सिंह, संयुक्त आयुक्त विवेकानंद शुक्ला, संयुक्त आयुक्त श्रीराम मौजूद रहे।

# 101 दिन की मुहिम-आपकी उतरन, किसी की जरूरत अपने अंतिम चरण में पहुँच रही है



देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट नेकी का डब्बा फाउंडेशन द्वारा संचालित ÷101 दिन की मुहिम - आपकी उतरन, किसी की जरूरत÷ अपने 91वें दिन में प्रवेश कर चुकी है और अब अपने अंतिम चरण में है। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य समाज के सक्षम वर्ग से कपड़े एकत्र कर जरूरतमंदों तक पहुँचाना रहा है।

आज ग्रेनोवेस्ट की आम्रपाली ड्रम वैली सेवा बस्ती में एक विशेष कपड़ा वितरण अभियान आयोजित किया गया, जहाँ सैकड़ों जरूरतमंदों को गरम कपड़े प्रदान किए गए। संस्था के संस्थापक गिरीश चंद्र शुक्ला ने बताया कि अब तक इस अभियान के तहत लगभग 48,000 कपड़े एकत्रित कर जरूरतमंदों तक पहुंचाए जा चुके हैं।

यह प्रयास दिल्ली- एनसीआर की विभिन्न सोसाइटीयों, कस्बों एवं संस्थानों के सहयोग से संभव हो पा रहा है। फाउंडर मेंबर कमल किशोर जी ने बताया कि इस पहल के दौरान, हर सप्ताह के अंत में संग्रहीत कपड़ों को चयनित बस्तियों और जरूरतमंद समुदायों तक पहुँचाया जाता है, जिससे सर्दी के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। सदस्य दिनेश न सेठ जी ने बताया कि नेकी का डब्बा फाउंडेशन की यह मुहिम समाज में दान और पुनर्चक्रण (रीयूज़) की संस्कृति को बढ़ावा देने का एक सफल प्रयास रही है। संस्था के मुख्य सदस्य सचिन सेंगर जी ने बताया कि 101वें दिन तक प्राप्त सभी कपड़ों का वितरण कर इस अभियान को अगले शीतकाल तक के लिए विराम दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि नेकी का डब्बा फाउंडेशन केवल इस मुहिम तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा के 9 विभिन्न उपक्रमों पर कार्य कर रहा है, जिनका उद्देश्य व्यापक सामाजिक परिवर्तन लाना है।

**संस्था के कुल 9 प्रमुख सामाजिक उपक्रम हैं जैसे:**

**आपकी उतरन, किसी की जरूरत:** इस अभियान के तहत समाज के सक्षम वर्ग से कपड़े एकत्र कर उन्हें उन लोगों तक पहुँचाया जाता है, जिन्हें इनकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

**नेकी का दोना-पत्तल:** (एक मुहिम भूख मिटाने की) जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए संचालित यह पहल रोज़ाना सैकड़ों लोगों तक भोजन पहुँचाने का कार्य करती है।

**नेकी की पाठशाला:**(एक मुहिम क से ज्ञ की ओर) सेवा बस्तियों में रह रहे बच्चों को साक्षरता, नैतिक शिक्षा और आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने का प्रयास किया जाता है।

**नेकी की दवा:**(एक मुहिम जान बचाने की) यह अभियान न केवल चिकित्सा सहायता प्रदान करता है बल्कि उन वंचित परिवारों के लिए आशा की किरण भी बनता है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपना और अपने बच्चों का इलाज नहीं करवा पाते।

**मूर्ति विसर्जन एवं पर्यावरण संरक्षण:** (धार्मिक आस्था और पर्यावरण सुरक्षा का संतुलन) इस पहल का उद्देश्य पूजा के बाद लावारिस छोड़ी गई मूर्तियों को श्रद्धा और सम्मान के साथ पवित्र नदी या कृत्रिम तालाब में विसर्जित करना है। इस पहल के माध्यम से धार्मिक स्थलों की स्वच्छता और संरक्षण सुनिश्चित करना है।

**ब्लड डोनेशन:** (ब्लड फॉर लाइफ) जीवन बचाने की इस मुहिम का उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर और सुलभ रक्त उपलब्ध कराना है। यह वर्ग, जाति या समुदाय से परे हर जरूरतमंद को जीवनरक्षक सहायता प्रदान करता है।

# पीडीए को लेकर की गई चर्चा

**पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं**

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज में समाजवादी पदाधिकारी द्वारा सपा कार्यालय पर पीडीए को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही गांव गांव जाकर लोगों को पीडीए के बारे में जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक का संचालन युवा सपा नेता योगेश यादव द्वारा किया गया। अलीगंज के कायमगंज रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पीडीए को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख रामकिशोर यादव के नेतृत्व में की गई। बैठक में आगामी चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पूर्व ब्लाक प्रमुख रामकिशोर यादव नें कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि पीडीए गठबंधन सामाजिक न्याय ओर विकास की राजनीति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी चुनावों में जनता के सहयोग से हम साम्प्रदायिक ताकतों को हराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जिन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं, संगठन विस्तार, और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर अपने सुझाव दिए। बैठक में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

कहा कि गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों के बारे में लोगों को अवगत कराये। बैठक में पूर्व ब्लाक प्रमुख राम किशोर यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रवेन्द्र सिंह यादव, राकेश यादव, रामानंद शर्मा, संजू पांडेय, नरेंद्र कश्यप, अंकित कुमार कठेरिया, अर्जुन कश्यप, विपिन कठेरिया, जितेंद्र यादव, आयुष्मान सिंह, संतोष कुमार यादव, मानसिंह, फुलवारी सिंह, राजेश यादव, अरविंद यादव, डॉ. योगेश यादव, रामवीर सिंह, जगतपाल सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीटेक-फॉरेंसिक के छात्र कर रहे थे डिजिटल अरेस्ट कर ठगी

**राजस्थान से पुलिस ने दो किए गिरफ्तार**

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** फर्जी अधिकारी बन डिजिटल अरेस्ट कर रकम ठगने वाले गैंग के दो साइबर शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन शातिरों ने एक महिला को डिजिटल अरेस्ट कर दो लाख 80 हजार रुपए की रकम ठगी थी। इस मामले में पुलिस दो को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। ठगी गई रकम में से 80 हजार रुपए महिला के वापस भी कर चुकी है। गिरफ्तार हुए ठगों से पुलिस ने मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, बैंक किट सहित अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। एसीपी हरीपर्वत आदित्य कुमार ने बताया कि दोनों शातिरों को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। जिनमें से एक फोरेंसिक और ग्रेजुएट की पढ़ाई कर रहे हैं। यह कॉलेज के बाहर घूम कर स्टूडेंट को भी अपने साथ मिला लेते हैं। वह लोग भी टेक्निकल मजबूत होते हैं। बीटेक आदि की पढ़ाई कर रहे होते हैं। उन्हीं के खातों में यह रकम ट्रांसफर कराते हैं। एसीपी ने बताया कि इनके तार साउथ ईस्ट कंट्री से भी जुड़े हैं। क्रिप्टोकरंसी के माध्यम से भी पैसा भेजा जाता है। जिसकी जांच भी पुलिस कर रही है। 20 जनवरी 2025 को महिला निजहत खातून के द्वारा थाना साइबर क्राइम पर सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर इंटरनेशनल वीडियो कॉल करके ठगी की गई है। फर्जी बांद्रा का पुलिस अधिकारी बनकर मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग केस में फंसाने का डर दिखाया। मुझसे कहा कि आपको डिजिटल अरेस्ट किया गया है। इसके बाद 28 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था और शातिरों की तलाश में जुटी थी। इस गैंग के तार विदेशों से भी जुड़े हैं। वियतनाम, कंबोडिया कनाडा जैसे देशों में बैठकर टेलीग्राम और वॉट्सऐप पर फर्जी अधिकारी बन वीडियो कॉल की जाती है। जिसके बाद भोले वाले लोगों को मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग स्मगलिंग जैसे केस में फसाने का डर दिखाया जाता है। उनसे मोटी रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराई जाती है। जिसके बाद यह लोग उस रकम को चेक और एटीएम के द्वारा निकाल लेते हैं। इस गैंग के दो साथियों को पुलिस पूर्व में जेल भेज चुकी है। इन दोनों को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया था। जिनमें से दिव्यांश गहलोत निजी बैंक में मैनेजर था। उसी के द्वारा आरोपी आरिफ खान का बैंक में खाता खुलवाया गया था। इनके खातों को फ्रीज करा पुलिस ने पीड़िता के 80000 रुपए भी वापस करवाए थे। आज पुलिस ने अभिषेक धाकड़ और प्रतीक गौड़ को राजस्थान से ही गिरफ्तार किया है।

# जीडीए की बोर्ड बैठक 18 मार्च को प्रस्तावित




लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** जीडीए की बोर्ड बैठक 18 मार्च को प्रस्तावित है। इस बार की बैठक बजट पर केंद्रित होगी। बैठक में भू-उपयोग परिवर्तन का भी प्रस्ताव शामिल किया गया है। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सभी अनुभागों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। एजेंडा तैयार कराया जा रहा है। 18 मार्च को मेरठ मंडल में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक प्रस्तावित की गई है। प्रमुख प्रस्तावों में भू-उपयोग परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस प्रस्ताव के पास होने से जीडीए की आय में इजाफा होगा। अन्य प्रस्ताव भी बैठक में ले जाए जाएंगे। मधुबन-बापूधाम योजना से प्रभावित किसानों को छह फीसदी प्लॉट देने का प्रस्ताव भी शामिल किया जा रहा है।

# बाइकों की भीषण भिड़ंत में पांच युवकों की मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** आगरा-जगनेर रोड पर नगला मीरा गांव पर बीती रात दो बाइकों की आमने-सामने की भिडंत में पांच युवकों की मौत से पीड़ित परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। मृतकों में चार आपस में चचेरे भाई हैं। सैंया के जो चार युवक दुर्घटना में मरे हैं, उनके परिवारों के समक्ष तो गंभीर संकट खड़ा हो गया है क्योंकि मृतक ही अपने परिवारों में कमाने वाले सदस्य थे। यह भीषण हादसा रात दस बजे के बाद हुआ। सैंया के चार चचेरे भाई एक बाइक पर सवार होकर गढ़मुक्खा गांव में एक शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। नगला मीरा गांव के पास इन युवकों की बाइक सामने से आती एक बुलट मोटर साइकिल से जा भिड़ी। दोनों बाइक तेज स्पीड में थी, इसीलिए हादसे की भयावहता बढ़ गई। बाइकों पर सवार पांचों युवक हवा में उछल पड़े। दोनों की बाइकें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को एसएन की इमरजेंसी में पहुंचाया, जहां पांच युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में सैंया के चार चचेरे-तयेरे भाई 28 वर्षीय रामस्वरूप, 35 वर्षीय भगवान दास, 30 वर्षीय सोनू और 35 वर्षीय वकील शामिल हैं। बुलट पर सवार किरावली के 19 वर्षीय करन सिंह की भी मौत हुई है। बुलट पर सवार गहर्रा कलां का कान्हा गंभीर रूप से घायल है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों के शव जब इमरजेंसी लाए गए तो वहां उनके परिवारों के लोग भी पहुंच गए थे। अपनों के शव देखकर परिवारीजनों में कोहराम मच गया। कई महिलाएं तो शवों को देखकर बेहोश हो गईं। आधी रात के बाद इमरजेंसी पर करुण क्रंदन करते परिजनों को उनके रिश्तेदार ढाढस बंधा रहे थे।

# सगाई समारोह में हर्ष फायरिंग, पेट में गोली लगने से छात्र की हालत गंभीर



लोकमित्र ब्यूरो

**मुरादनगर।** कनौजा गांव में शुक्रवार रात सगाई समारोह में हर्ष फायरिंग में पेट में गोली लगने से बीए का छात्र प्रियांशु त्यागी घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। शुक्रवार रात कनौजा गांव निवासी राजेश के पुत्र सोनू का सगाई समारोह चल रहा था। इस बीच अचानक किसी अज्ञात ने कई राउंड हवाई फायरिंग कर दी।

सगाई समारोह में शामिल होने आए गांव निवासी बीए के छात्र प्रियांशु त्यागी के पेट में गोली जा लगी। गोली लगते ही छात्र लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, हालत गंभीर होने पर गाजियाबाद रेफर किया गया। एसीपी लिपि नगायत का कहना है कि ओएफएम पुलिस चौकी प्रभारी ओमवीर सिंह की तहरीर पर फायरिंग करने वाले अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज व समारोह में बन रही वीडियो के आधार पर हर्ष फायरिंग करने वाले युवक की तलाश की जा रही है।

# सस्ता प्लॉट बेचने के नाम पर 43.49 लाख रुपये की ठगी

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** नंदग्राम क्षेत्र में सस्ता प्लॉट बेचने का झांसा देकर दो भाइयों ने तीन अलग-अलग खरीदारों से 43.49 लाख रुपये ठग लिए हैं। प्लॉट का बैनामा करने का दबाव बनाया तो दोनों भाइयों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर दी। एक पीड़िता ने दोनों भाइयों पर छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया है। धोखाधड़ी के शिकार तीनों पीड़ितों ने नंदग्राम थाने में दोनों आरोपी भाइयों कृष्णपाल व सुंदरपाल निवासी गांव गढ़ी ढरगल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

दिल्ली के मयूर विहार निवासी महिला ने गढ़ी ढरगल गांव में कृष्णपाल से दो भूखंड का सौदा किया था। उन्होंने 30 अप्रैल 2012 को रजिस्ट्री कराई और कृष्णपाल को 16.73 लाख रुपये का भुगतान किया, लेकिन मौके पर उन्हें कब्जा नहीं दिया गया। कई बार कहने के बाद भी उन्हें न प्लॉट पर कब्जा मिला और न ही रुपये वापस दिए गए। पीड़िता जब बैनामें में दर्शाए गए भखूंड को देखने पहुंची तब वहां उन्हें कोई भूखंड ही नहीं मिला।

पीड़िता का आरोप है कि 25 अगस्त 2024 को वह अपने पति के साथ कृष्णपाल के पास पहुंची और अपने रुपये वापस मांगने लगीं, लेकिन कृष्णपाल ने अपने भाई सुंदरपाल के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की और उनके कपड़े तक फाड़ दिए। दूसरे पीड़ित जनपद गौतमबुद्धनगर के चिपियाना निवासी तरुण शर्मा ने 2018 में सुंदरपाल से 100 गज के भूखंड का सौदा किया था। सुंदरपाल ने उन्हें बताया कि प्रवीन के नाम पर उन्होंने पावर आफ अटार्नी की हुई है, इसीलिए बैनामा प्रवीन से कराएंगे। आठ मई 2018 को प्रवीन ने उनके नाम रजिस्ट्री कर दी। उन्होंने 13.38 लाख रुपये भी दिए, लेकिन कब्जा नहीं दिया गया।

कई बार मांगने के बाद भी न उन्हें रुपये दिए गए और न ही भूखंड दिखाया गया। जब वह खुद भूखंड देखने गए तब पता चला कि मौके पर भूखंड नहीं है। कई साल तक सुंदरपाल उन्हें टहलाता रहा। पीड़ित ने 18 अगस्त 2024 को सुंदरपाल के पास जाकर विरोध जताया तो उनके साथ मारपीट की गई। तीसरे पीड़ित तरुण शर्मा वर्तमान पता चिपियाना बुजुर्ग ने बताया कि गढ़ी ढरगल में ही 100 गज प्लॉट बेचने के नाम पर सुंदरपाल ने 13.38 लाख रुपये लिए और बैनामा करा दिया।

बैनामा के बाद जब वह प्लॉट देखने पहुंचे तो उक्त भूखंड संख्या पर भूंखड नहीं मिला। आरोप है कि विरोध करने पर सुंदरपाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और धमकी दी। तीनों पीड़ितों ने नंदग्राम थाने में दोनों आरोपी भाइयों कृष्णपाल व सुंदरपाल के खिलाफ अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराए हैं। दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ धोखाधड़ी के 14-15 मुकदमे पूर्व में दर्ज हैं। पुलिस इन दोनों व इनके साथियों के खिलाफ अब गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करने की तैयारी में है।

**-राजेश कुमार, डीसीपी सिटी**

# नोएडा में प्रयागराज के संगम का पवित्र गंगाजल का होगा वितरण



देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** प्रयागराज में हुए कुंभ मेले में 70 करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। हमारे नोएडा शहर से भी बड़ी संख्या में हमारे देश में निवासियों ने कुंभ मेले में स्नान किया। बहुत से हमारे निवासी किसी कारणवश प्रयागराज मैं नहीं जा सके। उनके दिल को खुश करने वाली बहुत बड़ी खबर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कि अपेक्षा है कि उत्तर प्रदेश के निवासीगण जोकि किसी कारणवश प्रयागराज नहीं जा सके हैं ऐसे लोगों के लिए भी कुम्भ मेले से संगम के पवित्र गंगाजल कि व्यवस्था कि गई है। फोनरवा ने फायर डिपार्मेंट नोएडा के सहयोग से प्रयागराज कुंभ से संगम के पवित्र जल की व्यवस्था कि गई है। फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा एवं महासचिव के के जैन ने आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियो से निवेदन किया है कि अपने अपने सेक्टर के निवासियों को सूचित करें कि जो भी निवासी संगम का जल लेना चाहते हैं। कल दिनांक 3.03.2025 सुबह 10:30 बजे से फोनरवा कार्यालय, सेक्टर 52,नोएडा से प्राप्त कर सकते हैं। पवित्र गंगा जल लेने के लिए निवासी अपना वर्तन साथ लाएं।

# होली मिलन समारोह को लेकर हुई प्रवासी संघ की बैठक

देव मणि शुक्ल



**नोएडा** होली मिलन समारोह की तैयारियों के लिए प्रवासी संघ की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आलोक वत्स की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बैठक में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाने पर जोर दिया गया, प्रवासी संघ के अध्यक्ष आलोक वत्स ने बताया कि होली पूर्वांचल के प्रमुख त्योहार है जिसे अपने घर से दूर रहने वाले सभी पूर्वांचलियों के लिये प्रवासी महासंघ एक परिवार के तौर पर मनाता है जिसमें गीत संगीत के साथ पूर्वांचल की एक सोंधी महक भी होती है इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को तैयारी में लग जाना है।

क्योंकि विगत वर्षों में हमने जो आयोजन किये हैं उससे अच्छा आयोजन ही होना चाहिए, प्रवासी संघ के महासचिव अवधेश राय ने बताया कि होली मिलन कार्यक्रम सेक्टर 33 के सामुदायिक भवन में 9 मार्च 2025 दिन रविवार को सांयकाल 3 बजे से होगा।

हमें अपने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरे मन से करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाना है, प्रवासी महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने बताया कि होली के इस कार्यक्रम में सभी पूर्वांचली परिवारों का हार्दिक स्वागत है, बैठक में अध्यक्ष आलोक वत्स, महासचिव अवधेश राय, जितेन्द्र प्रसाद सिंह , विकास तिवारी,छाया राय,अनु सिन्हा, कमलेश तिवारी, अभिनव पाण्डेय, राहुल द्विवेदी, अनुज त्रिपाठी, अखिलेश सिंह, आनंद राय, आकाश तिवारी, मीनाक्षी साही, एवं मधु सिंह समेत अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# अलीगंज महोत्सव होली मेला का हुआ शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज के डीएवी इंटर कॉलेज परिसर में महोत्सव होली मेला का आयोजन किया गया। मेला में दुबई थीम कार्निवल अनेकों प्रकार के झूले आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं युवाओं ने विभिन्न प्रकार की लगाई गई सेल्फी पॉइंट पर अपनी सेल्फियाँ ली और मेला का जमकर लुफ्त उठाया। डीएवी इंटर कॉलेज के मैदान में दुबई थीम कार्निवल पर होली मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौड़ एवं नगर पालिका प्रतिनिधि सभासद सुजीत गुप्ता उर्फ़ बाबू ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया।

तत्पश्चात प्रदर्शनी में लगाई गई गणेश प्रतिमा का पूजन कर दीप प्रज्वलित किया। मेला महोत्सव में पेरिस का अल्फा टावर, दुबई का बुर्ज खलीफा, मारुति सर्कस अत्यधिक आकर्षण का केंद्र रहे। विभिन्न प्रकार के लगाए गए सेल्फी पॉइंट पर युवाओं ने अपनी सेल्फी लेकर लुफ्त उठाया। मेला में बच्चों, बडों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और दुकानों को लगाया गया। इस मौके पर विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने कहा कि स्वस्थ दिमाग के लिए इस तरह के मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजन होते रहने चाहिए।

इस पिछडी विधानसभा में पहले इस तरह के आयोजन नहीं होते हैं, इसका मुख्य कारण यहां के लोगों में डर और भय का माहौल बना रहता था।

जब से भाजपा की सरकार बनी है लोग भयमुक्त है। नुमाइश के प्रबंधक सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि नुमाइश आज से शुरू होकर 31 मार्च तक यानी पूरे महीने भर चलेगी। नुमाइश में बच्चों के मनोरंजन लिए कई तरह के झूले, खेलकूद, मौजमस्ती के लिए रबड़ का विशालकाय मिकी माउस, इलैक्ट्रिक छोटी गाडियां और बच्चों के साथ ही बड़ों के भी स्वस्थ मनोरंजन के लिए उत्तम व्यवस्था की गई है।

# घर बैठे कमाई का झांसा देकर युवक से 2.10 लाख हड़पे



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** साइबर ठगों ने नगर कोतवाली क्षेत्र की सेंट्रल मार्केट निवासी सुनील कुमार को घर बैठे रुपये कमाने का झांसा देकर 2.10 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने फ्लाइपिन नामक लिंक से जोड़कर बिटकॉइन में निवेश कराया।

ठगों ने सुनील कुमार के खाते में साढ़े आठ हजार रुपये भी भेजे और 2.10 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर ठगों के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी सुनील कुमार ने बताया कि 28 जनवरी को उनके मोबाइल पर वाट्सएप पर मैसेज आया और घर बैठे कमाई की बात कहकर उन्हें फ्लाईप्साइड ग्लोबल सर्विस इंडिया प्रा.लि. से जोड़ा गया। जहां उनको टेलीग्राम पर टास्क दिए गए। टास्क पूरा करने पर 150 रुपये खाते में डाले गए और जल्द ही छह हजार रुपये अन्य भेजने का आश्वासन दिया। मोटी कमाई का आश्वासन देकर साइबर ठगों ने युवक को फ्लाइपिन नामक लिंक से जोड़ा और बिटकॉइन में मोटी आमदनी होने का झांसा दिया। 15 हजार रुपये जमा करने पर 23 हजार रुपये मिलने का आश्वासन दिया। 30 जनवरी को 50 हजार रुपये से अधिक का क्रिप्टो करेंसी पोर्टल पर निवेश कराया। पीड़ित के अनुसार साइबर ठगों ने 2.10 लाख रुपये का निवेश क्रिप्टो करेंसी पोर्टल पर कराए। जब सुनील कुमार के खाते में रुपये नहीं भेजे गए तो उन्होंने धनराशि वापस करने की मांग की। रुपये वापस न करने पर उन्हें साइबर ठगी का अहसास हुआ और नगर कोतवाली साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नगर कोतवाली एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बैंक डिटेल के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेठी में होगा 215 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, 18 से 22 मार्च तक चलेगा लघु अश्वमेध यज्ञ

**अमेठी।** जनपद में आयोजित होने वाले राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ की तैयारी बैठक रविवार को देव यज्ञ नगर दुर्गापुर रोड पर संपन्न हुई। इस बैठक में अमेठी, सुलतानपुर, प्रतापगढ़ और रायबरेली के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. आर.पी. सिंह द्वारा देव पूजन के साथ हुआ। जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने बताया कि अमेठी के लघु अश्वमेध की चर्चा पूरे देश में हो रही है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव के अनुसार यज्ञ उत्पादक होने चाहिए। इसलिए गांव-गांव में गुरुदेव के विचारों को पहुंचाना जरूरी है। कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन प्रभात फेरी निकालने और नियमित समयदान करने का आह्वान किया गया। सभी ब्लॉक समन्वयकों ने अपने क्षेत्रों में चल रहे विभिन्न अभियानों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इनमें मेरा गांव देव गांव अभियान, मेरी माटी मेरा कुंड, मेरा परिवार देव परिवार, व्यसन मुक्ति अभियान, वृक्षारोपण, दीपयज्ञ और मंडल गठन शामिल हैं। युवा समन्वयक डॉ. प्रवीण सिंह दीपक ने बताया कि प्रातकाल बड़ी संख्या में स्थानीय लोग श्रमदान कर रहे हैं। दिन के समय भी गांव-गांव सेलोग आकर श्रमदान में भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम 18 से 22 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसमें 215 कुंडों के साथ गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

### ग्राम पंचायत के खाते में फिर हैकर्स की सेंधमारी, 2.90 लाख निकालने की कोशिश नाकाम

**अमेठी।** अमेठी के बाजार शुकुल ब्लॉक की ग्राम पंचायत तेंदुआ के खाते में एक बार फिर साइबर फ्रॉड का प्रयास हुआ है। हैकर्स ने खाते से 2 लाख 90 हजार रुपए निकालने की कोशिश की। पूर्व सचिव जितेंद्र सिंह को 28 फरवरी को अपने मोबाइल पर पैसे कटने का मैसेज मिला। ग्राम प्रधान दान बहादुर तुरंत बैंक ऑफबड़ौदा की बाजार शुकुल शाखा पहुंचे। मिनी स्टेटमेंट से पता चला कि हैकर्स ने अमरेश गिरी के खाते में रकम ट्रांसफर करने का प्रयास किया था। खंड विकास अधिकारी अंजलि सरोज ने बताया कि पिछले फ्रॉड के बाद एहतियातन खाता सीज कर दिया गया था। इसी वजह से हैकर्स की कोशिश विफल रही। इससे पहले भी इसी तरह के फ्रॉड में अमरेश गिरी के खाते में 18 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे। पिछले फ्रॉड की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई थी, जिसकी जांच उच्च अधिकारियों द्वारा की जा रही है। ई-ग्राम स्वराज पेमेंट पोर्टल में सुरक्षा की कमियां सामने आ रही हैं, जिन पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है।

### पिकअप की टक्कर से 8 साल के बच्चे की मौत, ननिहाल आया था मासूम

**अमेठी।** जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। हारीपुर गांव में ननिहाल आया बच्चा सड़क पार कर रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी।मृतक की पहचान रामगंज थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कोरी के पुत्र अरब के रूप में हुई है। वह अपनी मां किरन के साथ हारीपुर गांव में ननिहाल आया था। हारीपुर-धम्मौर मार्ग पर बाजार जाते समय यह हादसा हुआ। घटना के बाद परिजन घायल बच्चे को तुरंत सुल्तानपुर जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक रामराज कुशवाहा ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मां किरन बेसुध होकर बार-बार अपने बेटे को पुकार रही हैं। पिता धर्मेंद्र कोरी भी गहरे सदमे में हैं। शव के पैतृक गांव नरहरपुर पहुंचने पर पूरे गांव में शोक छा गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को सहायता देने की मांग की है।

### चाऊमीन की दुकान से 32 हजार का फोन गायब, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

बाराबंकी,02 मार्च 2025 (यूएनएस)। फतेहपुर तहसील क्षेत्र में चोरों ने एक चाऊमीन की दुकान से मोबाइल चोरी कर लिया। यह घटना सिहाली चौराहे पर स्थित दुकान की है। दुकान के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है। दुकान के मालिक प्रेम प्रकाश ने बताया कि उन्होंने 32,000 रुपये का मोबाइल फोन किस्तों पर खरीदा था। फोन खरीदे हुए अभी मात्र 3 महीने ही हुए थे। वह अब भी फोन की किस्तें चुका रहे हैं। तिलरन निवासी प्रेम प्रकाश ने कोतवाली फतेहपुर में शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस अभी तक चोरी हुए मोबाइल का कोई सुराग नहीं ढूंढ पाई है। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है।

### मल्लूपुर में श्रीमद भागवत कथा का समापन

**बाराबंकी।** मल्लूपुर गांव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा का रविवार को भव्य समापन हुआ। पूर्व प्रधान राजेंद्र प्रसाद तिवारी के संयोजन में चल रही इस कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में जरौली, धनौली, बबुरीगांव, सिल्हौर और सुपामऊ समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम में आरएसएस के राजकुमार शर्मा, डीडीसी प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह रिंकू, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार मिश्र , राजू शुक्ल , पंकज तिवारी और नीरज तिवारी समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कथा के अंतिम दिन कथा व्यास पंडित सनत कुमार पांडेय ने सुदामा चरित का वर्णन किया। सुदामा की दीन-हीन अवस्था का वर्णन सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। भंडारे का आयोजन देर रात तक चलता रहा, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### रमजान का पहला रोजारू,ोजेदारों ने अल्लाह से मांगी दुआएं, इफ्तार के साथ किया रोजा खत्म

**बाराबंकी।** रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत हो गई है। बाराबंकी के रामनगर तहसील क्षेत्र की मस्जिदों में पहले दिन रोजेदारों की भारी भीड़ देखी गई। मस्जिदों में रोजेदारों ने पूरी श्रद्धा के साथ नमाज अदा की। इसके बाद शाम के समय इफ्तार के साथ पहला रोजा खत्म किया। रमजान के पाक महीने को लेकर मुस्लिम समुदाय में उत्साह का माहौल है। क्षेत्र की सभी मस्जिदों में महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और युवा एकत्र हुए। सभी रोजेदारों ने अल्लाह से दुआएं मांगी। रमजान का यह पवित्र महीना मुस्लिम समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दौरान लोग दिन भर रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं।

### दुकान के गोदाम से बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**बाराबंकी।** बड्डूपुर थाना क्षेत्र के हंसुआ पारा में एक चोर ने मिठाई की दुकान के गोदाम से मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पीड़ित रामू यादव मिठाई की दुकान पर नौकरी करते हैं। घटना शनिवार की रात की है। रामू यादव रोज की तरह शाम को दुकान पर काम करने आए थे। उन्होंने अपनी बाइक सड़क किनारे बने गोदाम में खड़ी की और काम में लग गए। रात के दौरान किसी अज्ञात चोर ने बाइक चुरा ली। सुबह जब रामू घर जाने के लिए गोदाम पहुंचे तो बाइक गायब थी। उन्होंने आस-पास बाइक की तलाश की, लेकिन कहीं नहीं मिली। गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में एक अज्ञात युवक बाइक चोरी करते हुए नजर आया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मिल गई है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में बड़ा बदलाव,छात्रों को मिली आधुनिक सुविधाएं

**गोण्डा।** जेल रोड स्थित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में छात्रों की सुविधाओं के लिए व्यापक बदलाव किए गए हैं। समाज कल्याण विभाग के निर्देशन में दो भवनों वाले इस छात्रावास का कायाकल्प हुआ है। छात्रावास में कई आधुनिक सुविधाएं जोड़ी गई हैं। छात्रों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए 1000 लीटर की नई पानी टंकी लगाई गई है। जिलाधिकारी की पहल पर आरओ मशीन भी स्थापित की गई है। समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी के अनुसार, छात्रावास की क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत की गई है। रसोईघर में नई टाइल्स लगाई गई हैं। सभी खराब नल बदल दिए गए हैं। परिसर में जरूरी स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं। कक्षाओं में एलईडी लाइट्स की व्यवस्था की गई है। वहीं छात्रों के मनोरंजन और खेलकूद के लिए वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण किया गया।

# ट्रक चालक पति व पत्नी से विवाद के दौरान ट्रक तले दबकर पत्नी की मौत

- मृतका के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

लोकमित्र संवाद



**औरास उन्नाव।** ट्रक चालक शौहर व उसकी बीबी में आपसी विवाद के दौरान ट्रक लेकर जा रहे शौहर को रोकने के प्रयास में बीबी ट्रक के पहिए के नीचे आ गई और उसकी दबकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मायके पक्ष ने दहेज़ उत्पीड़न व हत्या किए जाने के आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर पर है।

थाना क्षेत्र के हसनपुर पश्चिम बाव के मजरा दलन खेड़ा निवासी रिजवान ट्रक चालक है जो ट्रक लेकर घर आया था शनिवार दोपहर बाद करीब डेढ बजे ट्रक लेकर जा रहा था तभी उसकी 26 वर्षीय पत्नी रुबी से किसी बात को लेकर कहा सुनी होने लगी पति ट्रक लेकर जाने लगा तो पत्नी ने उसे रोकने की कोशिश की वह जैसे ही ट्रक के आगे आई तो पति रिजवान ने ट्रक आगे बढा दिया जिससे वह ट्रक के पहिये के नीचे दबकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, वहीं दूसरी ओर मृतका के पिता शाकिर अली निवासी ग्राम टीकर मजरा ससपन थाना रहीमाबाद लखनऊ ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शादी के बाद 7 वर्षों से मेरी बेटी रूबी को ससुराल पक्ष द्वारा दहेज़ में 2 लाख रुपए व बुलेट गाड़ी के लिए आए दिन प्रताड़ित किया जाता रहा जिस पर बेटी को घर से भी भगाया जा चुका है जिस पर बेटी मेरे घर (मायके) आ गई थी कुछ दिन बाद अपनी मर्जी से ससुराल चली गई, दूसरी शादी की धमकी देना व मारपीट करने आरोप लगाते हुए पति रिजवान, ससुर उजागर, सास तकदीरा, व देवर सलमान समेत दो अन्य अज्ञात लोगों पर दहेज़ उत्पीड़न व हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज किए जाने की बात कही है।रुबी की मौत से तीन वर्षीय बेटी जोया व दो वर्षीय बेटे सोहेल सहित अन्य स्वजनों में कोहराम मच गया।

# बेहटा का सामुदायिक शौचालय नियमित नहीं चलता



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर।** बेहटा में बना समुदायिक शौचालय कई महीनो ने नहीं खुल रहा है।इसका संचालन करने वाले स्वयं सहायता समूह के केयर टेकर को नोटिस भी दी गई मगर न तो कोई जबाब दिया न ही नियमित संचालन शुरु किया।शौचालय में गंदगी फैली है व बाहर झाड़ी उगी है।पारा ग्राम पंचायत सरयू नदी के उस पार ब्लॉक रामनगर मुख्यालय से 25 किमी दूर तराई में है जंहा कोई अफसर बड़ी मुश्किल से पंहुच पाते है।इसी का फायदा उठाकर केयर टेकर सामुदायिक शौचालय का संचालन नहीं कर रहे ।उसकी साफ सफाई तक नहीं होती। गंदगी की भरमार है ।नियमित समय से संचालन न होना जानकर ए डी प पंचायत ने नोटिस भी भेजी मगर उसका न जबाब मिला और न ही संचालन सही हुआ ।लाखो की लागत से बना सामुदायिक शौचालय भवन अनुपयोगी बना हुआ है।यदि समय रहते सख्ती नहीं हुई तो वह दिन भी दूर नहीं होगा जब यह बिल्कुल बेकार दिखेगा।

### काजी ने बताया रमजान का महत्व, सिर्फभूखे-प्यासे रहना नहीं, बुराइयों से दूर रहना भी जरूरी

**बाराबंकी।** रेलवे स्टेशन मस्जिद के इमाम और काजी मुफ्ती जहीर अहमद फैसल कासमी ने रमजान के महत्व पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र महीना तकवा यानी परहेजगारी विकसित करने का जरिया है। काजी ने बताया कि रमजान में रोजा रखने का मतलब सिर्फ खाने-पीने से दूर रहना नहीं है। इस दौरान गुनाहों से बचना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब इंसान हलाल चीजों से दूर रह सकता है, तो हराम कामों से भी बचना चाहिए।

झगड़ा करना, गाली-गलौज करना और गलत व्यवहार करना ऐसे ही हराम काम हैं। मुफ्ती फैसल कासमी ने सभी मुसलमानों से अपील की है कि वे इस रमजान में गुनाहों से बचें। साथ ही नेक रास्ते पर चलने का संकल्प लें। उन्होंने अल्लाह से दुआ की कि वह सभी में तकवा की सिफ्त पैदा करे। साथ ही रमजान की बरकतों को संजोने की तौफीक अता करे।

# सरयू पुल के फिर उखड़ने लगे कई जॉइंटर



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर।** बाराबंकी बहराइच हाइवे पर स्थित सरयू सेतु के जॉइंटर फिर खुलने लगे हैं।अभी से यदि इनकी मरम्मत नहीं हुई तो आगे चलकर बड़ी समस्या पैदा करेंगे।रोड जाम तक नौबत आएगी।

सरयू नदी पर बने पुल के कई जॉइंटर क्षतिग्रस्त है ।कुछ में तो ज्यादा दरार है।बीते महीनो पुल के जॉइंटरों में से कुछ सही किए गए थे मगर अब फिर खुल गए है। जॉइंटर के पास जब लोडेड वाहन निकलते हैं तो जम्पिंग लेते है जिससे जॉइंटर के लोहे और खुल जा रहे है। ए न एच आई के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। इन खुल रहे जॉइंटरों की समय रहते मरम्मत होनी जरूरी मानी जा रही है।यदि लापरवाही बरती गई तो आवागमन प्रभावित हो सकता जो और घंटो रोड जाम जैसी समस्या बनेगी ।

# पुलिस लाइन मे दंगा नियंत्रण अभ्यास का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो



**उन्नाव।** रविवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आकस्मिक परिस्थितियों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दंगा नियंत्रण अभ्यास (रायट ड्रिल) का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य समाज में सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण बनाना तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की पुलिस की दक्षता को बढ़ाना था। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण में इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न हथियारों और उपकरणों के बारे में बताया गया और उनका प्रयोग करके दिखाया गया।

इनमें रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी रायट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टियर स्मोक सेल, नेट आदि शामिल थे। इन उपकरणों के उपयोग की तकनीकी जानकारी के साथ-साथ उन्हें संचालित करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर भी प्रकाश डाला गया। इस अभ्यास में करीब 85 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने दंगा नियंत्रण की प्रक्रिया का गहन अध्ययन किया और इसे वास्तविक परिस्थितियों में किस प्रकार लागू किया जाए, इस पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। अभ्यास के दौरान दंगा नियंत्रण रणनीति और आपसी समन्वय पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि विषम परिस्थितियों में सामूहिक रूप से प्रभावी कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि दंगा नियंत्रण ड्रिल पुलिस बल को हर प्रकार की आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि समाज में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल को सतर्क और दक्ष होना आवश्यक है। क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस को हमेशा तैयार रहना चाहिए और आधुनिक तकनीकों और रणनीतियों का ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि दंगा नियंत्रण में संयम और अनुशासन अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभ्यास किया गया।

# बेहटामुजावर पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर नकदी व जेवर बरामद किये

लोकमित्र संवाद



**बांगरमऊ,उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बेहटा मुजावर पुलिस द्वारा तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के जेवर व रुपये बरामद कर उन्हें अदालत भेज दिया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम गौरिया कला के मजरा मुन्ना खेड़ा निवासी ज्ञानेन्द्र पुत्र मुरली मलिक ने थाने में तहरीर दी थी कि बीते 24 फरवरी की रात करीब 11 बजे उसकी गैरमौजूदगी में गांव के ही रवि पुत्र शहजादे, सतीश पुत्र टोड़े लाल व मुकेश पुत्र जयशंकर उसके घर में घुस आए और ने घर में रखे जेवर व 7500 रुपये नगदी तथा भाभी के घर में रखा जेवर सहित अन्य गृहस्थी का सामान चोरी कर लिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर आज शनिवार को ग्राम शादीपुर के निकट स्थित आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे सर्विस रोड से नामजद तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तगणों के कब्जे से चोरी की एक जोड़ी पायल सफेद धातु , दो जोड़ी बिछिया सफेद धातु व 2900 रुपये नगदी भी बरामद की है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उन्हें अदालत भेज दिया।

# सुरंग में फंसे आठ कर्मचारियों का नौ दिन बाद भी पता नही चला

लोकमित्र संवाद



**बांगरमऊ,उन्नाव।** तेलंगाना प्रदेश के नागर कुरनूल की सुरंग का करीब 10 मीटर हिस्सा ढह जाने से उसमें फंसे क्षेत्र के ग्राम मटुकरी निवासी इंजीनियर सहित सभी आठ कर्मचारियों का आज नवें दिन भी कोई सूराग नहीं चल सका है। एनडीआरएफ के करीब डेढ़ सौ कर्मचारी करीब 150 मीटर लंबी बोरिंग मशीन के जरिए रात-दिन खुदाई करने और सुरंग से पानी निकालने में जुटे हैं। स्कैनर के जरिए पता चला है कि बोरिंग मशीन से करीब दो-तीन मीटर दूर चार मानव शरीर दिखाई पड़ रहे हैं।

किंतु रेस्क्यू टीमें अभी स्केनर में दिखाई पड़ रहे मानव शरीरों तक पहुंच पाने में सफल नहीं हो सकी हैं। ज्ञात हो कि तेलंगाना प्रदेश के जिला नागर कुरनूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल परियोजना में क्षेत्र के ग्राम मटुकरी निवासी इंजीनियर मनोज कुमार द्विवेदी कार्यरत हैं। वह जेपी हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के अधिकारी हैं। बीते 22 फरवरी दिन शनिवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे प्रारंभ से करीब 13 किलोमीटर दूर सुरंग का करीब दस मीटर का हिस्सा अचानक ढह गया था। जिससे टनल में पानी और मलबा भर गया था और क्षतिग्रस्त टनल के आगे इंजीनियर मनोज कुमार द्विवेदी सहित कुल आठ कर्मचारी अंदर ही फंस गए थे। तब से टलन में फंसे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ की दो टीमों के साथ ही भारतीय सेना रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। किंतु नौ दिन गुजर जाने के बाद भी रेस्क्यू टीमें टनल में फंसे लोगों तक नहीं पहुंच पाई हैं। घटना के दूसरे दिन ही ग्राम सिरौली जिला हरदोई निवासी इंजीनियर के बहनोई राम आसरे उर्फ रजोल दीक्षित और इंजीनियर के साले आशीष कुमार तथा उनकी पत्नी स्वर्ण लता द्विवेदी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। जबकि दो दिन बाद इंजीनियर के साढ़ू नवल किशोर और उनकी ममिया सास भी मौके पर पहुंचे थे। बहनोई रजोल दीक्षित ने आज रविवार की सुबह दूरभाष पर बताया है कि एनडीआरएफ की टीमों के करीब डेढ़ सौ कर्मचारी जहां 150 मीटर लंबी ड्रिलिंग मशीन से सुरंग में भरे पत्थर के रेत का मलबा लोको ट्रेन में भरकर निकालने और पंपों के जरिए पानी निकालने में जुटे हैं, वहीं बोरिंग मशीन से पत्थर के रेत की शख्त गाद में करीब ढाई मीटर गोलाई का छेद भी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया है कि स्केन करने पर रेस्क्यू टीमों को मात्र दो मीटर दूर मलबे में चार मानव शरीर और सात मीटर के दायरे में कुछ-कुछ दूरी पर अन्य चार मानव शरीर नजर आ रहे हैं। संभवतः आज देर रात तक रेस्क्यू टीमें मानव शरीरों तक पहुंचने में कामयाब हो सकती हैं। फिलहाल रेस्क्यू टीमों को अभी तक कोई खास कामयाबी न मिल पाने से परिजन हताश और निराश हैं।

# आरोग्य मेले में 2721 मरीजों का हुआ उपचार

- 36 गंभीर मरीजों को किया गया रेफर
- सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन प्रत्येक रविवार को आयोजित कराया जा रहा है।

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन प्रत्येक रविवार को आयोजित कराया जा रहा है। जिसमें दो से ढाई हजार मरीजों का प्रति मेले में स्वास्थ्य की जांच के साथ उपचार किया जा रहा है। गंभीर रूप से बीमार मिले 36 मरीजों को रेफर किया गया है। रविवार को जिले के सभी 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जेठू मवई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगे मेले में आए तमाम ग्रामीण मरीजों के स्वास्थ्य की जांच डॉ. पीतांबर कनौजिया ने जांच कर उपचार किया। साथ ही बदलते मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी।

पूरे जिले के स्वास्थ्य मेले में 1149 पुरूष, 1179 महिला व 393 आए बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर दवा उपलब्ध कराया गया। इस प्रकार कुल 2721 मरीजों को मेले का लाभ मिला। वहीं गंभीर रूप से बीमार 36 मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि 60 चिकित्सक व 275 स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने बताया कि मेले में 53 लाभार्थियों का प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनवाया गया है।

### रमजान का पहला रोजा, सहरी-इफ्तारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़, दुकानों पर लगी लंबी कतारें

**बाराबंकी।** रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत में पहला रोजा रखकर बच्चों ने देश में शांति और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। छोटा इमामबाड़ा के पास रहने वाले अरमान, फरमान, हुसैन और ताहा तुराब समेत कई बच्चों ने पूरे दिन भूख और प्यास की परवाह किए बिना रोजा रखा। बच्चों ने नमाज अदा की और इफ्तार के समय देश-दुनिया में अमन और भाईचारा बनाए रखने की दुआएं मांगी। पहले रोजे के मौके पर बाजार में सहरी और इफ्तारी की तैयारियां जोरों पर थीं। दुकानें विशेष तौर पर सजाई गईं। बाजार में निजामुद्दीन की बुंदिया और खस्ते, जियाउद्दीन का मशहूर शाही टुकड़ा, पांचू की शिरमाल और बेसन की रोटी खास आकर्षण का केंद्र रहे। जाबिर के कोलचे, नफीस की बैगनी, ताबिश के फल, बाबू के लच्छे और इब्ने वफा के बिस्कुट की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ जुटी रही।

# त्यौहारों के दृष्टिगत थाना मुंशीगंज में की गई गोष्ठी




लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** रविवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहारों आगामी त्यौहारों आगामी त्यौहारों होली, रमजान एवं ईद के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना मुंशीगंज द्वारा थाना मुंशीगंज पर थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में आपस में प्रेम व सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने व पालन करने हेतु अपील की गयी।

संक्षिप्त खबरें

## काशी में भारतीय टीम की विजय के लिए प्रार्थना, गंगा घाट पर क्रिकेट प्रेमियों ने की पूजा-अर्चना

**वाराणसी।** भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफचौंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए मुकाबले में भिड़ने के लिए तैयार है। यह मैच दुबई के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा। यह मैच दोनों टीमों के सेमीफाइनल के लिए बेहद अहम है। हारने वाली टीम को साउथ अफ्रीका का सामना करना होगा, वहीं जीतने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के लिए वाराणसी में प्रार्थनाओं का दौर जारी है। नमामि गंगे गंगा विचार मंच महानगर टीम ने हाथों में तिरंगा लेकर प्रार्थना की। नमामि गंगे गंगा विचार मंच महानगर टीम ने गंगा किनारे भारतीय क्रिकेट टीम के विजय की कामना की।मंच के जिला संयोजक शिवम अग्रहरि के नेतृत्व में गंगातट पर हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा थामे खिलाड़ियों की तस्वीरों के साथ भारत माता की जय जयकार की गूंज हुई। मां गंगा की आरती उतारी गयी। श्री काशीविश्वनाथाष्टकं के उच्चारण के साथ महादेव के विशाल शिवलिंग पर गाय के दुग्ध से अभिषेक किया गया। कार्यक्रम में शामिल उत्साही युवाओं ने बैट-बॉल और स्टंप लिए खूब जोश भरा। बच्चों और महिलाओं ने भी भागीदारी की। इस दौरान बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

## नहर में गिरी बेकाबू कार, चार गंभीर रूप से घायल, एक बच्चे की मौत

**आगरा।** आगरा के थाना बसई अरेला में देर रात एक कार बेकाबू होकर पुलिया से नहर में गिर गई। कार में 5 लोग थे। लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को निकाला गया। इसमें 14 साल के एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि चार लोगों को बचा लिया गया। शनिवार देर रात करीब ढाई बजे पुलिस को सूचना मिली कि बसई अरेला क्षेत्र में साइकिल ट्रैक पर ग्राम मानिकपुरा नहर पुलिया के पास एक क्विड कार बेकाबू होकर नहर में गिर गई है। इसमें सवारियां दबी हुई हैं। सूचना पर फोर्स पहुंच गई। पुलिस ने खेतों की रखवाली कर रहे किसानों को बुलाया। उनकी मदद से कार में फंसे 5 लोगों को निकाला गया। इसमें श्यामसुंदर, मनोज, आकाश, राजेश व मोहित पुत्र जयचंद निवासी गण कांकरखेड़ा खदरिया थाना बसई अरेला थे। इनमें मोहित की स्थित गंभीर थी। उसे तत्काल सीएचसी फतेहाबाद भेजा गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि सभी लोग शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।

## दाल में छौंका लगाने पर पति-पत्नी में झगड़ा, पत्नी ने छोड़ा घर, 1 महीने बाद हुआ सुलह

**आगरा।** आगरा के शाहगंज में छौंक लगाने के लिए पति तीन दिन तक जीरा नहीं लाया तो पति-पत्नी में झगड़ा हो गया। पत्नी ने पुलिस में शिकायत कर दी। पति-पत्नी के बीच परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग में समस्या खत्म कराई गई। पति ने वायदा किया कि राशन का सामान खत्म होने से पहले लाकर देगा। परिवार परामर्श केंद्र पर काउंसलर सतीश सिंह खिरवार ने बताया कि केंद्र पर एक मामला आया। दंपत्ति की दो वर्ष पहले शादी हुई थी। दोनों के एक साल की बेटी है। युवक प्राइवेट नौकरी करता है। जबकि पत्नी हाउस वाइफ है। पत्नी को छौंक लगाकर दाल खाना पसंद था। लेकिन घर पर जीरा खत्म हो गया था। इस पर पत्नी ने पति को जीरा लाने को कहा। तो दिन हो गया, दो दिन निकल गए। फिर पति तीन दिन तक जीरा नहीं लाया। गुस्से में पत्नी ने खाना छोड़ दिया। तो पति पत्नी से बिना छौंक लगाए दाल बनाने का दबाव बनाने लगा। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि पत्नी मायके चल गई और एक महीने से आई नहीं। पत्नी ने पुलिस को शिकायत कर दी। काउंसलिंग में पति को उसकी गलती के लिए डांटा गया। पति ने गलती मानी और भविष्य में राशन का सामान समय पर लाकर रखने का वायदा किया। इस शर्त पर पत्नी साथ रहने को तैयार हो गई। परिवार परामर्श केंद्र पर 35 दंपतियों के बीच हुए झगड़ों के निस्तारण के लिए काउंसलिंग कराई गई। बातचीत के दौरान 19 दंपतियों के बीच सुलह कराई गई। बाकियों को अगली तिथि पर बुलाया गया है।


## ताज व्यू प्वाइंट से ताज देखना हुआ महंगा,बिना सूचना के बढ़ा दिए टिकट के पैसे

**आगरा।** आगरा में मेहताब बाग ताज व्यू प्वाइंट से रात में ताजमहल को देखने के लिए अब चार गुना ज्यादा कीमत में टिकट लेना होगा। बिना किसी पूर्व सूचना के टिकट की कीमतें बढ़ा दी गई हैं। मेहताब बाग स्थित ताज व्यू प्वाइंट से ताजमहल को देखने के लिए पर्यटक पहुंचते हैं। इसका निर्माण एडीए ने 2018-19 में कराया था। इसका उद्देश्य ताज के रात्रि दर्शन में पर्यटकों को सुविधा देना था। लेकिन अचानक बढ़ी कीमतों से सभी हैरान हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए दिन का टिकट 50 रुपये से बढ़ाकर 200 और रात का टिकट 200 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है। देसी पर्यटकों को 15 रुपये की बजाय 20 रुपये दिन में और रात में 50 रुपये की बजाय 200 रुपये देने होंगे। गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक दान का कहना है कि जबकि ताज रात्रि दर्शन का टिकट भारतीयों के लिए 510 रुपये, विदेशियों के लिए 750 रुपये है। दिन में यह टिकट 50 और 1100 रुपये का है। ताज में मुख्य मकबरे पर 200 रुपये का टिकट अलग से लागू है। ताज व्यू प्वाइंट से पर्यटकों को कम कीमतों में ताज दिख जाता था। लेकिन अब पर्यटकों को कोई लाभ नहीं मिलेगा। इसी तरह अन्य पर्यटक संस्थाओं के पदाधिकारी भी विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि पर्यटन सीजन के बीच इस तरह का फैसला गलत है।

## सेना में भर्ती का सपना पूरा करने की पहल, रिटायर्ड कैप्टन देंगे होनहार छात्रों को निशुल्क कोचिंग

**आगरा।** आगरा के फतेहपुर सीकरी के रिटायर्ड कैप्टन ओम प्रकाश चाहर ने युवाओं के लिए एक अनूठी पहल की है। वे देश सेवा का जज्बा रखने वाले आगरा और फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के होनहार युवाओं को सेना में भर्ती की निशुल्क कोचिंग दे रहे हैं। कैप्टन चाहर की देहरादून में सहस्त्रधारा रोड पर नोबेल दून डिफेंस एकेडमी है। यहां वे आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को मुफ्त प्रशिक्षण देते हैं। उनकी इस पहल से अब तक कई युवा सेना में अलग-अलग पदों पर चयनित हो चुके हैं। कैप्टन चाहर का कहना है कि कई प्रतिभाशाली युवाओं का सपना देश सेवा करना होता है। लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे अपने सपनों को छोड़ देते हैं। ऐसे युवाओं की मदद के लिए वे निशुल्क कोचिंग दे रहे हैं। उन्होंने अपने पैतृक क्षेत्र में आकर युवाओं से संवाद किया। उनकी जिज्ञासाओं को समझा और उन्हें प्रोत्साहित किया। उनका लक्ष्य है कि अधिक से अधिक युवा देश की सेवा के लिए सेना में शामिल हों। आगरा जनपद में भी उन्होंने सेना भर्ती की तैयारी कर रहे छात्रों से मुलाकात की। जो प्रतिभावान छात्र फीस की वजह से आगे नहीं पढ़ पा रहे हैं, उन्हें निःशुल्क कोचिंग देकर आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है।

## गांव में घुसा 8 फीट का मगरमच्छ, कुत्तों ने किया हमला



**आगरा।** जिले के पिनाहट ब्लॉक के गांव में 8 फीट का मगरमच्छ दिखाई दिया। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। गांव वालों ने वन विभाग को सूचना दी। लेकिन काफी देर तक वनकर्मी नहीं पहुंचे। इस पर गांववालों ने ही मगरमच्छ को पकड़कर एक ड्रम में डाल दिया। उमरैठा गांव में बीती रात एकदम से सभी कुत्ते भौंकने लगे। गांव वालों ने देखा तो एक मगरमच्छ सड़क के किनारे पर था। कुत्ते मगरमच्छ पर हमला कर रहे थे। मगरमच्छ उनसे बचने की कोशिश कर रहा था। बचने के चक्कर में वो गांव के अंदर आता जा रहा था। इससे गांव में हड़कंप मच गया। गांव की महिलाओं और बच्चों को घरों के अंदर के भेजा गया। रात में ही वन विभाग को सूचना दी गई, लेकिन काफी देर के इंतजार के बाद भी वनकर्मी नहीं पहुंचे। इस पर गांव वालों ने ही मिलकर मगरमच्छ को पकड़ने की सोचा। गांव वालों ने मगरमच्छ के मुंह पर बोरी डाली। फिर उसके शरीर पर बोरियां डाली। बहुत मशक्कत के बाद मगरमच्छ को किसी तरह पकड़कर ड्रम में डाल दिया। रात में वनकर्मी गांव में पहुंचे। फिर मगरमच्छ को चंबल नदी में छोड़ा गया। वन कर्मियों ने बताया कि मगरमच्छ नदी से निकलकर गांव तक आ गया था।

# आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) राज्य कमेटी की ऑन लाइन मीटिंग सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** मीटिंग में राष्ट्रीय सम्मेलन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई । प्रदेश से राष्ट्रीय परिषद और कार्यकारिणी ने चुने गए पार्षद और कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी गईं। पिछले धरना प्रदर्शन में योगदान नही कर सका।

इस विफलता के लिए निर्माण मजदूरों के संगठनों द्वारा कोई भूमिका न लेने, स्कीम वर्कर्स के आशा और मिड डे मील में सदस्यता का आंशिक तौर पर भी न होना और ऐक्टू की राज्य कमेटी और जिला इकाईयो द्वारा कोई संगठित अभियान न चला पाना प्रमुख रहा। उत्तर प्रदेश में अन्य संगठनिक व्यस्तताओं के साथ कुम्भ मेला ने भयानक अफरा तफरी पैदा की,उससे भी सदस्यता, धन संग्रह प्रभावित हुआ। खासकर आशा वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व के चिंता जनक प्रदर्शन ने इस स्थिति तक पहुंचाया।

हमे निर्माण यूनियनों और आशा वर्कर्स यूनियन ,मिड डे मील यूनियन के ढांचे दुरुस्त कर इन संगठनों को वैचारिक दिशा देने की जरूरत को रेखांकित किया गया। विना संगठनिक ढांचा निर्माण किए सारी कवायत अर्थहीन साबित हो रही है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चतुर्थ कर्मचारी यूनियन ने कई बार संवाद के बावजूद कोई भूमिका नहीं ली। इसी तरह उत्तर प्रदेश एनएचएम एएनएम कर्मचारी यूनियन में भी ढांचागत अभाव है जिस कारण उनका भी योगदान शून्य ही रहा।

हमारे सामने सदस्यता को जारी वर्ष में 1 लाख करने , 3.5 लाख सहयोग राशि को संग्रहित कर केंद्र को पहुंचाने की जिम्मेदारी है। जिसमे आशा और मिड डे मील , एएनएम यूनियनों में सदस्यों की भर्ती को 35000 और निर्माण यूनियनों में 15000 सदस्यों की भर्ती का कार्यभार है। इसे करने अगर विफल रहे तो स्कीम वर्कर्स आंदोलन को टिकाए रखने व उसे किसी मंजिल तक ले जा पाने में कामयाब होना सम्भव नही होगा।

4 मार्च को राज्य बजट में स्कीम वर्कर्स,आशा ,रसोइया के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। वही संविदा और आउट सोर्सिंग के कर्मचारियों को भी अधिकतम 18,20 हजार करने का फरमान जारी हुआ है। निर्माण सेक्टर में कार्यरत श्रमिको के लिए बजट में कोई सामाजिक सुरक्षा या रोजगार सृजन की कोई गारंटी नहीं है।

इसके विरुद्ध 4 मार्च को आशा, रसोइया ,निर्माण श्रमिक और अन्य मजदूरों के हिस्सो को संगठित कर बजट के विरुद्ध आक्रोश प्रदर्शित करना और अपने अपने सवालों को बुलन्द करना है। सभी लोग जिस भी तरह से प्रतिवाद कर सकें,ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठित कर बजट के खिलाफ धरना ,प्रदर्शन करें,बजट की प्रतियां जलाएं, काली पट्टी बांधे और अपने मांग पत्र सक्षम नजदीकी अधिकारी को दें।

आशा वर्कर्स के आंदोलन को नई ऊंचाई के ले जाने की जरूरत है, इस के लिए आगामी 23 मार्च को राज्य स्तरीय विस्तारित बैठक लखनऊ में आहूत कर कुछ बड़े और निर्णायक आंदोलन को संगठित करने की योजना बनाने का निर्णय लिया गया।

# ग्रामीणों ने किया पथराव, आरपीएफ ने बरसाईं लाठियां

- घरों से उपद्रवियों का पकड़ा, 5 सिपाही घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**वाराणसी।** वाराणसी के मंडुवाडीह इलाके में उत्तरी ककरमत्ता के लोगों ने बरेका (बनारस रेल कारखाना) की तरफ खुलने वाले रास्ते को बंद किए जाने को लेकर हंगामा कर दिया। आरपीएफ के जवानों ने ग्रामीणों को समझाने को प्रयास किया। इसी बीच कुछ महिलाओं ने पथराव शुरू कर दिया। आरपीएफ ने भी जवाब में लाठियां बरसानी शुरू कर दीं। रेलवे पुलिस ने गांव तक दौड़ाकर लाठियां मारीं। इसमें कई महिलाएं, पुरुषों को चोट पहुंची। वहीं 5 सिपाही भी घायल हो गए। सरकारी काम में बाधा डालने समेत अन्य आरोप में आरपीएफने एक नामजद समेत 45-50 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरपीएफ ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है। दरअसल, सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए बरेका प्रशासन ने शनिवार को उत्तरी ककरमत्ता का वो रास्ता जो बरेका में जाता है, उसे ग्रामीणों के लिए बंद कर दिया। प्रवेश मार्ग पर जेसीबी की मदद से लगभग 15 फीट गहरा गड्ढा खोद दिया गया। गड्ढा खोदने से ग्रामीण बरेका परिसर में नहीं जा सकते थे। इसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया, लेकिन आरपीएफ की मौजूदगी के चलते उनकी एक नहीं चली। रविवार को आरपीएफ और सिविल पुलिस की मौजूदगी में बरेका प्रशासन ने 15 फीट ऊंची और 15 फीट लंबी दीवार का निर्माण शुरू किया। तभी दो दर्जन से अधिक महिलाएं और पुरुष विरोध में आ गए। इस बीच कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। जिससे कई आरपीएफ और सिविल पुलिस के 5 जवान घायल हो गए।

पथराव करने वालों को खदेड़ने के बाद आरपीएफ के जवान गांव में घुसे और कई विरोध करने वालों पर लाठी बरसाने के साथ मौके से तीन युवकों उठा लिया और उन्हें अपनी हिरासत में ले लिया। हालात को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त फोर्स लगा दी गई है। निर्माणाधीन दीवार की सुरक्षा के लिए भी फोर्स को अलग से तैनात किया गया है। उत्तरी ककरमत्ता गांव में सिविल पुलिस का पहरा बैठा दिया गया है।

# आरएलडी नेता पीके पाठक ने उठाए जनहित के मुद्दे



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के तराई जोन अध्यक्ष पी.के. पाठक ने शनिवार को शहर के एक होटल में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा और यात्री सुविधाओं से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर चिंता जताई।

उन्होंने बताया कि जिले में लंबे समय से कोई सरकारी हृदय रोग विशेषज्ञ (हार्ट स्पेशलिस्ट) नहीं है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ता है। इसे लेकर आरएलडी का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से मिलकर शासन को पत्र भेजेगा।

इसके अलावा, उन्होंने खीरी रेलवे हाल्ट स्टेशन पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं न मिलने और ट्रेनों के ठहराव का समय मात्र एक मिनट होने की समस्या को उठाया। उन्होंने कहा कि स्टेशन की स्थिति सुधारने और ट्रेनों का ठहराव समय बढ़ाने के लिए रेलवे मंत्री से पत्राचार किया जाएगा।

श्री पाठक ने जिले में एक राजकीय महाविद्यालय की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। पत्रकार वार्ता के बाद पी.के. पाठक अपने काफिले के साथ शारदा नगर बैराज पर माल्यार्पण कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष सीमाब अहमद, क्षेत्रीय महासचिव शिव प्रसाद द्विवेदी, जिला महासचिव नाजिम अली, हसीब अहमद, अजय श्रीवास्तव, हरिराम वर्मा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# युवक की कार से कुचलकर हत्या, दो घायल



सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां किसी न किसी वजह से युवाओं की हत्या का सिलसिला जारी है ,जिसके क्रम एक और युवक को मौत के घाट उतार दिया गया। वह दोस्त के बुलावे पर पहुंचा था। इसके बाद उसका रक्त रंजित शव बरामद किया गया। आरोप है कि इसके पहले झगड़ा हुआ था जिसके फलस्वरूप ही उसकी कार से कुचल कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद उसके दोनों साथी भी फरार हैं।

फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच के साथ ही आरोपियों की भी तलाश कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिवराजपुर थाना क्षेत्र के बुद्धपुर गांव के पास काकूपुर हलबल गांव निवासी 26 वर्षीय गोविंद पाल का शव रक्तरंजित अवस्था में मिला। वह अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक गोविंद शनिवार की शाम बिल्हौर में एक शादी समारोह में गया था। वहां से उसे दोस्त आदि यादव का फोन आया। जगतपुर गांव में विवाद होने की सूचना पर वह स्कूटी से वहां गया। आप रविवार सुबह उसका शव बुद्धपुर गांव के पास सड़क किनारे मिला। मौके पर उसकी स्कूटी और एक अन्य बाइक भी पड़ी थी। इस बीच पता चला है कि रात में दो गुटों के बीच विवाद हुआ। घटनास्थल पर फायरिंग भी हुई और वाहनों का आपस में टकराव हुआ। आरोप है कि एक कार ने जानबूझकर गोविंद को टक्कर मारकर कुचल दिया। इस घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# मारपीट करने के आरोपी पुलिस के शिकन्जे में



लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी कस्बा स्थित नागेश्वर मंदिर परिसर में रविवार दोपहर 11 बजे हुई मारपीट में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर हिरासत में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी कस्बा के मोहल्ला बाजार वार्ड निवासी शिवम रस्तोगी पुत्र पुतानी लाल ने तहरीर देकर बताया कि रविवार को मै अपनी सोने चांदी की दुकान पर बैठा था कि 11 बजे अभिषेक बाल्मिकी, कल्लू व तेजा निवासी गण कस्बा मेरी दुकान पर आकर बहाने से मुझे कस्बे के नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रंजिशन ले जाकर बेल्ट से मार पीट की है। तहरीर मिलते ही पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। इस मामले में चौकी प्रभारी बीरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए सभी को हिरासत में ले लिया।

# तीन तलाक के मामले में जबरन तीन तलाक देकर महिला को किया घर से बेघर

- महिला थाने के गेट पर रोती बिलखती बेवा महिला पुत्री के लिए मांग रही न्याय
- 4 महीने से पुत्री के न्याय के लिए महिला थाने के लगा रही चक्कर नहीं हो रही कार्रवाई

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर खीरी।** आजकल महिलाओं कि सुरक्षा और उनकी देखरेख मे तीन तलाक को लेकर जहाँ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ प्रतिबंध लगा रहे रहे है वहीं दूसरी तरफ महिलाएं तीन तलाक का लगातार शिकार होती जा रही है और खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है और न्याय पाने के लिए इधर उधर दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है किन्तु उनको कहीं से भी न्याय नही मिल पा रहा है। जनपद लखीमपुर के ग्राम खजुहा मूड़ा थाना मैलानी की रहने वाली समशुनिशा पत्नी रसीद की 13 साल पहले शादी रसीद पुत्र नासीर ग्राम कोटवारा थाना गोला जिला खीरी के साथ हुई थी। समशुनिशा के तीन छोटे-छोटे बच्चे भी हैं, जिसमें दो पुत्र साहिल उम्र9 वर्ष, राहिल उम्र 6वर्ष, व एक पुत्री अंबिया पुत्री 2 वर्ष जो समशुनिशा के पास है। समशुनिशा के पिता का पूर्व मे ही काफी समय पहले देहांत हो चुका है। महिला का पति रसीद काफी दारू पिता है व जुआ खेलता है और आए दिन शराब के नशे में महिला को गाली-गलौच व मारता पीटता रहता है, और मायके वालों से पैसों की मांग करता है जिससे महिला काफी हद तक परेशान हो चुकी थी। समशुनिशा की मां आइसा बेगम जो मजदूरी पेशा विधवा औरत है, हर बार रसीद को 2000 व 3000 दे दिया करती हैं मगर 20/11/2024 को रशीद ने महिला को मारपीट कर तलाक देकर भगा दिया, और कहा जाओ अगर □50,000 लेकर आओगी तभी घर में रखेंगे अन्यथा इस घर में आने की हिम्मत मत करना। समशुनिशा ने बताया कि हमारी सास नजमा, वह ननद रुखसाना, रिजवाना भी आए दिन मारती पीटती रहती हैं, बहुत परेशान होकर मजबूरन पुलिस से शिकायत की है मगर चार महीने होने के बावजूद अभी तक किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## मॉर्डन स्कूल में 120 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी के दुल्हारा रोड स्थित एसडी मॉर्डन पब्लिक स्कूल में रविवार को एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता स्व. राजमल अग्रवाल की स्मृति में इंडियन कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर समाजसेविका पूनम अग्रवाल, इंडियन कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के प्रबंधक राजीव मित्तल और स्कूल के प्रबंधक राजवीर सिंह उपस्थित रहे। इंग्लिश टीचर गौरव जिंदल और शिक्षक हरीचंद सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रतियोगिता में कुल 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा के बाद परिणाम घोषित किए गए और विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रमेन्द्र फौजदार, चरन सिंह फौजदार, पवन गोयल, सोनू मित्तल, स्कूल के संजीव चौधरी, राजेंद्र शर्मा और सन्नी सविता सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# रेहुआ स्थित जुआरी फार्म हब लि0 द्वारा किया गया निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**खमरिया-खीरी।** रविवार को विकास खंड ईसानगर के रेहुआ चौराहा स्थित जुआरी फॉर्म हब लि0 जय किसान जंक्शन द्वारा किसानो के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लखनऊ से आए अनुभवी चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरण किया गया। मुफ्त इलाज पाकर लोगो ने खूब सराहना की। जुआरी फार्म हव के एरिया मैनेजर संदीप कुमार त्रिवेदी व एरिया इंचार्ज अजीत कुमार वर्मा द्वारा फीता काटकर शिविर का शुभारम्भ किया।

शिविर में उपस्थित मेडिकेयर हॉस्पिटल पीलीभीत से आये नेत्र विशेषज्ञ डॉ0 अनुज वर्मा और डॉ0 जीतेन्द्र यादव ने करीब 190 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया तथा जनरल फिजिशियन डॉ0 कमल यादव ने विभिन्न बीमारियों से सम्बंधित कुल 80 मरीज़ों की जांच कर किसानों व उनके परिवारों को निःशुल्क दवा व चश्मा वितरित किये।और मोतियाबिन्द के रोगियों की निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था मेडिकेयर अस्पताल, लखीमपुर के माध्यम से करवाई गई। किसानों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। बताते चलें कि कंपनी की सी एस आर योजना के तहत हर वर्ष संपूर्ण भारत में जय किसान जंक्शनों के द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जाते हैं।

जो कि किसानो की सेवा में करीब बारह वर्षों से कार्यरत हैं और किसानो को कृषि की उच्च तकनीक, उन्नत बीज, खाद और संतुलित पोषक तत्त्व जंक्शन के माध्यम से उपलब्ध करवाते हैं। इस मौके पर शिविर को सफल बनाने में स्टोर मैनेजर आलोक त्रिवेदी और जे के एस पुनीत शुक्ला और कैंप आर्गेनाइजर मुकेश पांडेय मौजूद रहे।

# नशाखोरी और अपव्यय परिवार और समाज की प्रगति के लिए घातक



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिले के पूरे दुर्वासा,बिकना में रविवार को आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर संवाद हुआ। बौद्धाचार्य वैरागी राम भारती और विजय कुमार ने सम्बन्ध संस्कार के दौरान बौद्ध धम्म के अनुयायियों को पंचशील के आचरण के संदेश दिए और कहा कि नशाखोरी और अपव्यय परिवार और समाज की प्रगति के लिए घातक है। भगवान बुद्ध ने सम्यक् कर्म, सम्यक् विचार, सम्यक् आजीविका के संदेश दिए हैं।

शादियों में अपव्यय न करें, फिजूलखर्ची रोकते हुए पैसा बच्चों की अच्छी शिक्षा पर लगाएं। शिक्षा के बल पर ही बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने अपने सभी विरोधियों को परास्त किया और दुनिया के छठवें विद्वान बने। संजीव कुमार बौद्ध और मांडवी का विवाह बौद्ध रीति से तय हुआ है। संस्कार में उपस्थित बामसेफ के जिला संयोजक और वरिष्ठ पत्रकार संजीव भारती ने कहा कि भारतीय संविधान और बौद्ध धम्म दो अमूल्य निधि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने बहुजन समाज को दी है। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर को लाइट आफ एशिया और सिम्बल आफ नालेज कहा जाता है। कोलम्बिया यूनिवर्सिटी में लगी उनकी प्रतिमा दुनिया को संदेश दे रही है।अब अमेरिका के स्कूलों में बच्चों को बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के विषय में पढ़ाया जा रहा है।

दुनिया में सबसे अधिक प्रतिमाएं द्वितीय बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की हैं। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्र अ रामयश, राम प्यारे, जगई राम, श्याम लाल,राम हर्ष, विजय कुमार, अशोक कुमार त्यागी, दिलीप कुमार, विजय पाल, चंद्र पाल, राजा राम, लल्लू, संघमित्रा बौद्ध, प्रतिमा भारती आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## दो दिवसीय रामलीला में श्रीराम जन्म का हुआ मंचन

भुजरख गांव में आयोजित हो रही श्रीराम लीला



**तिंदवारी।** अरसे से गांव में आयोजित होने वाली श्रीराम लीला का लोगों को इंतजार रहता है। दो दिवसीय श्रीराम लीला में शनिवार की रात को कलाकारों ने सुंदर अभिनय करते हुए दर्शकों को भावविभोर कर दिया। श्रीराम जन्म की लीला का मंचन किया गया।

मालूम हो कि विकासखंड की ग्राम पंचायत भुजरख में जय मां काली बगहा समिति के द्वारा दो दिवसीय रामलीला ग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे कलाकारों द्वारा प्रथम दिन राम जन्म का मंचन कीया गया। जिसे देखकर दर्शक पूरी तरह भाव-विभोर हो गए। राजा दशरथ के पुत्र नहीं होते थे तब श्रंगी ऋषि ने उन्हें एक फल दिया और सभी रानियों को खिलाने का आग्रह किया। फल के सेवन के बाद रानी कौशिल्या ने श्रीराम, रानी सुमित्रा ने लक्ष्मण व शत्रुघन, रानी कैकेई ने भरत को जन्म दिया। जिसे जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। जन्म के बाद अयोध्या में बधाई का दौर शुरु रहा और सभी ने एक-दूसरे को बधाईयां दी। भगवान राम का जन्म होते ही बधाइयां गाई गई और फूलो की वर्षा हुई। रामलीला आयोजन में देवराज सिंह पटेल,दिनेश पटेल ,राजा भैया श्रवण द्विवेदी, महेश सिंह ,दयाराम यादव ,ज्ञान सिंह पटेल, उमेश यादव ,कमेटी के सदस्य व्यवस्था में मौजूद रहे।

## जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने एडीएम के खिलाफ खोला मोर्चा, अनशन शुरू



**बांदा।** जनता दल युनाइटेड महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल ने अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अनशन शुरू कर दिया है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने एडीएम पर भ्रष्टाचार के साथ ही अभद्रता करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच कराने और कार्रवाई की मांग की है। अनशनकारी जदयू नेत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि एडीएम लंबे समय से जिले में पदस्थ हैं और वह अवैध खनन को बढ़ावा दे रहे हैं। उनकी कॉल डिटेल और व्हाट्सएप चैट की जांच कराई जाए, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि उनका खनन माफियाओं से क्या संबंध है और किस स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इसके अलावा यह भी आरोप है कि वे अपने पद का दुरुपयोग कर सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी की जाती है। जदयू नेता ने केंद्र सरकार से मांग की है कि एडीएम राजेश कुमार वर्मा और उनके रिश्तेदारों की संपत्तियों की गहन जांच सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराई जाए। आरोप लगाया कि एडीएम ने 28 फरवरी को एक महिला कार्यकर्ता से अभद्रता की। इसके अलावा अन्य आरोप भी जदयू नेता ने एडीएम पर लगाए हैं। इस पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि उन पर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।

## सड़क हादसों में 10 लोग हुए जख्मी, चार घायल किए गए रेफर

**बांदा।** अलग-अलग हुए सड़क हादसों में 10 लोग जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व एम्बुलेंस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरो ने चार घायलों की नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम बल्लान निवासी 18 वर्ष शिवम बोलेरो गाड़ी से गांव के ही 28 वर्षीय अभिराम, 21वर्षीय अनुज शुक्ला,25वर्षीय विकास दीक्षित, 24वर्षीय अनूप के साथ चित्रकूट से निमंत्रण कर घर वापस लौट रहे थे।तभी झांसी-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर ग्राम रसिन के पास अनियंत्रित हो बोलेरो पलट गई।जिससे बोलेरो सवार पांच लोग घायल हो गये।एंबुलेंस ने घायलो को सीएचसी में भर्ती कराया।दूसरी घटना मे ग्राम पियार निवासी 28 वर्षीय बालेश्वर मोटरसाइकिल से बाजार आ रहा था।तभी रास्ते मे बाइक अन्ना जानवर से टकरा गयी।एक अन्य घटना मे ग्राम तुर्रा निवासी 28 वर्षीय निर्मल गांव के ही 22 वर्षीय साहिल व 29 वर्षीय अभिलाष के साथ बाइक द्वारा बदौसा से आ रहे थे।तभी तुर्रा पुल के पास ई रिक्शा से उतर रही 29वर्षीया सियापति को टक्कर मार दी।जिससे तीनो बाइक सवार व महिला घायल हो गई।पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत होने पर डाक्टर ने अनुज,विकास,सियापति व अभिलाष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसों की खबर पाकर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## शिकायत करने पर मारपीट, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**बांदा।** चकरोड से अतिक्रमण की शिकायत करने पर दबंगों ने गाली गलौज, मारपीट करते हुये निर्मित पिलर तोड़ दिए। बिसंडा के ग्राम डभनी निवासी बेटा प्रसाद बीते मंगलवार को भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 402 में गढ्ढा खोद पिलर कर रहा था। तभी गांव के ही रामेश्वर अपने भाइयो जागेश्वर, कल्लू, लल्ला, राममनोहर अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर हाथों में लाठियों व डण्डे लेकर आये और बेटा प्रसाद के साथ गाली गलौज करते हुये हमला कर मारपीट करने लगे। उक्त दबंग गांव की चकरोड गाटा संख्या 405 में कब्जा कर रहे थे, जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से बीते 22 जनवरी को पीड़ित ने किया था, जिसके बाद राजस्व टीम ने अवैध कब्जा हटवाया था, फिर उसके बाद उक्त दबंगों ने चकरोड पर कब्जा कर लिया, जिसके बाद मंडलायुक्त से शिकायत की गई थी। मंडलायुक्त के निर्देश पर दोबारा 22 फरवरी को अतिक्रमण हटवाते हुए सीमांकन किया गया था। उसके बाद से उपरोक्त सभी दबंग आक्रोशित रहने लगे और मारपीट की। बिसंडा थानाध्यक्ष सुरेश सैनी ने कहा क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।मामले की जांच की जा रही है।

## पांच जुआरी गिरफ्तार, नगदी बरामद

**अतर्रा।** कोतवाली पुलिस ने जुए के अड्डे पर छापा मारकर पांच लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उनके पास से नकद 4450 रुपये और 52 ताश के पत्ते बरामद हुए। कोतवाली के एसआई प्रेमपाल सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 28 फरवरी की देर रात को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लुधौरा माइनर पुलिया के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। जिस पर प्रभारी कुलदीप तिवारी के निर्देश तथा उनकी अगुवाई में एसआई दीपक सैनी, एसआई प्रदीप सोनी, एसआई सोनू त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर पांच आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में राजेन्द्र कुशवाहा, हरीबाबू कुशवाहा, हरिओम कुशवाहा, प्रमोद विश्वकर्मा और बृजेन्द्र चौरिहा शामिल हैं। कोतवाली पुलिस ने मौके से बरामद रुपये को सील कर गिरफ्तार पांच लोगों के खिलाफ जुआं अधिनिय के तहत कार्यवाही करके रिपोर्ट दर्ज की है।

## विशाल स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन, 15,600 लोगों ने लिया लाभ




लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** रामनगरी के अवध इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में आज एक विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अवध प्रांत श्रीमान कौशल जी, डॉ. अनिल मिश्रा, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य, महापौर अयोध्या महंत गिरीश पति त्रिपाठी, महंत वैदेही वल्लभ शरण , महंत जय राम दास , कृपालु राम भूषण दास , विधायक रामचंद्र यादव, विधायक चंद्रभान पासवान, और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेले का आयोजन प्रातःकाल से ही शुरू हुआ, और मरीजों की लंबी कतारें रजिस्ट्रेशन के लिए लगी रही। भारी संख्या को देखते हुए शिविर में 10 रजिस्ट्रेशन काउंटर, 12 जांच काउंटर, 40 ओपीडी काउंटर और 15 औषधि वितरण काउंटर लगाए गए थे। लगभग 15,600 लोगों ने इस स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाया। समापन समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह डॉ. वीरेंद्र जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ÷परम पूज्य डॉ. हेडगेवार के सपने को साकार करते हुए इस स्वास्थ्य मेले में प्रत्येक आमजन की भागीदारी अपने आप में एक बड़ा कार्य है। गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेले का यह आयोजन अपनी सार्थकता को पूर्ण करता है।÷इसके साथ ही, परिवहन मंत्री दया शंकर द्वारा गुरु गोरखनाथ न्याय को एक बस सेवा के लिए दी गई, जिसका औपचारिक उद्घाटन फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कौशल प्रांत प्रचारक, अवध प्रांत, दया शंकर परिवहन मंत्री, उत्तर प्रदेश चंपतराय सचिव राम जन्मभूमि ट्रस्ट गिरीश पति त्रिपाठी महापौर अयोध्या असीम अरुण राज्य मंत्री, सतीश शर्मा राज्य मंत्री, संजय राय प्रदेश महामंत्री भाजपा वेद गुप्ता (विधायक), डॉ. एम. एल. बी. भट्ट (निदेशक, कल्याण सिंह कैंसर हॉस्पिटल), डॉ. अजय सिंह (एम्स भोपाल), मधुलिका सिंह (अध्यक्ष, मेयो), विराज सागर (चेयरमैन, बाबू बनारसी दास), डॉ. सी. एम. सिंह (निदेशक, राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान बीएचयू), और डॉ. सत्यजीत वर्मा (प्रधानाचार्य, राजर्षी मेडिकल कॉलेज अयोध्या) सहित पांच सौ से अधिक मेडिकल और पैरा मेडिकल से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## चाणक्य परिषद की बैठक मे ब्राह्मण बटुकों का निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार कराने का निर्णय

**अयोध्या।**अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी के नेतृत्व में संपन्न दर्शन नगर सूर्यकुंड पर बैठक में आगामी 23 एवं 24 मार्च को ब्राह्मण बैठकों का निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार करने का निर्णय लिया गया जिसमें अधिक से अधिक समाज के नवयुवकों एवं ब्राह्मण बटुको को संस्कारवान बनाने का निर्णय परिषद द्वारा लिया गया। यह कार्यक्रम परिषद द्वारा लगातार 3 दशकों से चलाया जा रहा है।अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लषणधर त्रिपाठी व संचालन जिला प्रवक्ता दुर्गा प्रसाद मिश्र एडवोकेट ने किया।बैठक के मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी तथा विशिष्ट आतिथ्य राष्ट्रपति पुरस्कृत डॉक्टर शिवकुमार मिश्र चाणक्य धारा के संपादक डॉ राम तेज पांडेय रहे।स्थापना दिवस 14 जनवरी 2025 की उपस्थित सभी ने भूर भूर प्रशंसा की जिला कोषाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने विस्तार से लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 23 व 24 मार्च रविवार सोमवार को धूमधाम से संपन्न करने का संकल्प लिया । बैठक मे प्रयाग दत्त तिवारी रामचरित्र पांडे देवेंद्र पांडे ज्वाला प्रसाद दुबे अशोक कुमार तिवारी देवेंद्र कुमार मिश्र देवी प्रसाद दुबे रामजन्म पांडे श्रीकांत द्विवेदी जगदीश चंद्र मिश्र राम तिलक पांडे डॉ रामकृष्ण तिवारी उमाशंकर तिवारी विनोद तिवारी करुणा निधान तिवारी चंद्रशेखर पांडे परमानंद पाठक पंडित राम सुरेंद्र मिश्र दिनेश कुमार मिश्र प्रभाशंकर पांडे दीपांशु दुबे वृषकेतु पांडे राजेंद्र प्रसाद तिवारी दुख हरण शुक्ल गोकुल शुक्ल कंचन तिवारी कृष्ण प्रसाद तिवारी अजीत कुमार तिवारी अजय तिवारी विक्रमजीत तिवारी सूरज तिवारी सत्यम तिवारी द्वारिका प्रसाद पांडे राम भरत पांडे अंबिका प्रसाद तिवारी गोविंद राम तिवारी जयशंकर तिवारी डॉक्टर ऋषि कुमार अमित कुमार पांडे आदि अपने विचार रखें। बैठक में सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## आंखें प्रकृति की अनमोल धरोहर हैं- राम खेलावन

**अयोध्या।** विकास खण्ड तारुन के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवारीचतुरपुर में रविवार को एक बार फिर विशाल निःशुल्क ने चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ । जिसमें लगभग 545 से मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराकर नेत्र परीक्षण कराया । इस दौरान निःशुल्क दवा और चश्मा भी प्रदान किया गया । कार्यक्रम के आयोजक हरिशचन्द्र निषाद ने बताया कि यह इस सीजन का उनका सातवां कैंप है । शिविर में मरीजों को उनकी तरफ से निःशुल्क जांच, दवा, चश्मा वितरित किया गया । लगभग 6 दर्जन मोतियाबिंद के मरीजों को अयोध्या आई हॉस्पिटल मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु एम्बुलेंस की सहायता से ले जाया गया । जिसमें लगभग 26 महिलाएं शामिल हैं । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकापुर नायब तहसीलदार श्री रामखेलावन ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया । उन्होंने कहा कि आंखें प्रकृति की अनमोल धरोहर हैं । हम सभी को इसको बचाए रखना चाहिए । कैंप अयोध्या आई हॉस्पिटल के सौजन्य से लगाया गया ।

## अवध विविः कुलपति ने 04 मार्च स्वर्ण जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर संयोजकों व अधिकारियों के साथ समीक्षा की

- स्वर्ण जयंती समारोह में मिलेट्स, पेंटिंग व विभिन्न विभागों के शैक्षिक यात्रा की लगेगी प्रदर्शनी
- राज्यपाल व कुलाधिपति आनन्दीबेन व राज्यमंत्री रजनी तिवारी के हाथों सम्मानित होंगे विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय स्थापना के 04 मार्च को 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती दिवस समारोह को लेकर परिसर को सजाया गया। कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में रविवार को पूर्वाह्न एवं अपराह्न कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में समिति के संयोजकों के साथ स्वर्ण जयंती की भव्यता के लिए समिति के संयोजकों एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। इसके अलावा कुलपति ने अधिकारियों के साथ मुख्य परिसर एवं स्वामी विवेकानन्द सभागार की समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। बैठक में कुलपति ने 23 समिति के संयोजकों से समारोह की तैयारियों को लेकर क्रमवार समीक्षा करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती भव्य होगी। सभी समितियां देररात तक कार्य को पूर्णतः निष्पादित करें। जिससे दिवस के दिन समारोह को भव्यता मिल सके। कुलपति ने बताया कि स्वर्ण जयंती को यादगार बनाने के लिए आवासीय परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें परिसर व सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। इन प्रतिभागी विजेताओं को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल व मुख्य अतिथि राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी द्वारा प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि स्वर्ण जयंती को आकर्षक बनाने के लिए परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई जा रही है जिसके लिए तीन दर्जन स्टॉल लगाये जा रहे है। इन स्टॉलों में 26 से अधिक मिलेट्स के व्यजन होंगे। वहीं विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के पेंटिंग की प्रदर्शनी होगी। बैठक में कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय की शैक्षिक यात्रा को प्रदर्शित करने के लिए कॉफी टेबल बुक निकाली जा रही है। इस संबंध में प्रगति की जानकारी समिति से प्राप्त की। बैठक में प्रो0 गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गॉव के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई थी। इन बच्चों को भी राज्यपाल के हाथों पुरस्कृत किया जायेगा। इसके अलावा आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इनकी सूची को अंतिम रूप देने के लिए समिति के संयोजक को निर्देशित किया। बैठक में कुलपति ने स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक, पेंटिंग, योग, स्पोर्ट्स व अन्य प्रतियोगिता के विजेता के नामों की समीक्षा की और इन विजेताओं व प्रतिभागियों को सोमवार को 12 बजे स्वर्ण जयंती समारोह के पूर्वाभ्यास में शामिल होने के लिए समिति के संयोजक को निर्देशित किया।

बैठक के उपरांत कुलपति ने अधिकारियों एवं संयोजकों के साथ मुख्य परिसर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। स्टॉल लगाये जाने व आंगन्तकों के परिसर में आने जाने वालों स्थलों को मुआयना किया। कार्य को अंतिम रूप देने का निर्देश प्रदान किया। इसके बाद स्वामी विवेकानन्द सभागार का जायजा लिया। वहां उन्होंने सीटिंग प्लान व मंचव्यवस्था को दुरूस्त कराने का निर्देश प्रदान किया। निरीक्षण के समय कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर को प्रकाशमय करने व सजाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। बैठक में वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 अनूप कुमार, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, निजी सचिव राजीव त्रिपाठी, गिरीशचंद पंत सहित अन्य मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन, युवाओं में बढ़ी जागरूकता




लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर एवं रक्तदान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में रक्तदान करने आए रक्तवीरों को ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेंद्रा द्वारा अंगवस्त्र भेंट किया गया, और प्रथम रक्तदानी को चांदी का सिक्का प्रदान किया गया।पूर्व विधायक जय शंकर पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कलयुग में सबसे बड़ा दान रक्तदान है। उन्होंने युवाओं से रक्तदान को बढ़ावा देने की अपील की। संकल्प संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आशीष पाण्डेय दीपू ने कहा कि अयोध्या के युवाओं और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रयासों से रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है, जिसके कारण अब ब्लड बैंक में साल भर में 500 यूनिट से ज्यादा रक्तदान हो रहा है।इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष एकता टंडन, समाजसेवी भारती सिंह, डॉ. प्रतीक भज्जा, मनीष मौर्य, राज कुमार जायसवाल सहित 25 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. जावेद अख्तर और डॉ. सीता राम अग्रवाल ने रक्तदाताओं को सम्मान पत्र देकर उनका सम्मान किया।कार्यक्रम में अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेंद्रा, राम बहल जी, भारती सिंह, डॉ. जावेद अख्तर, डॉ. सीता राम अग्रवाल, एकता टंडन, डॉ. प्रतीक भज्जा, मनीष मौर्य और अन्य कई सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## अवध विविः कुलपति ने स्वर्ण जयंती चेतना पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

स्वर्ण जयंती चेतना पदयात्रा में छात्र-छात्राओं ने आम जनमानस को किया जागरूक



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को प्रातः 9 बजे स्वर्ण जयंती चेतना पदयात्रा निकाली गई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने हरी झंडी दिखा यात्रा को रवाना किया जिसमें विभिन्न विभागों के पांच सौ से अधिक छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल रहे। इस चेतना पदयात्रा में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने सबका अधिकार, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ, वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ के साथ वंदे मातरम् और जय हिंद का उद्घोष किया। इस पदयात्रा में स्थानीय लोग भी नारे लगाते दिखाई पड़े। यह यात्रा अवध विश्वविद्यालय परिसर, नाका चुंगी होते हुए मकबरा से वापस विश्वविद्यालय पहुंची जिसमें स्थानीय पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा।

मौके पर विश्वविद्यालय प्रशासन और मेडिकल स्टाफ भी मौजूद रहा। इस पदयात्रा में कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो.एस.एस. मिश्रा, प्रो.नीलम पाठक, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. चयन मिश्रा, प्रो. शैलेंद्र वर्मा, प्रो. गंगा राम मिश्रा, प्रो. मृदुला मिश्रा, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो. अनूप कुमार, प्रो. विनोद श्रीवास्तव, प्रो. फारुख जमाल, प्रो. मृदुला मिश्रा, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 अवध नरायन, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ. प्रिया कुमारी, डॉ. विजयेन्दु, डॉ. निमिष मिश्रा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. रविन्द्र भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, एनसीसी कैडेटस एवं छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## छात्र-छात्राओं ने नाट्य प्रस्तुत कर मोह लिया मन



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** अतर्रा डिग्री कॉलेज में शैक्षणिक प्रतियोगिताओं के साथ ही विभिन्न नाटकों का मंचन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने तमाम पात्रों का अभिनय करते हुए समा बांध दी। महाभारत के प्रसंगों के साथ ही अन्रू नाटकों का मंचन किया गया। लोगों ने छात्र-छात्राओं के अभिनय को खूब सराहा। महाभारत प्रसंग का मंचन करने के दौरान दुर्योधन की भूमिका में एमएड के छात्र अभिषेक गुप्ता ने अभिनय किया। युधिष्ठिर की भूमिका दीपनारायण ने निभाई। कर्ण की भूमिका में सुदीप्ति प्रकाश ने संवादों से ध्यान आकर्षित किया। दुःशासन बने कौशकी शिवहरे ने मंच पर प्रभाव छोड़ा। शकुनि की भूमिका में पुष्पेंद्र कुमार ने अपने संवादों से माहौल जीवंत किया। भीष्म पितामह की भूमिका राम निहोर ने अदा किया जिन्होंने प्रभावी संवाद अदायगी से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। श्रीकृष्ण का अभिनय छात्रा कोमल सिंह ने किया। द्रौपदी की भूमिका में एमएड की छात्रा नम्रता ने सशक्त अभिनय कर नाटक को यादगार बना दिया।

नाट्य मंचन के अलावा वाद-विवाद, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गई, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उनका हौसला बढ़ाया गया।

## पुलिस ने सात वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे सात वारंटी अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया। अतर्रा थाना पुलिस ने महेश कुमार गुप्ता पुत्र कामता प्रसाद निवासी कस्बा थाना अतर्रा, नरेश पुत्र रामहित नि0 नगनेधी, शिशिर गुप्ता उर्फ छंगू पुत्र स्व. घनश्याम गुप्ता नि0 सुभाष नगर अतर्रा, बिल्लू उर्फ राजकुमार पुत्र अंशू यादव निवासी ग्राम आऊ थाना अतर्रा, जगप्रसाद पुत्र शिवबली निवासी ग्राम आऊ थाना अतर्रा, नरैनी कोतवाली पुलिस ने रामपाल पुत्र राजाराम निवासी भावंरपुर थाना नरैनी और बिसंडा थाना पुलिस ने लल्ला पुत्र भोला निवासी चौसड़ थाना बिसंडा को गिरफ्तार किया है।

## आरोग्य मेले में नहीं पहुंचे डाक्टर, परेशान रहे मरीज



लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालिंजर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। क्षेत्र के दो सैकड़ा से ज्यादा मरीज जुटे। लेकिन वहां पर चिकित्सक मौजूद न होने की वजह से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। डॉक्टर अजय विश्वकर्मा स्वास्थ्य अधीक्षक नरैनी ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. बीके राजपूत की तैनाती है। लेकिन उनकी नरैनी स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी पर ड्यूटी लगा दी गई है। ऐसे में आरोग्य मेले में आए मरीजों को काफी इंतजार के बाद बैरंग वापस लौटना पड़ा। ऐसा पहली बार हुआ है। आरोग्य मेले को स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी तवज्जो नहीं दे रहे हैं। जमकर लापरवाही की जा रही है। मरीज प्रमोद कुमार पुत्र सरयू प्रसाद निवासी कालिंजर, जितेंद्र कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद साहू कालिंजर छोटू पुत्र सीताराम निवासी कटरा कालिंजर, खुन्नू पुत्र रामशरण प्रजापति सकतपुर मातादीन कुशवाहा मध्य प्रदेश सतना जिला के गोपाल सागर स्थित आधा सैकड़ा से ज्यादा मरीज पर्चा बनवाकर बैठे रहे। मरीजों ने बताया कि वह बीमार हैं, लेकिन डॉक्टर साहब मौजूद नहीं है।

# मंच ही छात्रों की प्रतिभा निखारने का प्रमुख साधन- कुंवर सुमेर सिंह

## बेटी बेटा भेदभाव के नाटक प्रस्तुति पर अभिभावक हुए भावुक





**बलरामपुर।** एचडीएस जूनियर हाई स्कूल में 12वां वार्षिकोत्सव एवं स्वर्गीय जमुना प्रसाद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सफल छात्र-छात्राओं को मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता कुंवर सुमेर सिंह उत्तर प्रदेश वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य डब्बू मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि एवं प्रधान महेश मिश्रा डॉक्टर पम्मी पांडे पूर्व भाजपा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार डॉ अविनाश पाण्डेय एडवोकेट,बबलू सिंह अग्निवेश उपाध्याय सर्वेश मौर्य जेएसपी मिश्रा एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पुनीत मिश्रा रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने प्रबंधक विजय कुमार पांडे के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन से किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में सांस्कृतिक गतिविधि का विकास जरूरी है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि बच्चों को मंच पर लाना उनके प्रतिभा को आगे बढ़ाना है। विद्यालय के बच्चों ने रट्टा मार,, यह देश है वीर जवानों का, संदेशे आते हैं,, मेरी जान तिरंगा है मेरी शान तिरंगा है, के मनमोहक प्रस्तुति पर अपनी नन्हीं प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। विद्यालय के बच्चों ने सास बहू पर नाटक प्रस्तुत कर घरेलू हिंसा से दूरी रखने का संदेश दिया है। बेटी बेटा भेदभाव,दहेज उत्पीड़न बाल विवाह एवं बेटी शिक्षा पर विभिन्न नाटक प्रस्तुत कर बच्चों ने अपने उम्दा अभिनय का परिचय दियाहै। विद्यालय में 12 वर्षों से चली आ रही संस्थापक के नाम से स्वर्गीय जमुना प्रसाद पांडे सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले छात्रों को अतिथियों के हाथों मेडल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा ,अध्यापक पीएल जायसवाल रेनू मिश्रा मीना यादव स्मिता सिंह सम्राट पिंकी खान सुषमा पटेल बबली कश्यप पूजा गुप्ता सूरज कुमार गायत्री मिश्रा आदि शिक्षकों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष योगदान दिया है। समारोह में आए हुएअतिथियों को विद्यालय प्रबंधक विजय कुमार पांडे एवं प्रिंसिपल मनोज कुमार शर्मा ने स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित करते हुए सदैव अपेक्षित सहयोग देते रहने की अपील की है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश वित्त विहीन प्रबंधक संघ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पुनीत मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष जेएसपी मिश्रा,श्रवण शुक्ल, धनीराम मौर्य, डीपी गुप्ता, विपुल श्रीवास्तव सहित अन्य तमाम बुद्धिजीवी स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे है।

## जौनपुर महोत्सव आयोजित किए जाने के संबंध में बैठक संपन्न

**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण श्री गिरीश चंद्र यादव जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जौनपुर महोत्सव आयोजित किए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में 10, 11 और 12 मार्च 2025 को प्रस्तावित जौनपुर महोत्सव को लेकर कार्यक्रमों की रूप-रेखा तय की गई। जौनपुर महोत्सव में श्रम विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर श्रमिकों का पंजीकरण और नवीनीकरण, डीएफओ और उद्यान अधिकारी द्वारा नव विवाहित जोड़ो को सहजन के पौधे का वितरण, एलडीएम के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के प्रचार-प्रसार का स्टॉल, खादी ग्रामोद्योग विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित स्टाल लगाए जाएंगे। मा0 मंत्री जी के द्वारा निर्देशित किया गया कि जौनपुर महोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों और जनपद की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर झाड़ियों की कटाई तथा साफ-सफाई कराए। अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया गया कि जिन सड़कों की स्वीकृति हो गई है उन सड़कों को ठीक करा दिया जाए यदि कोई गड्ढे है

# स्मार्टफोन नौजवानों को शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा में बढ़ाएगा आगे- नाजनीन

## संस्थापक दिवस पर महाविद्यालय में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



**बलरामपुर।** तुलसीपुर तहसील मुख्यालय पर संचालित फैसल पीजी कॉलेज में संस्थापक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय संस्थापक स्वर्गीय डॉ नसीमुल हक के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में राज्य सरकार के स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत बीएड छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंधक नाज़नीन खान एवं विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मिनहाजुल हक रहे हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर कमलेश चंद्र श्रीवास्तव ने किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम संस्थापक स्वर्गीय डॉ नसीमुल हक के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्थापक का मुख्य उद्देश्य तराई के क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाना था साथ ही साथ गरीब जरूरतमंद सहित सभी को उच्च शिक्षा से जोड़ना था इसी उद्देश्य के तहत इस महाविद्यालय की स्थापना की थी। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि संस्थापक के उद्देश्यों को निरंतर आगे बढ़ाकर को उच्च शिक्षा देना है। विक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत शिक्षा स्नातक के 18 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन दिया गया यह फोन उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से अध्ययन छात्र-छात्राओं को निशुल्क दिया गया है महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा कि शासन का छात्रों को स्मार्टफोन देने का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। प्राचार्य ने आए हुए अतिथियों स्मृति चिन्ह देकर सदैव महाविद्यालय हित में कार्य करने के लिए अपेक्षित सहयोग की अपेक्षा की है इस दौरान डॉक्टर अंजू मौर्य संजय कुमार श्रीवास्तव विवेक कुमार चौधरी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोगी रहे हैं।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत,दो घायल

**सुल्तानपुर।** क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना बल्दीराय थाना क्षेत्र के हलियापुर-सुल्तानपुर रोड पर चकारी भीट मोड़ के पास हुई। बता दे कि




राम करन जायसवाल (45) पुत्र राजाराम,निवासी ड़ड़वा मजरे सादुल्लापुर अपने बेटों के साथ धूनी मेला देखने जा रहे थे, विपरीत दिशा से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में राम करन जायसवाल की मौके पर मौत हो गई,जबकि उनके दोनों बच्चे बाल-बाल बच गए। टक्कर मारने वाली बाइक पर सवार दो युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए,जिनका इलाज सीएचसी बल्दीराय में चल रहा है। दूसरी दुर्घटना हलियापुर थाना क्षेत्र में हुई,जहां बल्दीराय के इसौली गांव निवासी विजय कुमार (26) पुत्र सीताराम को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। इसी वाहन ने साइकिल से जा रहे उमाशंकर मिश्र (68) पुत्र गंगाराम मिश्र को भी रौंद दिया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## तेज रफ्तार पिकअप ने अधेड़ को कुचला, मौके पर मौत

**सुल्तानपुर।** जिले के धनपतगंज थाना क्षेत्र के कुड़्वा चौराहा पर रविवार सुबह तेज रफ्तार पिकअप ने एक अधेड़ व्यक्ति को कुचल दिया,जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान भरसड़ा के पूरे गुनी निवासी उमाकांत पांडेय (52) के रूप में हुई है।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची धनपतगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस पिकअप वाहन और उसके चालक की तलाश में जुट गई है।कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आईटीआई उतरौला के 140 छात्रों को मिला निशुल्क स्मार्टफोन

## स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम संपन्न






**बलरामपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उतरौला में विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित कियागया।

कार्यक्रम में 140 युवाओं को स्मार्टफोन दिया गयाहै। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रिंसिपल प्रमोद कुमार ने किया है उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ाना है इसी उद्देश्य के तहत संस्थान के 140 छात्रों को स्मार्टफोन दिया गया है उन्होंने कहा कि इस संस्थान में विभिन्न तकनीकी ट्रेड में छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं इन सभी को शासन के स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत निशुल्क स्मार्टफोन दिया गया है। इनमें फिटर, इलेक्ट्रीशियन इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक , आर ए सी, फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी प्लंबर पेंटर जनरल टर्नर मैकेनिक मोटर व्हीकल बिल्डर ड्राफ्टमैन सिविल आदि ट्रेड के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन निशुल्क दिया गया है। इस दौरान फोरमैन सुरेंद्र गिरी वीरेंद्र सिंह अमित भारती ओंकार सिंह मुकेश सिंह मनोज कुमार केडी यादव कनिष्ठ सहायक आशीष कुमार शुक्ला सहित अन्य का स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम मेंविशेष योगदान रहा है।

## जूनियर खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार अवसर 4 से 9 मार्च 2025 तक

**जौनपुर।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर ने अवगत कराया है कि जनपद जौनपुर में खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। खेल महाकुंभ में 06 वर्ष से 14 वर्ष तक के खिलाड़ियों को प्रत्येक ब्लॉक में 4 मार्च 2025 से 6 मार्च 2025 तक कबड्डी, खो-खो, वालीबाल एवं एथेलेटेक्सि की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। ब्लॉक स्तर से विजेता प्रतिभागियों को तहसील स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर 7 मार्च को मिलेगा। तहसील स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को जनपद स्तर पर 8 एवं 9 मार्च 2025 को तिलकधारी महाविद्यालय के उमानाथ सिंह स्टेडियम में खेल महाकुम्भ में प्रतिभाग कराया जायेगा, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

# 70 ई रिक्शा और 90 बाइट-कार चालकों का कटा चालान




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने पुलिस यातायात विभाग के साथ मिलकर रविवार को अभियान चलाया। शहर के बस स्टेशन, डाकघर चौराहा, बाघमंडी चौराहा, चौक घंटाघर, सब्जी मंडी रोड समेत प्रमुख स्थानों पर वाहनों और चालकों की जांच पड़ताल की गई। नाबालिक ई रिक्शा चालकों के खिलाफ चला अभियान। एआरटीओ नंदकुमार और ट्रैफिक इंस्पेक्टर के संयुक्त अभियान से मचा रहा हड़कंप। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क पर उतरे अधिकारी। इस दौरान लाइसेंस में कमी के चलते 70 ई रिक्शा के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई ।

वहीं कार और मोटरसाइकिल सवार चालकों को सुरक्षा नियम की लापरवाही पर 90 लोगों के खिलाफ चालान किया गया है।

# जीवन की प्रथम गुरू मां होती हैं- ओपी यादव

**खुटहन, जौनपुर।** मनुष्य के जीवन की प्रथम गुरू मां होती हैं। मां ही देवी–देवताओं, शैक्षिक गुरूजनों, परिवार सहित समाज की ज्ञान देती है। ऐसे में मां का स्थान तीनों ब्रह्माण्ड में सबसे ऊंचा है। उक्त बातें समाजसेविका कलावती देवी की 12वीं पुण्यतिथि पर आयोजित सेवार्थ कार्यक्रम में ओ.पी. यादव उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीसी एनआरएलएम) ने बतौर मुख्य अतिथि कही।



स्थानीय क्षेत्र के ईश्वरपुर सलहदीपुर गांव में आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्री यादव के अलावा विशिष्ट अतिथि गौरवेन्द्र प्रताप सिंह खण्ड विकास अधिकारी खुटहन एवं जितेन्द्र प्रताप सिंह खण्ड विकास अधिकारी सुइथाकला ने कलावती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद कार्यक्रम आयोजक पत्रकार बृजेश यादव सहित तमाम उनके परिजनों ने मंचासीन अतिथियों को माल्यार्पण करके स्वागत किया। साथ ही सैकड़ों जरूरतमन्द महिला/पुरूष को वस्त्र देकर आशीर्वाद लिया गया।

इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि गौरवेन्द्र प्रताप ने कहा कि सभी को चाहिये कि अपने मां–बाप की सेवा करें, क्योंकि तमाम झंझावत झेलते हुये वहीं मां–बाप आपके अलावा अपनी सभी सन्तानों का पालन–पोषण करते हैं। साथ ही विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र प्रताप ने कहा कि बृजेश यादव जैसे मां के लाल से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिये। इसके अलावा समूह सम्पादक रामजी जायसवाल, सहायक अध्यापक दयाशंकर यादव सहित अन्य वक्ताओं ने जहां अपना विचार व्यक्त किया, वहीं कार्यक्रम आयोजक बृजेश यादव ने स्वागत भाषण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी लालता प्रसाद यादव एवं संचालन अजय पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर रमेश यादव, राजेश यादव, ईश्के लाल यादव, नरेन्द्र कुमार, श्रवण उपाध्याय, विपिन यादव सहित तमाम ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, समाजसेवी, अधिवक्ता, पत्रकार आदि उपस्थित रहे। अन्त में बृजेश यादव ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गोमती मित्रों की मेहनत से भव्य दिखने लगा सीता कुंड धाम

**सुल्तानपुर।** लगभग 12 वर्ष पहले जनपद छोड़कर अन्यत्र व्यवस्थित हो चुके एक सज्जन जब तीन दिन पहले अचानक सीताकुंड पहुंचे तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि वह उसी स्थान पर खड़े हैं जो कभी उजड़ा, वीरान, गंदगी से पटा और असुरक्षित दिखता था। जब धाम पर मौजूद एक शख्स ने उन्हें बताया कि यह सब कुछ स्थानीय संगठन गोमती मित्र मंडल द्वारा किया गया है तो उन्होंने प्रतीक रूप में धरती को स्पर्श करके गोमती मित्रों को वहीं से प्रणाम किया और शाम को खोजते हुए प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन से सीता उपवन में मुलाकात कर उन्हें श्री रामचरितमानस की प्रति समर्पित करते हुए रविवार शाम होने वाली आरती में पहुंचने का विश्वास दिलाया। यह है गोमती मित्रों की मेहनत,संकल्प,और सीता कुंड धाम को स्वच्छ सुरक्षित रखने का अटल इरादा,हर रविवार प्रातः होने वाला साप्ताहिक श्रमदान और सायंकाल



होने वाली गोमती आरती इस बात का प्रमाण है कि गोमती मित्र ना थके हैं ना थकेंगे। रविवार 2 मार्च का श्रमदान भी गोमती मित्रों ने पूरे उत्साह के साथ प्रातः 6ः00 बजे से 9ः30 बजे तक सब कुछ चाक चौबंद करने के बाद संपन्न किया। मुख्य रूप से नदी के किनारे और नदी में प्रवाहित कलश, कपड़े, मूर्तियां निकालने का कार्य किया गया। श्रमदान में मुख्य रूप से संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, मुन्ना पाठक, दाऊ जी कैलाशी, मुन्ना सोनी, अजीत शर्मा, सुजीत कसौधन, राकेश मिश्रा, राकेश सिंह ददू,अमितपंडा,राम कुमार मौर्य,श्याम मौर्या, राम क्रिंचल मौर्या,अजय वर्मा, अरुण गुप्ता,सुनील वर्मा,विकास शर्मा, अनुज प्रताप सिंह,सोनू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# संविदा कर्मचारियों का काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन, 3 अप्रैल को महापंचायत का ऐलान

**सुल्तानपुर।** संविदा कर्मचारी एकता संघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सुल्तानपुर डिपो में संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर निगम प्रबंधन की दोषपूर्ण नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन संविदा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर किया गया।संविदा कर्मचारियों ने मांग उठाई कि 50त्र से कम आय प्राप्त होने पर प्रोत्साहन की कटौती बंद होनी चाहिए और संविदा मृतक आश्रितों की भर्ती पर लगी रोक को तत्काल हटाया जाए। कर्मचारियों ने ऐलान किया कि 3 अप्रैल 2025 को निगम मुख्यालय पर महापंचायत आयोजित कर सरकार और मुख्यमंत्री का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया जाएगा। सुल्तानपुर डिपो में हुए इस प्रदर्शन का नेतृत्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश रोडवेज संविदा कर्मचारि एकता संघ अयोध्या क्षेत्र के राजेश यादव 6बाबा8 एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला और अनिल सिंह शाखा अध्यक्ष सुल्तानपुर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। सैकड़ों संविदा कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपने हक की आवाज बुलंद की और शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर अपनी मांगों को सामने रखा। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला जी क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजेश बाबा विमलेश तिवारी जयप्रकाश तिवारी पंकज सिंह रमजान आदित्य दर्शन चालक परिचालक उपस्थित रहे।

## पाम्बन रेलवे खुलने वाला पुल

पाम्बन पुल-भारत के तमिल नाडु राज्य में पाम्बन द्वीप को मुख्यभूमि में मण्डपम से जोड़ने वाला एक रेल सेतु है। इस पुल के निर्माण का प्रयास 1870 के दशक में ही शुरू हो गया था, जब ब्रिटिश सरकार ने श्रीलंका तक व्यापार संपर्क बढ़ाने का निर्णय लिया था। यह अगस्त 1911 से बनना शुरु हुआ और इसका उदघाटन 24 फ़रवरी 1914 में हुआ था। तब यह भारत का एकमात्र समुद्री सेतु था। यह सन् 2010 में बान्द्रा-वर्ली समुद्रसेतु के खुलने तक भारत का सबसे लम्बा समुद्री सेतु रहा।

# जौनपुर महोत्सव के आयोजन के संबंध में बैठक हुई




**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण श्री गिरीश चंद्र यादव जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जौनपुर महोत्सव के आयोजन के संबंध में बैठक शनिवार देर सायं संपन्न हुई।जौनपुर महोत्सव 10, 11 और 12 मार्च 2025 को शाही किला में आयोजित होना प्रस्तावित है। बैठक में जौनपुर महोत्सव को लेकर कार्यक्रमों की रूप-रेखा तय की गई। जौनपुर महोत्सव में श्रम विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर श्रमिकों का पंजीकरण और नवीनीकरण, डीएफओ और उद्यान अधिकारी द्वारा नव विवाहित जोड़ो को सहजन के पौधे का वितरण, एलडीएम के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के प्रचार-प्रसार का स्टॉल, खादी ग्रामोद्योग विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित स्टाल लगाए जाएंगे।

मंत्री के द्वारा निर्देशित किया गया कि जौनपुर महोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों और जनपद की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर झाड़ियों की कटाई तथा साफ-सफाई कराए। अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया गया कि जिन सड़कों की स्वीकृति हो गई है उन सड़कों को ठीक करा दिया जाए यदि कोई गड्ढे है तो उन्हें तत्काल गड्ढा मुक्त किया जाए। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया जाए। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के बच्चों द्वारा भी प्रतिभाग कराया जाएगा। महोत्सव में सामूहिक विवाह कराये जाने के सम्बन्ध में जिला समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र के द्वारा मा0 मंत्री जी को आश्वस्त कराया गया कि सभी विभागों के समन्वय से जौनपुर महोत्सव का आयोजन भव्य तरीके से कराया जायेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष नगरपालिका परिषद जौनपुर मनोरमा मौर्य, जिलाध्यक्ष बीजेपी पुष्पराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व अजय अम्बष्ठ, पीडी के0के0 पाण्डेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# राजमार्गों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। एनएचएआई की परियोजना 135 ए जौनपुर शाहगंज पैकेज-2 में कुल 35 ग्राम की भूमि का अधिग्रहण होना है, जिसके लिए कुल मुआवजा 216 करोड़ दिया जाना है, जिसके सापेक्ष अब तक मात्र 72 करोड़ वितरित किए गए है। जौनपुर भदोही 135 ए पैकेज 1 कुल 44 ग्राम में जिन्हें कुल प्रतिकर (मुआवजा) 107 करोड़ दिया जाना है, जिसमें अब तक मात्र 56 करोड़ वितरित किए गए हैं।

जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि 11 ग्राम ऐसे है जहॉ अबतक शून्य धनराशि का वितरण हुआ है जिसपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित लेखपालों को प्रतिकुल प्रवष्टि जारी करने तथा वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी के द्वारा सभी लेखपालों को निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर मुआवजा की पत्रावली बनाकर एक सप्ताह में प्रस्तुत करें और 15 दिनों में शेष धनराशि के मुआवजे का वितरण शत-प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें, इसमें शिथिलता बरतने पर तथा मुआवजा वितरण की प्रगति न बढाये जाने पर उपजिलाधिकारी तथा तहसीलदार को भी प्रतिकुल प्रवष्टि दी जायेगी।

इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी भू-राजस्व अजय अंबष्ट, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, सहित उपजिलाधिकारी गण, तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।